UNIVERSAL
LIBRARY

OU_186126

UNIVERSAL
LIBRARY

ढोला-मारूरा दूहा

राजस्थानी का एक सुप्रसिद्ध, प्राचीन लोक-गीत

पाठांतर, हिंदी अनुवाद, टिप्पणी, शब्द-कोष,
परिशिष्ट और प्रस्तावना के साथ संपादित

संपादक

रामसिंह, एम० ए०, विशारद,
सूयकरण पारीक, एम० ए०, विशारद

और

नरोत्तमदास स्वामी, एम० ए०, विशारद

प्रकाशक

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

प्रथमावृत्ति] सं० १९९१ [मूल्य ४) रु०

Published by
The Hony. Secy.
N. P. Sabha,
Benares.

Checked 1963

Checked 1969

Printed by
A. Bose,
at The Indian Press, Ltd.,
Benares-Branch

DHOLA-MARU-RA DUHA

AN

OLD RĀJASTHĀNĪ LOVE-BALLAD

Edited with

Different Readings, Hindi Translation, Notes, Glossary, Appendix, and a Critical, Historical and Philsological Introduction

BY

RĀM SINGH, M. A., VISHĀRADA,
DIRECTOR OF EDUCATION, BIKANER STATE,
SŪRYA KARAN PĀREEK, M. A. (Eng. & Hindi), Vish.,
VICE-PRINCIPAL, BIRLA COLLEGE, PILANI (JAIPUR),

AND

NAROTTAMA DĀSA SWĀMĪ, M.A. (SAMS. & HINDI),
VISHARADA,
PROFESSOR OF HINDI AND SAMSKRITA, DUNGAR COLLEGE,
BIKANER.

Published by
THE NAGARI-PRACHARINI SABHA,
Benares, India.

समर्पण

प्राचीन राजस्थानी संस्कृति की ज्वलंत प्रभा के
प्रतिभाशाली निरूपक,

राजपूत इतिहास के अमर लेखक,

वीरभूमि राजस्थान के समुज्ज्वल रत्न,

विश्वविश्रुत विद्वान्

महामहोपाध्याय रायबहादुर

श्री गौरीशंकर हीराचंद ओझा

के कर-कमलों में

राजस्थानी जातीय काव्य का प्रतिनिधिस्वरूप

यह परंपरानुगत लोकप्रिय प्राचीन काव्य

उनके स्नेहमय निरंतर प्रोत्साहन के लिये

पादकों द्वारा

श्रद्धा के साथ सविनय समर्पित है।

निवेदन

जयपुर राज्य के अंतर्गत हणोतिया ग्राम के रहनेवाले बारहट नृसिंहदासजी के पुत्र बारहट बालाबख्शजी की बहुत दिनों से इच्छा थी कि राजपूतों और चारणों की रची हुई ऐतिहासिक और (डिंगल तथा पिंगल) कविता की पुस्तकें प्रकाशित की जायँ जिसमें हिंदी-साहित्य के भांडार की पूर्ति हो और ये ग्रंथ सदा के लिये रक्षित हो जायँ। इस इच्छा से प्रेरित होकर उन्होंने नवंबर सन् १९२२ में ५०००) काशी-नागरीप्रचारिणी सभा को दिए और सन् १९२३ में २०००) और दिए। इन ७०००) से ३॥) वार्षिक सूद के १२०००) के अंकित मूल्य के गवर्मेंट प्रामिसरी नोट खरीद लिए गए हैं। इनकी वार्षिक आय ४२०) होगी। बारहट बालाबख्शजी ने यह निश्चय किया है कि इस आय से तथा साधारण व्यय के अनंतर पुस्तकों की बिक्री से जो आय हो अथवा जो कुछ सहायतार्थ और कहीं से मिले उससे "बालाबख्श राजपूत चारण पुस्तकमाला" नाम की एक ग्रंथावली प्रकाशित की जाय जिसमें पहले राजपूतों और चारणों के रचित प्राचीन ऐतिहासिक तथा काव्य-ग्रंथ प्रकाशित किए जायँ और उनके छप जाने अथवा अभाव में किसी जातीय संप्रदाय के किसी व्यक्ति के लिखे ऐसे प्राचीन ऐतिहासिक ग्रंथ, ख्यात आदि छापे जायँ जिनका संबंध राजपूतों अथवा चारणों से हो। बारहट बालाबख्शजी का दानपत्र काशी-नागरीप्रचारिणी सभा के तीसवें वार्षिक विवरण में अविकल प्रकाशित कर दिया गया है। उसकी धाराओं के अनुकूल काशी-नागरीप्रचारिणी सभा इस पुस्तकमाला को प्रकाशित करती है।

विषय-सूची

विषय		पृष्ठांक
(१)	भूमिका	१——५
(२)	प्रवचन	७—१५
(३)	प्रस्तावना—(क) पूर्वार्ध—ऐतिहासिक विवेचन और साहित्यिक आलोचना ...	१–१३६
	(ख) उत्तरार्ध—भाषा और व्याकरण का विवेचन	१३७–२१०
(४)	सहायक पुस्तकों की सूची	२११–२१३
(५)	ढोला-मारूरा दूहा—मूल, हिंदी अनुवाद और पाठांतर	१–२२५
(६)	परिशिष्ट	२२७–३९६
(७)	परिशिष्ट नं० २—टिप्पणी	३९७–५५७
(८)	शब्द-कोष	५५९–६४५
(९)	प्रतीकानुक्रमणिका	६४७–६६४

चित्र

(१)	मारवणी को लेकर ढोला का नरवर लौटना ..	मुखपृष्ठ
(२)	मारवणी का कुरजों से संदेशा ले जाने के लिये कहना	२०
(३)	ढोला की तीर्थयात्रा	११२

भूमिका

महाकवि महाराज पृथ्वीराज राठोड़ की क्रिसन-रुकमणीरी वेलि नामक ग्रंथ का संपादन करते समय, हस्त-लिखित पुस्तकों की खोज के सिलसिले में हमें राजस्थान के इस सुप्रसिद्ध, प्राचीन 'ढोला-मारूरा दूहा' नामक काव्य की अनेक प्रतियाँ देखने को मिलीं। तभी हमारा विचार हुआ कि इस सुंदर काव्य को सुंदर रूप से संपादित करके हिंदी-जनता के सामने रखा जाय। यह आज से कोई पाँच-छः बरस पहले की बात है।

वेलि का कार्य समाप्त होते ही हमने तुरंत इस कार्य को हाथ में लिया और आज लगभग पाँच बरसों के परिश्रम के बाद हम इसे पाठकों की सेवा में उपस्थित कर सके हैं।

ढोला-मारूरा दूहा काव्य की हस्त-लिखित प्रतियाँ राजस्थान के पुस्तक-भंडारों में बहुतायत से मिलती हैं। परंतु उनमें से अधिकांश दूहा-चौपाइयों में हैं। असली काव्य आरंभ में सब का सब दूहों में ही लिखा गया था पर आगे चलकर बहुत से दूहे लोग भूल गए, केवल बीच-बीच के कुछ दूहे बच रहे जिनका कथा-सूत्र बिलकुल छिन्न-भिन्न था। इस कथा-सूत्र को मिलाने के लिये जैन कवि कुशललाभ ने संवत् १६१८ के लगभग चौपाइयाँ बनाईं और उनको दूहों के बीच में रखकर कथा-सूत्र ठीक कर दिया। आज-कल अधिकांश प्रतियाँ इसी कुशललाभ की रचना की ही प्राप्त होती हैं। केवल दूहों के मूल-रूप की प्रतियाँ कहीं भूले-भटके ही मिलती हैं। इस प्राचीन मूल-रूप की पाँच प्रतियाँ हमें बीकानेर राज्य में प्राप्त हुईं। दोनों रूपों की कोई १७ प्रतियाँ एकत्र करके हमने अपना संपादन-कार्य आरंभ किया। इन प्रतियों की खोज

में हमें जोधपुर, जयपुर, नागोर और बीकानेर राज्य के चूरू, सरदार शहर आदि भिन्न-भिन्न स्थानों की यात्राएँ करनी पड़ीं।

ढोला-मारूरा दूहा एक प्राचीन जनप्रिय लोक-गीत था। राजस्थान में इसका बहुत प्रचार था। यहाँ तक कि इसके नायक-नायिका ढोला और मारवणी के नाम साहित्य और बोलचाल में नायक-नायिका के अर्थ में रूढ़ हो गए हैं। सिंध, गुजरात, मध्यभारत और मध्यप्रदेश के कतिपय भागों में इसकी कथा अभी अनेक भिन्न-भिन्न रूपों में प्रचलित मिलती है। राजस्थान में यह इस समय भी ढोली-ढाढी आदि गाने का पेशा करनेवाली जातियों के मुँह से नाना विकृत रूपों में सुना जाता है। ये रूप यहाँ तक विकृत हो गए हैं कि लोग इसका नाम सुनकर नाक-भौं सिकोड़ने लगते हैं। जब हमने श्री गौरीशंकर हीराचंदजी ओझा से इसका सर्व-प्रथम जिक्र किया तो वे चौंके और कहने लगे कि क्यों इसके पीछे समय नष्ट करते हैं। ग्रंथ की कथा ज्ञात होने और वास्तविक बात मालूम होने पर उनका परितोष हुआ।

संपादन का कार्य हमने जितना समझा था उतना सहज न निकला। किसी प्रति में चार सौ, सवा चार सौ, से अधिक दूहे नहीं थे पर सबमें भिन्नता बहुत अधिक थी। समस्त प्रतियों के दूहों की कुल संख्या डेढ़-दो हजार से कम न निकली। हमने प्राचीन प्रतियों के आधार पर ६७४ दूहे चुन लिए और उन्हीं को मूलपाठ में सम्मिलित किया। इनमें भी कुछ दूहे ऐसे हैं जो प्राचीन नहीं ज्ञात होते पर काव्य-सौंदर्य की दृष्टि से स्वीकृत किए गए हैं। ऐसे दूहों को [ ] इस प्रकार के कोष्ठकों के भीतर रखा गया है। अन्यान्य दूहों को, तथा इस संबंध में प्राप्त समस्त सामग्री को, हमने परिशि में दे दिया है जिससे पाठकों को सब कुछ एकत्र ही प्राप्त हो जाय।

पाठांतर तैयार करने के कार्य में बहुत अधिक समय लगा। प्रत्येक दूहे में अनेक पाठांतर मिले। इस विषय में पर्याप्त साव-

धानी रखी गई है पर फिर भी कुछ प्रतियों के पाठांतर दृष्टि-दोष से, या प्रतिलिपि उतारते समय, बच गये हों तो कोई आश्चर्य नहीं। इस काम ने इतना समय लिया कि अंत में हमने कई-एक प्रतियों के, जो विशेष महत्त्व की नहीं थीं, केवल महत्त्वपूर्ण पाठांतर ही लिए। (थ) प्रति हमें बहुत बाद में मिली अतएव उसके भी पूरे पाठांतर हम नहीं दे सके।

इस ग्रंथ को तैयार करने में हमें अनेक दिशाओं से अनेक प्रकार की सहायता मिली और यहाँ पर हम अपने समस्त सहायकों के प्रति स-धन्यवाद हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं। राजपूत इतिहास के विश्वविश्रुत विद्वान् परम श्रद्धेय महामहोपाध्याय राय-बहादुर गौरीशंकर हीराचंदजी ओझा, हिंदी के सुप्रसिद्ध विद्वान् और काशी के हिंदू-विश्वविद्यालय के हिंदी-विभाग के प्रधान राय-बहादुर श्यामसुंदरदासजी बी० ए०, राजस्थानी साहित्य के विद्वान् जयपुर-निवासी पुरोहित हरिनारायणजी बी० ए०, विद्याभूषण, और राजस्थान के स्वनामधन्य उदारमना सेठ घनश्यामदासजी बिड़ला ने हमें प्रत्येक प्रकार से उत्साहित किया। श्रीओझाजी ने बहुत कष्ट उठाकर संपूर्ण ग्रंथ को सुना और हमें कई उपयोगी और आवश्यक सूचनाएँ देकर अनुगृहीत किया। अपना अमूल्य समय देकर उन्होंने इतिहास-संबंधी बातों का विस्तृत स्पष्टीकरण लिखवा भेजा और मूल की अनेक कठिनाइयों को सुलझाने में हमारी सहायता की। पूर्व परिचय न होने पर भी इस प्रकार अत्यंत प्रेम-पूर्वक उन्होंने जो सहायता दी उसके लिये हम नहीं जानते कि किन शब्दों में उनका धन्यवाद करें। बाबू श्यामसुंदरदासजी ने अन्यान्य सहायताओं के साथ इस ग्रंथ के कुछ अंश के प्रूफ देखने का भी कष्ट उठाया। सेठ घनश्यामदासजी ने हमें सब प्रकार से प्रोत्साहित करने के साथ-साथ इस ग्रंथ में दिए गए तीन चित्रों का

प्रकाशन-व्यय अपने ऊपर उठा लिया। इसके अतिरिक्त बिड़ला-परिवार ने ग्रंथ की दो सौ प्रतियाँ लेने का पहले ही वचन देकर इसके मुद्रण और प्रकाशन में बड़ी भारी सहायता की। हिंदी के प्रसिद्ध कवि श्रीयुत मैथिलीशरणजी गुप्त और राय कृष्णदासजी से भी हमें इस विषय में बहुत कुछ प्रोत्साहन मिला।

जोधपुर के सरदार-म्यूजियम के सुपरिंटेंडेंट, इतिहास के प्रसिद्ध विद्वान् श्री विश्वेश्वरनाथ रेउ तथा पं० रामकर्ण आसोपा ने इस ग्रंथ की अनेक प्राचीन प्रतियाँ प्राप्त करने में हमारी अमूल्य सहायता की। उनकी सहायता के बिना हमारा कार्य इतना सफलतापूर्वक सिद्ध न होता। बीकानेर के राँगड़ी-स्थित जैनों के बड़े उपासरे के श्रीपूजजी तथा अन्य प्रबंधकों ने वहाँ के पुस्तक-भंडार से कई प्रतियाँ उदारता-पूर्वक हमें प्रदान कीं। श्रीयुत रामनरेशजी त्रिपाठी ने भी गुजराती की, इस संबंध की एकाध छपी पुस्तक हमें भेजने की कृपा की।

ग्रंथ में जो तीन प्राचीन चित्र दिये गये हैं वे जोधपुर के सरदार-म्यूजियम में सुरक्षित चित्रमाला से लिये गये हैं। उन्हें ग्रंथ में देने की अनुमति प्रदान करने के लिये हम जोधपुर राज्य और उक्त म्यूजियम के प्रधान पदाधिकारी श्री विश्वेश्वरनाथजी रेऊ के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

काशी की नागरी-प्रचारिणी सभा इस बृहत् ग्रंथ के प्रकाशन का भार यदि अपने ऊपर न ले लेती तो इस रूप में इसका प्रकाशित होना असंभव-सा था अतः इसके लिये सभा के प्राण बाबू श्यामसुंदरदासजी, तथा (अब, भूतपूर्व) प्रधान-मंत्री राय कृष्णदासजी एवं सभा का प्रबंध-मंडल, विशेष रूप से धन्यवाद के पात्र हैं।

अंत में हम अपने सुहृद्वर अजमेर-निवासी श्रीयुत लेफ्टिनेंट महेशचंद्र शर्मा एम० ए०, एल-एल० बी० और जोधपुर के जसवंत-कालेज के भूतपूर्व प्रोफेसर श्रीयुत केदारनाथ तिवारी एम० ए०,

एल-एल० बी० को धन्यवाद देना सबसे आवश्यक समझते हैं जिन्होंने बड़े प्रेम और निःस्वार्थ भाव से, एक नहीं अनेक प्रकार से, हमारी सहायता की।

रामसिंह
सूर्यकरण
नरोत्तमदास

प्रवचन

(१)

'ढोला-मारूरा दूहा' राजस्थानी भाषा का एक प्रसिद्ध काव्य है। इस काव्य के दो रूप पाए जाते हैं— पहला केवल दोहों में है, जो प्राचीन है और दूसरा दोहे और चौपाइयों में है। संवत् १६०० के लगभग जेसलमेर में कुशललाभ नाम के एक जैन कवि थे। उनके समय में ढोला-मारू काव्य प्रसिद्ध था परंतु संभवत: वह अपने संपूर्ण रूप में नहीं मिलता था। जितना कुछ मिल सका उतना उन्होंने एकत्र किया और कथा-सूत्र मिलाने के लिये उसमें अपनी ओर से चौपाइयाँ बनाकर जोड़ दीं। इन चौपाइयों के अंत में उन्होंने लिखा है कि 'दूहा घणा पुराणा अछै'—अर्थात् दोहे बहुत पुराने हैं, अनुमानत: "घणा पुराणा" का अर्थ सौ वर्ष पुराना तो होगा ही। इस अनुमान पर असली काव्य का समय सं० १५०० विक्रमी के लगभग होगा। इसकी भाषा को देखने से भी प्राय: इसी अनुमान की पुष्टि होती है। अत: यह काव्य लगभग ५०० वर्ष पुराना तो अवश्य है। इसके संपादकों ने परिश्रम-पूर्वक इस काव्य के प्राचीन रूप—अर्थात् केवल दोहोंवाले रूप—का पता लगाकर उसका सुचारु रूप से संपादन किया है। दोहे-चौपाइयोंवाला रूप तो हस्त-लिखित प्रतियों में भी बहुत मिलता है परंतु केवल दोहोंवाला प्राचीन रूप अभी तक अप्राप्य-सा ही था।

यह काव्य भाषा एवं भाव दोनों की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण प्रतीत होता है। इसकी भाषा कृत्रिम डिंगळ (राजस्थानी) नहीं है जो साहित्य में प्रसिद्ध है। यह तत्कालीन बोलचाल की राजस्थानी भाषा में लिखा गया है। भाषा के इतिहास के अध्ययन के लिये यह काव्य उपयोगी सिद्ध होगा। कविता की दृष्टि से भी यह काव्य महत्त्वपूर्ण है। यह एक विचित्र (रोमेंटिक) प्रेम-गाथा है और इसमें मानव-हृदय के कोमल मनोभावों एवं बाह्य प्रकृति के मनोहर चित्र अंकित किए गए हैं।

काव्य का नायक ऐतिहासिक व्यक्ति है परंतु घटनाओं एवं वर्णनों में कल्पना का बहुत बड़ा पुट है जो ऐसी रचनाओं में प्राय: स्वाभाविक है। काव्य का मूल-रूप तो प्राचीन है परन्तु बाद में समय-समय पर इसमें नए दोहे भी मिलाए जाते रहे हैं। संपादकों ने प्राय: १६-१७ हस्त-लिखित प्रतियाँ एकत्र कर इसका संपादन किया है और सं० १६६७ की लिखी एक प्रति तथा सं० १७२० के लगभग की लिखी दूसरी प्रति संपादन के आधारस्वरूप ग्रहण की है। नई मिलावट विशेषकर इस समय के बाद ही हुई है। इससे पूर्व जो मिलावट हुई है वह नगण्य है, फिर भी संपादकों ने सावधानी से काम लिया है।

इन्हीं संपादकों ने राजस्थानी भाषा के एक अन्य सुप्रसिद्ध काव्य पृथ्वीराज-कृत 'क्रिसन रुकमिणीरी वेलि' का उत्तम संपादन किया है जो प्रयाग की हिंदुस्तानी-एकेडेमी से प्रकाशित हो रहा है। यह इनका दूसरा प्रयत्न है। इस ग्रंथ के साथ भी 'वेलि' की भाँति विस्तृत भूमिका, अर्थ, पाठांतर, शब्द-कोष एवं विस्तृत टिप्पणियाँ रहेंगी। ग्रंथ प्रकाशित होने पर राजस्थानी एवं हिंदी-साहित्य के लिये उपयोगी होगा, इसमें संदेह नहीं। इसका प्रकाशन किसी भी प्रकाशन-संस्था के

लिये गौरव की बात होगी। मैं इस काव्य को शीघ्र ही प्रकाशित रूप में देखना चाहता हूँ।

गौरीशंकर हीराचंद ओझा

ता० १३—७—३१

---

(२)

ढोला-मारूरा दूहा नामक राजस्थानी भाषा के इस काव्य का प्रवचन लिखते हुए मुझे बड़ा हर्ष होता है। राजस्थानी भाषा का प्राचीन साहित्य-भंडार बहुत विस्तृत है जिसमें अनेक अमूल्य रत्न भरे पड़े हैं। परंतु अभी तक वे अज्ञान के अंधकारपूर्ण गहरे गर्त्त में ही छिपे हैं, उनको प्रकाश में लाने के लिये कोई प्रयत्न नहीं हुआ। राजस्थान के विद्वानों और धन-कुबेरों के लिये यह कोई गौरव की बात नहीं है।

यह ढोला-मारू-काव्य भी राजस्थानी साहित्य का एक श्रेष्ठ रत्न है। इसकी मनोमुग्धकारिणी कहानी का संबंध आँबेर के आख्यानों तथा वीर कछवाहा राजवंश से लोक में प्रकट है। ढूँढाहड़ देश की कहानियों तथा बातों के साहित्य में राजकुमार ढोला और रूप-राशि राजकुमारी मारुवणी की सुंदर कहानी का स्थान बहुत ऊँचा है। उसका प्रचार यहाँ तक है कि बाजार में पोथी-बेचनेवालों के पास भी ढोला-मारू की बात अथवा ढोला-मारू का ख्याल नाम की छोटी-छोटी पुस्तकें हम देखते हैं। यह मोहिनी कथा कितने ही लालों को पलने में हुलराने और उनके कमल-नयनों में सर्वेंद्रिय-दुःख-हारिणी सुखनिँदिया को बुलाने में जादू का सा कार्य करती

रही है। मैं अपनी ही कहूँ कि न जाने कितनी रातों में अपनी पूज्य मातुश्री तथा अपने प्रिय कहानी कहनेवाले ब्राह्मण मंगाबख्श से राज-रानी की इस सुमधुर कहानी को चाव के साथ सुनकर मैंने इसका पायूष-पान किया है और इसके कई अंश तो अभी तक मेरे स्मृति-पटल पर खचित हैं। चारणों और भाटों ने इस कहानी को नाना रूप देने में अपनी बुद्धि और चतुराई का खूब उपयोग किया है और इसके कथानकों एवं वृत्तांतों को चित्रांकित करने में अगणित चित्रकारों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया है। इसको यदि राजस्थान के सर्वोत्तम जातीय काव्यों में से एक कहा जाय तो कोई असंगति नहीं।

इतिहास की कसौटी पर कसे जाने से इसकी कांति में कुछ भी न्यूनता नहीं आने की। वास्तविक वृत्त एवं तिथि आदि के भेद से इसके अमरत्व और गौरव को कोई बाधा नहीं पहुँच सकती। अवश्य ही ढूँढाहड़ राज्य के मूल संस्थापक के साथ इस कहानी का उतना संबंध नहीं। सोढ़देवजी के पुत्र दूलहरायजी अपने पिता की गद्दी पर मि० माघ सुदि ६ संवत् १०६३ को* विराजे थे और उनका स्वर्गवास खोह स्थान में मि० मार्गशीर्ष सुदी ३ सं० १०९३ को हुआ था जब वे ग्वालियर पर आक्रमण करनेवाले दक्षिण के राजाओं को पराजित कर लौट रहे थे। महामति टाड साहब ने भाटों से जिस रूप में इस कहानी को सुना उसी रूप में लिख दिया। इतने पर भी यह कहानी अपनी उत्तमता के कारण राजस्थानी

---

* संपादकों की सम्मति में भी ढोला और दूलहराय एक ही व्यक्ति नहीं, जैसा कि टाड ने लिखा है। परंतु, जैसी कि श्री ओझाजी की सम्मति है, दूलहराय का समय ग्यारहवीं शताब्दी न होकर तेरहवीं शताब्दी है तथा ढोला दूलहराय का पूर्वज था और दसवीं शताब्दी के लगभग हुआ है।—संपादक।

साहित्य-भंडार में एक निराला महत्त्व रखती है और कृतविद्य अथच कार्यकुशल और परिश्रमी संपादक-त्रय के हाथों में पड़कर इसे वह सुंदर रूप मिला है कि जिससे इसकी शोभा में द्विगुणित श्रीवृद्धि हुई है।

राजस्थान के पुस्तक-भंडारों में अभी बहुसंख्यक अमूल्य ग्रंथ-रत्न पड़े हैं जो कीड़ों के आहार बने जा रहे हैं। उनका अविलंब प्रकाशित होना नितांत आवश्यक है जिससे उनका योगक्षेम हो सके। इस ग्रंथरत्न को इस सुसंपादित रूप में प्रकाशित करने के लिए विद्वान् संपादक तथा नागरीप्रचारिणी सभा के प्रबंधक हार्दिक अभिनंदन के पात्र हैं।

जयपुर
ता० २०-३-३१

पुरोहित हरिनारायण शर्मा
(बी० ए०, विद्याभूषण)

---

(३)

राजपूताना अपने पराक्रमी वीरों और साहसिक एवं कुशल व्यापारियों के लिये वैसे तो काफी प्रसिद्ध है, किंतु यह कम लोग जानते हैं कि राजपूताने ने कविता और कला की भी काफी सेवा की है। राजपूत सभ्यता भी एक निराली चीज है, यहाँ तक कि आज भी अन्य प्रांतीय नरेश राजपूत सभ्यता का अनुकरण करने में अपना गौरव समझते हैं। चित्रकला में राजपूताने का स्थान किसी समय बहुत ऊँचा था और राजपूत नरेशों के दरबारी कवियों ने कविता में भी काफी नाम कमाया था। इस समय राजपूत-चित्रकला तो अजायबघरों या कद्रदान शौकीनों के संग्रहों तक ही परिसीमित है, किंतु राजस्थानी कविता का तो इससे भी बुरा हाल

है। संतोष इतना ही है कि पुरानी पूँजी नष्ट नहीं हुई है। राजपूताने के पुस्तकालयों एवं भाट-चारणों के कंठों में, यह कला आज भी मौजूद है। बात यह है कि कला मर नहीं गई है, जिंदा है सही; मगर नींद में है। इसे जगा देना राजस्थानी सपूतों का काम है। ठाकुर रामसिंहजी, पंडित सूर्यकरणजी पारीक और पंडित नरोत्तमदासजी स्वामी ने इस सोती हुई कला को जगाने का बीड़ा उठाया है। **क्रिसन-रुकमिणीरी वेलि** का उद्धार तो हो चुका; राजस्थान का एक अमूल्य रत्न तो संसार के सामने आ गया। 'ढोला-मारूरा दूहा' के उद्धार का यह प्रयत्न इनका द्वितीय प्रयास है। पाठकों को इसमें पर्याप्त रस मिलेगा। मारवाड़ी चित्त को चाहे इसमें विशेष नवीनता भले ही प्रतीत न हो, किन्तु मीठी चीज बराबर खाने पर भी मीठी ही लगती है। इस न्याय से मरुजन इसके रसपान से अघा जायँगे, ऐसा भय नहीं है। यदि यह कहा जाय तो कोई अत्युक्ति न होगी कि यह पहली पुस्तक होगी जिसमें राजस्थान की आत्मा का हूबहू चित्र पाया जाता है।

इसका जो प्रसंग मुझे सबसे अधिक पसंद आया और जिसकी ओर मैं पाठकों का ध्यान आकर्षित करूँगा, वह है इसमें किया हुआ मरुभूमि का वर्णन। वह कितना स्वाभाविक एवं कितना सच्चा है! पाँच सौ साल पहले का किया हुआ वर्णन ऐसा मालूम होता है मानो आज का ही हो।

माळवणी (मालवे की) और मारवणी (मारवाड़ की) दोनों ढोला की स्त्रियाँ थीं। दोनों एक दूसरे के प्रांत की, विनोद में, निंदा करती हैं। माळवणी कहती है—

बाबा, म देइस मारुवाँ सूधा एवाळाँह।
कंधि कुहाड़ड, सिरि घड़उ, वासउ मंझि थळाँह ॥६५८॥

बाबा, म देइस मारुवाँ, वर कूँआरि रहेसि ।
हाथि कचोळउ, सिरि घड़उ, सीचंती य मरेसि ।।६५८।।
मारू, थाँकइ देसड़इ एक न भाजइ रिद्ध ।
ऊचाळउ क अवरसणउ, कइ फाकउ, कइ तिड्ड ।।६६०।।
जिण भुइ पन्नग पोयणा, कयर-कँटाळा रूँख ।
आके-फोगे छाँहड़ी, हूँछाँ भाँजइ भूख ।।६६१।।

अनुवाद—हे बाबा, मुझे मारवाड़ियों के यहाँ मत ब्याहना, जो सीधे-सादे पशु चरानेवाले होते हैं। वहाँ कंधे पर कुल्हाड़ा और सिर पर घड़ा रखना होगा और जंगल में वास करना होगा।

हे बाबा, मुझे मारवाड़ियों के यहाँ मत देना, चाहे मैं कुँवारी ही रह जाऊँ। वहाँ दिन भर हाथ में कटोरा और सिर पर घड़ा—इस प्रकार पानी भरती-भरती ही मर जाऊँगी।

हे मारवणी, तुम्हारे मारवाड़ देश में एक भी कष्ट दूर नहीं होता; या तो ऊचाळा (अकाल में परदेश-गमन) या वर्षा या फाका या टिड्डियाँ, कोई-न-कोई उपद्रव अवश्य रहता है।

मारवाड़ की भूमि में पोनेवाले (पैदा) साँप रहते हैं, कैर (करील) और ऊँटकटारा (एक झाड़ी-विशेष) ही पेड़ों की गिनती में आते हैं, आक और फोग की ही छाया मिलती है और भुरट घास के दानों से पेट भरना पड़ता है।

मारवणी चुपचाप सुन लेती है, किंतु माळवणी फिर ताना मारती है—

पहिरण-ओढण कंबळा, साठे पुरिसे नीर ।
आपण लोक उभांखरा, गाडर-छाळा खीर ।।६६२।।
बाळउँ, बाबा, देसड़उ पाँणी जिहाँ कुवाँह ।
आधीरात कुहक्कड़ा, ज्यउँ माणसाँ मुवाह ।।६६३।।

अनुवाद—जहाँ पहनने और ओढ़ने को मोटे ऊनी कंबल ही मिलते हैं, जहाँ पानी साठ पुरुष गहरा होता है, लोग भी जहाँ एक जगह नहीं टिकते और जहाँ बकरी और भेड़ का ही दूध मिलता है, ऐसा तुम्हारा मारवाड़ देश है।

हे बाबा, ऐसे देश को जला दूँ जहाँ पानी केवल गहरे कुओं में ही मिलता है, जहाँ कुँओं पर पानी निकालनेवाले आधीरात को ही पुकारने लगते हैं, जैसे मनुष्यों के मरने पर पुकारा करते हैं।

अबकी बार मारवणी तुर्की-ब-तुर्की फटकार बताती है और कहती है—

बाळूँ, बाबा, देसड़उ, जहाँ पाँणी सेवार।
ना पणिहारी भूलरउ, ना कूवइ लैकार ॥६६४॥
दुख-वीसारण, मनहरण, जउ ई नाद न हुंति।
हियड़उ रतन-तळाव ज्यउँ फूटी दह दिसि जंति ॥१-६३॥

अनुवाद—बाबा, उस देश को जला दूँ, जहाँ पानी पर सेवार छाई रहती है, जहाँ न तो पनिहारिनों का झुंड आता-जाता रहता है और न कुँओं पर पानी निकालनेवालों का लयपूर्ण शब्द ही सुनाई देता है।

दुःख को विस्मरण करानेवाला और मन को हरनेवाला यदि यह संगीत न होता तो हृदय रत्न-सरोवर की तरह फूटकर दशों दिशाओं में बह जाता।

सच है, कुएँ पर मालियों के 'बारे' की ध्वनि की अन्य प्रांत के लोग चाहे कद्र न करें और "आधीरात कुहकड़ा" को "ज्यउँ माणसाँ मुवाँह" की उपमा देते रहें परंतु मारवाड़ी चित्त का तो यह आज भी "दुख-वीसारण मनहरण" नाद है।

कौन ऐसा मारवाड़ी है जो मस्त होकर नीचे लिखे दोहे न गाता हो—

बाजरियाँ हरियाळियाँ, बिचि बिचि बेलाँ फूल ।
जउ भरि बूठउ भाद्रवउ, मारू देस अमूल ॥ २५० ॥
देस सुहावउ, जळ सजळ, मीठा-बोला लोइ ।
मारू-कामण भुइँ दखिण, जइ हरि दियइ न होइ ॥ ४८५ ॥
थळ भूरा, वन झंखरा, नहीं सु चंपउ जाइ ।
गुणे सुगंधी मारवी, महकी सहु वणराइ ॥ ४६८ ॥

अनुवाद—बाजरियाँ हरी हो गई हैं और बीच-बीच में बेलें फूल रही हैं। यदि भादों भर बरसता रहा तो मारू देश अमूल्य (निराली शोभावाला) होगा।

मरुस्थल बड़ा सुहावना देश है, जहाँ का जल स्वास्थ्यप्रद है और लोग मधुरभाषी हैं। ऐसे मारू देश की कामिनी दक्षिण देश में यदि भगवान् ही दें तो मिल सकती है।

भूमि (बालुकामयी होने से) भूरी है, बन झंखाड़ हैं। वहाँ चंपा उत्पन्न नहीं होता। मारवणी के गुणों की सुगंधि से ही सारा वनखंड महक उठा है।

ऐसे मरुदेश को मेरा शतशः प्रणाम।

घनश्यामदास बिड़ला

प्रस्तावना

पूर्वार्ध—ऐतिहासिक विवेचन और साहित्यिक आलोचना

(१) प्राक्कथन

प्रत्येक जाति के प्रारंभिक इतिहास में गीत-काव्य, प्रेम-गाथाएँ, दंतकथाएँ और कल्पित आख्यायिकाएँ विशेष रूप से प्रतिष्ठित, प्रख्यात और लोकप्रिय पाई जाती हैं। उनमें एक प्रकार की अनिर्वचनीय सरलता, चमत्कार, रस-सौष्ठव और रुचिग्राहक-शक्ति रहती है, जो अर्वाचीन काल के कला-परिपुष्ट साहित्य में मिलनी दुर्लभ है। प्राचीन काल के गीतों और गाथाओं में यद्यपि शब्दों और भावों की वह बुद्धिसंगत जोड़-तोड़, वर्णन-शैली का वह प्रगल्भ पांडित्य और अलंकार-शास्त्र की वह विचित्र और सूक्ष्म छानबीन आदि नहीं पाये जाते, जो उत्तर काल के महाकाव्यों, नाटकों और कहानियों में पाये जाते हैं, फिर भी इनके बदले उनमें एक अद्वितीय सरलता, सादगी, निश्छलता और मानव-जीवन के आदिम भावों और मनोवृत्तियों का दिग्दर्शन मिलता है।

गीत-काव्यों की प्राचीन लोकप्रियता की ओर जब ध्यान जाता है तब यह धारणा होने लगती है कि जातीय संस्कृति-निर्माण में इनका बहुत हाथ रहा है। इन प्राचीन गाथाओं ने हमारे उत्तर-कालीन जातीय चरित्र का निर्माण करने में बहुत सहायता दी है। गीतों के प्रसिद्ध वीरों को हम श्रद्धा और भक्ति की दृष्टि से देखते हैं और उनके कार्यों को स्मरण कर करके हमारे हृदय में जातीय भावना की ज्योति स्फुरित होती है। अतएव जातीयता की दृष्टि से इनका बड़ा महत्त्व है।

मानव-समाज ने कृत्रिम सभ्यता की चमक से चकाचौंध होकर अंतस्तल की बहुत सी सरल और निष्कपट ईश्वरीय विभूतियों का विस्मरण सा कर दिया है। यही नहीं, उसने हृदय की सरल उद्भावना को 'ग्रामीणता' के दूषण से लांछित करके परित्याज्य समझ लिया है। हृदय के सच्चे भावों को सहज स्वाभाविकता के साथ प्रकट करना बहुधा काव्य-सम्मत नहीं समझा जाता; अच्छा कविता तब तक नहीं बनी समझी जाती जब तक अलंकार और रीतिशास्त्र के जटिल बंधनों में जकड़कर अंतःकरण के स्वच्छंद और सरल भावों को बुद्धिसंगत, ऊहा-समन्वित, कृत्रिम और अलंकृत वेश में प्रकट नहीं किया जाता। प्रकृति के सरल सौंदर्य को रत्नों और सुवर्ण से निर्मित निर्जीव आभूषणों से लदे हुए रूप में जब तक हम देख नहीं पाते तब तक हमारी कृत्रिम भावनाएँ रीझतीं नहीं। मनुष्य ने दुर्भाग्यवश अपने जीवन को इतना बनावटी बना लिया है कि क्या वस्तु, क्या पदार्थ, क्या भावनाएँ और क्या विचार, सभी में कृत्रिमता की प्रतिभा देखकर ही उसे तृप्ति होती है।

मानव-जीवन की सहचारिणी कविता के उद्गम-स्थल की ओर जब हम दृष्टिपात करते हैं, और पीछे से उसके विकास और समृद्धि के इतिहास-सूत्र को लेकर आधुनिक काल में उसके परिवर्त्तित स्वरूप की तुलना करते हैं, तो हमको आकाश-पाताल का अंतर प्रतीत होने लगता है। इस महान् परिवर्त्तन को देखकर मन खिन्न हो जाता है। कविता की उत्पत्ति अनादि काल से है और उसने ईश्वरीय प्रतिभा की झलक के रूप में मनुष्य के हृदय में जन्म लिया था। उसने मानव-जीवन में एक विचित्र आलोक, सुखद संवेदना, व्यापक सहानुभूति, एकता और प्रेम के ऐक्य-सूत्र के रूप में विकास पाया था। जब तक उसका वह सरल, मधुर, निष्कपट रूप बना रहा तब तक उसने मानव-जीवन का बड़ा उपकार किया। विषम

वेदनाओं और जटिल आध्यात्मिक आपत्तियों के निवारण करने में उसने मनुष्य को अमृत-संजीविनी का काम दिया। परंतु ज्यों-ज्यों मनुष्य जटिल जगत् की दुर्भेद्य माया के जाल में फँसता गया, ज्यों-ज्यों वह सरलता को छोड़कर कृत्रिमता की आराधना करने लगा और अंतःकरण के सरल संस्कारों को तिलांजलि देने लगा, त्यों-त्यों उसे कविता देवी के प्राकृतिक, सुंदर, सरल और सौम्य रूप के प्रति उदासीनता होने लगी। समयांतर में उसी कृत्रिम और जटिलता-प्रिय बुद्धि ने व्याकरण, रीति, अलंकार और छंदः-शास्त्र के बंधनों में जकड़कर कविता का एक ऐसा रूप प्रकट किया जिसने काव्य को बहुरूपिए का एक स्वाँग सा बना डाला। इसी स्वाँग को सच्ची कविता और उत्तम काव्य समझकर मनुष्य संतुष्ट और प्रसन्न रहने लगा।

निष्पाप क्रौंच-मिथुन को शरद् ऋतु के निर्मल आकाश में आनंद-पूर्वक विहार करते हुए देखकर क्रूर-हृदय निषाद ने बाण मार ही तो दिया। आहत प्रेमी के वियोग में विरही पक्षी ने जो करुण-क्रंदन किया उसके प्रबल आघात ने कवि की मूक हृत्तंत्री को झंकृत कर दिया। रुका हुआ काव्य-प्रवाह प्रबल वेग के साथ सारे प्रतिबंधों को तोड़कर अविच्छिन्न रूप से चल पड़ा। वेदना और अभिशाप की तरल तरंगें दशों दिशाओं में गूँज उठीं और क्षितिज के अदृश्य किनारों पर टकराकर प्रतिध्वनित होने लगीं। आदि-कवि वाल्मीकि की संवेदनात्मक अंतःकरण की पुकार ने जिस दिन जन्म लिया उसी दिन कविता का प्रथम प्रभातोदय हुआ—

मा, निषाद, प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौंच-मिथुनादेकमवधीः काममोहितम्॥

कविता का वह प्रथम उद्रेक सरल था, स्वाभाविक था, निष्कपट था, कृत्रिम अलंकरणों के निर्जीव भार से निर्मुक्त था, रीति के

जटिल बंधनों से रहित था; छंद था, परंतु स्वच्छंद। हृदय के रंग में वह रँगा हुआ था। वह कविता थी और आज भी कविता होती है। अंतर क्या है? दुःख की वह मर्मभेदी कहानी कौन कहेगा?

उपर्युक्त विवेचन से हमारा आशय काव्य के कल्पनात्मक और प्राकृतिक भेदों के भिन्न भिन्न स्वरूपों को बतलाने का है। कल्पनात्मक साहित्य ने भारत में बड़ी उन्नति की है, यह तो सभी जानते हैं। संस्कृत-साहित्य में महाकवि भास, शूद्रक, कालिदास, भारवि, बाण, भवभूति, श्रीहर्ष आदि ने काव्य, नाटक, गद्य, आख्यायिका आदि साहित्य को कलात्मक उन्नति की पराकाष्ठा तक पहुँचा दिया। यही हाल प्राकृत और अपभ्रंश साहित्यों का भी रहा। इधर वर्त्तमानकाल में भारतीय भाषाओं ने भी कलात्मक दृष्टि से खूब साहित्य-सृष्टि की है। बँगला, गुजराती, मराठी और हिंदी भाषाओं में काव्यकला की दृष्टि से उत्तम साहित्य भरा पड़ा है। बिहारी, देव, भूषण, मतिराम, केशव प्रभृति कवि कलात्मक कविता के बड़े आचार्य हो गए हैं। परन्तु इन बहुमूल्य जगमगाते हुए रत्नों के होते हुए सभी भाषाओं ने अपने प्राचीन सरल लोक-साहित्य को उपेक्षा की दृष्टि से ही देखा है। यह स्वाभाविक भी था। मानव-कौशल द्वारा निर्मित सुंदर से सुंदर चित्र-विचित्र पुष्पों, वृक्षों और फलों से लदी हुई वाटिकाओं के होते हुए भला शिष्ट-समाज जंगल के सरल और कंटकित परन्तु सरस और सुगंधित वन्य कुसुमों की सुवास लेने को क्यों जाने लगा? यही कारण हुआ कि एक समय में सारे देश की जनरुचि और काव्य-भावनाओं को आकर्षित करनेवाला गीत-गाथा और दोहामय लोक-साहित्य आधुनिक काल की कलात्मक चमचमाहट के आगे लुप्तप्राय हो गया। इससे देश, जाति और साहित्य की बड़ी हानि हुई।

हमारे सौभाग्य से साहित्य में अब क्रांति का युग उपस्थित हो रहा है। नवीन भावनाएँ, नवीन जागृति और नवीन स्फूर्त्ति चारों ओर दृष्टिगोचर हो रही हैं। संसार भर में क्रांति का एक चक्र चल पड़ा है जिसका मूल-मंत्र Back to nature प्रकृति की ओर लौटने, प्रकृति का पुनः परिशीलन करने के लिये प्रबल प्रेरणा कर रहा है। पाश्चात्य देशों ने इस क्रांति का सबसे पहले लाभ उठाया है। वे अपने प्राचीन साहित्य के पुनरुद्धार में कटि-बद्ध होकर लग गए हैं और अब तक इस ओर प्रशंसनीय कार्य कर चुके हैं। भारतीय भाषाओं के द्वार पर भी यह लहर टकरा चुकी है। बँगला, गुजराती और मराठी ने अपने प्राचीन साहित्य की बहुत कुछ खोज कर ली है। परन्तु हिंदी की नींद अभी तक पूर्ण रूप से खुली नहीं। उसे खुमारी में अब भी नखशिख, नायिकाभेद, षट्ऋतु-वर्णन, अलंकार, रस, छंद की स्मृति बनी हुई है। परंतु शुभ लक्षण दिखाई दे रहे हैं। इधर कुछ वर्षों से हिंदी ने भी अपने प्राचीन साहित्य की ओर दृष्टिपात करना आरंभ कर दिया है।

प्रस्तुत ग्रंथ कोई लब्धप्रतिष्ठ काव्य अथवा महाकाव्य नहीं है। इसमें साहित्यिक कला की जाज्वल्यमान चमत्कृति नहीं है और न प्रबंध का शास्त्र-विहित निर्वाह है। इसके विपरीत यह एक सीधी-सादी देहाती कहानी है, जिसमें मानव-हृदय की सरल और स्वाभाविक भावनाओं को प्राकृतिक रंगों में रँगकर प्रकट किया गया है। यह एक ऐसा वन्यकुसुम है जो अब तक विशाल कानन की शांतिपूर्ण शून्यता में स्वतंत्रतापूर्वक आत्मानंद में लीन था। इसे यह कभी आशंका न रही होगी कि इस प्रकार उसके स्वतंत्र जीवन को बंदी बनाकर कुछ पढ़े-लिखे लोग सदा के लिये उसकी स्वच्छंदता को छीन लेंगे।

भारतवर्ष में राजस्थानी भाषा का साहित्य इस प्रकार के प्राचीन लोक-गीतों और गाथा-काव्यों से परिपूर्ण है। कुछ लोगों का कथन है कि राजस्थान देश की प्राकृतिक परिस्थिति और राजस्थानी जनता की स्वाभाविक उग्रता और रूखेपन के अनुरूप ही राजस्थानी भाषा का साहित्य भी रूखा, उग्र, उद्दंड एवं वीररस-प्रधान है और उसमें हृदय के कोमल, कांत एवं स्निग्ध भावों को व्यक्त करने के लिये न तो उपयुक्त शब्दावली है और न भाव-प्रदर्शन की योग्यता ही। यह एक बड़ा भारी अभियोग है। पर इसके लिये हम आलोचकों को सर्वथा दोषी नहीं ठहरा सकते। कारण, अब तक जो कुछ थोड़ा सा राजस्थानी का साहित्य प्रकाशित हुआ है, उसमें पाठकों को अधिकांश में तलवारों की चमचमाहट, वीर हृदयों का सामरिक उत्साह, राजपूत-प्रण-प्रतिज्ञा की दृढ़ता अथवा किसी विकट युद्ध की दिल को दहलानेवाली भयंकरता का ही वर्णन मिलता है। परंतु हमारा कथन यह है कि राजस्थानी का साहित्य यहीं समाप्त नहीं हो जाता।

राजस्थान की पुण्यभूमि प्राचीन काल में भारत के अतीत गौरव, पुण्यशील कीर्ति और शिखरारूढ़ सभ्यता का महत्त्वपूर्ण केंद्र और स्तंभ रही है। कोई भी विचारशील पुरुष निष्पक्ष सत्यता के साथ यह नहीं कह सकता कि भारत के इतिहास में अग्रणी रहनेवाली इस भूमि का साहित्य भी उतना ही महत्त्वपूर्ण, सर्वांग-संपूर्ण, उतना ही उज्ज्वल, आदर्शमय एवं उतना ही पथप्रदर्शक नहीं रहा होगा। परंतु यह सब होते हुए भी सत्य को प्रकाशित करने के लिये प्रमाणों की आवश्यकता होती है। दुःख तो इस बात का है कि विद्वानों ने राजस्थान के साहित्य को अब तक उपेक्षा की दृष्टि से देखा है। यही कारण है कि राजस्थानी साहित्य-भांडार के उत्तमोत्तम रत्नों से परिपूर्ण होते हुए भी उनकी झलक

सूर्य के प्रकाश में बाह्य जगत् को अब तक नहीं मिली। कुछ एक संस्थाओं, यथा काशी की नागरीप्रचारिणी सभा और कलकत्ता की बंगाल एशियाटिक सोसाइटी, तथा कुछ विद्वानों, यथा महामहोपाध्याय श्री गौरीशंकर हीराचंद ओझा, डाक्टर टैसीटरी, पंडित रामकर्ण, मुंशी देवीप्रसाद आदि, का हमको बड़ा उपकार मानना चाहिए, जिन्होंने अनवरत परिश्रमपूर्वक खोज करके सर्व-प्रथम साहित्यिक जगत् को यह महत्त्वपूर्ण सूचना दी कि इस भाषा में भी बहुमूल्य साहित्य-भांडार भरा पड़ा है। अब यदि आवश्यकता है तो उन परिश्रमशील अन्वेषकों की, जिनके हृदय में राजस्थान के पूर्व-गौरव के प्रति अक्षुण्ण श्रद्धा हो और जो दृढ़प्रतिज्ञ महाराणा प्रताप और बाप्पा रावल, चक्रवर्ती दिल्लीपति महाराजा पृथ्वीराज, महाकवि राठोड़ महाराज पृथ्वीराज, वीरश्रेष्ठ दुर्गादास, साहित्य-रथी महाराजा जसवंतसिंह एवं सवाई जयसिंह और भक्तशिरोमणि मीराँबाई एवं कविश्रेष्ठ चंदबरदाई के उज्ज्वल यश और कृतियों को सुरक्षित रखने का उद्योग करें।

इस बात को हिंदी के सभी ज्ञाता एवं विद्वान् जानते हैं कि राजस्थानी और हिंदी का चोली-दामन का साथ है। वास्तव में देखा जाय तो हिंदी का अधिकांश प्राचीन साहित्य अपने राजस्थानी रूप में प्रकट हुआ है। हिंदी-साहित्य के इतिहास-निर्माण में राजस्थानी का बड़ा महत्त्वपूर्ण हाथ रहा है। चंद-बरदाई हिंदी का आदिकवि रहा है और वही राजस्थानी का एक श्रेष्ठ कवि भी। मीराँबाई स्त्री-कवियों में हिंदी की श्रेष्ठ कवयित्री समझी जाती हैं और वही राजस्थानी काव्य की भी आत्मा हैं। इस नाते से राजस्थानी हिंदी की बड़ी बहिन हुई। अतएव राजस्थानी साहित्य का जितना उद्धार होगा, हिंदी-साहित्य की समृद्धि भी उतनी ही बढ़ेगी। हमारी तो यह धारणा है कि हिंदी-साहित्य

यदि त्रिवेणी का सुखद और महत्त्वपूर्ण संगम है, तो राजस्थानी उसकी एक शाखा यमुना है और अवधी उसकी दूसरी शाखा सरस्वती। इन दोनों के बीच ब्रजभाषा-रूपी गंगा की पावन तरंगिणी अपने सरस काव्य-प्रवाह को लिए हुए उत्तर भारत के रसिक-समुदाय को आह्लादित करती हुई अनर्गल बह रही है। जब तक हिंदी हिंदी है, तब तक इनका साथ छूट नहीं सकता।

हिंदी भाषा के आदिकाल की ओर दृष्टि डालने पर पता लगता है कि हिंदी के वर्त्तमान स्वरूप-निर्माण के पूर्व गाथा और दोहा साहित्य का उत्तर भारत की प्रायः सभी देशभाषाओं में प्रचार था। उस समय की राजस्थानी और हिंदी में इतना रूप-भेद नहीं हो गया था जितना आजकल है। यदि यह कहा जाय कि वे एक ही थीं, तो अत्युक्ति न होगी। उदाहरणों द्वारा यह कथन प्रमाणित किया जा सकता है।

(२) ढोला-मारूरा दूहा काव्य का परिचय

ढोला-मारूरा दूहा राजस्थान का एक बहुत प्रसिद्ध प्राचीन काव्य है। यह एक दूहा-बद्ध प्रेमगाथा है जो राजस्थान में बहुत लोक-प्रिय रही है। मानव-हृदय के कोमल मनोभावों तथा बाह्य प्रकृति के बड़े ही मनोहर चित्र इसमें अंकित किए गए हैं। प्रेम-गाथा होने पर भी इसका शृंगार-वर्णन बहुत ही मर्यादा-पूर्ण है। इसके विषय में, राजस्थान में, यह दोहा बहुत प्रसिद्ध है—

सोरठियो दूहो भलो, भलि मरवणरी बात।
जोबन-छाई धण भली तारां-छाई रात॥

[दोहों में सोरठिया दोहा (सोरठा) अच्छा है, वार्ताओं में ढोला-मारवणी की वार्ता अच्छी है, यौवन से छाई हुई स्त्री अच्छी होती है और तारों से छाई हुई रात अच्छी होती है।]

यह काव्य राजस्थान का जातीय काव्य कहा जा सकता है। राजस्थानी भाव-भावनाएँ इसकी आत्मा में ओत-प्रोत हैं। जनता में इसका खूब प्रचार रहा है। राजस्थान में शायद ही कोई दूसरा लोक-गीत इतना लोक-प्रिय रहा हो। शायद ही राजस्थान का कोई पुस्तक-भांडार ऐसा होगा जिसमें इसकी एकाध प्रति न पाई जाय। इसके दूहे शताब्दियों पर्यंत राजस्थानी जनता की जिह्वा पर रहे हैं और आज भी अनेकों मनुष्यों को वे याद हैं। इस काव्य की घटनाओं को लेकर अनेकों चित्र और चित्र-मालाएँ बनाई गई हैं*। राजस्थानी घरों पर आज भी ऊँट पर जाते हुए ढोला-मारवणी के चित्र अंकित मिलेंगे। महामहोपाध्याय गौरीशंकर हीराचंद ओझा सूचित करते हैं कि उन्होंने अपनी ऐतिहासिक यात्रा में अलवर राज्य के किसी ग्राम में ढोला-मारू की मूर्त्तियाँ भी देखी थीं जो कम से कम दो सौ वर्ष की पुरानी होंगी।

इस काव्य में ढोला और मारवणी की प्रेम-कथा का वर्णन है। यह ढोला कछवाहा वंश के राजा नळ का पुत्र था। इसका समय विक्रमी संवत् १००० के लगभग है। मारवणी पूगळ के राजा पिंगळ की कन्या थी। दोनों का विवाह ऐतिहासिक घटना है। राजस्थान के प्रसिद्ध इतिहास-लेखक मुँहणोत नैणसी की ख्यात में ढोला के मारवणी और माळवणी नामक दो स्त्रियों के होने का उल्लेख है।

ढोला-मारवणी की कथा आज भी राजस्थान और मध्यभारत के विभिन्न भागों में विभिन्न रूपों में प्रचलित है। लोगों

---

* ऐसी एक चित्रमाला, जिसमें इस कथा की विविध घटनाओं पर कोई १२१ चित्र हैं, जोधपुर के सरदार-म्यूजियम में विद्यमान है। उसके तीन चित्र इस ग्रंथ के साथ दिए गए हैं।

की जिह्वा पर रहते-रहते इस कथा में बहुत-कुछ परिवर्त्तन हो चुका है और इसके अनेक विकृत रूप बन गए हैं। यहाँ तक कि, जैसा श्रद्धेय ओझाजी हमें सूचित करते हैं, अजमेर में होली के दिनों में ढोला-मारू की एक सवारी निकलती है जिसमें औरत पुरुष को जूतों से मारती है।

ढोला-मारू काव्य एक लोक-गीत (Ballad) है। यह आरंभ से लोक-प्रिय और लोगों की जिह्वा पर रहा है। ऐसे जन-प्रिय लोक-गीतों की जो हालत होती है वही इसकी भी हुई। समय समय पर इसमें अनेक परिवर्त्तन और परिवर्धन हुए। नए दूहे और नई घटनाएँ समय समय पर जुड़ती गईं और पुराने दूहे और पुरानी घटनाएँ कभी-कभी लुप्त भी होती गईं। आरंभ में यह किसी एक लेखक की—संभवतः ढोली-ढाढी जाति के किसी व्यक्ति की—रचना रही हो यह संभव है परंतु इसके वर्त्तमान रूप का निर्माता तो कोई एक कवि न होकर समस्त जनता ही है।

आरंभ में यह कृति दूहा छंद में लिखी गई थी, जो अपभ्रंश के जमाने से जनता का सबसे प्यारा छंद रहा है। इसका लेखक कौन था और यह कब लिखी गई इसके विषय में निश्चित रूप से कुछ भी नहीं कहा जा सकता। ढोला का समय संवत् १००० के आसपास है और यही इसके रचना-काल की ऊपरी सीमा है*।

* रचना-काल की निचली सीमा जैन कवि कुशललाभ का समय (१६१८ के आस-पास) है जिसके समय में इस काव्य के अधूरे दूहे ही मिलते थे और जिसने कथा-सूत्र मिलाने के लिये बीच-बीच में चौपाइयाँ जोड़ी थीं। उसने लिखा है कि—

दूहा घणा पुराणा अछइ।

सो कम से कम १२०-२०० वर्ष पुराने तो होंगे ही। इस प्रकार इन दूहों की रचना संवत् १४५० के बाद की नहीं हो सकती।

धीरे धीरे दूहे छिन्न-भिन्न होने लगे और उनका कथा-सूत्र टूट गया पर कथा लोगों को अब भी ज्ञात थी, यद्यपि उसमें भी बहुत-कुछ परिवर्त्तन हो चुका था। जेसळमेर के रावळ हरिराज ने अपने समय में प्राप्य दूहों को एकत्र करवाकर अपने आश्रित जैन कवि कुशललाभ को उनका कथा-सूत्र मिलाने की आज्ञा दी। उक्त कवि ने चौपाइयाँ बनाकर और उनको दूहों के बीच-बीच में जोड़कर यह कार्य संपन्न किया*। जैनों में कुशललाभ की ढोला-

---

* इसके विषय में प्रसिद्ध बारहठ कवि गोविंद गिल्लाभाई ने एक मनोरंजक कथा लिखी है जो इस प्रकार है। सम्राट् अकबर का विद्या-प्रेम प्रसिद्ध है। उसके दरबार में बीकानेर-नरेश राजा रायसिंहजी के छोटे भाई पृथ्वीराज राठोड़ रहते थे जो डिंगळ के बड़े भारी कवि थे। ये वही पृथ्वीराज हैं जिन्होंने महाराणा प्रताप को उत्तेजित करने के लिये वीररस के दूहों में पत्र लिखा था। पृथ्वीराज ने **क्रिसन-रुकमणीरी वेलि** नामक एक बड़ा सुंदर शृंगार-रसात्मक काव्य बनाकर अकबर को सुनाया। अकबर उस काव्य को प्रतिदिन काव्य-चर्चा के समय सुनता और उसकी प्रशंसा करता। उस समय जेसळमेर के राजकुमार हरराज ने भी यह प्रशंसा सुनी। बीकानेरवालों और जेसळमेरवालों में प्रतिद्वंद्विता का भाव था। हरराज को यह प्रशंसा सहन न हुई। जब वह राजा हुआ तो उसने अपने दरबार के कवियों को आज्ञा दी कि **ढोला-मारू** की कथा के प्रचलित दूहे जितने मिल सकें उन्हें एकत्र करके यथाक्रम लगाकर ग्रंथ-रचना करो और जो ग्रंथ सर्वोत्तम होगा उस पर पुरस्कार दिया जायगा। कुशललाभ की रचना सर्वोत्तम निकली। हरराज ने उसे अकबर को भेंट किया। अकबर ने उसे पसंद किया और काव्य-चर्चा के समय उसके दूहे भी पढ़े जाने लगे। एक दिन सम्राट् ने हँसी में पृथ्वीराज से कहा कि तुम्हारी वेलि को तो **ढोला का करहला** (ऊँट) चर गया है। इस श्लेषयुक्त वाक्य को सुनकर पृथ्वीराज ने कहा कि इस संसार-रूपी उद्यान में से अन्य मकरंद-परिपूर्ण पुष्पों-वाले वृक्ष सेवा में भेंट करते कोई देर नहीं लगेगी। और इसके बाद सदे-वंत-सावलिंगाकी शृंगार-परिपूर्ण वार्त्ता बनाकर पृथ्वीराज ने भेंट की जो अकबर को बहुत पसंद आई।

मारू-चउपई का बहुत प्रचार हुआ और शायद ही कोई जैन-पुस्तक-भांडार मिले जहाँ इसकी प्रतियाँ न पाई जायँ।

पर दूहोंवाला रूप सर्वथा लुप्त नहीं हुआ। उसकी कई प्रतियाँ अनुसंधान करने पर हमें प्राप्त हुईं। सबमें दूहों की संख्या लगभग समान है और कथासूत्र बराबर मिलता है, कहीं खंडित नहीं होता।

कई अन्य लोगों ने, जिन्हें पूरे दूहे नहीं मिले, कथा-सूत्र मिलाने के लिये बीच बीच में गद्य-वार्त्ता जोड़ी। इस गद्य-पद्यात्मक रूप की प्रतियाँ बहुत कम मिलती हैं। कुछ प्रतियाँ ऐसी भी मिलती हैं जिनमें दूहे, कुशललाभ की चौपाइयाँ और गद्य-वार्त्ता तीनों हैं। इनमें कुशललाभ की चौपाइयाँ पूरी नहीं हैं और दूहे भी बहुत कम हैं। ये दोनों प्रकार के रूप विशेष प्राचीन नहीं हैं, अतः कोई महत्त्व नहीं रखते।

यह कथा केवल कथा मात्र ही है। इसमें सत्य का कुछ भी अंश नहीं जान पड़ता। रावळ हरराज युवराजत्व में तो अकबर के दरबार में गया ही नहीं। उसने संवत् १६२७ में, अपने राजा होने के नौ वर्ष बाद, अकबर की अधीनता स्वीकार की थी। फिर पृथ्वीराज की वेलि तो सं० १६३७ या १६३८ में बनी थी, जैसा उसके अंतिम छंद से ज्ञात होता है। ढोला-मारू-चउपई की रचना कुशललाभ संवत् १६१८ के पूर्व ही कर चुका था, जैसा कि इस ग्रंथ की पुष्पिका से सिद्ध होता है। सुदवुद-सालंगा की वार्त्ता भी पृथ्वीराज की बनाई नहीं है। पृथ्वीराज की रचनाओं में उसका कहीं नाम नहीं और न बीकानेर-राज्य के पुस्तकालय में उसकी जो एक-दो प्रतियाँ हैं उनमें इस बात का कहीं उल्लेख है। ये प्रतियाँ भी उस समय के बहुत बाद की हैं।

ऐसी ही एक कहानी पृथ्वीराज की वेलि और चारण झूला साइयाँ के रुक्मिणी-हरण के विषय में कही जाती है कि दोनों बादशाह की नजर से गुजरे और हरण की रचना वेलि से अच्छी देखकर उसने यह श्लेष-मय वाक्य कहा कि पृथ्वीराज, तुम्हारी वेल को चारण बाबा की हरणियाँ (=हरण) चर गईं (राजरसनामृत, मुं० देवीप्रसाद-कृत, पृष्ठ ४३-४४)।

इस प्रकार इस समय ढोला-मारू काव्य के चार रूपांतर मिलते हैं—(१) पहला—जिसमें केवल दूहे हैं और जो प्राचीन है। (२) दूसरा—जिसमें दूहे और कुशललाभ की चौपाइयाँ हैं, यह प्राचीनता में दूसरे नंबर पर आता है। (३) तीसरा—जिसमें दूहे और गद्य-वार्त्ता हैं (४) और चौथा—जिसमें दूहे, कुशललाभ की कुछ चौपाइयाँ और गद्यवार्त्ता है।

इनमें केवल पहले दो रूपांतर ही महत्त्वपूर्ण हैं। पिछले दो रूपांतरों में असली दूहों का भाग बहुत ही कम रह गया है और जो कुछ रह गया है वह भी बहुत-कुछ विकृत हो गया है। दूसरे रूपांतर में भी बाद में जाकर परिवर्त्तन हुआ और बहुत से नए दूहे जोड़ दिए गए पर उसका असली रूप लिखित रूप में रह जाने के कारण निश्चित किया जा सकता है*।

पहले और दूसरे रूपांतरों में भी काफी अंतर पाया जाता है, विशेषतः आरंभ के भाग में। हम यहाँ पर दोनों में जो-जो अंतर है उसका संक्षिप्त विवेचन करेंगे। विशेष मालूम करने के लिये परिशिष्ट में दिए हुए भिन्न भिन्न रूपांतरों का तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकता है।

(१)

रूपांतर नं० १ की कथा का आरंभ एक गाहा से होता है। उसके बाद ढोला-मारवणी के विवाह का प्रसंग है। पूगळ देश में एक समय अकाल पड़ा तो राजा पिंगळ अपने परिवार के साथ नळवर देश को गया जहाँ के राजा नळ ने उसका बड़ा आदर-सत्कार किया। नळ के पुत्र **ढोला को देखकर पिंगळ की रानी**

* इस रूप की सबसे प्राचीन प्रति, जो हमें मिली, संवत् १६६७ की है और रचना के केवल ५० वर्ष बाद की है। हाल में ही सं० १६५१ की एक दूसरी प्राचीन प्रति भी मिली है।

रीझ गई और उसने अपनी पुत्री मारवणी का विवाह उसके साथ कर दिया। उस समय मारवणी की अवस्था बहुत छोटी होने के कारण उसे ससुराल में न रखकर पिंगळ अपने साथ पूगळ लेता आया। उधर बड़ा होने पर ढोला का विवाह माळवे की राजकुमारी माळवणी के साथ हो गया। ढोला को मारवणी की और उसके साथ विवाह होने की बात ज्ञात नहीं हुई। **युवावस्था में प्रवेश करने पर मारवणी ने अपने पति ढोला को स्वप्न में देखा और उसी समय से विरह-व्याकुल रहने लगी।** विरह से अभिभूत होकर कभी पपीहे को फटकारती है तो कभी कुरजों से संदेशा ले जाने के लिये कहती है। राजा पिंगळ ने ढोला को बुलाने के लिये कई आदमी भेजे पर माळवणी के षड्यंत्र के कारण उसे सफलता न हुई। इतने में एक सौदागर आता है और मारवणी के ढोला के साथ विवाह होने की बात जानकर माळवणी का सब भेद बतलाता है। पिंगळ फिर अपने ब्राह्मण को ढोला के पास भेजना चाहता है पर अंत में **रानी की सलाह के अनुसार** ढाढी भेजे जाते हैं। ये ढाढी किसी प्रकार माळवणी के रक्षकों से बचकर **ढोला के महल के पास ठहरते हैं और रात में करुण शब्द में मारवणी के संदेश को गाते हैं जिसको सुनकर ढोला व्याकुल हो उठता है। प्रातःकाल उठकर वह ढाढियों को अपने पास बुलाकर पूछता है** और ढाढी उसे मारवणी का सब हाल सुनाते हैं जिसे सुनकर ढोला मारवणी से मिलने के लिये व्याकुल हो उठता है।

रूपांतर नं० २ के आरंभ में मंगलाचरण, उसके बाद वस्तु-सूचना और उसके बाद पूगळ के राजा पिंगळ का वर्णन करके कथा का आरंभ होता है। राजा पिंगळ एक बार शिकार खेलने गया।

वहाँ उसे भाऊ नामक एक भाट मिला जिसने जालोर के देवड़ा राजा सामंतसी की कन्या उमा के रूप की बहुत प्रशंसा की जिससे पिंगळ का मन उमा की ओर आकर्षित हुआ। महल में लौटने पर राजा ने अपने प्रधान और सेवक जेसळ को, उमा को माँगने के लिये, जालोर भेजा। उमा की सगाई गुजरात के राजकुमार रणधवळ के साथ हो चुकी थी पर उमा की माता अपनी कन्या को उतनी दूर नहीं देना चाहती थी। उसने राजा से सलाह की कि विवाह का दिन निश्चित करके हम ठीक मौके पर गुजरात को समाचार भेजेंगे जिससे वहाँ की बरात समय पर नहीं पहुँच सकेगी। लग्न के समय यदि राजा पिंगळ यहाँ आबू-यात्रा के बहाने आ जाय तो हम लग्न टलता देखकर उमा का विवाह उसके साथ कर देंगे। फिर गुजरात की बरात आवेगी तो हम कह देंगे कि आप समय पर नहीं आये, हल्दी चढ़ी हुई कन्या नहीं रह सकती थी अतः हमने उसका विवाह पूगळ के राजा के साथ, जो यात्रा करने के लिये आबू जा रहा था, कर दिया। सामंतसी ने अपनी सम्मति दे दी और रानी ने सब बातें जेसळ की मारफत पिंगळ को कहला भेजीं। इसी के अनुसार कार्यवाही हुई और पिंगळ के साथ उमा का विवाह हो गया। उधर दूत गुजरात-नरेश उदयचंद के पास पहुँचा और उसने जाकर कहा कि मैं मार्ग में बीमार पड़ गया अतः ठीक समय पर नहीं पहुँच सका। उदयचंद की धाक बड़ी भारी थी एवं वह बड़ा प्रबल राजा था। उसने सोचा कि मेरे लड़के की माँग (वाग्दत्ता) को विवाहने का साहस और किसी राजा को नहीं हो सकता। उसने रणधवळ को बरात के साथ रवाना कर दिया। रणधवळ जालोर पहुँचा तो उसे मालूम हुआ कि उमा का विवाह पिंगळ के साथ हो गया। उसने सब हाल पिता को कहला भेजा और एक भारी सेना ने जालोर को घेर लिया। सामंतसी ने पिंगळ को पहले ही पूगळ

भेज दिया था और उमा को बाद में भेजने के लिये कहा था। गुजरात की सेना चारों ओर उत्पात मचाने लगी। उधर पिंगळ के सेवक जेसळ ने बैलों की एक जोड़ी को ऐसा साधा कि वह एक दिन में जाळोर जाकर लौट आवे और एक रोज रात को उमा को लेकर पूगळ लौट आया। उमा को हाथ से गई देख गुजरात की सेना चली गई। पिंगळ से उमा के मारवणी नाम की कन्या हुई। **एक बार अकाल पड़ने पर पिंगळ सपरिवार पुष्कर जा पहुँचा।**

इसके बाद ढोला के जन्म की कथा इस प्रकार कही गई है। राजा नळ के कोई संतान न थी। उसने पुष्कर-यात्रा की मनौती की जिससे उसके एक पुत्र हुआ जिसका नाम ढोला रखा। **ढोला के तीन वर्ष का हो जाने पर राजा नळ सपरिवार पुष्कर-यात्रा को गया। वहाँ नळ ने मारवणी को देखा। वह पिंगळ से मिला और उसने ढोला के लिये मारवणी को माँगा।** फिर दोनों का विवाह हो गया।

मारवणी की अवस्था छोटी होने के कारण पिंगळ ने उसे नळ के साथ नहीं भेजा और पूगळ ले आया। पीछे से पूगळ को दूर जानकर और रास्ता खतरनाक समझकर नळ ने ढोला का दूसरा विवाह माळवे के राजा की कन्या माळवणी से कर दिया। मारवणी के साथ विवाह होने की बात ढोला से छिपी रही। पर माळवणी को यह बात मालूम हो गई और उसने ऐसा प्रबंध कर लिया कि पूगळ का कोई आदमी नगर में न आने पावे।

उधर मारवणी ने यौवन में पैर रखा। एक बार एक घोड़ों का सौदागर पूगळ आया और पिंगळ के यहाँ ठहरा। मारवणी को देखकर और उसका परिचय पाकर उसने ढोला और माळवणी का सब हाल कह सुनाया। माळवणी के षड्यंत्र का भी हाल कहा। **प्रियतम के समाचार सुनकर मारवणी विरह-**

संतप्त हो उठी। इसके बाद पपीहों को कोसना और कुरजों से संदेशा ले जाने की प्रार्थना है। राजा अपने पुरोहित भीमसेन को ढोला के पास भेजना चाहता है परंतु **मारवणी माता के द्वारा ढाढियों को भेजने के लिये कहती है।** मारवणी का सिखाया संदेशा लेकर ढाढी नळवर जाते हैं। पहरेदार उनको साधारण याचक जानकर छोड़ देते हैं। **वहाँ जाकर वे भाऊ भाट से, जो अब नळवर में था, मिलते हैं। भाऊ भाट एक दिन मौका पाकर माळवणी की अनुपस्थिति में ढोला से उनकी भेंट करवा देता है।** उनसे मारवणी का संदेशा सुनकर ढोला मारवणी के लिये आतुर हो उठता है। फिर ढाढियों को पुरस्कार के साथ बिदा करता है।

यहाँ तक के कथा-भाग में मुख्य अंतर निम्न-लिखित बातों में है—

(१) रूपांतर नंबर २ में आरंभ में एक लंबी प्रस्तावना है जिसमें पिंगळ और उमा के विवाह, मारवणी के जन्म और ढोला के जन्म की कथा है।

रूपांतर नंबर १ में यह नहीं है।

(२) रूपांतर नंबर १ में पिंगळ नळ के देश में आता है और वहाँ पिंगळ की रानी ढोला को देखकर रीझती है और मारवणी का विवाह ढोला के साथ हठपूर्वक करवा देती है।

रूपांतर नंबर २ में नळ और पिंगळ दोनों ही पुष्कर में एकत्र होते हैं। एक अपने पुत्र ढोला की जात देने के लिये आता है और दूसरा अकाल के कारण। इस रूपांतर में नळ पहले मारवणी को देखता है और ढोला के लिये उसे माँगता है। पिंगळ रानी से पूछकर संबंध करता है और रानी यद्यपि कन्या को इतनी दूर देने में संकोच करती है फिर भी स्वीकार कर लेती है।

(३) रूपांतर नंबर २ में ढोला और माळवणी के विवाह की कथा दी गई है।

रूपांतर नंबर १ में वह नहीं है, केवल आगे जाकर सौदागर के कथन द्वारा उसकी सूचना दी गई है।

(४) नंबर १ में मारवणी का विरह ढोला को स्वप्न में देखकर जागृत होता है और वह कुरजों से संदेशा ले जाने के लिये कहती है। फिर सौदागर आकर ढोला और माळवणी का हाल सुनाता है।

रूपांतर नंबर २ में सौदागर आकर ढोला का हाल कहता है। तब मारवणी का विरह जागृत होता है और वह कुरजों से सँदेशा भेजना चाहती है।

(५) रूपांतर नंबर १ में ढाढियों को भेजने की सलाह रानी देती है।

रूपांतर नंबर २ में मारवणी ढाढियों को भेजने के लिये पिता से कहलाती है।

(६) रूपांतर नंबर १ में ढाढी ढोले के महल के नीचे डेरा लेकर ठहरते हैं और रात में मारवणी का सँदेशा गाते हैं। प्रातःकाल ढोला उन्हें बुलाकर सब हाल पूछता है।

रूपांतर नंबर २ में ढाढी पहले भाऊ भाट से मिलते हैं। वह उपयुक्त समय पर उन्हें ढोला के पास ले जाता है और वे मारवणी का संदेश ढोला को सुनाते हैं।

(२)

रूपांतर नंबर १—ढोला मारवणी से मिलने के लिये आतुर हो उठता है। माळवणी का भी उसे भय है। इस चिंतित अवस्था में माळवणी उसे देखती है और चिंता का कारण पूछती है। पहले ढोला बहाने करके टालता है पर अंत में बतला देता है। कारण

सुनकर माळवणी विरह की संभावना से बेसुध हो जाती है। होश में आने पर वह ढोला को पूगळ जाने से रोकती है। उसके प्रेम से ढोला ग्रीष्म भर के लिये रुक जाता है। वर्षा आने पर वह फिर जाने की अनुमति माँगता है। वह रोकती है और ढोला दो मास के लिये और रुक जाता है। दशहरा आ पहुँचता है। माळवणी फिर भी अनुमति नहीं देती। पर अब ढोला नहीं रुक सकता। अंत में माळवणी ने ढोला से वचन ले लिया कि जब मैं सो जाऊँ तब जाना। अब ढोला एक तेज चलनेवाले ऊँट को तैयार करता है। माळवणी ऊँट के पास जाकर उसे न जाने के लिये और लँगड़ा हो जाने के लिये प्रार्थना करती है जिसे ऊँट अंत में स्वीकार कर लेता है। पर ढोला को मालूम हो जाता है कि ऊँट वास्तव में लँगड़ा नहीं किंतु जान-बूझकर लँगड़ाता है। अब माळवणी के पास ढोला को रोकने का केवल यही उपाय रह जाता है कि वह सोवे नहीं। पंद्रह दिन तक वह बराबर जगती रहती है पर अंत में रात को थोड़ी देर के लिये झपकी आ जाती है। मौका पाकर ढोला चल देता है। ऊँट की बलबलाहट को सुनकर माळवणी तुरंत जग पड़ती है और ढोला को गया देख खूब विलाप करती है। वह एक सुग्गे को ढोला के पीछे भेजती है कि वह उसके मरने का समाचार सुनाकर ढोला को लौटा लावे। सुग्गा प्रातःकाल ढोला के पास पहुँचता है और झूठा बहाना बनाकर कहता है कि माळवणी मर गई सो आप तुरंत लौटिए। पर ढोला उसके झूठ को ताड़ लेता है और नहीं लौटता। सुग्गा योंही लौट आता है।

नंबर २ में यह कथा इसी प्रकार है। केवल आरंभ में इतना विशेष है कि ढाढियों के पूगळ लौटकर पिंगळ को सब समाचार सुनाने का वर्णन दिया गया है। नंबर १ में माळवणी ढोला को लौटाने का उपाय भी बतलाती है कि ढोला को मेरे मरने की बात कहना।

नंबर २ में वह केवल इतना ही कहती है कि किसी प्रकार ढोला को लौटा ला।

(३)

रूपांतर नंबर १—ढोला आगे चलता है। तीसरे पहर वह आडावळा की घाटी को लाँघ जाता है। वहाँ ऊँट को पानी पिलाता है। फिर दिन थोड़ा रहा देखकर ऊँट को तेजी से चलाता है*। मार्ग में ऊमर-सूमरे का एक चारण मिलता है जो कहता है कि मारवणी तो बूढ़ी हो गई अब तू जाकर क्या करेगा? ढोला दुःखी होकर सोच में पड़ जाता है कि इतने में वीसू नाम का एक चारण आ जाता है जो उसे सच्ची बात कहकर उसका संदेह दूर करता है। फिर ढोला के पूछने पर वह मारू के रूप की प्रशंसा करता है। ढोला प्रसन्न होकर उसे पुरस्कार देता है और अपने आने के समाचार देकर पूगळ भेज देता है। थोड़ा आराम करके फिर स्वं चलता है। उधर उस दिन के पूर्व की रात को मारवणी स्वप्न में ढोला से मिलती है और प्रातःकाल उसका हाल सखियों को सुनाती है। ढोला के आने के पूर्व उसके बाएँ अंग फड़कने लगते हैं और इतने में वीसू आ जाता है। सब लोगों को बड़ा हर्ष होता है और इस समय ढोला पूगळ पहुँचता है। ढोला-मारवणी का मिलाप होता है। इसके बाद दोनों के मिलन और पारस्परिक विनोद का वर्णन है।

रूपांतर नंबर २ में भी यही कथा है पर कुछ फेरफार के साथ। सुग्गे के चले जाने पर ढोला आगे चलता है। चंदेरी के पास उसे एक बनिया मिलता है जो ढोला से अपना एक पत्र बीस योजन दूर एक गाँव तक पहुँचा देने को कहता है। ढोला कहता है कि तू पत्र

---

* कुछ प्रतियों (जैसे—क, झ, न) में इसके पूर्व एक गड़रिए के मिलने कथा भी है जो मूलपाठ में ली गई है।

लिखेगा तब तक मैं ठहर नहीं सकता, इसलिये तू पीछे ऊँट पर बैठ जा और पत्र लिख दे, फिर मैं पहुँचा दूँगा। बनिया बैठकर पत्र लिखने लगा। पत्र समाप्त हुआ तब तक तो ऊँट उसी गाँव में पहुँच गया जहाँ वह बनिया पत्र भेजना चाहता था।

अब ढोला पुष्कर पहुँचा। वहाँ ऊँट को पानी पिलाया। सूखे मारवाड़ देश को देखकर ऊँट उसकी शिकायत करता है। ढोला उसे समझाता है कि यह मेरी ससुराल है; यहाँ तो करील और आक ही खाने को मिल सकते हैं। नरवर की नागरबेल और दाख-बिजोरे यहाँ कहाँ? अब ढोला आडावळा की घाटी पार करता है। इसके बाद उसे एक चारण मिलता है जो राजा पिंगळ से नाराज था। वह कहता है कि मारवणी बूढ़ी हो गई, अब जाकर क्या करेगा? ढोला दुःखी होता है। इतने में एक दूसरा चारण आता है जिसे मारवणी ने सामने भेजा था। वह कहता है कि यह चारण तो ऊमर का है जो मारवणी को अपनी स्त्री बनाने के लिये प्रयत्न करता है।

ढोला आगे चलता है। यहाँ पिंगळ का एक बारहट उसे मिलता है जो ढोला के सामने मारवणी के रूप की प्रशंसा करता है। चारण के प्रत्येक दूहे पर एक-एक मोहर ढोला पुरस्कार-स्वरूप देकर आगे बढ़ता है। ऊँट थक जाता है। इस पर ढोला उसे तेज चलने को कहता है।

उधर मारवणी रात को स्वप्न में ढोले से मिलती है और माता से सब हाल कहती है। संध्या समय वह सहेलियों के साथ कुएँ पर जाती है। ढोला भी ऊँट को पानी पिलाने के लिये वहाँ पहुँचता है। वहाँ दोनों का मिलन होता है। मारवणी लौट जाती है और ढोला को लेने के लिये आदमी आते हैं। सत्कार के पश्चात् रात्रि में ढोला-मारू का मिलन होता है।

अंतर

(१) रूपांतर नंबर २ में बनिये की कथा है जो रूपांतर नंबर १ में नहीं है।

(२) रूपांतर नंबर १ में आडावळा की घाटी पार करके ढोला ऊँट को पानी पिलाता और तेज चलने को कहता है फिर ऊमर का चारण और वीसू चारण मिलते हैं। रूपांतर नंबर २ में ऊँट को पानी पिलाकर उसके बाद ढोला आडावळा की घाटी को पार करता है। फिर ऊमर का चारण, मारवणी का चारण और पूगळ का बारहट क्रमशः मिलते हैं। फिर ढोला ऊँट को तेज चलने के लिये कहता है।

(३) रूपांतर नं० १ में मारवणी स्वप्न का हाल सखियों से कहती है। नंबर २ में वह हाल माता से कहा गया है।

(४) रूपांतर नं० २ में कुएँ पर ढोला और मारवणी के मिलने का वृत्तांत है जो रूपांतर नं० १ में बिलकुल नहीं है।

(५) रूपांतर नंबर १ में दंपति-विनोद में पहेलियाँ दी गई हैं। नंबर २ में ये नहीं हैं।

(६) रूपांतर नंबर २ की (ज) प्रति में एक अष्टयाम भी है जो कुछ हेरफेर के साथ सौराष्ट्र की लोक-कथाओं में अब भी प्रसिद्ध है। लोक में प्रसिद्ध होने के कारण वह बाद में ढोला-मारू में भी जोड़ दिया गया होगा।

(४)

रूपांतर नं० १—ढोला पंद्रह दिन तक ससुराल में रहता है। फिर मारवणी को बिदा कराकर नरवर चलता है। दूसरे दिन रात्रि को एक खुले स्थान में सब ठहरते हैं। रात को एक **पीवणा** साँप मारवणी को पी जाता है। ढोला मारवणी के साथ जल मरने को तैयार होता है पर एक योगी की मंत्र-शक्ति से मारवणी जी उठती है। उधर ऊमरसूमरा मौका देख ही रहा था।

जब उसने देखा कि ढोला-मारवणी अकेले जा रहे हैं तो पीछा किया। मार्ग में उनको जा पकड़ा और बोला—ठाकुर, हम भी नरवर जा रहे हैं, साथ ही चलेंगे, जरा ठहरकर **अमल-पाणी** (जलपान) कर लो। ढोला को विश्वासघात की कोई आशंका नहीं थी। वह भी उतर पड़ा। ऊँट को पैर बाँधकर बिठा दिया गया और मारवणी उसके पास मुहरी (नकेल) पकड़कर बैठ गई। ढोला और ऊमर आदि मिलकर शराब पीने लगे। मारवणी के पीहर की एक डूमणी ऊमर के साथ थी। उसे सब षड्यंत्र मालूम था। उसने गाने के बहाने मारवणी को सब बात कह दी और ऊँट को छड़ी से मारने के लिये कहा। ऊँट छड़ी से मारे जाते ही भागा। ढोला पकड़ने को दौड़ा तो मारवणी भी साथ पहुँच गई और उसने ढोला को ऊमर के षड्यंत्र का हाल कह सुनाया। दोनों तुरंत ऊँट पर सवार हुए और भाग निकले। ऊँट का पैर खोल देने का ध्यान न रहा। उनको भागते देखकर ऊमर ने भी पीछे घोड़े दौड़ाए पर वह ऊँट को न पा सका। ढोला को मार्ग में एक चारण मिला जिसने ऊँट के पैर के बंधन की ओर ध्यान दिलाया। ढोला ने चारण के द्वारा छुरी से बंधन कटवाया और आगे चला। दूसरे दिन प्रातःकाल ऊमर को वही चारण मिला और उससे सब हाल जानने पर ऊमर निराश होकर अपने देश को लौट गया। ढोला सकुशल घर लौट आया।

कई प्रतियों की कथा यहीं समाप्त हो जाती है। पर कुछ में माळवणी की मारवाड़ की निंदा, तथा मारवणी की माळवा की निंदा और मारवाड़ की प्रशंसा, के दूहे भी मिलते हैं।

रूपांतर नं० २ में भी कथा इसी प्रकार है।

(१) उसमें ढोला के नरवर पहुँचने के पश्चात् पिंगळ के दहेज भेजने का भी वर्णन है।

(२) कुछ प्रतियों में योगी-योगिनी की जगह शिव-पार्वती का उल्लेख है।

(३) मारवाड़ की निंदा और प्रशंसा के दूहे इस रूपांतर में हैं।

धुर-संबंध या प्रस्तावना

रूपांतर नंबर २ में सौदागर के आने के ऊपर तक की जो कथा है वह रूपांतर नंबर १ में नहीं पाई जाती। पर रूपांतर नंबर १ की दो प्रतियों में उसके कुछ दूहे—केवल दूहे, चौपाइयाँ नहीं—पाए जाते हैं। इनमें से पहली (क) प्रति है और दूसरी (झ) प्रति।

(क) प्रति में मारवणी की उत्पत्ति और पूगळ में अकाल पड़ने तक की कथा के ३३ दूहे हैं। इसके बाद गाहा से असली कथा आरंभ होती है। ये दूहे उस प्रति में सर्वथा अस्थान-स्थित (out-of-place) हैं। फिर रूपांतर नंबर २ की भाँति उनके बीच-बीच में चौपाइयाँ न होने से उनका कथा-सूत्र बराबर नहीं मिलता।

(झ) प्रति में भी असली कथा की गाहा के पहले ये प्रस्तावना के दूहे हैं। परंतु इस प्रति के दूहे अधूरे नहीं, पूरे हैं जिससे कथा-सूत्र बराबर मिलता जाता है। रूपांतर नंबर २ में बीच-बीच में चौपाइयों से कथा-सूत्र मिलाया गया है पर इसमें चौपाइयों की आवश्यकता नहीं होती। इन दूहों के अंत में लिखा है—इति धुर-संबंध। और इसके बाद असली कथा गाहा से आरंभ की गई है। इसमें भी यह प्रस्तावना या धुर-संबंध अस्थान-स्थित जान पड़ता है। मूल-कथा के लिये उसकी कोई आवश्यकता नहीं प्रतीत होती।

इस धुर-संबंध में कथा के पिंगळ आदि पात्रों का पूर्व-परिचय दिया गया है। अवश्य ही यह प्रस्तावना-भाग आरंभिक मूल-कथा का अंग न था। यह बाद में जोड़ा गया है और जोड़नेवाले का

उद्देश्य नायक-नायिका के माता-पिता का परिचय देने के साथ-साथ उनकी उत्पत्ति का हाल दे देने का था। यह प्रस्तावना कुशललाभ के समय से अवश्य पुरानी है। कुशललाभ को इसके कुछ ही—बहुत थोड़े—दूहे मिले। (क) प्रति में भी वही दूहे हैं जो कुशललाभ में हैं। (झ) ही एक ऐसी प्रति है जिसमें यह पूरी प्रस्तावना दूहों में है। परंतु एक पृष्ठ नष्ट हो जाने से प्रस्तावना के बीच के कुछ दूहे अप्राप्य हो गए हैं।

(न) प्रति में भी पूरी प्रस्तावना दूहों में है पर यह प्रति बहुत भ्रष्ट है और विश्वसनीय नहीं है। इसकी विचित्रता यह है कि कथा इसकी रूपांतर नंबर २ के अनुसार है पर है यह रूपांतर नंबर १ की भाँति केवल दूहों में। रूपांतर नंबर १ की भाँति यह गाहा से आरंभ नहीं होती। आरंभ में केवल दूहों में प्रस्तावना है और उसके आगे की कथा रूपांतर नंबर २ की भाँति चलती है। इसकी प्रस्तावना आशय में (झ) की प्रस्तावना से मिलती है पर इसमें दूहों का रूप बहुत-कुछ विकृत हो गया है। नए दूहे भी बहुत-से हैं।

इस प्रस्तावना के पात्र जाळोर-पति देवड़ा चाचिगदेव और देवड़ा सामंतसी, गुजरात-नरेश उदयचंद या उदयादित्य, उसका पुत्र रणधवळ, पूगळ का राजा पिंगळ, उसकी स्त्री और सामंतसी की कन्या उमा आदि हैं। इनमें पिंगळ और उमा मूल-कथा में भी आते हैं। देवड़ा सामंतसी जाळोर का राजा था और उसके शिलालेख संवत् १३३९ से १३५४ तक के मिलते हैं। चाचिगदेव उसका पिता था। उसने संवत् १३१९ से लेकर १३३४ तक तो निश्चित रूप से जाळोर में राज्य किया। गुजरात के राजा चावड़ा उदयचंद और रणधवळ का उल्लेख अन्यत्र कहीं नहीं मिलता। गुजरात में चावड़ों का राज्य संवत् ८२१ से १०१७ तक रहा था। इस पिछले संवत् के आसपास सोलंकियों ने उनका उच्छेद कर डाला।

उधर कछवाहा ढोला का समय संवत् १००० के पूर्व आता है। पूगळ में पँवारों का राज्य १३०० के पहले ही नष्ट हो चुका था अतः पूगळ का परमार राजा पिंगळ सामंतसिंह का समकालीन नहीं हो सकता। इस प्रकार इस प्रस्तावना की इतिहास-संबंधी बातें इतिहास से मेल नहीं खातीं। इस प्रस्तावना का निर्माण सोलहवीं शताब्दी में कहीं हुआ है ऐसी संभावना जान पड़ती है।

(३) ऐतिहासिक विवेचन

काव्य की कथा का मूल आधार ऐतिहासिक है। राजस्थान के प्राचीन इतिहास की पूरी-पूरी खोज अभी तक नहीं हुई अतः यह कहना असंभव-सा है कि कथा में ऐतिहासिकता कितनी है। नळ और ढोला ऐतिहासिक व्यक्ति हैं और कछवाहा राजपूतों की ख्यातों में उनके उल्लेख मिलते हैं। ढोला का विवाह मारवणी के साथ हुआ था इसका उल्लेख भी ऐतिहासिक ग्रंथों एवं लोक-कथाओं में यत्र-तत्र मिलता है।

इस काव्य में ढोला को नरवर के राजा नळ का पुत्र बताया गया है। उसका दूसरा नाम साल्हकुमार कहा गया है। वह किस वंश का था इस विषय में कहीं कुछ नहीं कहा गया है। कुछ उत्तरकालीन प्रतियों के अंत में एक दूहा मिलता है—

धण भटोयाणी मारवी, प्रिय ढोलउ चहुआण।
जदकी जनमी मारवी तदकउ पढवु कुराण ।

इसका निम्नलिखित पाठांतर भी मिलता है—

मारू ढोलो जनमिया, त्याका ए सहनाण।
धन भटियाणी मारुई, प्रिय ढोलो चहुआण॥

इससे ढोला का चौहान और मारवणी का भाटी होना सिद्ध होता है पर समस्त प्राचीन प्रतियों के अनुसार मारवणी परमार वंश

की थी। इसी प्रकार ढोला का चौहान होना भी संभव नहीं क्योंकि नरवर में चौहानों का राज्य कभी नहीं हुआ और न चौहान वंश में नळ और ढोला नाम के राजाओं के होने का ही कहीं उल्लेख मिलता है। उक्त दोहे का एक दूसरा पाठांतर भी एकाध प्रति में मिलता है जो इस प्रकार है—

अेथे ज चोक पुराविया परणी पढे पुराण।
धण भटियाणी मारवणि, ढोलो कूरम राण॥

इसके अनुसार ढोला कूर्म या कछवाहा सिद्ध होता है जो ठीक है। पर इसमें मारवणी भटियाणी अर्थात् भाटी वंश की ही कही गई है जो ठीक नहीं। बात यह है कि यह दोहा बहुत पीछे का बना हुआ है। उस समय लोगों को ढोला और मारवणी के वंशों का ठीक-ठीक ज्ञान न था। उस समय पूगळ में भाटियों का राज्य हो गया था अतः सबने मारवणी को भी भाटी वंश की मान लिया।

कछवाहा वंश की ख्यातों में नळ और ढोला का स्पष्ट वृत्तांत मिलता है* और इस ढोला को मारवणी का पति कहा गया है अतः इसमें तो कोई संदेह नहीं रह जाता कि वह कछवाहा राजपूत था। मारवणी के विषय में हम आगे चलकर लिखेंगे।

ढोला कब हुआ इसका निश्चित पता इतिहास से नहीं चलता। कछवाहों का राज्य पहले नरवर में था जो राजा नळ का बसाया हुआ माना जाता है। पीछे सं० १०३४ से कुछ पूर्व उन्होंने ग्वालियर को अपने अधिकार में करके उसे अपनी राजधानी बनाया†। सं० ११९० तक उनका राज्य ग्वालियर में रहा। नरवर में भी

---

* टाड राजस्थान, ओझाजी द्वारा संपादित, ओझाजी का टिप्पण नं० ५६, पृष्ठ ३७१।

† वही, पृष्ठ ३७१।

उनकी एक शाखा राज्य करती रही जिसने सं० ११७७ तक वहाँ निश्चित रूप से राज्य किया*। हुमायूँ के शासन-काल में नरवर फिर कछवाहों को मिल गया था†।

कछवाहों के जो शिलालेख मिले हैं उनमें नळ और ढोला के नाम नहीं मिलते। कछवाहों की ख्यातों में लिखा है कि कछवाहा वंश के राजा नळ ने नरवर का किला बनवाया, जिसका पुत्र ढोला और ढोला का पुत्र लक्ष्मण हुआ तथा लक्ष्मण के पुत्र वज्रदामा ने ग्वालियर का किला बनवाया। परंतु यह पिछला कथन विश्वास के योग्य नहीं है क्योंकि ग्वालियर का किला वज्रदामा से पूर्व ही बना हुआ था और पड़िहारों के अधिकार में था। वज्रदामा ने इस किले को पड़िहारों से जीत लिया और उसे अपनी राजधानी बनाया‡।

मुँहणोत नैणसी की ख्यात राजस्थान के इतिहास का एक सुप्रसिद्ध ग्रंथ है। उसमें ढोला को नळवर के संस्थापक नळ का बेटा और मारवणी का पति बताया है। साथ ही यह भी लिखा है कि ग्वालियर को ढोला ने बसाया था। उसमें भी लक्ष्मण को ढोला का बेटा और वज्रदामा को ढोला का पौत्र बताया गया है§।

शिलालेखों में कछवाहों की जो वंशावलियाँ मिलती हैं वे लक्ष्मण से आरंभ होती हैं। वज्रदामा का समय संवत् १०३४ के लगभग है क्योंकि इस संवत् का उसका एक लेख मिला है। अतः नळ और ढोला को उसका परदादा और दादा मानकर उनका समय विक्रम की दसवीं शताब्दी का उत्तरार्ध निश्चित कर सकते हैं। इस समय

---

* टाड राजस्थान, ओझाजी द्वारा संपादित, पृष्ठ ३७५।

† वही, पृष्ठ ३७६।

‡ वही, पृष्ठ ३७१।

§ डा० टेसीटरी का डिस्क्रिप्टिव केटेलग ऑफ बार्डिक एंड हिस्टारिकल मैनुस्क्रिप्ट्स्, सेक्शन १, पार्ट १, पृष्ठ २३।

के लगभग पूगळ और माळवा में भी परमारों के राज्य स्थापित हो चुके थे।

कई लोग जयपुर राज्य के संस्थापक दूलहराय को ढोला मानते हैं। टाड ने अपने सुप्रसिद्ध राजस्थान के इतिहास में ऐसा ही लिखा है*। उसने तो दूलहराय का नाम ही ढोलाराय लिखा है। उसके अनुसार संवत् ३५१ के लगभग कछवाहा वंश में नळ नाम का राजा हुआ जिसने नैषध या नरवर का राज्य कायम किया। उसकी तेंतीसवीं पीढ़ी में सोढ़देव हुआ जिसका पुत्र ढोलाराय था। सोढ़देव की मृत्यु के समय ढोलाराय बालक था अतः उसका राज्य उसके चाचा ने छीन लिया। ढोला की माता बालक को लेकर पश्चिम की ओर चली गई और वहाँ उसने वर्त्तमान जयपुर से कुछ दूर खो-गाँव के मीणों के यहाँ आश्रय लिया। बड़े होने पर ढोला ने अपने आश्रयदाता को सहायकों सहित धोखे से मार डाला और स्वयं राजा बन गया। इस प्रकार संवत् १०२३ में उसने वर्त्तमान जयपुर राज्य की नींव डाली। कुछ समय बाद ढोला ने अजमेर की राजकुमारी मारवणी से विवाह किया। एक समय जब ढोला देवी के दर्शन करके लौट रहा था तब मीणों ने उस पर हमला किया और सहायकों समेत मार डाला। मारवणी गर्भवती थी। वह किसी प्रकार बच निकली। उसके काकिल नामक पुत्र हुआ जिसने अपना राज्य फिर से जीत लिया।

इस वृत्तांत में ऐतिहासिक तथ्य बहुत कम है। जयपुर राज्य का संस्थापक दूलहराय संवत् १०२३ के बहुत बाद हुआ है। वज्रदामा के पुत्र मंगळराज का छोटा बेटा सुमित्र था। उसकी चौथी पीढ़ी में ईशासिंह या ईश्वरसिंह हुआ जो पहले-पहल राजपूताने की

* टाड-कृत एनाल्स एंड एंटिक्विटीज़ ऑफ राजस्थान, विलियम क्रुक द्वारा संपादित, भाग ३, पृष्ठ १३२८-१३३१।

ओर आया था। उसका पुत्र सोढ़सिंह और सोढ़सिंह का पुत्र दूलहराय था। कछवाहों की राजधानी राजपूताने में पहले द्यौसा में हुई, फिर आंबेर में। महाराज सवाई जयसिंह (१७४५–१८००) के समय में जयपुर उनकी राजधानी हुई। वज्रदामा का समय संवत् १०३४ के आसपास और उसके बड़े पौत्र कीर्त्तिवर्मा का समय संवत् १०७८ के आसपास शिलालेखों और मुसलमानी तवारीखों से सिद्ध होता है। अतः कीर्त्तिवर्मा के अनुज सुमित्र का समय भी संवत् १०७८ के लगभग होना चाहिए। दूलहराय उसका छठा वंशधर था अतः उसका समय संवत् १२०० के लगभग माना जा सकता है (न कि १०२३ जैसा कि टाड ने लिखा है)। मारवणी को अजमेर की राजकुमारी बताना भी ठीक नहीं क्योंकि अन्यान्य ख्यातों तथा लोक-कथाओं से इसकी पुष्टि नहीं होती।

हमारी सम्मति में जयपुर के दूलहराय के साथ इस कथा के नायक का कोई संबंध नहीं है क्योंकि यह दूलहराय न तो नरवर का था और न उसके पिता का नाम नळ था। अंत में हम इसी निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि कथा का नायक ढोला, वज्रदामा के पिता लक्ष्मण का पिता था और उसका समय विक्रम की दसवीं शताब्दी का उत्तरार्ध भाग था।

नळ—यह कछवाहा वंश का राजा था और नरवर या नळवर, जो नळ-पुर का अपभ्रष्ट रूप है, इसी का बसाया माना जाता है। जैसा कि ऊपर कह आए हैं शिलालेखों में इसका नाम नहीं मिलता पर कछवाहों की ख्यातों में इसे लक्ष्मण के पिता ढोला का पिता और नरवर का संस्थापक कहा गया है। इसका समय संवत् ९५० और १००० के बीच में हो सकता है।

टॉड ने लिखा है कि इसके पहले कछवाहों का राज्य पूर्व में था और रोहतासगढ़ उनकी राजधानी था। नळ रोहतासगढ़ को

छोड़कर पश्चिम में चला आया और नरवर को बसाकर वहाँ उसने नया राज्य कायम किया। नरवर की संस्थापना का समय टॉड ने संवत् ३५१ दिया है जो सर्वथा अशुद्ध है। इस संवत् के लगभग तो नरवर के आसपास के भू-खंड में गुप्तों का राज्य था।

कई लोग इस नळ का संबंध सुप्रसिद्ध पौराणिक राजा और दमयंती के पति नळ से मिलाते हैं और नरवर को उसी का बसाया हुआ मानते हैं। किसी-किसी लोक-कथा में तो ढोला को भी इसी नळ और दमयंती का पुत्र माना गया है। नरवर या नळपुर इस राजा का बसाया हुआ हो सकता है पर हमारी कथा के नळ का और इस नळ का कोई संबंध नहीं।

मारवणी—इस काव्य में यह पूगळ के राजा पिंगळ की कन्या कही गई है पर उसके वंश का उल्लेख नहीं हुआ है। कुशळलाभ ने इसे परमार वंश की बताया है। (ग) प्रति में एक दूहा आया है जो इस प्रकार है—

मा ऊमादे देवड़ी, नानो सामँतसीह।
पिंगळराय पमाररी, कुमरी मारवणीह॥

धुरसंबंध का अधिकांश भाग कुशळलाभ से पुराना है। उसमें भी पिंगळ को परमार ही बताया है। लोक-कथाओं से भी वह परमार वंश का ही सिद्ध होता है। ढोला का समय हमने ऊपर संवत् १००० के लगभग सिद्ध किया है। उस समय पूगळ में परमारों का ही राज्य था। परंतु ऊपर ढोला के विषय में लिखते हुए हमने जो दो दोहे उद्धृत किए हैं उनमें मारवणी को भटियाणी या भाटी-वंश की बताया गया है। भाटियों का राज्य पूगळ में बहुत बाद में हुआ है। अतः मारवणी को किसी भी हालत में भाटी नहीं माना जा सकता।

पंजाब में भी मारवणी का एक गीत प्रचलित है जिसमें उसे सिंहलद्वीप में स्थित पिंगळगढ़ के राजा की कन्या बताया गया है। सिंहलद्वीप लोक-कथाओं का एक अत्यंत प्रिय स्थान है। प्रत्येक प्रेम-कथा का संबंध सिंहलद्वीप के साथ जोड़ दिया जाता है। (मिलाइए—जायसी का पद्मावत जहाँ पद्मावती सिंहलद्वीप की राजकुमारी मानी गई है)।

पिंगळ—यह मारवणी का पिता और पूगळ का राजा था। कथा में इसके वंश का निर्देश नहीं है पर मारवणी के प्रसंग में उल्लिखित कारणों से यह परमार ही सिद्ध होता है। पहले समस्त पश्चिमी राजस्थान में परमारों का एक विस्तृत साम्राज्य था जिसका मुख्य स्थान आबू के पास चंद्रावती नामक प्राचीन नगर था। आगे चलकर इस राज्य की अनेक शाखाएँ हो गईं जिनमें पूगळ भी एक था। पूगळ के इतिहास की खोज अभी बिलकुल नहीं हुई है। अतः निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि वहाँ पिंगळ नाम का कोई राजा हुआ या नहीं, और यदि हुआ तो कब हुआ। नैणसी ने परमार वंशों की जो वंशावलियाँ दी हैं उनमें पूगळ की वंशावली नहीं है और न पिंगळ का नाम कहीं आया है।

ऊमा देवड़ी—काव्य के ७९ और ८० नंबर के दूहों में मारवणी की माता का नाम ऊमा देवड़ी बताया गया है पर ये दोनों दूहे हमें बहुत पुराने नहीं जान पड़ते। रूपांतर नंबर १ (जो पुराना है) की किसी प्रति में ये दूहे उपलब्ध नहीं होते। रूपांतर नं० २ उतना पुराना नहीं है। इस रूपांतर के साथ एक धुर-संबंध पाया जाता है जो आरंभ में मूल-कथा का भाग नहीं था। इस धुर-संबंध में ऊमादे और पिंगळ के विवाह की कथा वर्णित की गई है। उसमें ऊमादे को आबू के देवड़ा शाखा के चौहान-वंशीय राजा सामंतसिंह की

कन्या बताया गया है। (ग) प्रति के एक दूहे में भी, जो ऊपर उद्धृत किया गया है, यही बात कही गई है। सामंतसिंह का समय विक्रम की चौदहवीं शताब्दी का मध्यभाग है। ऊपर के ७९ और ८० नंबर के दूहों में ऊमा नाम इसी धुर-संबंध से लिया गया जान पड़ता है।

धुर-संबंध की कथा अवश्य ही बाद में जोड़ी हुई है अतः हमारी सम्मति में मारवणी की माता का नाम ऊमादे नहीं हो सकता। यदि हो तो भी वह देवड़ा सामंतसी की कन्या नहीं हो सकती। सामंतसिंह के समय में पूगळ में परमारों का राज्य होना भी संभव नहीं जान पड़ता (और धुर-संबंध में पिंगळ को परमार बताया है जिससे उसकी अनैतिहासिकता स्वयं सिद्ध होती है)।

माळवणी—इस नाम का अर्थ माळवा की राजकुमारी है। माळवणी माळवा के राजा की कन्या बताई गई है (देखिए दूहा नं० ९४)। पर उसका नाम नहीं दिया गया है। कुशळलाभ ने उस राजा का नाम भीम लिखा है। उसके वंश का उल्लेख उसने भी नहीं किया है। माळवा में उस समय परमारों का राज्य था पर भीम नाम का कोई राजा वहाँ नहीं हुआ। वाक्पतिराज, वैरिसिंह द्वितीय और श्रीहर्ष ने उस समय के आसपास राज्य किया था। यह भी संभव है कि माळवणी राजा की ही कन्या न होकर राजा के किसी संबंधी या किसी सामंत की कन्या हो।

ऊमर-सूमरा—सूमरों को अरबी तवारीखों में अरबी जाति के मुसलमान लिखा है पर हिंदू कहते हैं कि वे पहले भाटी थे और जब सिंध में मुसलमानों का राज्य हुआ तो अन्य जातियों के साथ वे भी मुसलमान बन गए। संवत् १११० के लगभग उन्होंने ठट्ठे से मुसलमान हाकिम को निकालकर वहाँ अपना राज्य कायम किया। ऊमर नाम के दो राजा इस वंश में हुए। एक का समय सं० १२०० के लगभग और दूसरे का सं० १३०० के लगभग आता है।

दोनों का ही समय ढोला के समय से मेल नहीं खाता। इस-लिये या तो ऊमरवाला प्रसंग बाद में जोड़ा गया है या यह ऊमर कोई साधारण सरदार था, राजा नहीं।

परमारों में भी ऊमर-सूमरा नाम की दो शाखाएँ पाई जाती हैं। कुछ विद्वानों का कथन है कि परमारों की ऊमट शाखा से ये शाखाएँ निकली हैं। ऊमर का परमार होना ठीक नहीं जान पड़ता, क्योंकि राजपूतों के रिवाज के अनुसार परमार का विवाह परमार के साथ नहीं हो सकता। अतः ऊमर की मारवणी को अपनी स्त्री बनाने की चेष्टा उस हालत में संभव नहीं हो सकती।

ओझाजी अपने पत्र में लिखते हैं कि सूमरा सिंध में थे परंतु किस वंश के थे यह ठीक-ठीक निश्चित नहीं हो सका।

धुर-संबंध या उपोद्घात के ऐतिहासिक व्यक्ति

सामंतसी देवड़ा—देवड़ा चौहानों की एक शाखा है। ये देवड़ा क्यों और कब कहलाए इस विषय में कुछ निश्चित पता नहीं चलता। ख्यातों में लिखा है कि जाळोर के एक सोनगरे राजा के यहाँ देवी स्त्री होकर रही थी जिससे उसकी संतान देवड़ा कहलाई। कोई यह कहते हैं कि इस वंश के किसी राजा का नाम, या दूसरा नाम, देवराज था जिससे यह नाम पड़ा।

सामंतसी जाळोर का राजा था। जाळोर पहले परमारों के हाथ में था। संवत १२१८ के कुछ पूर्व नाडोळ के चौहान राजा आल्हण के तीसरे बेटे कीतू ने उसे परमारों से छीन लिया। जाळोर का दूसरा नाम सुवर्णगिरि था जिससे वहाँ के शासक चौहान सोन-गरा चौहान कहलाने लगे। कीतू के वंश में चाचिगदेव हुआ जिसका समय सं० १३१९ से १३३४ के लगभग है। चाचिगदेव का पुत्र सामंतसी हुआ जिसके शिलालेख १३२९ से १३५४ तक के मिले हैं। उसके पुत्र कान्हड़देव से अलाउद्दीन खिलजी ने जाळोर छीन लिया।

आबू पर भी पहले परमारों का अधिकार था। संवत् १३६० के लगभग कीतू के पुत्र समरसिंह के दूसरे पुत्र के वंशज बीजड़ के बेटे राव लुंबा ने उसे परमारों से छीन लिया। सामंतसी का आबू पर अधिकार होने की जो बात धुर-संबंध में कही गई है वह ठीक नहीं जान पड़ती।

उदैचंद (या उदयादित्य) और रणधवळ—धुर-संबंध में इन्हें चावड़ा-वंशीय बताया गया है और उदैचंद को गुजरात का अधीश्वर कहा गया है। चावड़ों का राज्य गुजरात में ८१० से १०१७ तक रहा। उनमें उदयादित्य या उदैचंद और रिणधवळ नाम के कोई राजा नहीं हुए। अन्यत्र भी उनका कहीं उल्लेख नहीं मिलता। लोक-कथाओं में माळवा के परमारों में उदैचंद या उदयादीत का और उसके कुमार रिणधवळ का नाम आता है। उदयादीत का समय इतिहास के अनुसार सं० ११४० के आसपास है। यह समय न तो सामंतसी के समय से मेल खाता है और न ढोला के समय से।

इस धुर-संबंध की सभी बातें इतिहास के विरुद्ध पड़ती हैं, जिससे स्पष्ट सिद्ध हो जाता है कि यह आरंभ में मूलकथा का भाग न था पर बहुत बाद में जोड़ा गया था जब कि लोग मूलकथा की इतिहास-संबंधी बातें सर्वथा भूल गए थे।

(४) कवि या लेखक

किसी ग्रंथ को हाथ में लेते समय सबसे पहले यह प्रश्न पाठक के मन में उपस्थित होता है कि इसका निर्माता कौन है। लेखक की जीवनी तथा उसकी परिस्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त करना और उसके व्यक्तित्व को उसकी कृति में प्रतिफलित देखकर आनंदलाभ करने की हममें स्वाभाविक रुचि होती है। काव्य

जीवन की आलोचना है और इस काव्यमयी आलोचना के व्यापक क्षेत्र में कवि न केवल बाह्य जीवन को ही सीमाबद्ध करता है वरन् कवि का आंतरिक जीवन भी इसी आलोचना के अंतर्गत आ जाता है। परंतु लोक-गीत और इतर साहित्यिक रचनाओं में बड़ा अंतर होता है। इतर रचनाओं के लिये साहित्य-निर्माता के लिये साहित्यकला-कुशल होना आवश्यक होता है परंतु लोक-गीत एक ऐसा प्राचीन काव्य है कि जिसका निर्माता यदि कोई हो सकता है तो देश-विशेष की प्राचीनकालीन परिस्थिति और साधारण जनता की सामूहिक रागात्मक अभिरुचि ही हो सकती है। यद्यपि रीति और साहित्य-शास्त्र के बहाव में सदियों तक बह चुकने के बाद आज हमारी कल्पना काव्योत्पत्ति के इस प्रकार को संभाव्य और युक्तिसंगत समझने में असमर्थ है, परंतु यदि हम प्राचीन समय के मौखिक परंपरागत साहित्य के प्रवाह और परिस्थिति को ध्यान-पूर्वक देखें तो यह बात सहज ही समझ में आ सकेगी। इन सिद्धांतों के अनुसार ढोला-मारू की प्रेमगाथा को किसी व्यक्ति-विशेष कवि की कृति न मानकर भी हमको यह कल्पना करने में कठिनाई नहीं होती कि यह काव्य मौखिक परंपरा के प्राचीन काव्ययुग की एक विशेष कृति है और संभव है कि तत्कालीन जनता की साधारण अभिरुचि को ध्यान में रखकर उससे प्रेरित होकर किसी प्रतिभासंपन्न कवि ने जनता के प्रीत्यर्थ उसी के मनोभावों को वर्त्तमान काव्यरूप में बद्ध कर उसके समक्ष उपस्थित कर दिया हो और जनता ने बड़ी प्रसन्नता से इसे अपनी ही सामूहिक कृति मान-कर कंठस्थ किया हो। ऐसी दशा में व्यक्ति-विशेष कवि होने पर भी उसके व्यक्तित्व का सामूहिक अभिरुचि के प्रबल प्रवाह में लुप्तप्राय हो जाना संभव है। अतएव हमारा अनुमान है कि व्यक्ति-विशेष का इसके बनाने में कुशल हाथ स्पष्टतः दृष्टिगोचर होते हुए भी

सामूहिक मनोभावों की एकता और सहानुभूति एकत्रित होने के कारण कवि का व्यक्तित्व समूह में लुप्त हो गया है और अंत में मौखिक परंपरा से चला आता हुआ यह काव्य हमको किसी व्यक्ति-विशेष कवि की कृति के रूप में नहीं मिला बल्कि जनता के काव्य के रूप में उपलब्ध हुआ है।

रूपांतर नंबर २ में जो धुर-संबंध या प्रस्तावना मिलती है उसके चतुर्थ छंद में लिखा है—

गाहा गूढा गीत गुण कवित कथा कल्लोळ*।
चतुर-तणा चित-रंजवण कहियइ कवि कल्लोळ† ॥

इस दूहे के आधार पर कल्पना की जा सकती है, जैसा एकाध महानुभाव ने किया भी है, कि इस काव्य का निर्माता कोई **कल्लोल** नाम का कवि होगा। ऐसा होना असंभव नहीं है पर फिर भी हम वर्त्तमान स्थिति में कल्लोल को इसका निर्माता नहीं मान सकते। पहले तो, धुर-संबंधवाला भाग आरंभ में मूलकथा का भाग नहीं था और बाद में जोड़ा हुआ है। दूहोंवाले रूपांतरों की प्रतियों में वह प्रायः मिलता भी नहीं। अतः उसकी प्रामाणिकता स्वीकार नहीं की जा सकती। दूसरे, अब तक की की हुई खोज से कल्लोल नाम के किसी कवि का पता नहीं चलता। यह नाम किसी व्यक्ति का होना अधिक संभव भी नहीं जान पड़ता। अतः जब तक इस विषय में और अधिक बातें न मालूम हो जायँ तब तक ढोला-मारूरा दूहा इस लोक-गीत के रचयिता के नाम को हम अंधकार में रहने देना ही उचित समझते हैं। उक्त दूहे में कल्लोल का सीधा-सादा अर्थ आमोद-प्रमोद-पूर्ण, अर्थात् उमंग के साथ कही हुई, मनोरंजक रचना लेना ही ठीक जान पड़ता है।

---

* पाठांतर—उकति-कथा, कउतिग-कथा; कलोळ, किल्लोळ उल्लोळ।

† किल्लोळ।

(५) काव्य की संक्षिप्त कथा

किसी समय पूगळ में पिंगळ और नरवर में नळ नामक राजा राज्य करते थे। पिंगळ के मारवणी नाम की एक कन्या थी और नळ के ढोला या साल्हकुमार नाम का एक पुत्र था। एक बार पूगळ देश में अकाल पड़ा तो पिंगळ सपरिवार नळ के देश में चला गया, जहाँ नळ ने उसे बड़े आदर के साथ ठहराया। ढोला को देखकर पिंगळ की रानी रीझ गई और उसने राजा पर जोर डालकर अपनी कन्या मारवणी का विवाह ढोला के साथ करवा दिया। उस समय ढोला की अवस्था तीन वर्ष की और मारवणी की डेढ़ वर्ष की थी। छोटी अवस्था होने के कारण पिंगळ ने मारवणी को ससुराल में नहीं रखा और पूगळ लौटते समय अपने ही साथ पूगळ ले आया। कई वर्ष बीत गए। उधर राजा नळ ने पूगळ को दूर जानकर और रास्ता भय-पूर्ण समझकर ढोला का दूसरा विवाह मालवा की राजकुमारी मालवणी के साथ कर दिया और उसके पूर्व-विवाह की बात उससे छिपा रखी। ढोला और मालवणी प्रेमपूर्वक बड़े आनंद से रहने लगे।

इधर मारवणी बड़ी हुई तो उसके पिता पिंगळ ने ढोला को बुलाने के लिये कई दूत भेजे, परंतु मालवणी ने सौतियाडाह-वश पूगळ से आनेवाले रास्ते पर ऐसा प्रबंध कर रखा था कि जिससे दूत ढोला के पास संदेश लेकर पहुँचने से पहले ही मार डाले जाते थे। मारवणी अब युवती हो गई। एक दिन सोती हुई उसने स्वप्न में ढोला को देखा। उसकी विरह-पीड़ा जागरित हो उठी। उसी समय नरवर की ओर से घोड़ों का एक सौदागर पूगळ में आया। उसने ढोला के दूसरे विवाह की बात पिंगळ से कही। राजा पिंगळ ने ढोला को बुलवाने के लिये अपने पुरोहित को भेजना चाहा

पर रानी के कहने से ढाढ़ियों को इस कार्य के लिये चुना। मारवणी ने भी अपना संदेश ढाढ़ियों को कह दिया।

ढाढ़ियों ने अपने गान द्वारा माळवणी के आदमियों (पहरेदारों) को प्रसन्न कर लिया और उन्होंने उन्हें निष्पाप याचक समझकर जाने दिया। ढोला के महल के नीचे डेरा डालकर ढाढ़ियों ने रात भर माँड राग के करुण स्वर में मारवणी का प्रेम-संदेश गाया जिसको ढोला ने सुना। गान को सुनकर ढोला व्याकुल हो उठा और प्रातःकाल होते ही उसने उन्हें बुला भेजा और सब हाल मालूम करके यथायोग्य उत्तर और इनाम देकर बिदा किया। ढोला के चित्त में उत्कंठा और व्यग्रता बढ़ गई। माळवणी ने चतुरतापूर्वक पति के दिल की बात जान ली। ढोला ने मारवणी को लिवा लाने की इच्छा प्रकट की, परंतु माळवणी ने अनुनय-विनय करके ग्रीष्म और वर्षा भर ढोला को रोक रखा। अंत में शरद् ऋतु की एक आधी रात्रि को माळवणी को सोती हुई छोड़कर ढोला चुपके से एक तेज चालवाले ऊँट पर सवार होकर पूगळ की ओर चल पड़ा। प्रस्थान करते हुए ऊँट की बलबलाहट को सुनकर माळवणी जागी और ढोला को न पाकर दुखी हुई। पीछे से उसने अपने तोते को समझाकर पति को लौटाने के लिये भेजा। तोते ने चंदेरी और बूँदी के बीच में एक तालाब पर ढोला को दँतुवन करते हुए पाया और कहा कि उसके विरह में माळवणी मर गई है। ढोला समझ गया और उसने उत्तर में तोते से कहा कि तू जाकर यथाविधि उसकी अंत्येष्टि कर दे। तोता लौटा। माळवणी निराश हो गई। ढोला आगे चला। तीसरे पहर उसने आडावळा पहाड़ को पार कर लिया। मार्ग में ढोला को ऊमर-सूमरा का एक चारण मिला, जो ऊमर की ओर से मारवणी के साथ उसके विवाह का प्रस्ताव लेकर पिंगळ के पास गया था, परंतु हताश होकर लौटा आ रहा था।

उसने ईर्ष्यावश ढोला से कहा कि मारवणी तो अब बुढ़िया हो गई है, तू जाकर क्या करेगा ? यह सुनकर ढोला को चिंता और विरक्ति होने लगी। परंतु थोड़ी ही दूर आगे जाने पर वीसू नाम का दूसरा चारण मिला जिसने मारवणी का सच्चा-सच्चा हाल बताकर ढोला की चिंता मिटाई।

अब ढोला पूगळ पहुँच गया। ससुराल में बड़ा स्वागत हुआ। बधाइयाँ हुईं। पिंगळ ने खूब आनंदोत्सव मनाए। मारवणी के हर्ष का पार न रहा। जिस प्रकार सूखी हुई वल्लरी समय पर वर्षा-जल पा जाने से पुनः लहलहा उठती है, उसी तरह मारवणी भी पुनर्जीवित हो उठी। पंद्रह दिन आनंद भोगकर—बहुत-सा दहेज, धन, दास-दासी लेकर—मारवणी सहित ढोला नरवर को बिदा हुआ। मार्ग में एक विश्राम-स्थल पर सोती हुई मारवणी को पोवणे साँप (राजस्थान के एक जहरीले साँप) ने पी लिया। सबेरे जागने पर ढोला ने मारवणी को मरी पाया। वह विलाप करने लगा और चिता बनाकर साथ जलने को उद्यत हुआ। जिस समय चिता-प्रवेश की तैयारी हो रही थी, उस समय एक योगी और योगिन इस मार्ग पर आ निकले। योगिनी के अनुरोध से योगी ने मारवणी को अभिमंत्रित जल द्वारा जीवित कर दिया। ढोला प्रसन्न हुआ और आगे चला।

इस समय तक ढोला की यात्रा की खबर दुष्ट ऊमर-सूमरा को हो गई थी। मारवणी को छीन लेने की इच्छा से वह फौज सहित बीच में आ डटा। ढोला से मिलने पर उसने कपटपूर्वक उसका खूब सत्कार किया। ढोला उसकी धोखे की बातों में आकर उसके साथ ठहर गया। ऊमर की सेना के साथ मारवणी के पीहर की एक डूमणी (गायिका) थी। उसने गाते हुए, इशारे से, मारवणी को इस धोखे और षड्यंत्र की बात समझा दी। समझकर मारवणी

ने अपने ऊँट को जोर से छड़ी से मारा। ऊँट भाग खड़ा हुआ। ढोला जब ऊँट को सम्हालने के लिये आया तब मारवणी ने उसको चुपके से षड्यंत्र की बात कह सुनाई। झटपट दोनों ऊँट पर सवार हो गए। ऊँट पूरे वेग से दौड़ पड़ा और देखते-देखते कोसों दूर निकल गया। ऊमर ने सेना सहित पीछा किया परंतु उसे हताश होकर वापिस लौटना पड़ा।

ढोला मारवणी सहित सकुशल नरवर पहुँच गया। उसके पिता ने धूम-धाम से दोनों का स्वागत करके महलों में प्रवेश कराया। अब ढोला, मारवणी और माळवणी तीनों आनंदपूर्वक सुख से रहने लगे। एक दिन माळवणी ने मारवाड़ देश की निंदा की। उत्तर में मारवणी ने मालवा की बुराई और मारवाड़ की प्रशंसा की। ढोला ने दोनों को समझाकर झगड़ा मिटा दिया।

(६) लोक-गीत (Ballad)

ऊपर कहा जा चुका है कि ढोला-मारूरा दूहा एक जनप्रिय लोक-गीत है। उसके विषय में कुछ कहने के पूर्व इस बात पर विचार कर लेना उचित होगा कि लोक-गीत या गीतकाव्य (Ballad) किसे कहते हैं और उसकी क्या-क्या विशेषताएँ हैं। हिंदी के लिये यह एक रोचक और नया विषय है। इसकी विवेचना करने के लिये हमें पाश्चात्य विद्वानों की खोज से लाभ उठाना पड़ेगा और उनके सिद्धांतों का अनुशीलन करने से हमें इस विषय में कई नई बातें मालूम होंगी।

डाक्टर रवींद्रनाथ ठाकुर के कुछ आधुनिक गीतों की समीक्षा करते हुए एक स्थान पर भारतीय इतिहास के विद्वान् सर जदुनाथ सरकार ने लोक-गीत (Ballad) की व्याख्या यों की है—

"Rapidity of movement, simplicity of diction,

primary emotions of universal appeal, action rather than subtle analysis, broad striking characterisation, 'thumb-nail sketches' of background and the sparest use (or rather complete avoidance) of literary artifices—these are the essential requisites of the true ballad."

(अर्थात्—प्रबंध की द्रुत गति, शब्द-विन्यास की सादगी, विश्व-व्यापक मर्मस्पर्शी प्राकृतिक और आदिम मनोराग, सूक्ष्म भाव-विश्लेषण के बजाय व्यापार की प्रधानता, स्थूल किंतु प्रभावोत्पादक चरित्र-चित्रण, क्रीड़ास्थली अथवा देश-काल का स्थूल अंकन, साहित्यिक कृत्रिमताओं का न्यूनातिन्यून प्रयोग या सर्वथा बहिष्कार—सच्चे लोक-गीत की ये नितांत आवश्यक विशेषताएँ हैं।)

ये तो साधारण बातें हैं जो प्रत्येक लोक-गीत (Ballad) में पाई जाती हैं। यदि सूक्ष्म रीति से विश्लेषण करके देखा जाय तो कई विशेषताएँ लोक-गीत में दृष्टिगोचर होती हैं, जो इतर साहित्य-विभागों में नहीं पाई जातीं। उनमें से कुछ का संकलन नीचे किया जाता है—

(१) सबसे पहली जानने योग्य बात यह है कि लोक-गीत को कलात्मक साहित्य (Literature) का अंग न कहकर अनुश्रुति (Lore) की परंपरा में समझना चाहिए। हम पहले कह आए हैं कि कलात्मक कविता (साहित्य) और लोक-गीत की प्राकृतिक कविता में रात-दिन का अंतर है। अँगरेजी गीत-काव्यों के अनुसंधान करनेवाले एक विद्वान, प्राफेसर किटरिज, लिखते हैं—

"In studying ballads, then, we are studying the poetry of the folk and the poetry of the folk is different from the poetry of art."

(अर्थात्—इस प्रकार, लोक-गीतों के अध्ययन करने का अर्थ जनता के काव्य का अध्ययन करना है और **जनता का काव्य** कलापूर्ण काव्य से भिन्न है।)

इसी विषय के दूसरे विद्वान् मिस्टर सिजविक लिखते हैं—

"It is older than literature, older than alphabet. It is lore and belongs to the illiterate."

(अर्थात्—लोक-गीत की सृष्टि साहित्य की सृष्टि से, यहाँ तक कि वर्णमाला की सृष्टि से भी पहले की है; वह अनुश्रुति का अंग है और निरक्षर जनता की संपत्ति है।)

इन उद्धरणों का आशय यह है कि साहित्य की उत्पत्ति से बहुत पहले, जब मनुष्यों ने पढ़ना-लिखना नहीं सीखा था तभी से, मौखिक आवृत्ति के रूप में लोक-गीत हमारी पैतृक संपत्ति के रूप में अब तक चले आ रहे हैं। अतएव धारणा यह होती है कि लिखित साहित्य से पूर्वकालीन होने के कारण हम लोक-गीतों को साहित्य-संज्ञा में नहीं गिन सकते। परंतु पाश्चात्यों का यह विचार सर्वथा युक्ति-संगत नहीं जँचता। उनकी साहित्य की परिभाषा जितनी संकुचित है उतना ही उनका यह विचार भी संकुचित है। भारतीयों ने साहित्य और काव्य की सीमा को मानव-जीवन की सीमा से मिलाकर उतना ही व्यापक और विस्तृत रखा है। कोई भी रस-परिपुष्ट मानव-विचार, चाहे वह जीवन के किसी अंग से संबंध क्यों न रखता हो, साहित्य और काव्य का विषय बन सकता है, फिर चाहे वह लिखित रूप में हो अथवा मौखिक रूप में।

(२) गीत-काव्यों के संबंध में दूसरी स्मरण रखने योग्य बात है उनकी मौखिक परंपरा (Oral Tradition)। प्रत्येक गीत-काव्य अपना वर्त्तमान लिखित स्थूल रूप धारण करने से पहले मौखिक परंपरा के तरल रूप में अवश्य रहा है और समयांतर में

भूतकाल से वर्त्तमान में आने का उसका मार्ग मौखिक आवर्त्तन अवश्य रहा है। आज भी हम देहातों में जाकर देखें तो हजारों गीत, आख्यायिकाएँ एवं दंतकथाएँ गाँव के अपठित लोगों के मुख से, अथवा चारण-भाट-बंदीजनों के मुख से, सुनने को मिलेंगी। इनमें से कुछ, अधिक हृदयस्पर्शी होने के कारण, विशेष प्रचलित हो जाते हैं और अंत में किसी अक्षरज्ञाता उत्साही पुरुष के हाथ में पड़कर पुस्तक के लिखित रूप को धारण कर लेते हैं। देश, काल और वक्ता के भेद के अनुसार इन मौखिक परंपरागत गीतों के अनेक रूप उपलब्ध होते हैं, जिनमें से कई लेख-बद्ध हो जाते हैं। इस विषय में प्रो० किटरिज लिखते हैं—

To this oral literature education is no friend, culture destroys it with amazing rapidity. When a nation learns to read, it begins to disregard its traditional tales, it feels a little ashamed of them and finally it loses both the will and the power to remember and transmit them. What was once the folk as a whole becomes the heritage of the illiterate only and soon, unless it is gathered up by the antiquary, vanishes altogether.

(अर्थात्—शिक्षा इस मौखिक साहित्य की मित्र नहीं होती। सभ्यता की वृद्धि उसे आश्चर्य-जनक शीघ्रता के साथ नष्ट कर देती है। जब कोई जाति लिखना-पढ़ना सीख जाता है तो वह अपनी परंपरागत कथाओं की अवहेलना करने लग जाती है—उनसे वह थोड़ी-बहुत लज्जा भी अनुभव करने लगती है—और अंत में वह उनको याद रखने तथा पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित करने की इच्छा एवं शक्ति से हाथ धो बैठती है। जो चीज कभी समस्त जनता की थी वह केवल निरक्षरों

की संपत्ति रह जाती है और यदि पुरातत्त्व-प्रेमियों द्वारा संगृहीत न कर ली जाय, तो सदा के लिये विलुप्त हो जाती है।)

संक्षेप में, लोक-गीतों के वर्त्तमानकालीन ह्रास का यही मुख्य कारण है।

(३) तीसरी विशेषता यह है कि लोक-गीतों में कवि अथवा काव्यनिर्माता के व्यक्तित्व का सर्वथा अभाव रहता है। उत्तर-कालीन कलात्मक कविता में कवि का व्यक्तित्व उसकी कृति में प्रतिफलित होता रहता है। गीत-काव्यों में अव्यक्तित्व की विशेषता रहती है। लोक-गीतों के सबसे बड़े पाश्चात्य पंडित और अन्वेषण-कर्त्ता प्रोफेसर चाइल्ड (Prof. F. J. Child) ने दोनों प्रकार के काव्यों का भेद स्पष्ट करते हुए यों लिखा है —

" The historical and natural place of the ballad is anterior to the appearance of poetry of art to which it has formed a step and by which it has been regularly displaced and in some places all but extinguished. "

और भी—" The condition of society in which a truly national and popular poetry appears explains the character of such poetry. This a condition in which the people are not divided by political organisation and book-culture into marked distinct classes; in which, consequently, there is such community of ideas and feelings that the whole people form one individual. Such poetry, accordingly, while it is in its essence an expression of our common human nature and so of universal and indestructible interest, will, in each case, be differentiated

by circumstances and idiosyncracy. On the other hand, it will always be an expression of the mind and heart of the people as an individual and never of the personality of individual men. The fundamental characteristic of popular ballads is, therefore, the absence of subjectivity and of self-consciousness ... ... The author counts for nothing and it is not by mere accident but with the best reasons that they have come down to us anonymous."

प्रोफेसर चाइल्ड की सम्मति को हमने सविस्तर उद्धृत किया है क्योंकि उपर्युक्त सारी बातें **ढोला-मारूरा दूहा** के संबंध में लागू होती हैं और आगे चलकर हम इनके सिद्धांतों के आधार पर ग्रंथ-संबंधी बहुत-सी उलझनों को सुलझाने की चेष्टा करेंगे।

(४) चौथी विशेषता लोक-गीतों की यह है कि उनका यदि कोई रचयिता हो सकता है तो वह जन-समुदाय ही हो सकता है, न कि व्यक्ति-विशेष। इस विषय में पाश्चात्य विद्वानों के भिन्न-भिन्न मत हैं।

प्रसिद्ध कहानी-लेखक जेम्स ग्रिम का मत है कि लोक-गीत का रचयिता व्यक्ति नहीं, बल्कि जन-समुदाय (Das Volksdichter) है; क्योंकि लोक-गीतों में जन-समुदाय की आत्मा संपूर्ण रूप में प्रकाशित होती है। इन्हीं से कुछ मिलती-जुलती प्रो० किटरिज की राय है। मानव-जाति-विज्ञान (Anthropology) का आधार लेकर और मानव-समुदाय के आदिम संस्कार-संबंधी अन्वेषणों को दृष्टांत में रखकर वे अनुमान करते हैं कि जन-समुदाय का काव्य-निर्माता होना असंभाव्य बात नहीं है। समाज

की आदिम अवस्था में जब कोई स्मरणीय घटना होती—यथा, कोई व्यक्ति वीरता का कोई काम करता, या समाज में कोई आनंदोत्सव का अवसर उपस्थित होता—तो समुदाय एकत्रित होकर उसमें भाग लेता होगा। उस समय उस समुदाय की मनोवृत्तियाँ और भावनाएँ करीब-करीब एक ही लक्ष्य की ओर उद्दिष्ट रहती होंगी। ऐसी दशा में संवेदना, सहानुभूति और एकता के भावों से प्रेरित होकर यदि उस समुदाय के सारे व्यक्तियों के भाव एक ही प्रकार से प्रकाशित हों, तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। अतएव ऐसी परिस्थिति में निर्मित काव्य का निर्माता व्यक्ति न होकर समुदाय ही कहा जायगा—The folk is the author.

इस कल्पनात्मक अनुमान में तथ्यांश बहुत थोड़ा प्रतीत होता है। कल्पना में सब कुछ संभव हो सकता है, परंतु वास्तव में क्या होता रहा होगा, यह कौन कह सकता है। समय में चाहे कितना ही भारी अंतर क्यों न हो गया हो, मानव-समाज की व्यापक और संस्कारारूढ़ साधारण प्रवृत्तियाँ—हर्ष, क्रोध, ईर्ष्या, दुःख, भय, क्षोभ—जो हजारों वर्ष पहले रही होंगी, वे ही करीब-करीब आज भी हैं। फिर यह कैसे मान लिया जाय कि जो बात आज होनी असंभव-सी प्रतीत होती है वह हजार वर्ष पहले संभव होती थी। यह मानने में किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होती कि विशेष प्रकार की रागात्मक मनोभावनाओं के तीव्र रूप में उद्भासित होने के अवसरों पर लोक-गीत बनते हैं और उनको बनाने की प्रेरणा करनेवाला जन-समुदाय ही होता है, परंतु जन-समुदाय की उत्तेजित मनोवेदनाओं को ऐक्य-सूत्र में बद्ध कर गीत रूप में संघटित करनेवाला जरूर कोई-न-कोई उसी समाज का प्रतिभासंपन्न व्यक्ति रहता होगा। यही युक्ति-संगत भी जँचता है।

इसी विषय के एक और पाश्चात्य विद्वान् प्रो० गम्मीयर (Prof. Gummere) हैं, जिन्होंने लोक-गीत की उत्पत्ति मानव-

सभ्यता के प्रारंभ-काल में मानी है। संगीत और नाट्य-तत्वों को आधार-स्तंभ मानकर उन्होंने लोक-गीत की व्याख्या यों की है—

"The popular ballad is a narrative lyric made and sung at the dance and handed down in popular tradition. ... ... The making of the original ballad is a choral dramatic process and treats a situation; the traditional course of the ballad is really an epic process which tends more to treat a series of events as a story."

पाश्चात्य देशों में लोक-गीतों के संबंध में साधारणतः यही मत प्रचलित है। लोक-गीत (Ballad) शब्द का सर्वसम्मत पारिभाषिक अर्थ लिया जाय, तो यही आशय होता है। अँगरेजी का Ballad शब्द पुराने फ्रेंच शब्द Ballare से निकला हुआ है, जिसका अर्थ होता है नाचना। इससे यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल में जातीय या धार्मिक उत्सवों, अथवा किसी विशेष घटना, को मनाने के लिये जन-समुदाय एकत्र होकर गान और नाच द्वारा घटना-संबंधी संस्मृतियों को तत्क्षण काव्यबद्ध करता था और बड़ी रुचि के साथ उसे स्मृति में रक्षित कर, यदा-कदा, यत्र-तत्र, गाया करता था। समयांतर में इस ढंग पर गीत बनाने का एक ढर्रा पड़ गया और सारे गीत एक छंद विशेष में बनने लगे, जिसका नाम भी Ballade छंद पड़ गया।

संगीत और कविता का आदिम काल से ही इतना घनिष्ठ संबंध रहा है कि लोक-गीत की उत्पत्ति के संबंध में ये कल्पनाएँ युक्तिसंगत और स्वाभाविक प्रतीत होती हैं। संस्कृत शब्द **लोक-गीत** या **गीत-काव्य** से भी संगीत की प्रधानता द्योतित होती है। इसमें किसी प्रकार का संदेह नहीं है कि मानव-हृदय की आदिम मनो-

वृत्तियों को प्रकाशित करने में संगीत ने बड़ा भारी सहयोग किया है। भारतीय सभ्यता और धर्म के आधार-स्तंभ वेदों की अनंत ज्ञानराशि संगीतमय ऋचाओं के अनर्गल प्रवाह में प्रवाहित हुई और चारों वेदों में से एक प्रमुख वेद—सामवेद—गान के विशिष्ट रूप में प्रकट हुआ। किसी समय में सामगान भारतीयों को बड़ा प्रिय था।

दूसरी प्रधानता जो लोक-गीतों में पाई जाती है वह है उनका नाट्य और अभिनेय गुणों से युक्त होना। नाट्य में हाव-भाव-हेला-प्रदर्शन तथा नृत्य सभी प्रदर्शनीय अभिनय-गुण रहते हैं। अभिनय और नृत्य द्वारा मानव-अभिरुचि का आकर्षण सहज ही में किया जा सकता है। यदि भारतीय नाटकों की उत्पत्ति की ओर दृष्टिपात किया जाय तो यह बात तथ्ययुक्त प्रमाणित होगी कि धार्मिक प्रेरणाओं से उत्साहित होकर जनता प्राचीन काल में देवमंदिर अथवा किसी अन्य पवित्र स्थान में एकत्र होकर किसी समकालीन अथवा पूर्वघटित घटना की स्मृति में कीर्तन, गुण-गान, नृत्य आदि किया करती थी और ऐसे ही अवसरों पर हाव-भाव अभिनय द्वारा किसी वीर अथवा धार्मिक पुरुष के कार्यों का रूपक रचकर प्रदर्शन किया करती थी। पुराणों में उल्लेख मिलता है कि श्रीकृष्ण के पुत्र-पौत्रों ने नागरिकों को एकत्र कर समारोह सहित द्वारका में इस प्रकार के रूपक का अभिनय किया था। 'नाटक' शब्द की प्रकृति नट् धातु यही प्रमाणित करती है। भारतीय नाटकाचार्यों—भरत और धनंजय—का भी यही मत है कि मानव-हृदय की भावनाओं को प्रकाशित करने में नृत्य ने आदिकाल से सहयोग किया है। अतएव पाश्चात्यों का यह कहना कि संगीत और नृत्य के रूप में लोक-गीतों का साहित्य के इतिहास में सर्वप्रथम विकास हुआ, भारतीय आचार्यों के सिद्धांतों से बहुत-कुछ मेल खाता है और यह ग्राह्य भी होना चाहिए।

प्रो० गरमीयर ने लोक-गीतों की उत्पत्ति के विषय में इस बात पर विशेष जोर दिया है कि लोक-गीत के निर्माण का कार्य अचिंतित-पूर्व (Improvised) कृत्य है, अर्थात् किसी घटना को मनाने के लिये उपस्थित जन-समूह का उत्तेजित हृदय नाचते-गाते हुए तत्क्षण ही सामूहिक प्रयास के रूप मे गीत-काव्य की रचना कर देता है। इस मत (Improvisation theory) को बहुत कम विद्वान् मानते हैं। प्रो० चाइल्ड यद्यपि अभिनय और संगीत के गुणों को प्रधानता देते हैं परंतु उन्होंने नृत्य और संगीत ही से लोक-गीत की निश्चित रूप से उत्पत्ति नहीं बताई है। उनके मत के झुकाव से ऐसा प्रतीत होता है कि प्राचीन काल में चारणों अथवा भाटों की जाति-विशेष में वंश-परंपरा से यह काम रहा होगा कि वह जन-अभिरुचि के अनुरूप समय-समय पर गीत-काव्य बनाकर समुदाय में उनका प्रचार करे। लोक-गीत-साहित्य का सूक्ष्म अध्ययन करने के बाद उनकी धारणा है कि—There is the genuine ring of the best days of minstrelsy.

लोक-गीत की उत्पत्ति और परिभाषा के विषय पर मत-मतांतर के इस झगड़े को यहीं छोड़कर लोक-गीतों के विकास के रोचक विषय पर कुछ कहना उचित होगा।

गीत-काव्य जनता का, जनता के लिये निर्मित, और जनता द्वारा निर्मित, लोकप्रिय काव्य है। कलात्मक कविता के विपरीत इसकी विशेषता यह होती है कि इसमें मानव-समाज की आदिम मनोवृत्तियाँ और भावनाएँ, उनके हर्ष-उल्लास, शोक-विषाद, प्रेम-ईर्ष्या, भय-आशंका, घृणा-ग्लानि, आश्चर्य्य-विस्मय, भक्ति-निवृत्ति आदि भाव अपने सरल से सरल और विशुद्ध रागात्मक रूप में प्रकाशित होते हैं। इसमें सभ्य जीवन का कृत्रिम आडंबर, अलंकार की अस्वाभाविक चमत्कृति और प्रपंचमय जीवन की कपटपूर्ण प्रवंचना का बहुत कम आभास

मिलता है। वास्तव में सच्चा काव्य वही है जिसमें मानव-जीवन का निष्कपट अभिव्यंजन होता है। सच तो यह है कि जब से मनुष्य ने अपना आपा सँभाला है, जब से वह बुद्धिमत्ता का ढोंग रचने लगा है, बुद्धिमत्ता की बहक में जब से उसने मस्तिष्क के सामने हृदय की सत्ता का तिरस्कार करना श्रेयस्कर समझ लिया है तभी से सच्चो, हृदय-स्पर्शी, नैसर्गिक कविता का ह्रास होने लगा है और उसका स्थान कृत्रिम तथा भावशून्य, आडंबरपूर्ण कविता ने ग्रहण कर लिया है। विशाल गगन में स्वच्छंद परों को फटफटाती हुई और गाती हुई, यथेच्छ कड़ुवे-कसैले अथवा मधुर फलों के स्वाद को चखती हुई और वन्य सरिताओं का निर्मल जल पान करती हुई वन-वन में विचरण करनेवाली मनमौजी चिड़िया के संगीत में और सोने के पिंजड़े में जकड़ी हुई, अपनी इच्छा के विरुद्ध उत्तमोत्तम पदार्थों का भोग करती हुई, अपने मानव स्वामी के रटाए हुए कुछ शब्दों को रटती हुई चिड़िया में जो अंतर है, वही अंतर इस स्वच्छंद प्राकृतिक कविता और अर्वाचीन काल की प्रथाबद्ध कविता में है।

संसार की जातियाँ और देश भिन्न-भिन्न हैं परंतु मानव-समाज की व्यापक एकता लगभग सभी देशों और जातियों में एक-सी है। यही कारण है कि लोक-गीतों के अन्वेषकों ने संसार के भिन्न-भिन्न भूभागों की भिन्न-भिन्न जातियों के लोक-गीतों में विषय और वर्णन-शैली तथा अन्यान्य विशेषताओं की आश्चर्यजनक समानता पाई है। कहीं-कहीं तो कथाएँ तक मिलती-जुलती हैं। क्या यूरोप, क्या मिस्र, क्या भारत और क्या अन्यान्य देश, प्रायः सभी देशों के प्राचीन गीत-काव्यों का मिलान करके हम देखें तो वही प्राकृतिक सरलता, वही आडंबरशून्यता, वही अंधविश्वासों की बहुलता, वही प्रेम, ईर्ष्या, वीरता आदि भावों की द्योतक रोचक कथाएँ प्राप्त होती

हैं। यहाँ तक कि विचारशील मस्तिष्क में यह भाव जागरित हुए बिना नहीं रह सकता कि उत्तर काल के मत-मतांतरों, सभ्यता और धर्म-संबंधी भेदों से विशृंखलित संसार की जनता यदि भाई-भाई की तरह प्रेमपूर्वक किसी स्थान पर मिली है और अब भी मिल सकती है तो इन्हीं गीत-काव्यों और परंपरागत गाथाओं के विशिष्ट रंगमंच पर।

विद्वानों ने अन्वेषण करके मालूम किया है कि संसार के सभी देशों के गीत-काव्यों में विषय और शैली की समानता है। उनमें से कुछ समानताओं का यहाँ उल्लेख किया जाता है—

(१) अपने सच्चे प्रेमी को पाने के लिये प्रेमी अथवा प्रेमिका का प्राण-पण से प्रयत्न करना और अनेक बाधाओं को हटाकर उसे प्राप्त कर लेना तथा आसुरी रीति से ब्याह कर लेना।

(२) सौतिया डाह अथवा सौतेली माता की ईर्ष्या के कारण प्रेममार्ग पर भयंकर दुर्घटनाओं का घटित होना।

(३) प्रेम में विश्वासघात के फल-स्वरूप अनेक विषम दुर्घटनाएँ होना।

(४) आदर्श वीरता के आख्यान।

(५) पहेलियों द्वारा मानव-भाग्य का निपटारा किया जाना। विशेषत: पहेलियों के शुद्ध उत्तर के परिणाम में प्रेमी दंपति का मिलन होना। इसकी सभी देशों के लोक-गीतों में चर्चा मिलती है।

(६) पुनर्जीवन के सिद्धांत में संसार-व्यापी विश्वास।

(७) अलौकिक सत्ता में आस्था और विश्वास (Supernatural belief), और साथ ही भूत-प्रेत, डाइन और परियों में विश्वास।

(८) कहानी का उपदेशदायक (Didectic) न होकर सीधे और रोचक ढंग से कहा जाना।

(९) धार्मिक सिद्धांतों की दृढ़ता की प्रशस्ति-स्वरूप बातें।

(१०) पशु-पक्षियों द्वारा मानव-हित-संपादन।

ये बातें साधारणत: संसार के सभी देशों के लोक-गीतों (Ballads) में पाई जाती हैं। **ढोला-मारूरा दूहा** में इनमें से प्राय: सभी का प्रयोग हुआ है। न केवल विषय और प्रतिपादन-शैली की एकता, बरन् उस काल की भी एकता पाई जाती है, जब संसार भर में इन लोक-गीतों की एक बाढ़ सी आ गई थी। ईसा की तेरहवीं शताब्दी से सत्रहवीं शताब्दी (सं० १२००–१६०० तक) के बीच के युग को पाश्चात्य अन्वेषणों के आधार पर लोक-गीत का संसारव्यापी युग कहा जाय तो अत्युक्ति न होगी।

लोक-गीतों की बनावट और बाह्य रूप के संबंध में भी कुछ स्मरण रखने योग्य साधारण बातें हैं, जिनसे उनकी उत्पत्ति और विशेषता के कारणों पर प्रकाश पड़ता है। उनमें से कुछ ये हैं—

(१) प्राय: देखा जाता है कि प्राचीन ढंग के लोक-गीत में ध्रुवक (Refrain) का बहुधा प्रयोग मिलता है।

ध्रुवक-प्रयोग के आधार पर लोक-गीत-साहित्य के शास्त्रीय अन्वेषकों ने यह अनुमान किया है कि यह प्रयोग उस प्राचीन प्रथा और सरल मानव-प्रवृत्ति का परिचायक है जब एक जन-समुदाय एकत्र होकर किसी घटना के संबंध में गान और नृत्य करता रहा होगा और सारा समुदाय नियत समय पर ध्रुवक को उठाकर गाने में पूर्ण सहयोग देता रहा होगा। अधिकांश गीत-काव्यों में ध्रुवक मिलता है, परंतु कुछ ऐसे भी हैं जिनमें इसका प्रयोग नहीं मिलता। ये रचनाएँ या तो पीछे की हैं जब ध्रुवक का प्रयोग न रहा होगा, अथवा ये किसी एक व्यक्ति (चारण अथवा भाट) की बनाई हुई हैं। पीछे से ध्रुवक-प्रयोग स्थगित कर दिया गया, ऐसा प्रतीत होता है।

(२) आवृत्ति (Repetition) भी साधारणतः प्राचीन गीत-काव्यों का एक प्रमुख लक्षण है। ध्रुवक भी एक प्रकार की आवृत्ति ही है, परंतु वह आवृत्ति छंद के किसी विशेष स्थल पर नियमतः होती है—खासकर अंत में। **ढोला-मारूरा दूहा** में आवृत्ति का प्रयोग स्थान-स्थान पर मिलता है। कहीं तो पंक्ति-की-पंक्ति का आवर्त्तन मिलता है और कहीं पंक्ति के एक या दो शब्दों में परिवर्त्तन करके बार-बार दुहराया गया है, यथा—

बीजुळियाँ चहलावहलि आभय आभय कोडि।
कद रे मिलउँली सज्जना कस कंचूकी छोडि॥ ४६॥
बीजुळियाँ चहलावहलि आभइ आभई च्यारि।
कद रे मिलउँली सज्जना लाँबी बाँह पसारि॥ ४५॥

इसी प्रकार दूहा नं० ५४, ५५, ५६, ५८, ५९ के "कूँझड़ियाँ" वाले दूहों में आवृत्ति मिलती है।

इसी प्रकार "ऊनमियउ उत्तर दिसै" वाले दूहों में (देखो नं० १८, ४२, ४३ में) आवृत्ति है। यही प्रयोग ग्रंथ के और स्थलों में भी मिलता है। किसी एक बात अथवा भाव को बार-बार दुहराकर थोड़े से हेरफेर के साथ उसी भाषा में कहना प्राचीन ढंग की कविता में बहुत पाया जाता है। सामुदायिक-रचना के सिवा इसका कारण यह भी हो सकता है कि विषय की ओर विशेष ध्यान आकर्षित करने के लिये दुहराना आवश्यक होता था।

(३) तीसरी बात जो साधारणतः इन प्राचीन काव्यों में पाई जाती है वह है संख्या के अंक सात (७) और तीन (३) का प्रचुर प्रयोग। इसका कोई निश्चित कारण तो मालूम नहीं होता कि प्राचीन जनसमाज को ये संख्याएँ क्यों विशेष प्रिय थीं, परंतु यह निःसंदिग्ध तथ्य है कि संसार के प्राचीन साहित्य में ये संख्याएँ विशेष प्रतिष्ठित हुई हैं। हिंदू-संस्कृति के अनुसार नौ की संख्या के साथ-

साथ ये दोनों संख्याएँ पवित्र और शुभ मानी गई हैं। त्रिदेव, त्रिलोक, त्रिगुण तथा सप्तद्वीप, सप्तर्षि, सप्तसमुद्र और नवनिधि, नवरत्न आदि गणनाओं के संसर्ग से ये संख्याएँ हिंदू-समाज में संस्कारारूढ़ परंपरा से प्रतिष्ठित हुई हैं।

लोक-गीत की उपर्युक्त विशेषताएँ काव्य के प्राचीन रूप की परिचायक हैं और इनसे उस समय के भोले-भाले, सरल, निष्कपट और अंधविश्वासी समाज का पता लगता है।

पाश्चात्य विद्वानों की खोज के परिणाम में लोक-गीतों के कई विभाग किए जा सकते हैं। उनमें से मुख्य विभागों का वर्णन नीचे किया जाता है—

(१) परंपरागत लोक-गीत (Traditional Ballad)—प्राचीनतम सच्चे गीत-काव्य यही गिने जाते हैं। वंश-परंपरा के क्रम से मौखिक आवर्त्तन के रूप में ये हमें उपलब्ध हुए हैं। इनमें से कुछ तो लिपिबद्ध हो गए हैं और कुछ अब भी मौखिक गान के रूप में प्रचलित हैं। इनका निर्माता कोई व्यक्ति-कवि नहीं होता। तात्कालिक समाज को ही इनका रचयिता समझना चाहिए, क्योंकि कवि के व्यक्तित्व की छाप का इनकी बनावट में सर्वथा अभाव रहता है। वर्तमान काल में इस विशुद्ध कोटि का गीत-काव्य मिलना कठिन है।

(२) चारणी लोक-गीत (Minstrel Ballad)—इनकी रचना चारण, भाट, ढाढ़ी आदि ऐसी जातियों के व्यक्तियों द्वारा होती है जिनका काम जनता को गाकर सुनाना होता है। इनमें और प्रथम कोटि के गीतों में यह स्पष्ट भेद है कि ये एक कवि की व्यक्तिगत कृति होने के कारण गीत-काव्यों के और गुण रखते हुए साथ ही व्यक्तित्व की पूरी छाप भी रखते हैं और ये उतने सरल, प्राकृतिक और आडंबर-शून्य नहीं होते। ये अपेक्षाकृत पीछे के काल की कृतियाँ हैं।

(३) विकृत लोक-गीत (Broadside Ballad)—ये गीत आरंभ में तो परंपरागत गीत ही होते हैं पर समय के बड़े अंतर से और निम्न कोटि की जनता के मुख में पड़कर वे असली गीत न केवल अपने मौलिक रूप को ही विकृत कर बैठते हैं बरन् कहीं कहीं तो मौलिक कहानी की घटनाएँ तक इतनी विकृत हो जाती हैं कि उसके असली रूप और वर्त्तमान रूप में आकाश-पाताल का अंतर पड़ जाता है। उत्तर भारत और मध्यदेश में प्रचलित आल्हा का गीत इसी कोटि का है। **ढोला-मारू** गीत के भी कई विकृत रूप प्रचलित हैं जो देहात के ढाढियों के मुख से गान के रूप में सुने जाते हैं और जिसमें स्थान-स्थान पर कथा का अंग-भंग करके उसे विकृत बनाया गया है।

(४) साहित्यिक लोक-गीत (Literary Ballad)—पहले तीन प्रकार के लोक-गीत साहित्यिक विद्वानों से भिन्न व्यक्तियों की रचनाएँ होते हैं। उनमें साहित्यिक विधानों का अभाव रहता है। वे कलापूर्ण काव्य से सर्वथा भिन्न लोक-काव्य (Folk-Poetry) कहे जा सकते हैं। पर साहित्यिक लोक-गीतों की रचना प्राचीन लोक-गीतों के ढग पर साहित्यिक कवियों द्वारा होती है। उनमें साहित्यिक विधानों का अभाव नहीं रहता यद्यपि बाहुल्य भी नहीं होता। ये गीत अपेक्षाकृत बहुत बाद की रचनाएँ हैं। सुभद्राकुमारी चौहान का **झाँसी की रानी** गीत इसी कोटि का है।

प्रस्तुत ढोला-मारू गीत को उपर्युक्त विभागों में से किसी भी एक के अंतर्गत नहीं किया जा सकता। प्रथम दोनों विभागों की विशेषताएँ इसमें पाई जाती हैं और किसी अंश तक तीसरे की भी। बहुत संभव है कि आरंभ में यह गीत किसी एक व्यक्ति की रचना हो क्योंकि हम यह कल्पना नहीं कर सकते कि किसी जन-समाज ने

किसी एक स्थान पर एकत्र होकर इसके मूल रूप को निर्मित किया हो। पर आगे चलकर यह जनता की वस्तु बन गया और जनता द्वारा परिवर्त्तन एवं परिवर्धन उसमें बराबर होते रहे। इसके अतिरिक्त चारणी लोक-गीतों में कवि के व्यक्तित्व की पूरी छाप पाई जाती है पर ढोला-मारू में वह अविद्यमान है। अतः इस गीत की निर्मात्री वास्तव में जनता को ही समझना चाहिए। ढोला-मारू के आगे चलकर अनेक विकृत रूप भी बन गए जिनमें मूल गीत की कथा सर्वथा विकृत हो गई परंतु हमने जो प्राचीन रूप लिया है उससे इन विकारों का कोई संबंध नहीं।

ऊपर लोक-गीत की जो विशेषताएँ बताई गई हैं उनमें से प्रायः सभी ढोला-मारू में पाई जाती हैं। कहानी अथ से इति पर्यंत बड़ी द्रुत गति के साथ दौड़ती है। कथा की गति में विघ्न डालनेवाला अंश कथा-भर में नहीं मिलता। बीच-बीच में संदेश, ऋतु-वर्णन, माळवणी-विरह-वर्णन, मारवणी-रूप-वर्णन आदि के जो लंबे व्यापार-हीन वर्णन आए हैं वे आरंभ में मूल-कथा के भाग न थे परंतु समय-समय पर बढ़ते रहे हैं। उनमें भी लोक-गीत की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता आवृत्ति का प्राधान्य है। इसी प्रकार न तो कहीं क्रीड़ास्थली अथवा देश-काल का वर्णन, और न कहीं मानसिक भावों का विश्लेषण ही कथा के व्यापार को शिथिल करता है। कहानी की क्रीड़ास्थली का अंकन अस्पष्ट रेखाओं के रूप में ही यत्र-तत्र हुआ है। चरित्र-चित्रण भी बहुत स्थूल है।

कहानी में भाव-संकुलता भी नहीं मिलती। प्रेम और प्रेम-जन्य विकलता, ईर्ष्या, उत्साह, हर्ष आदि मोटे-मोटे भावों का ही वर्णन किया गया है। रचना-शैली अत्यंत सरल और सीधी है। कृत्रिम साहित्यिक विधानों का सर्वत्र अभाव सा है। एकाध मोटे-मोटे अलंकार कई-एक स्थानों पर आए हैं पर वे अपने-आप आए

हुए और सर्वथा स्वाभाविक जान पड़ते हैं। कला के लिये जान-बूझकर किए हुए प्रयास का कहीं आभास नहीं मिलता।

लोक-गीतों में मुख्यतया शृंगार या वीर या दोनों की प्रधानता होती है। अन्य रसों की व्यंजना बीच-बीच में आवश्यकतानुसार होती है। ढोला-मारू में शृंगार-रस का प्राधान्य है अन्य रसों की व्यंजना बहुत ही कम, नाम मात्र को, कहीं-कहीं हुई है। बहुतों की व्यंजना तो बिलकुल ही नहीं हुई। वस्तु-वर्णन के लिये भी कहीं विराम नहीं किया गया है।

लोक-गीत की कतिपय अन्यान्य विशेषताएँ ढोला-मारू में कहाँ-कहाँ पाई जाती हैं, इसका उल्लेख ऊपर उन विशेषताओं के वर्णन के प्रसंग में हो चुका है।

(७) प्रबंध-कल्पना और वर्णन

किसी भी संबद्ध कविता में, चाहे वह प्रबंध के रूप में हो अथवा गीत के रूप में, घटनाओं का संक्रमण साधारणतः दो रीतियों से किया जाता है। कवि या तो घटनाक्रम को आदर्श परिणाम पर पहुँचाकर कोई लोकोपकारी आदर्श उपस्थित करता है, अथवा केवल कथानक की स्वाभाविक गति को ध्यान में रखते हुए मनुष्य-जीवन का सच्चा निष्कपट चित्र उपस्थित करता है, जिसमें घटनाओं का क्रम आदर्शोन्मुख न रखकर केवल उनके लोक-समन्वित व्यवहारशील स्वाभाविक रूप के सौंदर्य को प्रदर्शित करता है। पहले में उपदेश और नीतिपूर्ण परिणाम की प्रधानता होने के कारण वह कृत्रिम सा प्रतीत होता है, दूसरा लोक-समन्वित और स्वाभाविक होने से हमारे मन का अधिक अनुरंजन कर सकता है। पिछले प्रकार में यद्यपि कवि को यह स्वतंत्रता नहीं रहती कि वह जान-बूझकर नीति और सत्य के आदर्श मार्ग की अवहेलना करे पंतु उसका लक्ष्य

रहता है प्रबंध-कल्पना द्वारा केवल उस नीति-धर्म और सत्यता को सामने लाना जो लोकव्यवहृत और जनानुरंजनकारी हो। **ढोला-मारू** का प्रबंध पिछली कोटि का है। यदि उसमें घटनाओं द्वारा किसी आदर्श परिणाम को दिखाने का लक्ष्य होता तो ऊमर-सूमरा और उसके दुष्ट चारण का बुरा परिणाम अवश्य दिखाया जाता, परंतु ऐसा नहीं किया गया। साथ ही नीति-धर्म और सत्य की अवहेलना भी नहीं की गई है, प्रेमियों को अपनी प्रेम-साधना के मार्ग में अनेक बाधाएँ उपस्थित होते हुए भी अभीष्ट का लाभ होता है।

प्रबंध-काव्य की उत्तमता की परीक्षा उसके दो अंगों के सम्यक् निर्वाह से की जाती है। वे दो अंग हैं—इतिवृत्त के घटनाक्रम का स्वाभाविक विकास और रसात्मक स्थलों का मर्मस्पर्शी ढंग से वर्णन। इतिवृत्त घटना के उल्लेख मात्र को कहते हैं, जैसे राम का वनवास के लिये प्रस्थान करना शुद्ध इतिवृत्त है। परंतु वनवास को प्रस्थान करते हुए राम के हृदय की दशा को वर्णन कर कवि ग्रामवासी पुरुष और स्त्रियों की रागात्मक सहानुभूतियों को आकर्षित कर लेता है, तब वही रूखा-सूखा इतिवृत्त रस-परिपुष्ट होकर काव्य का सर्वोत्कृष्ट हृदयग्राही रूप धारण कर लेता है। इस प्रकार उपयुक्त इतिवृत्तात्मक स्थलों को रसात्मक स्थलों में परिवर्त्तित करके श्रेष्ठ कवि हमारी रागात्मक प्रवृत्तियों को जागरित करता रहता है जिससे काव्य-शरीर में रसात्मकता की विस्मृति नहीं होने पाती। तुलसी-दासजी का काव्य सर्वोत्तम कोटि का सरस प्रबंध-काव्य है। दूसरी ओर कथासरित्सागर की, घटना-वैचित्र्य और कुतूहल से पूर्ण, कहानियाँ केवल इतिवृत्त का कथन करके हमारी जिज्ञासा-वृत्ति को सन्तुष्ट करती हैं। रसात्मक स्थलों द्वारा हृदय की रागात्मक वृत्तियों—रति, शोक, करुणा आदि—का संतोष होता है। मुक्तक और प्रबंध-

काव्य में बड़ा भारी भेद यही है कि जहाँ मुक्तक में केवल रस-पद्धति का उत्तम निर्वाह ही पर्याप्त होता है, वहाँ प्रबंध-काव्य में इतिवृत्त और रस दोनों का सोने और सुगंध का सा संयोग अभिप्रेत होता है। कोई भी कथा तब तक सुंदर काव्य का रूप धारण नहीं कर सकती जब तक इन दोनों अंगों का उचित और अन्योन्योपकारी रूप में संपोषण नहीं होता। यद्यपि यह कहना अनुचित न होगा कि प्रबंध को काव्यगुणों से विभूषित करने का अधिक श्रेय रसात्मक स्थलों के सम्यक् निर्वाह पर ही निर्भर रहता है परंतु यदि कोई रस अथवा भाव परिस्थिति और घटना के विरुद्ध पड़ता हो तो वहाँ रस की स्थिति भौंड़ी सी अखरती है और प्रबंध के विकास में बाधक होती है।

अब यह देखना है कि ढोला-मारू के प्रेम-प्रबंध में मानव-जीवन के मर्मस्पर्शी घटनास्थलों को रसात्मक रूप में प्रकट करने में कहाँ तक सफलता हुई है।

ढोला-मारवणी की प्रेम-गाथा एक लोक-गीत है। अन्य प्रकार के प्रबंधों से इस काव्य में यह विशेषता है कि इसका लक्ष्य गीत द्वारा मानव रागात्मक वृत्तियों को आकर्षित करना होने के कारण इसमें इतिवृत्त की अपेक्षा रसात्मक स्थलों को प्रधानता दी गई है। सारे प्रबंध में रसात्मक स्थल हार के बहुमूल्य मुक्ताफलों की तरह पिराए हुए हैं और इतिवृत्त का पतला सा सूत्र सुवर्णसूत्र की तरह इन मोतियों को एक लड़ी के रूप में पिरो देने के लिये व्यवहृत हुआ है। अतएव इस काव्य में घटनाओं की संकुलता, मनोरंजकता और विभिन्नता के सौंदर्य्य को दिखाने का इतना अवसर नहीं मिला है जितना तुलसी को अपने रामचरित-मानस में अथवा जायसी को पद्मावत में, और न यह अभिप्रेत ही था।

कथा-विकास के क्रम से देखा जाय तो ढोला-मारू की कहानी में निम्नांकित रसात्मक स्थल बड़ी स्वाभाविकता और हृदयस्पर्शी मार्मिकता के साथ चित्रित हुए हैं—

(१) मारवणी के प्रेम की प्रारंभिक अवस्था में उसका स्वप्न में पतिदर्शन, विरह-वर्णन, तथा उसकी चातक, सारस और क्रौंच (कुरभ) संबंधी उक्तियाँ।

(२) ढोला के प्रति मारवणी का संदेश।

(३) मारवणी का संदेश सुनकर ढोला की प्रेमजन्य व्याकुलता।

(४) प्रस्थान करते हुए ढोला को रोकने के लिये माळवणी का प्रयत्न और दंपति का प्रेमपूर्ण संवाद।

(५) माळवणी का विरह।

(६) ढोला और मारवणी का मिलन।

(७) माळवणी और मारवणी का संवाद।

इन रसात्मक स्थलों का कवि ने बड़े सुंदर और हृदयहारी रूप में वर्णन किया है, जिसका विस्तृत विवेचन संयोग और विप्रलंभ शृंगार के प्रसंग में आगे चलकर किया गया है।

रस-प्रधान होते हुए भी हम इस प्रेम-कहानी की घटनाओं के उचित आयोजन को भुला नहीं सकते। देखना यह है कि घटना का एक प्रसंग दूसरे प्रसंग से ठीक-ठीक शृंखलाबद्ध हुआ है या नहीं। यदि नहीं, तो हमें इस त्रुटि को अक्षम्य काव्य-दूषण समझना पड़ेगा।

भारतीय आचार्यों ने कथावस्तु (Plot) के दो अंग माने हैं—आधिकारिक या मुख्य और प्रासंगिक या गौण अथवा सहायक। **ढोला-मारू** की कहानी में इन दोनों का उचित निर्वाह हुआ है या नहीं, यह देखना है। प्रासंगिक वस्तु में साधारणतः कथा के नायक और नायिका के अतिरिक्त अन्य पात्र-संबंधी वृत्तांतों का विवरण होता है और वह हमेशा आधिकारिक या मुख्य वस्तु का सहायक

बनकर उसकी गति को आगे बढ़ाता है अथवा परिणाम की ओर मोड़ता है। इस कहानी में, ढोला और मारवणी का, प्रेम-वृत्तांत आधिकारिक वस्तु है। यह काव्य पात्र-प्रधान है, घटना-प्रधान नहीं। ढोला इसका नायक और मारवणी इसकी नायिका है। कथा का कार्यरूप परिणाम है ढोला का मारवणी का विरह-दुःख से उद्धार कर उसको अपने घर लाना। इस परिणाम अथवा लक्ष्य की ओर सभी प्रासंगिक वृत्तांतों का सहायक के रूप में प्रवाह होना चाहिए। ठीक ऐसा ही हुआ भी है। इस प्रेम-कहानी की प्रासंगिक कथाएँ मुख्यतः ये हैं—

(१) घोड़ों के सौदागर का पूगळ में आकर समाचार देना।

(२) माळवणी की प्रार्थना पर ऊँट का लँगड़ा होना।

(३) माळवणी द्वारा प्रेरित सूए का ढोला को लौटा लाने के लिये जाना।

(४) ऊमर के दुष्ट चारण का षड्यंत्र और मारवणी-संबंधी झूठी सूचना देकर ढोला को प्रयत्न से विमुख करने की चेष्टा करना।

(५) ऊमर-सूमरा का ढोला को धोखा देकर मारवणी का हरण करने का दुष्ट प्रयत्न।

अब यदि देखा जाय तो ये सभी प्रासंगिक घटनाएँ किसी-न-किसी रूप में सहयोग देकर अथवा संघर्ष उत्पन्न कर कार्य को अंतिम लक्ष्य की ओर प्रेरित करने में सहायक होती हैं। पाश्चात्य काव्याचार्य अरिस्टॉटल ने प्रबंध के सुगठन की कसौटी कार्यसमन्वय (Unity of Action) को बताया है। उस सिद्धांत का निर्वाह इन प्रासंगिक वृत्तांतों द्वारा बड़ी अच्छी तरह से हुआ है।

अरिस्टॉटल ने सिद्धांततः काव्य की कथावस्तु को तीन प्राकृतिक विभागों में विभाजित किया है—(१) आदि, (२) मध्य और (३) अंत। यह भी लिखा है कि इन तीनों का संबंध अन्योन्याश्रित, एक

दूसरे से संश्लिष्ट और स्वाभाविक रीति से जुड़ा हुआ होना चाहिए और साथ ही कथावस्तु का कार्य महत्त्वपूर्ण होना चाहिए। इस दृष्टि से देखने पर ढोला-मारू की कथा का कार्य महत्त्वपूर्ण अवश्य है। अपनी विवाहिता स्त्री के अनेक कष्टों और अवरोधों को दूर कर उसे ले आना—इससे बढ़कर पवित्र, महत्त्वशील और लोक-शास्त्र-मर्यादा-विहित दूसरा कौन सा कार्य होगा। कार्य के अनुरूप नायक और नायिका का प्रेम-प्रयास भी उतना ही महत्त्वशील है।

ढोला की कहानी के तीन प्राकृतिक विभाग किए जा सकते हैं—

(१) आदि भाग—मारवणी के स्वप्नदर्शन-जन्य पूर्वराग से लेकर मारवणी के ढोला को संदेश भेजने तक।

(२) मध्य भाग—ढोला की मारवणी-विषयक आतुरता से लेकर उसके पूगळ के पास पहुँचने तक।

(३) अंतिम भाग—ढोला के पूगळ पहुँचने से लेकर अंत तक।

कहने की आवश्यकता नहीं कि तीनों विभागों का संबंध-सूत्र खूब घनिष्ठता के साथ संश्लिष्ट, अन्योन्याश्रित और जुड़ा हुआ है। कथा का परिणाम सुखांत है। यद्यपि ढोला की कहानी में रसात्मक स्थलों की ही प्रधानता है, परंतु ऐसा होते हुए भी कथा में किसी स्थल पर भी इतना अनावश्यक विराम नहीं होने पाया है कि घटना का सूत्र विस्मृत अथवा विलुप्त हो जाय।

काव्य में वर्णनात्मक स्थलों का निरूपण दो प्रकार से किया जाता है—

(१) वस्तु-वर्णन के रूप में।

(२) भाव-व्यंजना के रूप में।

ढोला की कहानी में प्रथम कोटि के वस्तु-वर्णन पहले तो हैं ही बहुत कम और जो कुछ हैं वे भी भाव-संश्लिष्ट रूप में हुए हैं।

मानव-स्वभाव और भावों का वर्णन करना ही इस काव्य का प्रधान विषय है।

ढोला की कथा में निम्नलिखित वस्तु-वर्णन बहुत संक्षेप में हुए हैं—

(१) राजस्थान-देश-वर्णन।

(२) राजस्थान का रमणी-रूप-सौंदर्य्य-वर्णन।

(३) ऋतु-वर्णन।

(४) करहा-वर्णन।

(५) ढोला की यात्रा का वर्णन।

इन सबके संबंध में एक बार फिर कह देना होगा कि ये वर्णन कथावस्तु के साथ इतनी घनिष्ठता से संश्लिष्ट हैं कि जहाँ-जहाँ ये आए हैं वहाँ-वहाँ काव्यकर्त्ता ने विराम देकर स्वतंत्र रूप में वर्णन के वास्ते वर्णन नहीं किए, वरन् कथा-प्रवाह के बीच में प्रसंग आ पड़ने पर संक्षेप में कुछ वर्णन करके वह आगे चल पड़ा है। अतएव जिस अर्थ में हम जायसी के सिंहलद्वीप-वर्णन, समुद्र-वर्णन, विवाह-वर्णन, युद्ध-वर्णन इत्यादि लेंगे, उस अर्थ में लेने पर तो ढोला में कोई ऐसा विस्तृत वर्णन न मिल सकेगा जो ठीक वर्णन कहा जा सके।

राजस्थान-देश-वर्णन

पहले राजस्थान देश का प्राकृतिक वर्णन ही लीजिए। यह वर्णन किसी एक स्थान पर परंपराबद्ध वर्णन के रूप में नहीं है परंतु काव्य के भिन्न-भिन्न स्थलों पर प्रसंगानुसार बिखरा हुआ मिलता है। उसी को यहाँ संकलित कर दिया गया है।

मारवणी और ढोला के संवाद में पहले पहल ग्रीष्मकाल के राजस्थान का बड़ा स्वाभाविक वर्णन हुआ है—

थळ तत्ता, लू सांमुही, दाझोला पहियाह ।
म्हाँकउ कहियउ जउ करउ घरि बइठा रहियाह ॥ २४१ ॥

जलती हुई बालू, रेत की भाड़ और तीव्र लू की लपटें—बस, राजस्थानी ग्रीष्म का चित्र इन दो संकेतों से ही खिंच जाता है।

वर्षाऋतु राजस्थान का प्राण है। वह इस प्रदेश की श्रेष्ठ ऋतु है और इस ऋतु में इस देश की शोभा भी निराली रहती है। माळवणी और ढोला के संवाद में वर्षाकालीन राजस्थान का वर्णन इस प्रकार हुआ है—

प्रीतम, कामणगारियाँ थळ-थळ बादळियाँह ।
घण बरसंतइ सूकियाँ, लूसूँ पांगुरियाँह ॥ २४८ ॥
बाजरियाँ हरियाळियाँ, बिचि बिचि बेलाँ फूल ।
जउ भरि बूठउ भाद्रवउ, मारू देस अमूल ॥ २५० ॥
धर नीली, धण पुंडरी, धरि गहगहइ गमार ।
मारू-देस सुहामणउ सांवणि साँझी वार ॥ २५१ ॥
डूँगरिया हरिया हुया, वणे झिंगोर्‌या मोर ॥ २५३ ॥
नदियाँ, नाळा, नीझरण पावस चढ़िया पूर ॥ २५६ ॥
अति घण ऊनिमि आवियउ, झाझो रिठि झड़ वाइ ।
बग ही भला त बप्पड़ा धरणि न मुक्कइ पाइ ॥ २५७ ॥
च्यारइ पासइ घण घणउ, वीजळि खिवइ अगास ।
हरियाळी रुति तउ भली, घर संपति, पिउ पास ॥ २६० ॥
काळी कंठळि बादळो वरसि ज मेल्हइ वाउ ।
प्रो विण लागइ बूँदड़ी जाँणि कटारी-घाउ ॥ २६७ ॥

राजस्थान का यह वर्णन कितना हृदयग्राही और स्वाभाविक है, इसे वही जान सकता है जिसने वर्षाऋतु में रहकर राजस्थान के सौंदर्य्य का अनुभव किया है। किस प्रकार सावन और भादों की बदलियाँ, जिन्हें देशी भाषा में 'लोर' कहते हैं, बरसकर सूख जाती हैं और पुनः लू की गरमी से जलसंपन्न हो जाती हैं; कोसों

तक विस्तृत हरे-भरे बाजरे के खेत और उनमें फैली हुई ककड़ी और मतीरे की बेलें कैसा सुहावना दृश्य उपस्थित करती हैं, ग्रामीण जन वर्षाऋतु में कितने मस्त रहते हैं; हरे चोले को पहने हुए पर्वतों पर मोर कैसा मनोहर बोलकर नाचता रहता है; सावन के महीने में राजस्थान की संध्या कैसा स्वर्गीय सौंदर्य्य धारण कर लेती है और बरसाती नाले (वाहळे) और नदियाँ कैसी ललित गति से कलकल करती हुई प्रवाहित होती हैं—इन दृश्यों को आँखों से देखकर जिन्होंने अनुभव नहीं किया वे राजस्थान देश को क्या जानें।

वीसू चारण मारवणी का रूप-वर्णन करते हुए सगर्व राजस्थान देश और राजस्थान के लोगों का वर्णन करता है—

देस सुहावउ, जळ सजळ, मीठा-बोला लोइ।
मारू कांमण भुइँ दखिण, जइ हरि दियइ त होइ॥ ४८५॥

यह केवल अतिशयोक्ति नहीं है। तथ्य का अनुसंधान करने-वालों के लिये वास्तविक सत्य है। इसमें संदेह नहीं कि मरुस्थल में जल का अन्य देशों की अपेक्षा अभाव है, परंतु वहाँ जल गहरे कुँओं से निकलने के कारण अधिक आरोग्यकारी (सजळ) होता है। मरुस्थल की बोली के संबंध में भी लोगों को भ्रम है कि वह कर्णकटु होती है, परंतु मरुस्थल की बोली के मिठास का जिन्हें अनुभव करना हो वे खास मारवाड़ी (जोधपुरी) भाषा का अनुशीलन कर देखें। इन्हीं कारणों से यदि स्वदेश-गौरव से उत्साहित होकर कवि कह बैठे कि राजस्थान की रमणी बड़े भाग्य से अथवा ईश्वर की कृपा से ही दक्षिण देश में मिल सकती है तो इसमें अनुचित ही क्या है।

वीसू चारण फिर कहता है—

थळ भूरा, वन झंखरा, नहीं सु चंपउ जाइ।
गुणे सुगंधी मारवी, महकी सहु वणराइ॥ ४६८॥

मारवाड़ की रेतीली भूमि अनुपजाऊ होने के कारण वर्ष के अधिक भाग में भूरे रंग की दिखाई देती है, वहाँ के वन विशीर्ण और झंखाड़ होते हैं, चंपा पैदा नहीं होता, लेकिन चंपा से भी बढ़-कर अपने गुणों से सुगंधित करनेवाली आदर्श रमणियाँ वहाँ उत्पन्न होती हैं।

राजस्थान के गहरे कुओं को देखकर ढोला अपने अनुभव यों प्रकट करता है—

ऊँडा पाणी कोहरइ, थळे चढीजइ निट्ठ।
मारवणी-कइ कारणइ देस अदीठा दिट्ठ॥ ५२३॥
ऊँडा पाणी कोहरे दीसइ तारा जेम।
ऊसारंता थाकिस्यइ, कहउ, काढिस्यइ केम॥ ५२४॥

राजस्थानी कूपों का कैसा हूबहू चित्र है? कुँओं में पानी बहुत गहराई पर मिलता है और ऊपर से देखने पर नीचे पृथ्वी के गर्भ में पानी चमकते हुए तारे की तरह दिखाई देता है। उसे निकालना तो बड़ा कठिन होता है। प्रेम से प्रेरित ढोला को ऐसा देश भी देखना पड़ा जहाँ पानी इतनी कठिनाई से प्राप्त होता है।

ढोला दुष्ट ऊमर-सूमरे के कुचक्र में पड़कर उसके कपटपूर्ण आतिथ्य को स्वीकार करता है। उस स्थान पर राजस्थान की यात्रा के बीच पड़ाव (Camp) की महफिल का बड़ा मनोज्ञ चित्र अंकित हुआ है—

तंत तणक्कइ, पिउ पियइ, करहउ ऊगाळेह॥ ६३१॥

एक ओर तंत्री (सारंगी) झंकार कर रही है, दूसरी ओर ढोला ऊमर-सूमरे का आतिथ्य स्वीकार कर उसके साथ मदिरा-पान कर रहा है (जैसा कि राजपूतों का पारस्परिक शिष्टाचार होता है), दूर पर बैठा हुआ ढोला का ऊँट लंबी यात्रा के बीच में विश्राम पाकर जुगाली कर रहा है। कैसा सुंदर और स्पष्ट चित्र है। यही नहीं, ऊँट को बैठाने के ढंग तक का सूक्ष्म निदर्शन किया गया है—

ऊँमर साल्ह उतारियउ, मन खोटइ मनुहारि ।
पगसूँ ही पग कूँटियउ, मुहरी झाली नारि ॥ ६२९ ॥

जंगल के विश्राम-स्थलों पर पास में कोई वृक्ष अथवा कोई बाँधने का खंभा न होने के कारण (क्योंकि राजस्थान में और विशेषत: पूगळ के पास की ऊजड़ वनभूमि में दरख्त कहाँ मिलते), ऊँट के पैर को उसी के मुड़े हुए स्थान पर दोहराकर रस्सी से बाँध दिया जाता है—राजस्थान में यह दृश्य रोज देखने को मिलता है। चित्र की पूर्णता प्रसंग में स्वभावोक्ति का रस-सिंचन करती है।

अंत में मारू देश का विस्तृत और संपूर्ण वर्णन उस स्थल पर होता है जहाँ मौतियाडाह से प्रेरित होकर माळवणी मारू देश की निंदा करने पर उतरती है। उस निंदा-वर्णन में इतना स्वाभाविक तथ्य है कि व्याज-स्तुति की तरह पढ़ने पर वही राजस्थान की आत्मा का चित्र उपस्थित करता है। माळवणी व्यंग के साथ कहती है—

बाळउँ, बाबा, देसड़उ, पाँणी जिहाँ कुवाँह ।
आधीरात कुहक्कड़ा, ज्यउँ माणसाँ मुवाँह ॥ ६५५ ॥
बाळउँ, बाबा, देसड़उ, पाँणी-संदी तांति ।
पाणी-केरइ कारणइ प्री छंडइ अधराति ॥ ६५६ ॥
बाबा, म देइस मारुवाँ, सूधा एवाळाँह ।
कंधि कुहाड़उ, सिरि घड़उ, वासउ मंझि थळाँह ॥ ६५८ ॥
बाबा, म देइस मारुवाँ, वर कूँआरि रहेसि ।
हाथि कचोळउ, सिरि घड़उ, सीचंती य मरेसि ॥ ६५९ ॥
मारू, थाँकइ देसड़इ एक न भाजइ रिङु ।
ऊचाळउ क अवरसणउ, कइ फाकउ, कइ तिङु ॥ ६६० ॥
जिण भुइ पन्नग पीयणा, कयर-कँटाळा रूँख ।
आके-फोगे छाँहड़ी, हूँछाँ भाँजइ भूख ॥ ६६१ ॥

पहिरण-ओढण कंबळा, साठे पुरिसे नीर।
आपण लोक उभाँखरा, गाडर-छाळी खीर॥ ६६२॥

इस वर्णन में असत्य का अंश बहुत थोड़ा है। यद्यपि जिस मानसिक परिस्थिति में माळवणी के हृदय के उद्गार प्रकट हुए हैं वह निंदामूलक है, परंतु इसमें किंचिन्मात्र भी संदेह नहीं है कि वस्तु-वर्णन की दृष्टि से यही वर्णन राजस्थान का सच्चा परिचायक है, यही उसकी विशेषताएँ हैं। मानव अभिरुचियाँ भिन्न होती हैं--भिन्नरुचिर्हि लोकः—किन्हीं के लिये यह अरुचिकर होगा, परंतु बहुतों के लिये यही भूमि "स्वर्गादपि गरीयसी" है।

कुँओं की गहराई, आधी रात ही से मालियों का संगीतमय मधुर लय के साथ जल खींचना प्रारंभ करना, भोर में ही पनिहारिनों का मिल-जुलकर राग अलापते हुए कुँओं से पानी भरने जाना, ऐसे सूक्ष्म निदर्शन हैं कि राजस्थान देश की आत्मा का चित्र स्मृति में जागरित हो जाता है—यही है संगीतमय राजस्थान की विशेषता। रंग, सुगंधि और गीत की विचित्रताओं से साधारण से साधारण कोटि का राजस्थानी जीवन अनुप्राणित रहता है। राजस्थान में गड़रिये भेड़, बकरी, गाय, भैंस चराने को सबेर से ही जंगल की ओर निकल जाते हैं और किसान लोग प्रातःकाल होते ही अपने खेतों की ओर निकल पड़ते हैं। उन की स्त्रियाँ उनके लिये भोजन-सामग्री, पानी का घड़ा, कुल्हाड़ा इत्यादि खेती के औजार लेकर पीछे से जाती हैं। अवर्षा के कारण कभी-कभी अकाल पड़ जाता है। उस समय निम्न कोटि के लोग पास ही के उपजाऊ देशों में निर्वास (ऊचाळउ) कर जाते हैं। कई बार टिड्डीदल खेती को नष्ट कर देता है। जंगल में विषैले साँप बहुतायत से मिलते हैं। वृक्ष बहुधा काँटेदार ही होते हैं और उनमें भी अधिकांश छोटे कद के होने के कारण पांथक को दिन की धूप में पर्याप्त छाया का भी सुख नहीं मिलता। काँटे-

दार घास के गोखरू (भुरट) में से जो धान निकलता है, उसे भी लोग रुचि से खाते हैं और भेड़ बकरी इत्यादि का दूध मजे में पीते हैं। ऊन बहुतायत से पैदा होने के कारण लोग कंबल ओढ़ते हैं और उन्हीं के वस्त्र भी बनाकर पहनते हैं*। ऐसे कष्टमय देश में कठोरता से जीवन-निर्वाह करनेवाली जाति स्वभाव से ही साहसी, सहिष्णु, वीर और दृढ़ होती हैं। इसी कठोरता और सहिष्णुता के बल राजस्थान की वीर जातियों ने सदियों तक भारत-वर्ष की स्वातंत्र्य-ध्वजा को गर्व से उठाए रखा।

वर्णन की दृष्टि से उपर्युक्त विवरण अत्युण्ण सत्य है। अब यदि महलों के ऐश-आराम में पली हुई किसी स्त्री (माळवणी) को यह देश रूखा-सूखा और अरुचिकर प्रतीत हो तो उससे देश की निंदा नहीं होती। यों तो दोषों से कोई स्थल खाली नहीं है। मारवणी उलटकर जब माळव देश की निंदा करती है तो हमें उस देश के प्रति भी अरुचि हुए बिना नहीं रहती। सच तो यह है कि निंदा और स्तुति आपेक्षिक गुण हैं और वैयक्तिक रुचि पर निर्भर रहते हैं। पहाड़ी मुल्क, रेतीले उपजाऊ मैदान, नदी-तट के सुरम्य कूल, समुद्र के बीच के टापू इन सब भिन्न-भिन्न प्रदेशों में प्रकृति का भिन्न-भिन्न प्रकार का सौंदर्य निहित रहता है। साहित्य-रसिक को तो केवल वास्तविकता की निष्पक्ष दृष्टि से सच्चा परिचय प्राप्त करना अभीष्ट होता है, न कि भले और बुरे का निर्णय करना।

रमणी-रूप-वर्णन

राजस्थान की रमणी का रूप-सौंदर्य्य-वर्णन हमें उस स्थल पर उपलब्ध होता है जहाँ वीसू चारण ढोला से मारवणी का रूप-वर्णन करता है। इस वर्णन में दो विशेषताएँ हैं। एक तो यह कि

---

* यह चित्र राजस्थान के ठेठ देहाती जीवन का है। नागरिक जीवन, विशेषतः आधुनिक नागरिक जीवन, पर ये बातें घटित नहीं होतीं।

यह रूप-वर्णन साधारणतः राजस्थानी स्त्री-सौंदर्य का चित्ररूप में परिचायक है, दूसरा यह कि अर्वाचीन काल की अलंकार-शास्त्र और नखशिख संबंधी रूढ़ियों से बहुत कुछ मुक्त होने के कारण स्वच्छंद और स्वाभाविक है।

मारवणी के सौंदर्य्य और शील के वर्णन में उपमानों की पवित्रता और उनका ऐश्वर्य्य सौंदर्य्य के आदर्श को परंपरा-भुक्त विषयवासना की कोटि से उठाकर अकलुषित और पवित्र सात्त्विक सौंदर्य के पद पर स्थापित कर देते हैं। कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं—

गति गंगा, मति सरसती, सीता सीळ सुभाइ।
महिलाँ सरहर-मारुई अवर न दूजी काइ॥ ४५१॥
नमणी, खमणी, बहुगुणी, सुकोमळो जु सुकच्छ।
गोरी गंगा-नीर ज्यूँ, मन गरवी, तन अच्छ॥ ४५२॥
रूप अनूपम मारुवी, सुगुणी नयण सुचंग।
साधण इण परि राखिजइ, जिम सिव-मस्तक गंग॥४५३॥

जिसकी पतितपावनी गंगा के समान गति है, सरस्वती के समान निर्मल मति और सीता के समान शील-स्वभाव है; जो विनय-शीला, क्षमाशीला, स्वभाव-कोमला और आत्मगौरवशालिनी है—ऐसी श्रेष्ठ रमणी को पुरुष यदि, गंगा को शिव की तरह, आदर सहित मस्तक पर स्थान दे तो उसे अपना सौभाग्य ही समझना चाहिए। मारवणी के इस शील-संपन्न सौंदर्य्य के विवरण के साथ उस कलुषित और वासना-परिपुष्ट सौंदर्य्य की तुलना करना चाहिए, जिसने रीति-काल के कवियों के हाथ में पड़कर स्त्री-सौंदर्य को पुरुष के विलास और वासना-तृप्ति का साधनमात्र बना दिया था।

शील को छोड़कर अब अवयव-सौंदर्य्य के वर्णन पर आइए। यद्यपि यह नहीं कहा जा सकता कि इस काव्य का रूप-सौंदर्य्य-

वर्णन सर्वथा अलंकार-परंपरा से निर्मुक्त है, परंतु यह निस्संकोच होकर कहा जा सकता है कि अधिकांश नवीन और स्वतंत्र हैं।

नीचे उद्धृत दूहों में परंपरारूढ़ उपमानों की शृंखला हिंदी के पिछले खेवे के शृंगारी कवियों से किसी प्रकार कम नहीं है—

गति गयंद, जँघ केळिग्रभ, केहरि जिम कटि लंक।
हीर डसण, विद्रम अधर, मारू-भृकुटि मयंक ॥४५४॥
मारू-घूँघटि दिट्ठ मइँ, एता सहित पुणिंद।
कीर, भमर, कोकिल, कमळ, चंद, मयंद, गयंद ॥४५५॥
मृगनयणी, मृगपति-मुखी, मृगमद-तिलक निलाट।
मृगरिपु-कटि सुंदर बणी, मारू अइहइ घाट ॥४५६॥

परंतु प्रथाबद्ध उपमानों का थोड़ा समावेश होते हुए भी परंपरा-भुक्त उपमानों से निर्मुक्त अवयव-सौंदर्य्य का वर्णन मारू-रूप-वर्णन में बहुतायत से मिलता है। इस प्रकार के वर्णन की स्वच्छंदता में स्वभावोक्ति और राजस्थान-रमणी-सौंदर्य्य की विशेषता की गहरी छाप लगी होने से हम इसी को राजस्थान के स्त्री-सौंदर्य्य का सच्चा रूप समझते हैं—

मारू-देस उपन्नियाँ, ताँहका दंत सुसेत।
कूँझ-बचाँ गोरंगियाँ, खंजर जेहा नेत ॥ ४५७ ॥
तीखा लोयण, कटि करल, उर रत्तड़ा बिबीह।
ढोला, थाँकी मारुई जाँणि विलूधउ सीह ॥ ४५८ ॥
डींभू लंक, मराळि गय, पिक-सर एही वाँणि।
ढोला, एही मारुई, जेहा हंझ निवाँणि ॥ ४६० ॥
चंपा-वरनी, नाक मळ, उर सुचंग, विचि हीण।
मंदिर बोली मारुवी, जाँणि भणक्को वीण ॥ ४६२ ॥

मारू-देस उपन्नियाँ, नड़ जिम नीसरियाँह।
साइ धण, ढोला, एहवी, सरि जिम पध्धरियाँह॥ ४८३॥

जंघ सुपत्तळ, करि कुँअळ, झोणी लंब-प्रलंब।
ढोला, एही मारुई जाँणि क कणयर-कंब॥ ४७३॥

मारू-देस उपन्नियाँ, सर ज्यउँ पध्धरियाँह।
कडुवा बोल न जाणही, मीठा बोलणियाँह॥ ४८४॥

अंगि अभोखण अच्छियउ, तन सोवन मगळाइ।
मारू अंबा-मउर जिम, कर लग्गइ कुँभळाइ॥ ४७१॥

मारवाड़ देश की स्त्रियों की दंत-पंक्ति शुभ्र और स्वच्छ होती है (इसे जल-वायु की स्वास्थ्य-प्रद विशेषता समझो जाय चाहे तांबूल के न्यूनतम प्रचार का फल, परंतु है यह बिल्कुल सत्य। आजकल दाँतों की यह स्वच्छता विलीन होती जा रही है)। कुरभ पक्षी के समान लंबी सुढार उनकी गर्दन होती है, नेत्र तीखे होते हैं। लंबी सुकुमार गर्दन को कुंज पक्षी की गर्दन की, पयोधरों को पपीहे की, कटि को डीभू (बर्र) की, अंग-यष्टि को सीधे तीर की और जंघा को कमल के कोमल गर्भ की उपमा दी गई हैं। इन सबमें उपमानों की नवीनता देखने योग्य है। कड़ुवा बोलना तो वे जानती ही नहीं; जब बोलती हैं तब वीणा की झंकार का भ्रम होता है।

आलंकारिक सूझ की नवीनता उस स्थान पर विशेषता से देखी जाती है जहाँ मारुवणी के मुख को आलंकारिक प्रथा के अनुसार चंद्रमा से समता न देकर सूर्य्य से उपमा दी गई है—

मारू सी देखी नहीं, अण मुख दोय नयणाँह।
थोड़ो सो भोळ पड़इ, दणयर उगहंताँह॥ ४७८॥

सूर्य से समानता स्थापित करने का कारण यह हो सकता है कि कवि का अभीष्ट मारवणी के सौंदर्य्य में वह विशुद्ध शालीनता

और पवित्रता प्रकट करने का है जो सूर्य की ओजस्विनी प्रभा द्वारा लक्षित होता है।

ऋतु-वर्णन

यद्यपि राजस्थान देश के विवरण में ऋतुओं का बहुत कुछ वर्णन आ गया है परंतु उस प्रसंग में केवल वर्षा और ग्रीष्म के ही उदाहरण दिए गए हैं क्योंकि ये ही दो ऋतुएँ राजस्थान में अधिक विशेषता रखती हैं। एक अपनी सुखदता, सौंदर्य्य और उपकारिता के लिये राजस्थान का जीवनप्राण है, दूसरी अपनी विशेष उग्रता और भयंकर आतंक से राजस्थान के विशेष भयंकर रूप को सामने लाती है। इनके अतिरिक्त राजस्थानी वर्षा ऋतु की कुछ और विशेषताओं का अन्य स्थलों पर वर्णन हुआ है, जो संक्षेप में नीचे उद्धृत की जाती हैं। परंतु, जैसा कि आगे कहा जा चुका है, इस बात को भूलना नहीं चाहिए कि ऋतुओं का प्रसंग नायक-नायिका के विरह-विलापों में नीर-क्षीर न्याय से मिला हुआ है। स्वतंत्र रूप में ऋतु के लिये ऋतु का वर्णन कहीं भी नहीं हुआ है।

वर्षा-वर्णन—मारवणी सखियों से अपनी विरह-दशा व्यक्त करती हुई कहती है—

राजा, परजा, गुणिय-जण, कवि-जण, पंडित, पात।
सगलां मन ऊछव हुअउ वूठैौ बरसात॥ ४०॥
बीजुळियाँ चहलावहलि आभय आभय कोडि।
कद रे मिलउँली सज्जना कस कंचूकी छोडि॥ ४६॥
ऊनमियउ उत्तर दिसइँ काळो कंठळि मेह।
हूँ भीजूँ घर-अंगणइ, पिउ भीजइ परदेह॥ ४३॥
जळ थळ, थळ जळ हुइ रह्यउ, बोलइ मोर किँगार।
स्रावण दूभर हे सखी, किहाँ मुझ प्राण-अधार॥ ४६॥

उत्तर दिशा से काली-काली घटाएँ उमड़ आई हैं और मूसला-धार बरसने लगी हैं। चारों ओर जल ही जल हो रहा है, आकाश के चारों कोनों में करोड़ों बिजलियाँ चमक रही हैं। ऐसे सुस-मय में क्या राजा, क्या प्रजा, क्या गुणिजन, पंडित और क्या वनस्पति सभी को आंतरिक आनंद प्राप्त होता है।

माळवणी ढोला के संवाद में वर्षा का चित्र इस प्रकार खींचा गया है—

पगि पगि पाँणी पंथसिर, ऊपरि अंबर-छाँह।
पावस प्रगट्यउ पदमिणी, कहउ त पूगळ जाँह ॥ २४४ ॥

लागे साद सुहाँमणउ, नस भर कुंझड़ियाँह।
जळ पोइणिए छाइयउ, कहउ त पूगळ जाँह ॥ २४५ ॥

मेहाँ बूठाँ अन बहळ, थळ ताढा जळ रेस।
करसण पाका, कण खिरा, तद कउ वळण करेस ॥ २६४ ॥

ऊँचउ मंदिर अति घणउ आवि सुहावा कंत।
वीजळि लियइ झबूकड़ा सिहराँ गळि लागंत ॥ २६८ ॥

रास्तों में जगह-जगह पर स्वच्छ वर्षाजल की तलैयाएँ भरी लहराती हैं जिनके चारों ओर रात भर कुरभें कलरव करती हुई बड़ी सुहावनी प्रतीत होती हैं, रह-रहकर पपीहा बोल उठता है। ढोला कहता है, इससे सुंदर समय प्रस्थान के लिये दूसरा कौन-सा हो सकता है। परन्तु माळवणी की राय में ऐसे समय में घर ही पर रहना अधिक उचित है जब खेती पक रही हो और भूमि वर्षा से तृप्त होकर जल जैसी शीतल हो रही हो। जब बिजलियाँ चमक-चमककर पर्वत-शिखरों से लिपट रही हों तब ऊँचे महलों में सुखपूर्वक प्रेम में मग्न रहना ही चाहिए।

हरे-भरे लहराते हुए बाजरे के विस्तृत खेतों के बीच-बीच में नाना प्रकार की बेलें फैल रही हैं, श्रावण के महीने में मारू देश की सांध्यकालीन छटा बड़ी ही अनुपम हो रही है, हरे-भरे पर्वत-प्रदेशों में स्थान-स्थान पर मयूर नाच गा रहे हैं, कहीं पर चिकनी भूमि पर ऊँट के फिसलने का भी डर रहता है, रह-रहकर वायु के शीतल झोंके हृदय में उल्लास पैदा करते हैं। सचमुच, राजस्थानी लोग इस ऋतु में स्वर्गोपम आनंद का उपभोग करते हैं। बादलों से समय-समय पर बौछार होती रहती है जो वनस्पति और मानव-जीवन के लिये अमृत-संजीवनी का कार्य करती है। बरसाती क्षुद्र नदियों और नालों में जल कलकल करता हुआ प्रवाहित होता है। आकाश में जिधर दृष्टि उठाकर देखो बिजलियों की चहल-पहल बड़ी ही सुहावनी लगती है। वर्षा से प्रक्षालित होकर पर्वत-शिखर हरित परिधान और रंग-बिरंगे पुष्पों के आभूषण धारण कर लेते हैं; सरोवर भर जाते हैं और नदी-नाले तरंगों से आंदोलित होते रहते हैं; मेंढ़क अपनी सुमधुर रट अलग ही लगाए रहते हैं और बिजलियाँ चमक-चमककर पर्वत-शिखरों का आलिंगन करती हैं। क्या जड़ और क्या चेतन, प्रकृति की समस्त सृष्टि में संयोग और विश्व-मैत्री का दृश्य चारों ओर दृष्टिगोचर होता है। ऐसी है राजस्थान की वर्षा ऋतु।

शीत-वर्णन—शीत ऋतु के वर्णन मे राजस्थान की अधिक विशेषता नहीं झलकती। यह वर्णन सार्वदेशिक और साधारण सा है। कुछ उदाहरण उद्धृत किए जाते हैं—

जिणि रिति मोती नीपजइ सीप समंदाँ माँहि ॥२८१॥
जिणि दीहे तिल्ली त्रिड़इ, हिरणी झालइ गाभ ॥२८२॥
जिण रित नाग न नीसरइ, दाझइ वनखँड दाह ॥२८४॥
दिन छोटा, मोटी रयण, थाढा नीर पवन्न ॥२८५॥

उत्तर आज न जाइयइ, जिहाँ स सीत अगाध ।
ता भइ सूरिज डरपतउ, ताकि चलइ दखिणाध ॥३०१॥

राजस्थान का शीतकाल यद्यपि अल्पस्थायी होता है परंतु कष्ट-सह्य होता है। जब पाला पड़ने लगता है तो घोड़ों की रक्षा के लिये उनकी पीठ पर पाखर डाल दी जाती है। शीतकाल संयोगी प्रेमियों को सुखदायी और विरहियों को दुःखदायी होता है। समुद्रों में सीप के गर्भ में मोती पैदा होते हैं, तिल के पेड़ों में बीज पड़कर फलियाँ चटखने लगती हैं और हरिणियों को गर्भाधान इसी ऋतु में होता है। सर्प इस ऋतु में बिलों से बाहर नहीं निकलते, वन कठोर शीत के कारण झुलसकर झंखाड़ हो जाते हैं। रातें बड़ी और दिन छोटे हो जाते हैं और पवन और जल का शीतलत्व काटने लगता है। उत्तर दिशा की शीतल पवन के झोंके मरुस्थली पर उगी हुई वनस्पति को जला देते हैं; साल भर हरा-भरा रहने-वाला आक (मदार) भी जल जाता है। पाला इतने जोर का पड़ता है कि लोग अग्नि, प्रेयसी और मद्य का सेवन कर शीत से बचाव करते हैं। और तो और, इस कठोर सर्दी के भय से बिचारे सूर्य को भी दक्षिण दिशा के उष्ण कक्ष में छिपकर शरण लेनी पड़ती है।

करहा-वर्णन

ऊँट राजस्थान का मुख्य पशु है और वहाँ का सर्वोपयोगी वाहन भी। राजस्थान का वर्णन ऊँट के वर्णन के बिना अधूरा रह जाता, परंतु 'ढोला-मारूरा दूहा' में करहा-वर्णन स्वभावोक्ति की दृष्टि से अपना विशेष चमत्कार रखता है। उसी वर्णन का कुछ अंश नीचे देते हैं—

पलाणियउ पवने मिलइ, घड़िए जोइण जाय।
रइबारी, ढोलउ कहइ, सो मो आवइ दाय ॥ ३०८ ॥
दूजा दोवड़ - चोवड़ा, ऊँटकटाळउ - खाँण।
जिण मुखि नागरबेलियाँ सो करहउ केकाँण ॥ ३०९ ॥
किण गळि घालूँ घूघरा, किण मुखि वाहूँ लज्ज।
कवण भलेरउ करहलउ मूँध मिलावइ अज्ज ॥ ३१२ ॥
ढोलउ करहउ सज कियउ कसबी घाति पलाँण।
सोवन-वानी घूघरा चालण-रइ परियाँण ॥ ३४३ ॥
करहा, पाणी खंच पिउ, त्रासा घणा सहेसि।
छीलरियउ ढूकिसि नहीं, भरिया केथि लहेसि ॥ ४२६ ॥
करहा, नीरूँ जउ चरइ, कंटाळउ नइ फोग।
नागरवेलि किहाँ लहइ, थारा थोबड़ जोग ॥ ४२८ ॥
करि कइराँ ही पारणउ, अइ दिन यूँही ठेलि ॥ ४३० ॥
करहा लंब-कराड़िआ, बे-बे अंगुल कन्न ॥ ४३३ ॥
सड़ सड़ बाहि म कंबड़ी, राँगाँ देह म चूरि।
बिहुँ दीपाँ बिचि मारुई, मो-थी केती दूरि ॥ ४९२ ॥
करहा, वामन रूप करि, चिहुँ चलणे पग पूरि ॥ ४९७ ॥
करहा काछी काळिया, चाली गइ किरणाँह ॥ ४९९ ॥
सकती बाँधे वीटुळो, ढीली मेल्हे लज्ज।
सरढी पेट न लेटियउ, मूँध न मेलउँ अज्ज ॥ ५०० ॥
पगसूँ ही पग कूँटियउ, मुहरी झाली नारि ॥ ६२९ ॥
तंत तणक्कइ, पिउ पियइ, करहउ ऊगाळेह ॥ ६३१ ॥

ढोला को अपनी लंबी यात्रा के लिये ऐसे ऊँट की जरूरत है जो थोड़ा-सा त्वरित करने पर घड़ी भर में एक योजन चला जाय। वैसे दोहरे-चौहरे शरीरधारी, काँटेदार घास को चरनेवाले ऊँट साधारणतः बहुत मिलते हैं, परंतु जो नागरवेलि के पत्तों को चरने-

वाला उत्तम जाति का ऊँट होता है, वही ऊँटों में शिरोमणि गिना जाता है और वही इस यात्रा में सफल हो सकता है। यदि ऐसा ऊँट मिल जाय तो ढोला उसे आभूषणों से खूब सजावेगा, गले में सुवर्ण-निर्मित घुँघुरू की माला और मुख में कीमती नकेल डालेगा। अंत में ऐसा ऊँट मिल गया। ढोला ने उस पर जड़ाऊ और चित्रित पलाँण सजाया और चलने को तैयार हुआ।

ढोला ने ऊँट पर पलाँण कस लिया, नकेल डाल दी और चढ़ने के लिये राजद्वार के आगे आधीरात के समय उसे बैठा लिया। उठती बार जब ऊँट स्वभावत: बलबलाया तो माळवणी की नींद खुल गई। अब क्या थी, वर्षा की हवा के झोंकों से जैसे मेघ-खंड उड़ते जाते हैं वैसे ही ऊँट दौड़ पड़ा, नहीं, हवा हो गया। बहुत-सा रास्ता पार कर लेने पर एक स्थान पर ऊँट को स्वच्छ जलाशय का जल पिलाने के लिये ठहराया। समझदार ऊँट से ढोला ने कहा, "यह अच्छा मौका है, तृप्त होकर जल पी ले, आगे निर्जल मरुस्थल पड़ता है, कोसों तक पानी नहीं मिलेगा, फिर तू तो उत्तम जाति का ऊँट है, गँदले पोखरों का जल तो पिएगा नहीं, और भरे हुए स्वच्छ जलाशय मिलेंगे कहाँ ?" इसके बाद ऊँटकटारा (घास विशेष) और फोग (पौधा-विशेष) ऊँट के सामने चरने को लाकर रखा, नागरवेलि वहाँ कहाँ मिलती ? फिर करील की झाड़ी काटकर उसके सामने चरने के लिये डालो, जाल (वृक्ष-विशेष) के पत्ते भी डाले। ढोला का ऊँट लंबी गरदनवाला था, जिसके दो-दो अंगुल के छोटे-छोटे कान थे। इतने में संध्या होने लगी, पूगळ अब भी दूर था। ढोला ने हताश होकर ऊँट को साँटी से सड़ासड़ पीटना शुरू किया। स्वामि-भक्त पशु ने धीरज देते हुए कहा, "साँटी की सड़ासड़ बौछार मेरे शरीर पर न करो। रानों के दबाव से और ठोकरों से मेरी पसलियों को चकनाचूर

न करो। मुझे तो योंही अपने कर्त्तव्य और स्वामिकाज का पूरा ध्यान है। त्रैलोक्य के उस पार भी यदि जाना पड़े तो मैं नियत समय पर तुम्हें अपनी प्रेयसी से मिला दूँगा।" ढोला ने ऊँट से कहा, "अरे कच्छ देश के काले ऊँट (जो ऊँटों की सर्वोत्तम जाति है)! तू किस देश में है? सूर्य की किरणें अस्त हो रही हैं। अब तो तुझे (त्रिविक्रम) का रूप धारण कर दीर्घकाय होना पड़ेगा, चारों कदम उठाकर, लंबी चौकड़ी भरकर पवन में उड़ जाना पड़ेगा, तभी तो रात्रि से पहले-पहले पूगळ पहुँच सकता है।

ऊँट को यह शासन असह्य हुआ। उसने स्वामी को चेतावनी देते हुए कहा—पगड़ी को कसकर बाँध लो, नकेल का ढोलो छोड़ दो। यदि पवन-वेग से चलकर तुम्हें अपनी प्रेयसी से संध्या होते-होते न मिला दूँ तो उत्तम सरढ़ो (ऊँटनी) के पेट से जनमा हुआ न समझना।

आगे चलकर एक स्थल पर ऊँट का और वर्णन हुआ है।—ऊमर के कपट-पूर्ण स्वागत को स्वीकार करने को ढोला तैयार हुआ। उधर आसपास में कोई खूँटा अथवा ऊँट बाँधने का स्थान न होने पर उसने ऊँट के पैर को घुटनों के पास दोहराकर रस्सी से बाँध दिया जिससे वह भाग न जाय और नकेल मारवणी को पकड़ा दी। ऊँट के पैर को कूँटने की यह प्रथा अब तक राजस्थान में देखी जाती है। यहाँ पर ऊँट के विश्रब्ध होकर जुगाली करने का अच्छा स्वभाव-चित्र उपस्थित हुआ है। अंत में ऊमर के षड्यंत्र से बच भागने की जल्दी में ढोला-मारवणी पैर बँधे हुए ऊँट पर ही चढ़कर भाग निकले।

उपर्युक्त करहा-वर्णन में ऊँट के स्वभाव, उसकी वेश-भूषा, आकृति, सहनशीलता आदि अनेक बातों का बड़ा ही मनोरम और स्वाभाविक निदर्शन हुआ है जो राजस्थान से थोड़ा-बहुत भी परिचय रखनेवाले पाठकों को रुचिकर हुए बिना न रहेगा।

(८) ढोला-मारू—एक प्रेम-कहानी

ढोला-मारू की प्रेम-कहानी हिंदी के प्रारंभिक भक्ति-काल के प्रेम-मार्गी कवियों की प्रेम-कहानियों की परंपरा से बहुत-कुछ मिलती-जुलती है। कबीर के समय के कुछ ही बाद कुछ भक्त एवं दार्शनिक कवियों की काव्य-रुचि का झुकाव प्रेम-कहानियों द्वारा जनता को ईश्वरीय प्रेम का दिग्दर्शन कराने की ओर हुआ और अनेक भावुक कवि इस क्षेत्र में उतर पड़े। उनकी **प्रेम की पीर** की कहानियों ने बहुत शीघ्र जनता के हृदय में घर कर लिया। यद्यपि इन कहानियों के लेखक अधिकतर सूफी सिद्धांत के मुसलमान थे परंतु ये कहानियाँ हिंदुओं के गार्हस्थ्य-जीवन की छाया को लेकर लिखी गई थीं। इनकी मधुरता, कोमलता और मार्मिकता ने यह प्रत्यक्ष कर दिखाया कि "एक ही गुप्त तार मनुष्य मात्र के हृदयों से होता हुआ गया है जिसे छूते ही मनुष्य सारे बाहरी रूप-रंगों के भेदों की ओर से ध्यान हटाकर एकत्व का अनुभव करने लगता है।" इन जनता के कवियों ने अपनी प्रेम-कहानियों द्वारा प्रेम का शुद्ध मार्ग प्रकट करते हुए उन सामान्य जीवन-दशाओं को सामने रखा जिनका प्रभाव मनुष्य मात्र पर एक सा दिखाई पड़ता है। कबीर ने तो इस जीवन से भिन्न प्रतीत होती हुई परोक्ष सत्ता की एकता (Mysticism) का अपनी अटपटी बानी में उपदेश किया था। प्रत्यक्ष जीवन के सौंदर्य्य और प्रेम, दुःख-सुख, भय-आशंका, ईर्ष्या और सहानुभूति को हृदयस्पर्शी स्वाभाविकता के साथ प्रकट करनेवाले ये प्रेममार्गी लेखक ही थे। विक्रम की १६वीं शताब्दि के मध्य में मुसलमान कवि कुतुबन ने 'मृगावती' नामक प्रेम-कहानी दोहे-चौपाइयों में लिखी। कहानी में प्रेममार्ग के अपूर्व आत्म-त्याग, कष्ट-सहिष्णुता और प्रेम-साधना का मर्मस्पर्शी वर्णन हुआ है। इसी समय के लगभग मंझन कवि ने 'मधुमालती' नाम की प्रेम-

कहानी लिखी जिसमें प्रेम-निर्वाह की कथा बड़ी सहृदयता के साथ विशद कल्पनाओं से परिपूर्ण हृदयग्राही वर्णनों द्वारा दोहा-चौपाइयों में कही गई है।

तीसरी साहित्य में प्रसिद्ध पद्मावत की प्रेम-कहानी है जिसे प्रख्यात कवि मलिक मुहम्मद जायसी ने सं० १५९७ के लगभग लिखा। जायसी ने अपने महाकाव्य में अपने से पूर्व-रचित प्रेम-कहानियों की तालिका दी है, जिससे यह प्रतीत होता है कि इस साहित्यिक परंपरा में कई उत्कृष्ट प्रेम-कहानियाँ लिखी गई थीं।

विक्रम धँसा प्रेम के बारा। सपनावति कहँ गएउ पतारा॥
मधू पाछ मुगधावति लागी। गगन पूर होइगा बैरागी॥
राजकुँवर कंचनपुर गयऊ। मिरगावति कहँ जोगी भयऊ॥
साध कुँवर खंडावत जोगू। मधुमालती कर कीन्ह वियोगू॥
प्रेमावति कहँ सुरपुर साधा। उषा लागि अनिरुध बर बाँधा॥

इससे विदित होता है कि मृगावती, मधुमालती, पद्मावती और पुराणविश्रुत उषा-अनिरुद्ध की कहानियों के अतिरिक्त सपनावती, मुग्धावती और प्रेमावती की कहानियाँ भी जायसी के समय में प्रसिद्ध रही होंगी। इनमें से अधिकांश कहानियाँ पूर्वी हिंदी और अवधी में मुसलमान कवियों द्वारा दोहा-चौपाइयों के रूप में लिखी गई थीं और उनमें प्रेम-कथा के मिस से सूफी मत के रहस्यमय आध्यात्मिक विचारों का खासा आभास मिलता था।

जायसी के पीछे कई शताब्दियों तक इन प्रेम-कहानियों की परंपरा जारी रही। जहाँगीर के शासन-काल में उसमान कवि ने जायसी का अनुकरण कर 'चित्रावली' नामक कहानी लिखी है। इस परंपरा की अंतिम सूचना दिल्ली के बादशाह मुहम्मदशाह के समय तक मिलती है जब नूरमुहम्मद कवि ने सं० १७९६ में 'इंद्रावती' नामक सुंदर कहानी लिखी।

ढोला-मारवणी की प्रेम-कहानी भी उपर्युक्त प्रेममार्गी कवियों की कहानी से बहुत-कुछ मिलती-जुलती है। अब हम हिंदी प्रेम-कहानियों में सर्वोत्तम जायसी की पद्मावती की कहानी से **ढोला-मारू** की प्रेम-गाथा की तुलना करके उसके काव्य-गुणों का सविस्तर विश्लेषण करेंगे, जिससे इस गीत-काव्य के प्रमुख गुणों का पाठक के हृदय में यथोचित संस्थान हो सकेगा।

साधारणत: देखा जाय तो ऊपर उल्लेख की हुई सभी प्रेम-कहानियों में कथित विषय का बहुत कुछ सादृश्य है। प्राय: सभी कहानियों में नायक अथवा नायिका को अपने सच्चे प्रेमी को पाने के लिये अनेक प्रकार के भौतिक कष्ट उठाने पड़े हैं और अंत में उसकी साधना सफल हुई है। भारतीय कहानियाँ प्राय: सुखांत ही होती हैं और उनके द्वारा इस आध्यात्मिक तथ्य की पुष्टि हो जाती है कि मायालिप्त सांसारिक जीवन-यात्रा में भटकते हुए जीवात्मा को प्रेम की साधना द्वारा अंत में परमात्मा की उपलब्धि और जीवन के लक्ष्यरूप मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। इसके विरुद्ध इसी प्रकार की पाश्चात्य कहानियों और गीतों (Ballads) का प्रवाह दु:खांत की ओर होता है और उनका आध्यात्मिक तथ्य इतना सुस्पष्ट और प्रकाश्य नहीं होता है।

पद्मावत की कहानी और ढोला-मारू की कहानी में बहुत कुछ सादृश्य है—

(१) पद्मावत में हीरामन सूआ और ढोला की कहानी में माळवणी का सूआ मानव-प्रेम के मार्ग-प्रदर्शक अथवा सहायक साधन की तरह प्रयुक्त हुए हैं। भेद इतना ही है कि पहली कथा में सूआ नायिका द्वारा प्रेरित होकर नायक को प्रेम-पथ पर सफलता-पूर्वक मार्ग-प्रदर्शन करता है। दूसरी में, विप्रयुक्त प्रेमी (नायक) के प्रेम को नायिका के लिये प्राप्त करने के लिये सूआ चेष्टा करता है परंतु असफल रहता है।

(२) जिस प्रकार पद्मावत में चित्तौड़ का पंडित पद्मावती के सूए को खरीदकर राजा रत्नसेन को देता है जिससे वह प्रिया के प्रेम का संवाद पहले-पहल सुनता है, उसी प्रकार 'ढोला' में नरवर का सौदागर पहले-पहल ढोला की खबर मारवणी और उसके पिता को देता है।

(३) राजा रत्नसेन ने योगी बनकर अनेक कष्ट सहन करते हुए अपनी प्रियतमा पद्मावती को पाया। इसी प्रकार ढोला ने अपनी प्रेयसी मारवणी को बड़ी कष्टपूर्ण साधना के बाद प्राप्त किया।

(४) दोनों कहानियों में अलौकिक तत्त्व (Supernatural element) का सहायक के रूप में हस्तक्षेप है। सिंहलद्वीप में महादेव के मंदिर में पूजार्थ आई हुई पद्मावती का प्रथम दर्शन कर रत्नसेन मूर्च्छित हो गया और जब पद्मावती लौट गई तब पछताकर चिता में भस्म होने को उद्यत हुआ। तब योगी और योगिन के रूप में महादेव-पार्वती ने इस सच्चे प्रेमी को मरने से रोका। इसी प्रकार ढोला के साथ नरवर को लौटती हुई मारवणी को जब जंगल में पीणा साँप काट गया और वह मर गई तब ढोला ने उसके वियोग में चिता लगाकर जल मरने की ठानी, परंतु योगी और योगिन ने आकर उसकी जान बचाई।

(५) नागमती ने अपने विरह-विलाप में उपवन के पक्षियों को अपने दुखड़े का संदेश रत्नसेन तक पहुँचाने की प्रार्थना की थी। इस संदेश को पक्षियों ने समुद्र-तट पर शिकार खेलते हुए रत्नसेन को पहुँचाया और नागमती और चित्तौड़ की शोचनीय दशा का हाल सुनकर रत्नसेन लौट पड़ा। परंतु उस समय तक रत्नसेन अपने प्रेम-मार्ग पर सिद्धि प्राप्त कर चुका था। मारवणी ने भी कुंज पक्षियों से इसी प्रकार प्रार्थना की थी और माळवणी ने तो शुक द्वारा संदेश भेज भी दिया था, परंतु तब तक अपना कार्य सिद्ध न होने से ढोला लौटा नहीं।

(६) पद्मावती को सिंहल से लेकर लौटते समय समुद्र के बीच में विभीषण नामक राक्षस ने रत्नसेन को बहकाकर विकट समुद्र में डाल दिया जहाँ से उसके जीवित बच निकलने की कोई आशा न रही थी। इस समुद्र के राजपक्षी ने उस प्रेमी की जान बचाई। ढोला भी दुष्ट ऊमर-सूमरा के धोखे में आकर जीवन-संकट में पड़ गया था परंतु उस समय "पोहर-संदी डूमणी" गायिका की चेतावनी से उसके प्राण बचे।

(७) दुष्ट ब्राह्मण राघव चेतन ने प्रतिशोध लेने की इच्छा से रत्नसेन को धोखा देकर बादशाह अलाउद्दीन को उसके विरुद्ध भड़काया और पद्मावती को पाने की इच्छा से बादशाह को लालायित किया। राघव की तरह ऊमर के दुष्ट चारण ने भी ढोला को धोखा देकर उसको अपने प्रेम-मार्ग से विचलित करने की चेष्टा की।

(८) प्रेम-कहानी को काव्योपयुक्त स्वरूप देने के लिये ऐतिहासिक घटनाओं को कल्पना के रंग में रँगने की आवश्यकता कवि को बहुधा पड़ती है। इससे रूखा-सूखा ऐतिहासिक तथ्य भी सरस, मधुर और हृदयग्राही हो जाता है। इस प्रकार के अधिकार का दोनों काव्यों में उपयोग मिलता है। इतिहास और कल्पना का मनोज्ञ सम्मिश्रण दोनों में हुआ है।

इन समताओं के होते हुए भी दोनों कथाओं के परिणाम में भेद है। अलाउद्दीन और देवपाल के प्रयत्न अंत में सफल होते हैं और परिणामतः रत्नसेन देवपाल के साथ युद्ध में मारा जाता है। अलाउद्दीन चित्तौड़ ले लेता है और नागमती और पद्मावती चितारोहण कर भस्म हो जाती हैं। परंतु ढोला के विरुद्ध ऊमर-सूमरा का षड्यंत्र निष्फल सिद्ध होता है और उस प्रेम-कहानी का सुख में अंत होता है। दोनों कहानियों का सुखांत और दुःखांत परिणाम-भेद भारतीय और वैदेशिक प्रणालियों का संस्कृति-जन्य भेद है।

(९) ढोला-मारू का प्रेम-वर्णन

साहित्य में भारतीय पद्धति के अनुसार दांपत्य-प्रेम का विकास चार प्रकार से माना गया है*—

(१) पहले भेद के अंतर्गत प्रथाबद्ध विवाह-संबंध द्वारा मर्यादाबद्ध प्रेम का क्रमशः विकसित और घनीभूत होना और जीवन की जटिल समस्याओं को कर्त्तव्यबुद्धि और धार्मिक आस्था के बल से सुलझाकर जीवन को सफल बनाना है। यह प्रेम अत्यंत स्वाभाविक, निर्मल, तथा शील और शक्ति-संपन्न होता है और इसमें विलासिता और कामुकता का पूर्णतः अभाव रहता है। उदाहरणतः राम और सीता का आदर्श प्रेम।

(२) दूसरे प्रकार का प्रेम प्रथम दर्शन द्वारा प्रेरित होकर विवाह के पूर्व ही अंकुरित हो जाता है। संसार-क्षेत्र में घूमते-फिरते नायक और नायिका अकस्मात् किसी उपवन, तड़ाग, वाटिका के पास मिलते हैं और उनका जीवन-सूत्र प्रेम की दृढ़ गाँठ में बँध जाता है। अंत में विवाह भी हो जाता है। इस प्रेम में स्वच्छंदता की मात्रा पहले प्रकार से अधिक रहती है। साहित्य में शकुंतला-दुष्यंत, विक्रम-उर्वशी का प्रेम इसी कोटि का समझना चाहिए।

(३) तीसरे प्रकार का प्रेम विलासिता और कामवासना का फल-स्वरूप होता है। पुराने समय के विलासी राजा अपने अंतःपुर में बैठे-बैठे ही अपने विलास की सामग्री-स्वरूप किसी सुंदर दासी अथवा परिचारिका को अपने प्रेम का आधार बना लेते थे। परिणाम में अंतःपुर में सपत्नी-डाह, कलह, ईर्ष्या इत्यादि दुर्भावनाओं का अभिनय होता था। इस प्रकार के कलुषित आदर्शभ्रष्ट और

---

* पं० रामचंद्र शुक्ल—'जायसी-ग्रंथावली' की भूमिका।

विलासी प्रेम का विकास उत्तर काल के संस्कृत काव्यों और नाटकों में, यथा श्रीहर्ष के नाटकों में, हुआ है।

(४) चौथे प्रकार का प्रेम स्वच्छंद रीति का प्रेम है जो नायक-नायिका के बीच एक-दूसरे के गुण-श्रवण, स्वप्न-दर्शन, चित्र-दर्शन द्वारा अंकुरित होकर एक दूसरे को पाने के प्रयत्नरूप में विकास को प्राप्त होता है। ऊषा ने अनिरुद्ध को स्वप्न में देखा और बाणासुर के अनेक रुकावटें डालने पर भी उसे प्राप्त करने का प्रयत्न किया और अंत में पा लिया। नल-दमयंती का प्रेम भी इसी कोटि का था। इस पद्धति में विवाह प्रयत्न के परिणाम में होता देखा गया है। ढोला-मारवणी का प्रेमी इसी कोटि का है। भेद इतना ही है कि ढोला और मारवणी का विवाह-संस्कार नाम मात्र के लिये बचपन में ही हो जाता है जो न होने के बराबर है, कारण उसकी स्मृति दोनों प्रेमियों में से किसी को भी नहीं रहती—

दउढ वरसरी मारुवी, त्रिहुँ वरसाँरउ कंत।
बाळपणइ परण्याँ पछइ, अंतर पड़्यउ अनंत ॥ ६१ ॥

वास्तव में मारवणी का प्रेम उसकी युवावस्था के प्रथम स्वप्न-दर्शन द्वारा, उषा के प्रेम की तरह, अंकुरित होता है और अंत तक इसी पद्धति में ढलकर प्रवाहित होता है—

इसइ आरखइ मारुवी सूती सेज विछाइ।
सालहकुँवर सुपनइँ मिल्यउ, जागि निसासउ खाइ ॥ १४ ॥

इस प्रकार के प्रेम-वर्णन में एक विशेषता यह होती है कि नायक-नायिका के विरह-विलाप द्वारा प्रेमी हृदय की कोमल भावनाओं का सूक्ष्म निदर्शन करने का कवि को अच्छा मौका मिल जाता है। ऐसे काव्यों में विप्रलंभ शृंगार और मानसिक भावनाओं का पक्ष प्रधान रहता है, संयोग शृंगार और शारीरिक

पक्ष को गौण स्थान मिलता है। यह बात ढोला और पद्मावत दोनों की कहानियों में समान रूप से सिद्ध है।

परंतु ढोला और पद्मावत की प्रेम-कहानी के प्राथमिक विकास में भेद है। यद्यपि दोनों कहानियों में प्रेम का प्रथम आभास नायिकाओं के हृदय में ही होता है परंतु पद्मावत में प्रेमी को पाने का प्रयत्न नायक रत्नसेन की ओर से प्रारंभ होता है। 'ढोला' में यह प्रयत्न नायिका मारवणी की ओर से आरंभ होता है। इस भेद का भी वही कारण है जो दोनों कहानियों के परिणाम-भेद के संबंध में हम ऊपर कह आए हैं। जायसी ने अरबी-फारसी की वैदेशिक कहानियों के आदर्श को दृष्टि में रखकर लैला-मजनूँ, शीरीं-फरहाद की तरह नायक को प्रेम-मार्ग पर पहले प्रयत्नशील करके कठिन साधना द्वारा उसके प्रेम की परीक्षा की है। फारस के प्रेम में नायक के प्रेम का वेग अधिक तीव्र दिखाई पड़ता है और भारतीय प्रेम में नायिका के प्रेम का। परंतु आगे चलकर दोनों कहानियों में नायक-नायिका का प्रेम सम तीव्र हो जाता है। नायक भी उतने ही उत्सुक और प्रयत्नशील दिखाई पड़ते हैं जितनी कि नायिकाएँ।

फारस की कहानियों में एक विशेषता यह भी पाई जाती है कि उनमें प्रदर्शित प्रेम ऐकांतिक, आदर्शस्थित (Idealistic) और लोक-बाह्य होता है। वास्तविक जीवन की परिस्थितियों के बीच होकर उसका प्रवाह नहीं बहता बल्कि जीवन से परे ऐकांतिक आदर्शोन्मुख होता है। इसके विपरीत भारतीय प्रेम-पद्धति लोक-समन्वित और व्यवहारात्मक होती है। उसका विकास-सूत्र वास्तविक जीवन के व्यवहार में बद्धमूल होता है। इस प्रकार का प्रेम-व्यवहार कर्त्तव्य-मार्ग का विरोधी नहीं, बल्कि उसका संपोषक बनकर जीवन के बीच से होकर बहता है। आदिकाल में उसका यही स्वरूप

रहा, यथा वाल्मीकि-रामायण में। परंतु पीछे से कादंबरी, नल-दमयंती, मालती-माधव, माधवानल-कामकंदला आदि आख्यानों में उसका दूसरा ऐकांतिक और लोकबाह्य रूप भी प्रकट हुआ। यद्यपि पद्मावत की प्रेम-पद्धति को सर्वथा लोकपक्षशून्य नहीं कह सकते, क्योंकि उसमें प्रेम की भावात्मक और व्यवहारात्मक दोनों शैलियों का सम्मिश्रण है, परंतु इसमें कोई संदेह नहीं है कि ढोला का मारवणी के प्रेम को प्राप्त करने का प्रयत्न कर्त्तव्य-बुद्धि द्वारा प्रेरित और संपोषित है, अतएव सर्वथा लोकसमन्वित और व्यवहार-सिद्ध है। वह जीवन का और जीवन से है। रामायण की तरह ढोला के आख्यान में जीवन के बहुत-से इतर व्यापारों का विशेष उल्लेख नहीं मिलता और रति के सिवा जो थोड़े से इतर व्यापारों और भावों का उल्लेख मिलता है वह भी प्रेम-भाव के उपकारी भावों की तरह। इसका कारण यह है कि इस कहानी का केंद्र सीमित होने से सारे व्यापार प्रेम-तत्त्व में केंद्रीभूत हैं।

अब यह देखना है कि मारवणी का स्वप्न-दर्शन से उत्पन्न राग वास्तव में प्रेम कहलाने के योग्य है अथवा नहीं और इसी प्रकार ढाढियों से मारवणी की दशा को सुनकर ढोला का उसके लिये व्याकुल होना प्रेम की युक्ति-संगत अभिव्यंजना है अथवा नहीं।

पूर्वराग रति का अंग अवश्य है परंतु पूर्ण रति नहीं। साहित्य-दर्पण में विप्रलंभ शृंगार के चार भेद किए गए हैं और पूर्वराग की परिभाषा इस प्रकार की गई है—

(१) स च पूर्वरागः मानप्रवासकरुणात्मकश्चतुर्द्धा स्यात्॥

सा० द० ३। २१३

(२) श्रवणाद्दर्शनाद्वापि मिथः संरूढरागयोः।
दशाविशेषो योऽप्राप्तौ पूर्वरागः स उच्यते॥ सा०द० ३।२१४

तोते के मुँह से पहले-पहल पद्मावती का रूप-वर्णन सुनकर

रत्नसेन का असह्य वियोग-व्यथा से व्यथित होकर मूर्च्छित हो जाना अस्वाभाविक सा जान पड़ता है। ऐसी दशा में पद्मावती के लिये उसका अभिलाषा मात्र करना स्वाभाविक हो सकता है। पद्मावती के पूर्वराग का विवेचन करते हुए पं० रामचंद्र शुक्ल ने 'जायसी ग्रंथावली' की भूमिका में लिखा है—

"दूसरे के द्वारा—चाहे वह चिड़िया हो या आदमी—किसी स्त्री या पुरुष के रूप-गुण आदि को सुनकर चट उसकी प्राप्ति की इच्छा उत्पन्न करनेवाला भाव लोभ मात्र कहला सकता है, परिपुष्ट प्रेम नहीं। लोभ और प्रेम के लक्ष्य में सामान्य और विशेष का ही अंतर समझा जाता है। पूर्वराग रूपगुणप्रधान होने के कारण सामान्योन्मुख होता है, परंतु प्रेम व्यक्ति-प्रधान होने के कारण विशेषोन्मुख होता है।"

इस दृष्टि से पद्मावती और रत्नसेन का प्रेम पहले-पहल प्रिय पुरुष को पाने की अभिलाषा के रूप में लोभ का भाव सिद्ध होता है। यह बात मारवणी के प्रेम के संबंध में सर्वथा सिद्ध नहीं होती। दोनों में अंतर—बड़ा अंतर है। रत्नसेन के आकस्मिक प्रेम की तीव्र अभिव्यक्ति वास्तविकता की सीमा का उल्लंघन कर गई। इसी प्रकार पद्मावती भी शुक के सामने अपनी काम-व्यथा को व्यक्त करती हुई स्त्रियोचित शील और मर्यादा से बाहर निकल जाती है और उसके खुलेपन को देखकर पाठक के मन में संकोच उत्पन्न होता है। यह सब अस्वाभाविक सा जँचता है। मारवणी का प्रेम मर्यादा और शील की सीमा में सर्वथा सुरक्षित रहकर प्रकट होता है और उसका क्रमागत विकास भी मनोवैज्ञानिक और लोक-व्यवहार की दृष्टि से युक्तियुक्त प्रतीत होता है।

यौवन के आरंभ में मारवणी को स्वप्न में पति के दर्शन होते हैं और उसके हृदय में एक अज्ञात वेदना उद्भूत होती है—"साल्ह-

कुँवर सुपनै मिल्यौ जागि निसासौ खाइ।" वियोग का दुःख उसके लिये अज्ञात वेदना है। उसे वेदना अवश्य होती है, परंतु वह स्त्री-सुलभ शील और मर्यादा को रखती हुई उसे गंभीरता-पूर्वक सहन करने की क्षमता भी रखती है; न तो मूर्च्छित होती है, न हाय-तोबा मचाकर आकाश-पाताल को एक करती है। इस दशा का सूक्ष्म परिचय कवि बड़े उत्तम ढंग से यों कराता है—

थाह निहाळइ, दिन गिणइ, मारू आसा-लुध्ध।
परदेसे घाँघल घणा, विखउ न जाणइ मुध्ध॥ १७॥

'थाह निहाळइ' में प्रतीक्षाजन्य धैर्य्य, 'आसालुद्ध' में आशा और अभिलाषा, 'विखउ न जाणइ मुध्ध' में अकस्मात् आए हुए प्रथम वियोग-दुःख से अपरिचय—इन भावों को स्पष्टतया दिखलाकर कवि ने मारवणी के प्रेम को मर्यादा, शील, शक्ति और लोक-व्यवहार की दृढ़ सीमा से निकलने नहीं दिया है। शील-शक्ति-संपन्न मर्यादित भारतीय प्रेम-पद्धति का कैसा आदर्श चित्र है!

दूसरी ओर इसके विपरीत ऐसे ही मौके पर पद्मावती की पूर्वरागावस्था में वियोग-प्रलाप की अस्वाभाविक तीव्रता को आक्षेप से बचाने के लिये जायसी ने यह कारण दिया है—"पदमावति तेहि जोग सँजोगा। परी प्रेमबस गहे बिजोगा॥" परंतु इस परोक्षवाद अथवा योग के चमत्कार से वर्णन का अनौचित्य कम नहीं हो जाता।

लौकिक दृष्टि से देखनेवाली सखियों को मारवणी के आकस्मिक प्रेमोद्रेक पर आश्चर्य्य हुआ; इसलिये नहीं कि वह कोई असंभाव्य बात थी, वरन् इसलिये कि उसके अकस्मात् और अलक्षित कारणों द्वारा व्यक्त होने से सखियों को मर्यादा-भंग होने की आशंका हुई और उन्होंने यह बड़ा टेढ़ा प्रश्न पूछा,—यदि वे न पूछतीं तो कहानी पढ़कर मनोवैज्ञानिक आलोचक तो अवश्य पूछते—

अम्हाँ मन अचरिज भयउ, सखियाँ आखइ एम ।
तइँ अणदिट्ठा सज्जणाँ, किउँ करि लग्गा पेम ॥ २० ॥

और इसके उत्तर में मारवणी क्या ही लाजवाब उत्तर देकर प्रेम के सर्वोत्कृष्ट आदर्श को व्यक्त करती है—

जे जीवण जिन्हाँ-तणाँ तन ही माँहि वसंत ।
धारइ दूध पयोहरे बाळक किम काढंत ॥ २१ ॥

प्रेम के इस पवित्र आदर्श को जानकर—जिसका निर्वाह कहानी में सर्वत्र हुआ है—अब कुछ कहना नहीं रह जाता। सखियाँ भी निरुत्तर होकर कह उठती हैं—

मारूनूँ आखइ सखी, एह हमारी बुझ्झ ।
साल्हकुँवर सुहिणइ मिल्यउ, सुंदरि, सउ वर तुझ्झ ॥ २४ ॥

जब तक सखियों ने निश्चयरूप से मारवणी की इस भावना का—कि स्वप्न में देखा हुआ प्रिय पुरुष तुम्हारा धर्मानुसार वरण किया हुआ पति है—समर्थन नहीं कर दिया तब तक मारवणी का प्रेम एक कुलीन आर्य-ललना के मर्यादोचित प्रेम के रूप में मनसा वाचा कर्मणा अकलुषित होकर प्रवाहित होता है। सखियों द्वारा प्रमाणित हो जाने पर उसे काम-जनित व्याकुलता होने लगती है और यह अनुचित भी नहीं है—

सखी-वयण सुंदरि सुण्या, उठी मदन की झाळ ।
सुंदरिनूँ सज्जण-विरह ऊपन्नउ ततकाळ ॥ २५ ॥

तदनंतर उत्तरोत्तर बढ़ती हुई यह व्याकुलता विरह-विलाप के रूप में प्रकट होती है। मारवणी पहले चातक पक्षियों से अपना दुखड़ा सुनाती है, फिर सारस और क्रौंचों के सामने विनय के रूप में अपना हृदय खोलकर अपनी वेदना सुनाती है और प्रार्थना करती है कि उसका संदेश कोई प्रिय को ले जाकर सुनावे। मारवणी

के विरह की उक्तियाँ अत्यंत सरस, मर्मस्पर्शी, स्वाभाविक और प्रेम की कोमल भावनाओं से भरी हुई हैं।

प्रेम विशेषोन्मुख होता है और पूर्णता प्राप्त करने के लिए उसे प्रिय के साक्षात्कार की आवश्यकता होती है। मारवणी का ढोला के प्रति राग चाहे कितना ही तीव्र और वैवाहिक संस्कार द्वारा परिष्कृत क्यों न हो, जब तक उसका ढोला से मिलाप नहीं होता तब तक हम उसे पूर्वराग ही कहेंगे। विवाह-संबंध पूर्वघटित हो जाने से उसके विरह-विलाप इतने आक्षेप-योग्य और अस्वाभाविक नहीं कहे जा सकते जितने कि पद्मावती की पूर्वरागावस्था के तीव्र प्रलाप। ढोला से मिलने पर मारवणी का पूर्वराग पूर्ण प्रेम की दृढ़ता प्राप्त कर लेता है जिसका परिचय मारवणी की उस क्षिप्र बुद्धि-जन्य समयोचित चेतावनी में मिलता है, जो उसने ऊमर सूमरा के षड्यंत्र में पड़े हुए अपने पति को देकर उसके प्राण बचाए थे।

अब यह देखना चाहिए कि ढोला का प्रेम पहले-पहल किस रूप में प्रकट हुआ। ढाढियों के आशय-गर्भित संवाद को गान के रूप में रात भर ढोला ने सुना। सुनकर मन में बेचैनी तो रही, परंतु उसका कारण सवेरे उनको बुलाकर सारा हाल पूछने से मालूम हुआ—

ढाढी गाया निसह भरि, सुणियउ साल्ह सुजाँण।
ओछइ पाँणी मच्छ ज्यउँ वेल्लत थयउ विहाँण॥ १९२॥

मारवणी का वृत्तांत सुनकर ढोला को रत्नसेन की तरह मूर्च्छा नहीं आ गई और न उसने पागल की तरह प्रलाप ही किया। एक प्रकार का क्षोभ अवश्य हुआ, यह जानकर कि इतने दिन तक अपनी परिणीता प्रेयसी की सुध न लेकर जीवन के दिन व्यर्थ ही गँवाए—

ढोलइ मनि आरति हुई, सांभळि ए विरतंत।
जे दिन मारू विण गया, दई न ग्याँन गिणंत॥ २०८॥

ढाढियों द्वारा संदेश सुनकर ढोला के मन में आनंदोत्साह हुआ, जैसे किसी को अपनी खोई अथवा भुलाई हुई बहुमूल्य निधि को पाकर आनंद होता है।

परंतु अब ज्यों-ज्यों वह मारवणी की शोचनीय दशा का स्मरण करता है त्यों-त्यों प्रेयसी से मिलने की उत्कंठा, और उसको अपनी दुखी दशा से विमुक्त करने की चिंता और चेष्टा का उत्साह उसके भावों को त्वरित करने लगा। कवि ने संक्षेप में ढोला के मन की दशा को यों व्यक्त किया है—

आडा डूँगर वन घणा, तांह मिळीजइ केम।
ऊलाळीजइ मूँठ भरि मन सोँचाणउ जेम ॥२१२॥
इहाँ सु पंजर मन उहाँ, जइ जाणइला लोइ।
नयणा आडा वींझ वन, मनह न आडउ कोइ ॥२१३॥
जिउँ मन पसरइ चिहुँ दिसइ, जिम जउ कर पसरंति।
दूरि थकाँ ही सज्जणाँ, कंठा ग्रहण करंति ॥२१४॥

माळवणी अपने सुपुष्ट व्यवस्थित प्रेम के प्रभाव से येन-केन-प्रकारेण एक वर्ष तक ढोला की यात्रा स्थगित कर रखती है। माळवणी को, ढोला को उसकी यात्रा से विरत करने का, अधिकार था और वह अधिकार उसके प्रेम की दृढ़ता का द्योतक है। सपत्नी-द्वेष स्त्री-हृदय की एक स्वाभाविक कमजोरी है। कमजोरी ही नहीं, वह प्रेम में एकनिष्ठता और अनन्यता की पोषक शक्ति भी है। माळवणी स्त्री थी, अतएव सपत्नी-डाह के लिये हम उसे बुरा नहीं कह सकते। इसके अतिरिक्त माळवणी के प्रेमपूर्ण उद्गारों में एक प्रकार की शक्ति, पवित्रता, गंभीरता, करुणा और अनुभव-शीलता भरी है। वह मर्यादा से कहीं भी च्युत नहीं हुई है।

परंतु ढोला के प्रसंग में देखना यह है कि मारवणी का संदेश ढाढियों द्वारा सुनकर जो ढोला तत्काल ही अत्यंत प्रेमातुर और

उत्कंठित प्रतीत होता है, उसका एक वर्ष तक यात्रा को स्थगित रखना या तो मारवणी के प्रति प्रेम की शिथिलता को प्रकट करता है अथवा कर्त्तव्य को कार्यरूप में परिणत करने का अनुत्साह अथवा असामर्थ्य। परंतु विचार कर देखने पर ढोला पर प्रेम-शैथिल्य अथवा अनुत्साह दोनों में से एक भी आक्षेप का आरोप नहीं हो सकता। इसका कारण यह है कि उस समय ढोला के लिये प्रेम-मार्ग में बड़ी कठिन समस्या उपस्थित हो गई थी। उसके प्रेम की समान रूप से अधिकारिणियाँ माळवणी और मारवणी दोनों थीं। वह किस संयोगिता को छोड़कर वियोग-दुःख से दुखी करे और किस वियुक्ता को ग्रहण कर संयोग-सुख से सुखी करे। दोनों ओर से प्रेम और कर्त्तव्य-बुद्धि की खींचातान उपस्थित हो गई। माळवणी के प्रेम का तिरस्कार भी वह आसानी से नहीं कर सकता था। माळवणी को जिस किसी तरह प्रसन्न करके उसकी आज्ञा लेकर ही वह चलता है। ढोला के मारवणी के प्रति पूर्वराग को हम रत्नसेन की तरह केवल रूप-लोभ नहीं कह सकते। उसमें कर्त्तव्य-बुद्धि द्वारा प्रेरित प्रिय-मिलनोत्साह सम्मिलित है। अतएव हम उसे ढोला के मन की वह उदात्त भावना कहेंगे जिसमें मर्यादा-पालन, धर्म-रक्षा और समाज के विशिष्ट संस्कार-जन्य वैवाहिक प्रतिज्ञा का पालन मिश्रित है। यद्यपि मारवणी की विरह-दशा अधिक शोचनीय होने के कारण हमारी सहानुभूति का खिंचाव उसकी ओर ही अधिक होता है और हम ढोला की ढील को मारवणी के प्रति क्रूरता और अन्याय कहेंगे, परंतु यदि ढोला की परिस्थिति में अपने को रखकर विचार करें तो उसका व्यवहार युक्ति-संगत ही प्रतीत होगा। ढोला के राग को हम पूर्ण प्रेम की अवस्था भी नहीं कह सकते क्योंकि प्रेम में प्रेमी व्यक्तियों के साक्षात्कार की आवश्यकता होती है और अभी ढोला और मारवणी का साक्षात्कार

नहीं हुआ है। पूर्वराग की यह अपूर्णता न होती तो जब रास्ते में ऊमर के चारण से मिलने पर उसे मारवणी की गलित-यौवनावस्था का हाल मालूम होता है, तब ढोला के मन में संशयजन्य विरक्ति का भावोदय न होता। पूर्ण प्रेम की कोटि को पहुँचे हुए प्रेमियों में प्रेमी की पतितावस्था को जानकर उसके प्रति प्रेम और घनीभूत हो जाता है और समवेदना और सहायता के रूप में प्रगतिशील होता है, न कि विरक्त हो जाता है। मारवणी से मिलने पर यही पूर्वराग दृढ़ और एकनिष्ठ होकर सात्त्विक प्रेम की कोटि पर स्थापित हो जाता है। अब संशय, स्वार्थ और लोभ-जनित किसी प्रकार की क्षुद्र कमजोरी उसे प्रेम के कर्त्तव्य-मार्ग से विचलित अथवा विरक्त नहीं कर सकती। मारवणी के साँप से डसे जाने पर ढोला मरने को तैयार हो जाता है और पूगऊवासियों के इस प्रस्ताव पर कि—

मारू त्रिहुँ बरसे बड़ी, चंपारइ उणिहार।
सा कुँमरी परणाविस्याँ, चालउ, राजकुँमार॥ ६१३॥

वह ध्यान तक नहीं देता। इसी प्रकार महादेव के मंडप में पद्मावती का साक्षात्कार प्राप्त कर रत्नसेन का रूपलोभजनित पूर्वराग सात्त्विक प्रेम की दृढ़ता को प्राप्त कर लेता है।

यात्रा के वर्णन को बीच-बीच में से उठाकर क्रमशः जाँच करने पर भी यही प्रतीत होता है कि उसमें वास्तविक सत्यता बहुत कुछ है। आधी रात को रवाना होकर ढोला प्रातःकाल के समय चंदेरी और बूँदी के सीमा-प्रदेश पर सरोवर के तीर दँतुवन करने को ठहरा, जहाँ मालवणी का भेजा हुआ शुक उससे मिला था। यह फासला लगभग ६०-६५ कोस का था और सूर्योदय के समय तक ढोला लगभग ७ घंटे की यात्रा कर चुका था। इससे एक घंटे में १० कोस की रफ्तार का अनुमान पुष्ट होता है। यात्रा के क्रम-विकास में दूसरा प्रमाण "त्रीजइ पुहरि उलाँघियउ आडवळारउ घट्ट" (४२४) में मिलता है। चंदेरी और बूँदी राज्यों के सीमा-प्रदेश से अरावली पर्वतमाला की घाटी अर्थात् पुष्कर के आस-पास के मार्ग तक ढोला ने प्रातःकाल से लगाकर दिन के तीसरे पहर अर्थात् ३-४ बजे तक यात्रा की थी। सारांश, लगभग १०० कोस की यात्रा ढोला ने ९-१० घंटों में संपन्न की। इससे भी घंटे में १० कोसवाले औसत की पुष्टि होती है।

पुष्कर से पूगळ का फासला लगभग ८० कोस का है। उसे ढोला ने दिन के तीसरे प्रहर से रात के पहले प्रहर के बीच में पार किया होगा। यद्यपि इस बात का स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता कि ढोला पूगळ में ठीक किस समय पहुँचा, परंतु उसने वीसू चारण के द्वारा मारवणी को निम्नांकित संदेश पहले ही भेज दिया था—

वीसू, सुणि, ढोलउ कहइ, हिव खड़ि पूगळ जात।
देह वधाई दिन थकइ, म्हे आएस्यां रात॥ ४९०॥

इससे तो ढोला का कुछ रात बीते पूगळ पहुँचना निश्चित होता है। साथ ही इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि अपनी यात्रा के

अंतिम भाग में—अर्थात् पुष्कर से पूगळ की राह में—उसने बहुत तेजी की थी; ऊँट को जगह-जगह फटकारा भी था और सड़सड़ बेतों से मारा भी था। इससे उसके मन की यह व्यग्रता, कि संध्या होते-होते पूगळ पहुँच जाय, अवश्य विदित होती है। परंतु ऐसा अनुमान होता है कि वह कुछ रात्रि बीतने पर पूगळ पहुँचा होगा, पहले नहीं।

उत्तरार्ध

भाषा और व्याकरण का विवेचन

(१) प्राक्कथन

ढोला-मारूरा दूहा काव्य की भाषा राजस्थानी हिंदी है। यहाँ पर राजस्थानी भाषा के विकास का संक्षिप्त इतिहास दे देना अनुचित न होगा।

राजस्थानी राजस्थान प्रांत की भाषा है। राजस्थान केवल आधुनिक राजपूताना प्रांत तक ही परिमित नहीं है किंतु माळवा और हिसार का भी बहुत-सा भाग राजस्थान के ही अंतर्गत समझा जाना चाहिए। राजस्थानी इस समस्त भू-खंड की भाषा है। भाषा-विज्ञान के विद्वानों ने राजस्थानी को हिंदी से स्वतंत्र एवं सर्वथा भिन्न भाषा गिना है पर जब व्रज और अवधी एवं खड़ीबोली तथा बिहारी जैसी विभाषाएँ हिंदी के अंतर्गत गिनी जा सकती हैं तो राजस्थानी को भी हिंदी की विभाषा माना जा सकता है। हम आधुनिक हिंदी भाषा के दो मोटे विभाग करके उसकी विभिन्न विभाषाओं को इस प्रकार विभक्त करेंगे—



राजस्थानी का विकास अपभ्रंश से हुआ है। अपभ्रंश से विकसित प्राचीन राजस्थानी से ही आधुनिक राजस्थानी, व्रजभाषा और गुजराती का जन्म हुआ है। अपभ्रंश-काल के पश्चात् एक जमाने तक उस समस्त भू-खंड में, जो आजकल पश्चिमी हिंदी, राजस्थानी और गुजराती का अधिकार-क्षेत्र है, बोलचाल एवं साहित्य की भाषा राजस्थानी रही है।

राजस्थानी हिंदी की समस्त शाखाओं में प्राचीनतम है। वह अपभ्रंश की जेठी बेटी है। जिस समय भारतीय जनता की साधारण भाषा प्राकृत थी उस समय कतिपय आभीर आदि निम्न कोटि की जातियाँ उसे बिलकुल उस रूप में न बोलती थीं जिसमें कि अन्य लोग उसे बोलते थे। जो रूप उनमें प्रचलित था वह अशुद्ध या अपभ्रष्ट था। प्रारंभ में उन्हीं की बोलचाल की भाषा अपभ्रंश कहलाती रही होगी। भाषा सदा बदलती रहती है, इस नियम के अनुसार प्राकृत भाषा विकृत होने लगी। प्राकृत का यह विकृत रूप आगे चलकर अपभ्रंश नाम से प्रसिद्ध हुआ। अनुमानतः विक्रम की पाँचवीं-छठी शताब्दी के लगभग प्राकृत, संस्कृत की भाँति, केवल साहित्यिक भाषा रह गई और उस समय तक अपभ्रंश जन-साधारण की बोलचाल की भाषा बन चुकी थी। जब अपभ्रंश जनता की भाषा हुई तो साहित्य-सेवी भी उस ओर झुके और अपभ्रंश ने साहित्य में भी पैर रखा। साहित्य में आकर अपभ्रंश का रूप स्थिर हो गया पर जन-साधारण की भाषा कभी स्थिर रूप में नहीं रह सकती। उसमें परिवर्त्तन होना शुरू हुआ। विकृत होकर वह नवीन रूप धारण करने लगी। धीरे-धीरे बाद की अपभ्रंश पहले की अपभ्रंश से दूर जा पड़ी और अंत में वर्तमान काल की देश-भाषाओं में परिवर्तित हो गई। इस प्रकार आधुनिक हिंदी, गुजराती, राजस्थानी, बँगला, मराठी आदि देशभाषाओं का अपभ्रंश से विकास हुआ।

अपभ्रंश का युग कब समाप्त होता है और देशभाषाएँ कब से आरंभ होती हैं यह बतलाना बहुत कठिन है। अपभ्रंश धीरे-धीरे विकृत होती हुई इन भाषाओं में परिवर्तित हुई है और इस कार्य में कई शताब्दियाँ लगी हैं। इस बीच के विकास के समय को हम परिवर्तन-काल (Transition Period) कहेंगे। इस काल की भाषा शुद्ध अपभ्रंश न होते हुए भी अपभ्रंश से विशेष विभिन्न नहीं है। यह परिवर्तन-युग विक्रम की दसवीं शताब्दी से बारहवीं शताब्दी के अंत तक माना जा सकता है *। तेरहवीं शताब्दी में राजस्थानी आदि देशभाषाएँ अपभ्रंश से स्पष्टतया भिन्न हो चुकी थीं।

इस परिवर्तन-काल की भाषा को सुप्रसिद्ध विद्वान् चंद्रधर शर्मा गुलेरी पुरानी हिंदी का नाम देते हैं। गुजराती भाषा के विद्वान् मोहनलाल दलीचंद देसाई ने उसे जूनीहिंदी-जूनीगुजराती कहा है। अन्य विद्वान् इसे प्राचीन-राजस्थानी कहते हैं। हमारी समझ में ये नाम उपयुक्त नहीं हैं। उक्त भाषा कुछ थोड़े-बहुत फेरफार के साथ समस्त उत्तरी भारत में प्रचलित थी और उसी से वर्त्तमान देशभाषाओं

---

* यह बात साहित्य की भाषा के लिये ही कही जा सकती है। बोलचाल की भाषा का परिवर्तन-काल तो विक्रम की आठवीं-नवीं शताब्दी से ही आरंभ हो जाता है।

साहित्यिक लोग बोलचाल की भाषा के पर्याप्त प्रचार हो जाने के बाद ही उसका प्रयोग साहित्य-रचना में करते हैं। कोई भी भाषा साहित्यिक भाषा होने के पूर्व बहुत काल तक बोलचाल की भाषा रहती है। परंतु कभी-कभी महात्मा बुद्ध, रामानंद, कबीर जैसे संत-महात्मा जन्म लेते हैं जो साहित्यिक भाषा की पर्वाह न करके लोक-भाषा को ही अपनाते हैं और उसी में अपने अमूल्य उपदेशों को ग्रथित करते हैं। ऐसे कई सिद्ध महापुरुष नवीं एवं उसके बाद की शताब्दियों में हुए और उन्होंने देश भाषा में ही रचना की जो कुछ अंशों में प्राप्त हुई हैं। श्रीयुत हरप्रसाद शास्त्री ने ऐसी कतिपय रचनाओं को संगृहीत करके 'बौद्धगान ओ दोहा' नाम से प्रकाशित करवाया है। (इनके उदाहरण आगे चलकर दिए जायँगे)

का विकास हुआ है। वह केवल हिंदी और गुजराती की ही जन्मदात्री नहीं है किंतु उससे अन्य भाषाओं का भी जन्म हुआ है। वास्तव में उसे उत्तरकालीन अपभ्रंश कहना चाहिए। अतः हम इन प्रांतीयता-सूचक नामों को ग्रहण न करके इस भाषा को लोक-भाषा कहेंगे।

(२) अपभ्रंश का विकास

अपभ्रंश शब्द आरंभ में किसी भाषा के लिये प्रयुक्त नहीं होता था। निरक्षर या साधारण जनता शिष्ट भाषा के शब्दों का उच्चारण कुछ विकृत रूप में करती थी। शब्दों के इन्हीं विकृत रूपों को आरंभ में अपभ्रंश कहा जाता था। पतंजलि ने अपने महाभाष्य में इस शब्द का प्रयोग इसी अर्थ में किया है। जैसे--

एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः। तद् यथा—

गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिकेत्येवमादयोऽपभ्रंशाः।

शिष्ट और साक्षर लोग भाषा की शुद्धता का ध्यान रखते हुए गौ शब्द का प्रयोग करते थे पर निरक्षर और साधारण लोग गावी, गोणी आदि शब्दों का प्रयोग करते रहे होंगे जिस प्रकार आजकल भी पढ़े-लिखे लोग सूर्य या सूरज शब्द का प्रयोग करते हैं और निरक्षर लोग सुरुज, सूरुज, सुरिज, सूरिज आदि अपभ्रष्ट रूपों को काम में लाते हैं।

अपभ्रंश भाषा का सबसे पहले पता भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में चलता है जिसका समय विक्रम की दूसरी एवं तीसरी शताब्दी के अनंतर नहीं हो सकता। उसमें अपभ्रंश नाम तो नहीं आया है पर संस्कृत और प्राकृत के अतिरिक्त देश-भाषा का उल्लेख किया गया है—

एवमेतत्तु विज्ञेयं संस्कृतं प्राकृतं तथा।
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि देशभाषा-प्रकल्पनम् ॥

आगे चलकर सात भाषाओं और सात विभाषाओं का उल्लेख किया गया है। इनमें सातों भाषाएँ तो सात प्राकृत भाषाएँ हैं। विभाषाओं में शबर, आभीर, चांडाल, चेर (आधुनिक केरल), द्रविड़, ओड्र इन छः जातियों की तथा जंगली जातियों की बोलियों को गिनाया गया है।

नाट्यशास्त्र के जमाने के आसपास प्राकृतें शिष्ट-समुदाय की ही भाषाएँ रह गई होंगी और निरक्षर लोग उसी का अपभ्रष्ट रूप काम में लाते होंगे जिस पर धीरे धीरे उक्त आभीर आदि जातियों की बोलियों का प्रभाव अवश्य पड़ा होगा।

नाट्यशास्त्र में यह भी कहा गया है कि सिंधु (आधुनिक सिंध), सौवीर (आधुनिक पश्चिम-दक्षिणी पंजाब) और उनके आसपास के पहाड़ी प्रदेश में उकार-बहुल भाषा प्रयुक्त होती है जो अपभ्रंश का एक मुख्य लक्षण है। आगे चलकर बत्तीसवें अध्याय में जो उदाहरण दिए गए हैं वे अपभ्रंश से मिलते-जुलते या बिलकुल अपभ्रंश ही हैं। इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि नाट्यशास्त्र के जमाने में प्राकृत के अतिरिक्त देशभाषा का प्रचार था पर उसका कोई अलग नाम अभी तक नहीं पड़ा था। यह देशभाषा केवल निम्न कोटि की जनता की बोली-मात्र थी एवं साहित्य-रचना इसमें नहीं होती थी।

इसके बाद सातवीं शताब्दी में अपभ्रंश के उल्लेख मिलते हैं और इस समय वह केवल बोलचाल की भाषा ही नहीं थी किंतु उसमें साहित्य-रचना भी होने लगी थी। वलभी के राजा दूसरे धरसेन का एक शिलालेख मिला है जिसमें उसने अपने पिता गुहसेन के लिये लिखा है—

संस्कृत-प्राकृताऽपभ्रंश-भाषात्रय-प्रतिबद्ध-
प्रबंधरचना-निपुणतरांतःकरणः ।

(संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश इन तीन भाषाओं में काव्य-रचना करने में अति चतुर अंतःकरणवाला ।)

इस राजा गुहसेन के शिलालेख सं० ६१६ से ६२६ तक के मिलते हैं जिससे उसका समय सातवीं शताब्दी के आरंभ में सिद्ध होता है ।

इसी समय के आसपास प्रसिद्ध विद्वान् भामह हुआ जो काव्य के तीन विभाग करता है—

संस्कृतं, प्राकृतं, चान्यदपभ्रंश इति त्रिधा ।

महाकवि दंडी का समय भी इससे बहुत दूर नहीं है । उसने अपने काव्यादर्श में भारतीय साहित्य को चार भागों में बाँटा है—

तदेतद् वाङ्मयं भूयः संस्कृतं प्राकृतं तथा ।
अपभ्रंशं च मिश्रं चेत्याहुरार्याश्चतुर्विधम् ॥

इन प्रमाणों से सिद्ध होता है कि विक्रम की छठी-सातवीं शताब्दी में अपभ्रंश साहित्य में पैर रख चुकी थी और उसका इतना आदर हो गया था कि एक राजा उसमें काव्य-रचना कर सकने को अपने लिये गौरव की बात समझे । भामह और दंडी के जमाने तक उसका साहित्य इस योग्य हो गया था कि काव्य का विभाजन करते समय उसका नाम लिया जाय ।

इस समय वह साधारण निम्न जातियों की ही बोलचाल की भाषा नहीं थी किंतु समस्त जनता की बोलचाल की एवं जीवित साहित्य की भाषा हो चुकी थी और प्राकृत केवल मृत भाषा ही रह गई होगी या अधिक-से-अधिक उसका प्रयोग बहुत थोड़े विद्वानों में ही होता रहा होगा ।

राजशेखर के जमाने तक अपभ्रंश खूब साहित्य-संपन्न भाषा हो गई थी। साहित्य में अपभ्रंश का एकच्छत्र राज्य कोई ग्यारहवीं शताब्दी तक रहा। ग्यारहवीं शताब्दी से देशभाषा प्रधानता प्राप्त करने लगी और बारहवीं शताब्दी के बाद तो अपभ्रंश का साहित्यिक महत्त्व भी बहुत कुछ जाता रहा।

इस प्रकार अपभ्रंश का काल विक्रम की दूसरी शताब्दी से ग्यारहवीं शताब्दी तक माना जा सकता है।

अपभ्रंश का मुख्य स्थान राजस्थान, मालवा, गुजरात, सिंध और पश्चिमी पंजाब था। आरंभ में इसका विकास संभवतया यहीं हुआ और धीरे-धीरे समस्त भारत में उसका प्रसार हो गया। प्रांतीय भेद उसमें अवश्य रहे होंगे पर परस्पर का अंतर इतना नहीं रहा होगा कि एक प्रांत के निवासियों को दूसरे प्रांतवालों की बोली को समझने में कठिनता हो।

ऊपर हम भरत-नाट्यशास्त्र के इस कथन का उल्लेख कर चुके हैं कि उकार-बहुला भाषा सिंध और पश्चिमी पंजाब में बोली जाती थी। दंडी अपभ्रंश को आभीर आदि जातियों की भाषा कहता है। आभीर जाति का प्रारंभिक निवास सिंध, पंजाब और बाद में राजस्थान, गुजरात आदि का भू-भाग ही था। आभीर आदि निम्न जातियाँ शिष्ट भाषा का शुद्ध उच्चारण नहीं कर सकती थीं जिससे उनकी भाषा को अपभ्रंश नाम दिया गया होगा और बाद में जब प्राकृत अपभ्रष्ट होने लगी तो यह नाम व्यापक होकर समस्त जनता की बोलचाल की भाषा के लिये प्रयुक्त हो गया। राजशेखर ने काव्य-मीमांसा में लिखा है कि अपभ्रंश का प्रयोग समस्त मरु (आधुनिक मारवाड़ या पश्चिमी राजस्थान), टक्क (आधुनिक पूर्वी पंजाब का कुछ भाग) और भादानक प्रदेशों में होता है। एक अन्य स्थान पर वह लिखता है कि सौराष्ट्र (आधु-

निक काठियावाड़) और त्रवण आदि देशों के लोग संस्कृत को सौष्ठव के साथ पढ़ते हैं पर अपभ्रंश के मिश्रण के साथ। भोजराज अपने सरस्वतीकंठाभरण में लिखते हैं—

अपभ्रंशेन तुष्यंति स्वेन नान्येन गुर्जराः।

इन सब कथनों से स्पष्ट होता है कि अपभ्रंश मुख्यतया राजस्थान, मालवा, गुजरात और सिंध तथा पंजाब की भाषा थी और वहाँ से धीरे-धीरे उसका सर्वत्र प्रचार हुआ। कम-से-कम साहित्य-रचना तो विशेषतया इन्हीं प्रदेशों में हुई है। अपभ्रंश के मुख्य भेद नागर, उपनागर और ब्राचड़ इन्हीं प्रांतों में प्रचलित थे एवं आधुनिक देशभाषाओं में राजस्थानी, माळवी एवं गुजराती ही अपभ्रंश के सबसे अधिक सन्निकट भाषाएँ हैं।

इन प्रांतों की अपभ्रंश ने साहित्य में इतनी श्रेष्ठता प्राप्त कर ली थी कि अन्यान्य प्रांतीय भेद उसके सामने दब गए। उनमें या तो साहित्य-रचना हुई ही नहीं या बहुत कम हुई और उसका भी अधिकांश भाग नष्ट हो गया।

इसके अतिरिक्त यह संभावना भी हो सकती है कि जिस प्रकार आधुनिक हिंदी की बोलियों में खड़ी बोली को ही साहित्यिक भाषा होने का गौरव प्राप्त है एवं अन्यान्य बोलियाँ केवल बोलचाल के ही काम में आती हैं, उसी प्रकार उस जमाने में भी पश्चिमी अपभ्रंश ही साहित्य-रचना के लिये प्रयुक्त होती थी और अन्य प्रांतों की अपभ्रंशें केवल बोलचाल की भाषाएँ रही होंगी। इसके अलावा उस जमाने में पढ़े-लिखे हिंदू विद्वान् अपनी संस्कृत में ही मस्त थे और साहित्य-रचना उसी में करते थे। जैन विद्वान् ही प्राकृत और अपभ्रंश की ओर ध्यान देते एवं उसमें साहित्य-रचना करते थे। ये जैन विद्वान् विशेष करके पश्चिम भारत के ही रहनेवाले थे अतः अपभ्रंश-साहित्य की रचना उधर की ही

अपभ्रंश में हुई होगी एवं बाकी अपभ्रंशें बोलचाल में ही काम आती होंगी*।

(३) उत्तरकालीन अपभ्रंश अथवा लोक-भाषा (पुरानी हिंदी या जूनी गुजराती) का विकास

आधुनिक देशभाषाओं का विकास अपभ्रंश से हुआ है। अपभ्रंश भाषा प्रायः समस्त उत्तरी भारत की भाषा थी। उसमें प्रांतीय भेद अवश्य थे, जिसके कारण लोगों ने कई अपभ्रंशें मानी हैं, पर प्राकृतों की भाँति उन भेदों में बहुत ही कम अंतर था। पर अपभ्रंश के बाद जिस भाषा का विकास हुआ वह भिन्न-भिन्न प्रांतों में भिन्न-भिन्न प्रकार की हो गई। अवश्य ही आरंभ में इतना भेद नहीं था पर यह भेद धीरे-धीरे बढ़ता गया जिससे देश में एक भाषा के स्थान पर कई भाषाओं का जन्म हो गया। सम्राट् हर्षवर्धन (सं० ६६३–७०४) के जमाने तक उत्तरी भारत एक ही शासन के नीचे रहा पर उनके बाद देश की राजनीतिक एकता छिन्न-भिन्न हो गई। विभिन्न प्रांतों का पारस्परिक आवागमन और मिलना-जुलना धीरे-धीरे कम होता गया। इस प्रकार पारस्परिक व्यवहार नष्ट हो जाने से भाषा की एकता भी धीरे-धीरे नष्ट हो गई।

अपभ्रंश से वर्त्तमान देशभाषाओं का जन्म हुआ। पर यह विकास आकस्मिक नहीं किंतु शताब्दियों का काम था। ये भाषाएँ आरंभ में अपभ्रंश से बहुत कुछ प्रभावित रहीं और अंत में देश-भेद से भिन्न-भिन्न रूपों में विकसित हुईं। इनके स्पष्ट विकास के

---

* दक्षिण-निवासी पुष्पदंत कवि के, जो मान्यखेट के राष्ट्रकूट राजा कृष्ण तीसरे के समय में हुआ है, अपभ्रंश में लिखे हुए कई ग्रंथ मिले हैं। उनकी भाषा इस मुख्य अपभ्रंश से प्रायः सर्वांश में मिलती-जुलती है और हमारे कथन को सिद्ध करती है।

पूर्व का जो परिवर्त्तन-काल है उसकी भाषा को हमने लोक-भाषा का नाम दिया है। आधुनिक देश-भाषाओं के पूर्व यह लोक-भाषा थोड़े-बहुत अंतर के साथ समस्त उत्तरी भारत की भाषा थी। बाद में पारस्परिक व्यवहार टूट जाने के कारण यह अंतर विभिन्न भागों में बढ़ता गया और इस प्रकार बंगाली, हिंदी, राजस्थानी, गुजराती आदि देशभाषाओं का जन्म हुआ।

इस लोक-भाषा का बीजारोपण विक्रम की आठवीं शताब्दी के लगभग हुआ होगा। उस समय शिष्ट जनों एवं साहित्य की भाषा अपभ्रंश थी पर साधारण जनता संभवतया अपभ्रंश के विकृत रूप का ही प्रयोग करती होगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीण कविता की रचना भी इस लोकभाषा में होने लगी होगी। पूर्व-भारत में नालंदा और विक्रमशिला से संबद्ध वज्रयानी बौद्ध सिद्धों की कतिपय रचनाएँ प्राप्त हुई हैं जो इसी लोक-भाषा में हैं। उनका समय लगभग नवीं शताब्दी के आरंभ से लेकर तेरहवीं शताब्दी के पूर्व भाग तक है।

जब अपभ्रंश के साहित्य का ही पता अभी बहुत कम लगा है तो फिर लोक-भाषा के साहित्य की बात तो जाने ही दीजिए। इस काल में भी साहित्यिक लोग अपनी रचनाएँ अपभ्रंश में ही लिखते होंगे क्योंकि वह शिष्ट भाषा समझी जाती थी। फिर वैदिक-मतानुयायी विद्वानों ने तो जनता की भाषा की कभी पर्वाह नहीं की। उन्होंने जो कुछ लिखा प्रायः सब-का-सब संस्कृत में लिखा। प्राकृत और अपभ्रंश भी जब उनकी कृपादृष्टि के बाहर रहीं तो बेचारी लोक-भाषा की क्या कथा? दूसरे लेखक प्रधानतया जैन आचार्य आदि थे। वे भी बहुत दिनों तक प्राकृत और बाद में अपभ्रंश के—तत्कालीन शिष्ट-भाषाओं के—फेर में पड़े रहे। एकाध रचना हुई भी होगी तो कहीं किसी पुस्तक-भंडार में अंधकार के गर्त्त में छिपी पड़ी होगी।

अब रहीं अ-साहित्यिकों की रचनाएँ। बौद्ध सिद्धों की कृतियों का उल्लेख ऊपर हो चुका है। साधारण जनता में जो गीत-दोहे आदि निर्मित होकर प्रचलित हुए वे लेखबद्ध न होने के कारण बहुत-कुछ तो नष्ट हो गए होंगे और जो थोड़े-बहुत बचे वे परिवर्त्तित होते हुए आगे की पाढ़ियों तक पहुँच गए*।

हेमचंद्र, सोमप्रभ सूरि और मेरुतुंगाचार्य ने अपनी कृतियों में इन प्रचलित गीतांशों व दोहों को उद्धृत किया है। इन उदाहरणों में शृंगार, वीरता, नीति सभी प्रकार के नमूने मिलते हैं। हेमचंद्र ने जो उदाहरण दिए हैं उनसे ज्ञात होता है कि उसके समय में लोक-भाषा में राम-कथा, कृष्ण-कथा, महाभारत आदि ग्रंथ बन चुके थे। मुंज और ब्रह्म इन दो कवियों के नाम भी उसमें पाए जाते हैं। मुंज के संबंध के और भी कई दोहे मेरुतुंग ने उद्धृत किए हैं। संभव है ये सब मुंज ही की रचनाएँ हों। मुंज धारा का सुप्रसिद्ध विद्वान् राजा है जिसका एक विरुद वाक्पतिराज भी है। यह भोज

---

* सरह-पा आदि वज्रयानी बौद्ध सिद्धों की रचनाओं को डाक्टर हरप्रसाद शास्त्री और उनके सुपुत्र डाक्टर विनयतोष भट्टाचार्य प्राचीन बँगला बतलाते हैं। डाक्टर विनयतोष एक स्थान पर लिखते हैं—

Thus the time of the earliest Doha in Bengali goes back to the middle of the seventh century, when Saraha flourished, and Bengal may be justly proud of antiquity of her literature.

पता नहीं, डाक्टर साहब ने इन दूहों की भाषा को बँगला क्यों मान लिया। जिस भाषा में ये दूहे लिखे गए हैं वह उस समय प्रायः समस्त उत्तरी भारत में कुछ हेर-फेर के साथ प्रचलित थी। फिर सरह न तो बंगाली था, न बंगाल के साथ उसका कोई संबंध था। चौरासी सिद्धों का संबंध नालंदा और विक्रमशिला के प्राचीन विश्वविद्यालयों से रहा है अतः वे बिहारी तो कहे जा सकते हैं। अब विद्वानों का यह मत होता जा रहा है कि इन दोहों की भाषा कोई पश्चिमी उत्तरकालीन अपभ्रंश है।

के पिता सिधुराज का बड़ा भाई था। इसका समय ग्यारहवीं शताब्दी का पूर्वार्ध है। आगे इस लोक-भाषा की रचनाओं के कतिपय उदाहरण दिए जाते हैं—

(१) सिद्धों की रचनाएँ

१—सरह-पा

जह मन पवन न संचरइ, रवि ससि नाह पवेस।
तहि वट चित्त विसाम करु, सरहे कहिअ उवेस ॥ १ ॥
घोरंधारे चंद-मणि जिमि उज्जोअ करेइ।
परम महासुह एकु खणे दुरिआ अशेष हरेइ ॥ २ ॥
जइ नग्गा विअ होइ मुत्ति, ता सुनह-सियालह।
लोमोप्पाटने अच्छ सिद्धि, ता जुवइ-नितंबह ॥
पिच्छीगहणे दिट्ठ मोक्ख, ता करिह तुरंगह।
उब्भें भोअणे होइ जाण ता.....॥
एव सरह भणइ खवनान मोक्ख महु किपि न भावइ।
तत्तरहिअकाया ण ताव पर केवल साहइ ॥ ३ ॥
पंडिअ सअल सत्थ बक्खाणइ।
देहहि बुद्ध वसंत न जाणइ ॥
अमणागमण ण तेन विखंडिअ।
तो वि णिलज्ज भणइ हउँ पंडिअ ॥ ४ ॥

२—कण्हपा

आगम वेअ पुराणे पंडित मान वहंति।
पक्क सिरीफल अलिअ जिम वाहेरि त भमयंति ॥ १ ॥
वर गिरि-सिहर उतुंग मुणि सवरें जहिँ किअ वास।
नउ सो लँघिअ पंचाननेहिँ, करिवर दूरिअ आस ॥ २ ॥

जिम लोण विलिज्जइ पाणिएहि तिम घरणी लइ चित्त ।
समरस जाई तक्खणें जइ पुणु ते सम नित्त ॥ ३ ॥

३—महीपा

खर रवि किरण सँतापे रे गअणांगण गइ पइठा ।
भणंति महिता मइ एत्थु वुडंते किपि न दिठा ॥

४—जयानंतपा

पेक्खु सुअणे अदस जइसा । अंतराले मोह तइसा ॥
मोह विमुक्का जइ माणा । तबे टूटइ अवणागमणा ॥

(२) संजममंजरी—इसका कर्त्ता महेश्वर सूरि नामक श्वेतांबर जैन है । इसका समय ग्यारहवीं शताब्दी का अंतिम अथवा बारहवीं शताब्दी का पूर्व भाग माना जाता है । इस पुस्तक में ३५ दोहे हैं । उदाहरण—

संजमु सुरसत्थिहिँ पुवउ संजमु मोक्ख-दुआरु ।
जेहि न संजमु मणि धरिउ तह दुत्तर संसारु ॥
संजम-भार धुरंधरह सद्दच्छलिउ न जाह ।
निअ जणणी जुव्वणहरणु जम्मु निरत्थउ ताह ॥
इक्किणि इंदिय मुक्कलिणु, लब्भइ दुक्ख सहस्स ।
जसु पुण पंचइ मुक्कला, कह कुसलत्तणु तस्स ॥
वरिस सहस्सिहिँ जं कियउ तवु संजमु उवयारु ।
कोहमहानल संगमिण सो दहि किज्जइ च्छारु ॥

(३) उक्त संजम-मंजरी की टीका—इसका कर्त्ता कोई हेम-हंस सूरि का शिष्य है । समय ज्ञात नहीं पर १५०५ से पूर्व का है ।

दिट्ठइँ जो नवि आवइ, कुसळ न पुच्छइ वत्त ।
तासु तणइ नवि जाईय , रे हयडा नीसत्त ॥
२ासहु कंध चडावियइ, लब्भइ लत्त सहस्स ।
आपहणे करि कम्मड़ाँ, हिया, विसूरहि कस्स ? ॥

(४) सत्यपुरमंडन महावीरोत्साह—यह १५ गाथा का एक स्तोत्र है। इसका कर्त्ता धनपाल है। मालवाधिपति मुंज एवं भोज के दरबार में धनपाळ नामक कवि था। यदि यह वही है तो इसका समय ग्यारहवीं शताब्दी है।

रखि सामि पसरंतु मोहु नेहुडु य तोडहि।
सुम्म दंसणि नाणु चरणु भडु कोहु विहोडहि॥
करि पसाउ सच्चउरि वीरु जइ तुहुँ मणि भावइ।
तइ तुट्टइ धणपाळ जाउ जहि गयउ न आवइ॥

* (५) तिसट्टि महापुरुष गुणालंकार महापुराण—इसका कर्त्ता पुष्पदंत नामक जैन कवि है जो मान्यखेट के राष्ट्रकूट-नरेश कृष्णराज तीसरे का समकालीन था (समय ग्यारहवीं शताब्दी का प्रथमार्ध)। उदाहरण—

महु समयागमे जायहें ललियहें। बोल्लइ कोयल अंबयकळियहें।
काणणे चंचरीउ रुणुरुंटइ। कीरु किएण हरिसेण विसट्टइ॥
कमळगंधु घिप्पइँ सारंगें। णउ सालूरें णीसारंगें।
गमणलील जा कय सारंगें। सा किं णासिज्जइ सारंगें॥

* (६) जसहरचरिउ—

विणु धवळेण सयडु किं हल्लइ। विणु जीवेण देहु कि चल्लइ॥ १॥
विणु जीवेण मोक्खु को पावइ। तुम्हारिसु किं अप्पउ आवइ॥ २॥
माणुस-सरीर दुह-पोट्टळउ। धोयउ-धोयउ अइ विट्टळउ॥
वारिउ-वारिउ वि पाउ करइ। पेरिउ-पेरिउ वि न धम्म चरइ॥
चम्में बद्धु वि कालि सडइ। रक्खिउ-रक्खिउ जम-मुहु पडइ॥ ३॥

* (७) नायकुमारचरिउ—

सो णंदउ जो पढइ-पढावइ। सो णंदउ जो लिहइ लिहावइ॥

---

* ये तीनों ग्रंथ अपभ्रंश में हैं परंतु इनमें भी कहीं-कहीं उत्तरकालीन लोक-भाषा के उदाहरण मिल जाते हैं।

सो णंदउ जो विवदि विवादइ। सो णंदउ जो भावें भावइ ॥

(८) हेमचंद्र—यह प्रसिद्ध जैन विद्वान् विक्रम की बारहवीं एवं तेरहवीं शताब्दी में विद्यमान था। गुजरात-नरेश सिद्धराज जयसिंह और कुमारपाल इसके आश्रयदाता थे। इसने संस्कृत और प्राकृत का एक बड़ा व्याकरण सिद्ध-हैम-शब्दानुशासन नाम से लिखा। उसके अंतिम अध्याय के ३२९ से ४४८ नंबर के (कुल १२०) सूत्रों में अपभ्रंश का व्याकरण दिया है एवं उदाहरणार्थ उस समय में प्रचलित अनेक दोहों को उद्धृत किया है। देशीनाममाला नामक देशभाषा के शब्दों का एक कोष भी उसने बनाया है।

व्याकरण में उद्धृत दोहों के उदाहरण

जे मनु दिण्णा दिअहड़ा दइएँ पवसंतेण ।
ताण गणंतिए अंगुलिउ जज्जरिआउ नहेण ॥ १ ॥
सायरु उप्परि तणु धरइ, तलि घल्लइ रयणाइँ ।
सामि सुभिच्चु वि परिहरइ, सम्माणेइ खलाइँ ॥ २ ॥
अग्गिएँ उण्हउ होइ जगु वाएँ सीअलु तेवँ ।
जो पुणि अग्गि सीअला तसु उण्हत्तणु कवँ ॥ ३ ॥
भल्ला हुआ जु मारिआ बहिणि महारा कंतु ।
लज्जेज्जंति वयंसिअहु जइ भग्गा घर एंतु ॥ ४ ॥
वायसु उड्डावंतिअए पिउ दिट्ठउ सहसत्ति ।
अद्धा वलया महिहि गय अद्धा फुट्ट तडत्ति ॥ ५ ॥
जहिं कप्पिजइ सरिण सरु छिज्जइ खग्गिण खग्गु ।
तहि तेहइ भड-घड-निवहि कंतु पयासइ मग्गु ॥ ६ ॥
जइ भग्गा पारक्कडा तो सहि मज्झु पिअेण ।
अह भग्गा अम्हहं तणा तो तें मारिअडेण ॥ ७ ॥

बप्पीहा, पिउ-पिउ भणिवि कित्तिउ रुअहि हयास ।
तुह जळि, मुह पुणि बल्लहइ, विहुँ वि न पूरिअ आस ॥ ८ ॥
बप्पीहा, कइं बोल्लिएण निग्घिण बारइ बार ।
सायरि भरियइ विमळ जळि लहहि न एक्कइ धार ॥ ९ ॥
हिअइ खुडुक्कइ गोरडो गयणि घुडुक्कइ मेहु ।
वासा-रत्ति पवासुअहँ विसमो संकडु एहु ॥ १० ॥
पुत्तें जाएँ कवणु गुणु, अवगुणु कवणु मुएण ।
जा बप्पीकी भूंहडी चंपिज्जइ अवरेण ॥ ११ ॥
गयउ सो केसरि पियउ जळ निच्चिंतइ हरिणाइँ ।
जसु केरएँ हुंकारडएँ मुहहँ पडंति तिणाइँ ॥ १२ ॥
ढोल्ला एह परिहासडा अइ भण कवणहिं देसि ।
हउँ झिज्जउँ तउ कंहिँ पिअ, तुहुँ पुणु अन्नहि रेसि ॥ १३ ॥
पाइ विलग्गी अंत्रडी सिरु लहसिउँ खंधस्सु ।
तोवि कटारइ हत्थडउ वल्लि किज्जउँ कंतस्सु ॥ १४ ॥

जेवडु अंतरु रावण रामहँ ।
तेवडु अंतरु पट्टण गामहँ ॥ १५ ॥

(९) कुमारपालप्रतिबोध से—इसे संवत् १२४१ में सोमप्रभ-सूरि ने बनाया था। इसमें उस समय के प्रचलित अनेक देशी भाषा के छंद अवतरण-रूप में दिए गए हैं—

पिय, हउं थक्किय सयलु दिणु तुह विरहग्गि किलंत ।
थोडइ जळ जिम मच्छळिय तल्लोविल्लि करंत ॥ १ ॥
अज्जु विहाणउ, अज्जु दिणु, अज्जु सुवाउ पवत्तु ।
अज्जु गळत्थिउ सयलु दुहु, जं तुहु मह घरि पत्तु ॥ २ ॥
एक्कें दुन्नय जे कया तेहिँ नीहरिय घरस्स ।
बीजा दुन्नय जइ करउँ तो न मिलउँ पियरस्स ॥ ३ ॥

अम्हे थोडा, रिउ बहुय, इउ कायर चिंतंति ।
मुद्धि, निहाळइ गयण अळु, कइ उज्जोउ करंति ॥ ४ ॥
रिद्धि-विहूणह माणुसह न कुणइ कुवि सम्माणु ।
सउणि हि मुच्चहि फलरहिउ तरुवरु, इत्थु पमाणु ॥ ५ ॥

(१०) उक्त सोमप्रभ सूरि की अपनी रचना—

कोसा भणइ महापुरिस तुहुँ कंबळु सोएसि ।
जं दुल्लहु संजम्म खणु हारिस तं न मुणेसि ॥ १ ॥
गयण-मग्ग-संलग्ग लोल-कल्लोल परंपरु ।
निक्करु णुक्कउ नक्क-चंक-चंकमण-दुहंकरु ॥
उच्छलंत-गुरु-पुच्छ-मच्छ रिछोळि-निरंतरु ।
विळसमाण जालाजडाल वडवानळ दुत्तरु ॥
आवत्त-सयायळु जळहि लहु गोपउ जिंव ते नित्थरहि ।
नीसेस-वसण-गण-निट्ठवणु पासनाहु जे संभरहि* ॥ २ ॥

(११) प्रबंधचितामणि में उद्धृत मुंज की रचनाएँ—

मुंज भणइ, मुणालवइ, जुव्वण गयउ न झूरि ।
जइ सक्कर सय खंड थिय, तोइ स मीठी चूरि ॥ १ ॥
झाली तुट्टी किं न मुउ, किं न हुयउ छारपुंज ।
हिंडइ दोरी-बंधियउ, जिम मक्कड़, तिम मुंज ॥ २ ॥
भोळी मुंध, म गव्वु करि पिक्खवि पंडुरुपाँइ ।
चउदसइ सइँ छहुत्तरइँ मुंजह गयह हयाइँ ॥ ३ ॥
जा मति पच्छइ संपजइ, सा मति पहिली होइ ।
मुंज भणइ, मुणालवइ, विघन न वेढइ कोइ ॥ ४ ॥
सायर खाई, लंक गढ, गढवइ दससिरि राउ ।
भग्गक्खय सो भज्जि गय, मुंज, म करे विसाउ ॥ ५ ॥

---

* इस रचना में उत्तरकालीन डिंगळ भाषा का पूर्वाभास मिलता है ।

बाह बिछोडवि जाहि तुहुँ, हउँ तेवइँ को दोसु ।
हिययट्ठिय जइ नीसरइ जाणउँ, मुंज, सरोसु ॥ ६ ॥
मुंज, खडल्ला दोरडी पेक्खेसि न, गंमारि ।
आसाढिइ घण गज्जोइँ, चिक्खिलि होसे वारि ॥

(१२) प्रबंधचिंतामणि में उद्धृत अन्य दूहे—

नव जळ भरीया मग्गडा, गयणि घडक्कइ मेह ।
इत्थंतरि जइ आविसिइ, तउ जाणिस्सिइ नेह ॥
राणा सव्वे वाणिआ, जेसळ वहुउ सेठि ।
काहूँ वणिजडु माँडियउ अम्मीणा गढ हेठि ॥
तइँ, गडुआ गिरनार, काहूँ मणि मत्सरु धरिउ ।
मारीताँ खेंगार एक्कउ सिहरु न ढालिउँ ॥
जइ यहु रावण जाइयउ, दहमुह इक्कु सरीरु ।
जणणि वियंभी चिंतवइ, कवणु पियावउ खीरु ॥

(१३) महाकवि विद्यापति-रचित कीर्त्तिलता (समय १४३७ के आसपास)—

सक्कय-वाणी वहुअ न भावइ । पाउँअ-रस को मम्म न पावइ ॥
देसिल वअना सब जन मिट्ठा । तं तैसन जंपओ अवहट्ठा ॥ १ ॥

ठाकुर ठक भए गेल, चोरेँ चप्परि घर लिज्झिअ ।
दास गोसाञिन गहिअ, धम्म गए धंध निमज्जिय ॥
खले सज्जन परिभविअ, कोइ नहि होइ विचारक ।
जाति अजाति विवाह अधम उत्तमकाँ पारक ॥
अक्खर-रस-बुज्झनिहार नहि, कइकुल भमि भिक्खारि भउँ ।
तिरहुत्ति तिरोहित सब्ब गुण रा गणेस जवे सग्ग गउँ ॥२॥

जो अपमाने दुक्ख न मानइ । दान-खग्गको मम्म न जानइ ।
पर-उअँआरे धम्म न जोवइ । सो धण्णो निच्चित्ते सोवइ ॥३॥

पुव्वे सेना सज्जिअइ, पच्छिम हुअउँ पयान ।
आण करइते आण भउँ, विहिचरित्त को जान ॥ ४ ॥
गिरि टरइ, महि पडइ, नाग मन कंपिया ।
तरणि-रथ गगनपथ धूलि भरे झंपिया ॥
तवल सत वाज, कत भेरि भरे फुक्किआ ।
* प्रलय घण सद्द हुअ णर-रव लुक्किआ ॥ ५ ॥

(४) राजस्थानी का विकास

राजस्थानी के विकास-काल को चार भागों में बाँटा जा सकता है—(१) प्राचीन राजस्थानी—संवत् १००० से १२०० तक, (२) माध्यमिक राजस्थानी—संवत् १२०० से १६०० तक, (३) उत्तरकालीन राजस्थानी—संवत् १६०० से १९५० तक, (४) आधुनिक राजस्थानी—संवत् १९५० से आगे ।

क—प्राचीन राजस्थानी

प्राचीन राजस्थानी का नाम हमने ऊपर लोक-भाषा लिखा है। उस समय लोक-भाषा थोड़े-बहुत रूपांतर के साथ समस्त उत्तर भारत में प्रचलित थी। राजस्थान, गुजरात एवं व्रज प्रांतों में लोक-भाषा का जो रूप प्रचलित था वही प्राचीन राजस्थानी है। इस काल में राजस्थानी अपभ्रंश से अलग हुई पर अपभ्रंश का प्रभाव उस पर पर्याप्त था। इस प्राचीन राजस्थानी के कुछ उदाहरण हम ऊपर दे चुके हैं।

ख—माध्यमिक राजस्थानी

माध्यमिक राजस्थानी का काल संवत् १२०० से १६०० तक माना जा सकता है। इसमें राजस्थानी अपभ्रंश से स्वतंत्र भाषा हो

---

* कीर्त्तिलता की भाषा कहीं-कहीं तो परिवर्त्तन-काल की पुरानी हिंदी से आगे बढ़कर बिलकुल माध्यमिक हिंदी हो गई है।

गई। इस काल में भी (अंतिम डेढ़-दो शताब्दियाँ छोड़कर) राजस्थानी का क्षेत्र समस्त राजस्थान, गुजरात एवं व्रज तथा उनके आस-पास का प्रांत था। संभव है, बोलचाल की भाषा में कुछ अंतर रहा हो पर साहित्यिक भाषा इन प्रांतों में एक ही थी। यह बात इन प्रांतों की तत्कालीन रचनाओं पर ध्यान देने से स्वत: सिद्ध हो जाती है।

इस समय में लोक-भाषा का पूर्वी रूप पश्चिमी रूप से बहुत कुछ भिन्न हो गया था, जैसा मैथिल कवि विद्यापति की रचनाओं से प्रकट होता है*। पर फिर भी माध्यमिक राजस्थानी के रूप में पश्चिमी रूप साहित्य में प्रधानता प्राप्त किए रहा। अपभ्रंशकाल में भी साहित्य का प्रधान क्षेत्र पश्चिम ही था एवं इस उत्तरकाल में भी यही बात रही। पश्चिमी हिंदी के अधिकार-क्षेत्र से बाहर रहनेवाला कबीर जैसा कवि इस भाषा में रचना करता है, इससे बढ़कर इसकी जन-प्रियता का प्रमाण क्या हो सकता है। आगे चलकर इसी काल के अंत में जब व्रज राजस्थानी से पृथक् हुई तो उसने भी साहित्य में अपनी पैतृक प्रधानता को कायम रखा। उसकी रचनाओं का प्रचार ऐसे प्रदेशों में भी हुआ जहाँ सर्वथा भिन्न भाषाएँ बोली जाती हैं।

इस काल में लगभग कबीर के जमाने तक तो राजस्थानी प्रधानता प्राप्त किए रही पर उसके अंत में व्रज ने एकाएक उन्नत होकर उसको दबा दिया। आरंभ में दोनों भाषाएँ एक ही थीं पर सूरदास एवं अन्यान्य वैष्णव कवियों ने जब अपना संगीत छेड़ा तो उन्होंने साहित्यिक भाषा को आदर न देकर व्रज प्रांत की ठेठ बोलचाल की भाषा को अपनाया। अब तक साहित्यिक राजस्थानी में जो कविता

---

* पर उनकी कीर्त्तिलता की भाषा राजस्थानी या पश्चिमी हिंदी से किसी प्रकार भिन्न नहीं है केवल उस पर अपभ्रंश का कुछ विशेष प्रभाव लक्षित होता है पर वह विद्यापति के काल में बोलचाल की भाषा नहीं रह गई थी।

हुई उसके रचयिता या तो चारण-भाट थे या जैन कवि या जनता में गाने-बजानेवाले ढोली-ढाढी आदि जातियाँ। संस्कृत से इन लोगों का संबंध नहीं के बराबर था पर वैष्णव कविजन संस्कृत के धुरंधर विद्वान् थे। उन पर संस्कृत का प्रभाव पड़ना अनिवार्य था। अतः उनकी रचनाओं में संस्कृत शब्द प्रचुरता से पाए जाते हैं। प्रचलित तद्भव शब्द भी बहुत कुछ तत्सम हो गए हैं। इसी तत्समता के कारण व्रज तत्कालीन राजस्थानी से, जो अब तक साहित्यिक भाषा थी, भिन्न हो गई।

यही नहीं, राजस्थानी के महत्त्व को भी व्रजभाषा ने बहुत कुछ नष्ट कर दिया और अब राजस्थानी केवल प्रांतीय भाषा-मात्र रह गई। वैष्णव कवियों की भक्ति-धारा ने व्रज को एकाएक बहुत ऊँचा उठा दिया और न केवल व्रज प्रांत में किंतु अन्यत्र भी उसका सम्मान होने लगा। इन कवियों की रचनाओं ने जनता के जीवन को बहुत प्रभावित किया और धीरे-धीरे साहित्य की प्रभुता राजस्थानी से छूटकर व्रज को प्राप्त हुई। व्रज हिंदी की समस्त शाखाओं में प्रधान हो बैठी और उसकी वह प्रधानता अब भी सर्वथा नष्ट नहीं हो पाई है।

इन वैष्णव कवियों की भक्ति-धारा ने राजस्थानी जनता को भी आकृष्ट किया। उसका प्रचार राजस्थान में भी खूब हुआ। सूर और तुलसी के भजन घर-घर गाए जाने लगे और आज भी गाए जाते हैं। हाँ, इतना अवश्य हुआ कि बहुत से भजनों की भाषा गाते-गाते राजस्थानी बन गई।

राजस्थानी में इस समय मुख्यतया तीन प्रकार की रचनाएँ होती थीं—

१—चारण-भाटों की वीर-रसपूर्ण कविता—आरंभ में ये लोकप्रिय हुईं पंतु अंत में जब वीरता के लिये अवकाश न रह गया तो

ऐसी रचनाएँ धीरे-धीरे कम लोक-प्रिय होने लगीं। फिर इनके लेखक इनको एक बँधी हुई भाषा में, जो आगे चलकर डिंगळ कहलाई, लिखने लगे जिससे वे जनता के लिये धीरे-धीरे कम बोध-गम्य होती गईं। अतएव ऐसी रचनाओं का समादर राजदरबारों तक ही सीमित रह गया।

२—जैन लेखकों की रचनाएँ—ये विशेषकर जैन-धर्म से संबंध रखती थीं अतएव साधारण जनता में इनका विशेष प्रचार नहीं हुआ।

३—लौकिक कविता—इसकी रचना करनेवाली या तो जनता स्वयं ही होती थी या ढोली-ढाढी-दमामी आदि लोग होते थे जिनका काम गाना-बजाना तथा लोक-प्रिय कविताओं और गीतों को जनता में गाकर सुनाना था। ऐसी कविताएँ बहुत लोक-प्रिय होती थीं तथा साक्षर एवं निरक्षर जनता में उनका खूब प्रचार होता था।

जब व्रज की भक्ति-धारा प्रवाहित हुई तो जनता उधर आकर्षित हुई और अन्यान्य रचनाएँ उसके सामने दब गईं। साहित्यिकों पर भी उसका प्रभाव पड़ा। राजस्थान एवं गुजरात के लेखक भी व्रज की ओर झुके और शुद्ध व्रज में या व्रजमिश्रित राजस्थानी में रचना करने लगे। इस नवीन भाषा का नाम पिंगळ पड़ा और आगे चलकर इसके साम्य पर चारणी कविता डिंगळ कहलाने लगी। बोलचाल की राजस्थानी की लौकिक रचनाएँ तथा जैनों की रचनाएँ न तो डिंगळ हैं और न पिंगळ। जिस समय ये नाम पड़े उस समय राजस्थान के साहित्यज्ञ विद्वानों के ध्यान में ये दो ही प्रकार की रचनाएँ थीं। जैन-रचनाएँ तो जैनों तक ही परिमित रहीं, बाहर उनकी पहुँच नहीं हुई। रहीं साधारण जनता की देहाती रचनाएँ, सो साहित्यिक विद्वान् उसे साहित्य ही क्यों मानने लगे? आज भी ग्रामीण कविता साहित्यज्ञों द्वारा

साहित्य में परिगणित नहीं की जाती। तेजेरो गीत, डूँगजी-जवारजीरो गीत आदि लोक-गीतों की ओर आज भी किस साहित्यिक की दृष्टि जाती है ? यह तो गँवारों की कविता है! इस ढोला-मारू काव्य को ही न लीजिए। कितनी सुंदर रचना है पर किसी साक्षर राजस्थानी के आगे उसका नाम तो लीजिए। फिर देखिए, वह किस बुरी तरह नाक-भौं सिकोड़ता है। आपको गँवार समझे यह तो निश्चित ही है।

इस प्रकार ये दोनों प्रकार की रचनाएँ विद्वानों से दूर रहीं। बाकी रह गईं व्रजभाषा की रचनाएँ या चारणों की कृतियाँ। इनके पिंगळ और डिंगळ नाम रखकर साहित्य के दो विभाग कर दिए गए। जो पिंगळ नहीं सो डिगळ, जो डिंगळ नहीं सो पिंगळ।

परंतु हमें यहाँ बाकी दो प्रकार की राजस्थानी रचनाओं को भी नहीं भूलना चाहिए। हम समस्त राजस्थानी साहित्य को दो विभागों में बाँटेंगे—(१) डिंगळ, (२) साधारण राजस्थानी।

(१) डिंगळ का विकास उस राजस्थानी से हुआ जिसका प्रयोग चारण-भाट अधिकतया करते थे एवं जो विशेषत: वीर-रसात्मक होती थी। शब्दों के साधारण रूपों की अपेक्षा द्वित्त वर्णवाले रूपों का विशेष प्रयोग होता था। प्राचीन राजस्थानी में डिंगळ के बीज पाए जाते हैं।

आरंभ में साधारण राजस्थानी और डिंगळ में कोई अंतर न था पर बाद में जाकर डिंगळ स्थिर या Stereotyped हो गई। कवि लोग जान-बूझकर द्वित्त वर्णवाले शब्दों का प्रयोग करते थे और साधारण शब्दों की भी इस प्रकार कपाल-क्रिया होने लगी; साथ ही उनके कई शब्द भी बँध गए जिनका वे बारबार प्रयोग करते थे। बोल-

चाल की राजस्थानी में ऐसे शब्दों का प्रयोग नहा होता था या उठ गया था जिससे डिंगळ जनता के लिये धीरे-धीरे कम बोधगम्य होती गई और अंत में उसका समझ लेना जरा टेढ़ा खीर हो गया। आरंभ में डिंगळ बोलचाल की राजस्थानी से नाम-मात्र की ही भिन्नता रखती थी पर अब तो यह एक सर्वथा भिन्न भाषा सी हो गई है। फिर राजस्थान में राजस्थानी साहित्य के अध्ययन का प्रबंध न होने से लोग इस कविता से सर्वथा पराङ्मुख हो गए हैं, यहाँ तक कि इनका अर्थ निकालनेवाले अब बिरले ही मिलते हैं।

डिंगळ नाम बहुत पुराना नहीं है। जब व्रजभाषा साहित्य-संपन्न होने लगी एवं सूरदास आदि ने उसको ऊँचा उठाकर हिंदी-क्षेत्र में सर्वोच्च आसन पर बिठा दिया तो उसकी मोहिनी राजस्थान पर भी पड़ी। राजस्थान की कविता पर व्रज का प्रभाव पड़ने लगा, यहाँ तक कि बहुत से लोग व्रज में रचना करने लगे। इस प्रकार व्रज या व्रज-मिश्रित भाषा में जो रचना हुई वह पिंगळ कहलाई। आगे चलकर उसके नाम-साम्य पर पिंगळ से भिन्न (अर्थात् चारण-भाटों की वीररसात्मक) रचना डिंगळ कहलाने लगी।

(२) साधारण राजस्थानी में हम बोलचाल की राजस्थानी की रचनाओं, जैन-लेखकों की रचनाओं तथा व्रज-मिश्रित पिंगळ की रचनाओं को स्थान देंगे।

प्राचीन और माध्यमिक राजस्थानी की अधिकांश रचनाएँ जैन-लेखकों की कृतियाँ हैं। राजस्थानी साहित्य-निर्माण का श्रेय अधिकांश में इन्हीं लेखकों को देना चाहिए। अवश्य ही इनकी भाषा पर प्राकृत और अपभ्रंश का पूर्ण प्रभाव है, फिर भी तत्कालीन भाषा के अध्ययन के लिये इन्हीं की कृतियाँ सबसे अधिक उपकारक हो सकती हैं। पिंगळ-रचनाओं और लौकिक कविता की भाषा, उनके जनता में प्रचलित होने के कारण, धीरे-धीरे आधु-

निक होती गई है; डिंगळ कविता की भाषा आगे चलकर स्थिर हो गई परंतु जैन रचनाएँ इन दोषों से बहुत कुछ मुक्त हैं। इनमें भाषा का तत्कालीन रूप बहुत कुछ सुरक्षित है। यह साहित्य बहुत विस्तृत है पर अप्रकाशित है।

माध्यमिक राजस्थानी की वर्त्तनी अपभ्रंश से मिलती हुई थी। उसमें ह्रस्व ए और ओ वर्त्तमान थे जो आधुनिक राजस्थानी में भी पाए जाते हैं। ऐ और औ अइ और अउ के रूप में लिखे जाते थे*। जैसे—

भरइ पळट्टइ भी भरइ भी भरि भी पळटेहि।
ढाढी-हाथ सँदेसड़उ धण विललंती देहि।

—ढोला-मारूरा दूहा

तउ पाछइ सु बालकु जातमात्रु हूँतउ प्रसिद्धउ हुयउ।

—तरुणप्रभ सूरि (सं० १४११)

पछइ राजा आपणपइँ रात्रिइँ नीलउ पटउळउ पहिरी...फिरतउ चोर जोतउ एकइ स्थानकि जइ सूतउ॥

—सोमसुंदर सूरि (सं० १४५७-९९)

एकि घोडे चडइँ, एकि ऊतावळा पड़इँ।
कायर रडइँ, सुभट भिडइँ, योध जुडइँ॥

—पृथ्वीचंद्रचरित्र (सं० १४७८)

अलीक वचन म बोलिसि, बाली, तात अम्हारउ लाजइ।
सूरापणइ सूर ते माँटो जे रणि साहमु गाजइ॥

—सीताहरण (सं० १५२६)

ढमढमइ ढमढमकार ढूंकर ढोल ढोली जंगिया।
सुर करहि रणसरणाइ समुहरि सरस रसि समरंगिया॥

---

* अपभ्रंश के अइ और अउ उत्तरकालीन राजस्थानी में ऐ और औ बन गए।

कलकलहि काहल कोडि कलरवि कुमळ कायर थरथरइ ।
संचरइ शकसुरताण साहण साहसी सवि संगरइ ॥

—रणमल्ल-छंद (सं० १४५५ के लगभग)

सखी, दीह दुख अनीठउँ, दीठउँ गमइ न चीर ।
भोजन आज उछीठउँ, मीठउँ सदइ न नीर ॥

—वसंतविलास (सं० १५०८ के पूर्व)

वहुरउ वयरी वल्लहउ हियइ खटक्कइ तिण्णि ।
वीसारतां न वीसरइ वसतां ऊवसि रन्नि ॥

—प्रबोध-चिंतामणि (सं० १४६२ के लगभग)

माधव दिन-प्रति जोवइ बाट, अपछर नावइ मन्न उचाट ।
एक दिवस आवीनइँ मिळी, बिहुँ जननी मन पूगीरळी ॥

—माधवानळ कामकुंदळा चौपई (सं० १६१५ के लगभग)

राठउड़ वीक कुण करइ रीस, छेहड़ा छत्र मांडइ छत्रीस ।
मइगळाँ नीर पायउ मसट्टि, खेड़ंचउ आयउ जइत खट्टि ॥

—छंद राउ जइतसीरउ (सं० १५९० के लगभग)

माध्यमिक राजस्थानी में कर्त्ता, कर्म, करण, अधिकरण आदि कारकों को सूचित करने के लिये शब्दों में तथा पूर्वकालिक क्रिया में, अंत में, इ या ए अक्षर रहता था। आधुनिक राजस्थानी में यह इ सर्वत्र लुप्त हो चुकी है (केवल घरे शब्द में प्राचीन ए वर्त्तमान है)। सब कारकों का एक सा रूप होने से भ्रम होता था जिसको बचाने के लिये नवीन शब्दों द्वारा कारक सूचित करने का प्रयत्न अपभ्रंश-काल में ही आरंभ हो चुका था। आधुनिक राजस्थानी में तो ये नए शब्द भी घिसकर केवल प्रत्यय मात्र रह गए हैं।

ग—उत्तरकालीन राजस्थानी

उत्तरकालीन राजस्थानी भी साहित्य की दृष्टि से महत्त्व-पूर्ण है। डिंगळ, पिंगळ और बोलचाल की राजस्थानी में इस

काल में खूब साहित्य-रचना हुई और इन रचनाओं का खूब प्रचार हुआ।

इस काल की मुख्य विशेषता गद्य-रचना है। माध्यमिक काल में भी बहुत कुछ गद्य लिखा गया होगा पर जैन-रचनाओं को छोड़कर अन्य गद्य-रचनाएँ बहुत ही कम बचने पाई हैं परंतु इस काल की रचनाएँ प्रचुरता से प्राप्त होती हैं। इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण ख्यातें हैं। प्रत्येक राजपूत राज्य अपने यहाँ की ख्यात बराबर लिखाता था जिसमें उस समय की ऐतिहासिक घटनाओं का पूरा वर्णन किया जाता था। राजस्थान के इतिहास-निर्माण में इनसे बड़ी सहायता मिल सकती है पर खेद है कि इनकी ओर विद्वानों एवं प्रकाशकों का ध्यान अभी तक नहीं गया।

ख्यातों के अतिरिक्त वात-साहित्य भी महत्त्व-पूर्ण है। वात राजस्थानी में कहानी को कहते हैं। यह साहित्य बहुत विस्तृत है और इन वातों का संग्रह किया जाय तो कई कथा-सरित्सागर और सहस्ररजनी-चरित्र बन सकते हैं।

डिंगळ-रचनाओं में गीत महत्त्वपूर्ण हैं। इन गीतों में राजाओं एवं अन्य वीरों के वीर-कार्यों तथा गुणों का उल्लेख होता था एवं उनकी प्रशंसा होती थी। इनसे साधारण छोटी-मोटी और महत्त्व-पूर्ण सभी प्रकार की ऐतिहासिक बातों एवं घटनाओं पर बड़ा प्रकाश पड़ सकता है। ये गीत हजारों की संख्या में उपलब्ध होते हैं। आवश्यकता है इनको उचित रूप से संगृहीत, संपादित और प्रकाशित करने की। राजाओं के दरबारों में रहनेवाले चारण-भाटों ने अपने आश्रयदाताओं की प्रशंसा में या उनके नाम पर बहुत से ग्रंथों की इस काल में रचना की। राजा लोग भी कभी-कभी काव्य-रचना करते रहे हैं। इस काल की डिंगळ रचनाओं में सबसे अधिक प्रसिद्ध एवं महत्त्व-पूर्ण बीकानेर के सुप्रसिद्ध

राठोड़ महाराज पृथ्वीराज की 'क्रिसन-रुकमणीरी वेलि' और मिश्रण चारण सूर्यमल्ल-रचित 'वंश-भास्कर' हैं। वेलि साहित्यिक डिंगळ का सर्वोत्तम उदाहरण है। इस काव्य की, राजस्थानी में, कई टीकाएँ हुईं। यही नहीं, राजस्थानी में यही एक ऐसा ग्रंथ है जिसे संस्कृत में टीका होने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वंशभास्कर पृथ्वीराज-रासो का बड़ा भाई है। कृत्रिम डिंगळ का वह चरम उदाहरण है। अन्य डिंगळ रचनाओं में वचनिका राठोड़ रतन-सिहजीरी विशेष प्रसिद्ध है।

पिंगळ-साहित्य में भी अच्छी रचनाएँ हुईं एवं वे लोक-प्रिय भी खूब रहीं। पिंगळ-साहित्य के लेखक मुख्यतया संत कवि हैं। इनमें बाबा हरिदास दयालजी, दादू दयाल, चंद्रसखी, वखतावर आदि कवि महत्त्वपूर्ण हैं। चंद्रसखी और वखतावर बड़े ही भावुक कवि थे एवं इनकी रचना का माधुर्य अपूर्व है। सूर और तुलसी के पद भी राजस्थानी रूप धारण करके जनता में खूब फैल गए।

शुद्ध व्रज के भी कई कवि इस काल में हुए। विहारीलाल ने जयपुरनरेश के आश्रय में बिहारी-सतसई लिखी। मतिराम और पद्माकर हिंदी के प्रथम श्रेणी के कवि समझे जाते हैं।

बोलचाल की राजस्थानी में जो लोक-प्रिय रचनाएँ इस काल में हुईं उनमें दो बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। एक का नाम रुकमणी-मंगळ है जिसे पद्म भक्त नामक कवि ने सत्रहवीं शताब्दी में बनाया था। इसकी शैली बड़ी सुंदर, सरस, सरल और घरेलू है। वर्णन बड़े ही सजीव हैं। दूसरे का नाम मेहता नरसीजीरो मायरो है। इसका रचयिता एक लकड़हारा था। इसमें गुजरात के प्रसिद्ध भक्त नरसी मेहता की पुत्री नानीबाई की और नरसी मेहता के भात भरने की कथा का बड़ा ही रोचक वर्णन है। जनता में इनका बहुत प्रचार है और लोग रात्रि को एकत्र होकर इनकी सुंदर कथाओं को

गायकों के मुँह से सुनते और आनंद-लाभ करते हैं। गाते-गाते इनकी भाषा अवश्य ही बहुत-कुछ आधुनिक हो गई है।

बोलचाल की भाषा में भी अनेक लोक-गीत ballads बने जिनमें तेजेरा गीत और डूंगजी-जवारजीरा गीत आज भी लोगों के कंठहार हो रहे हैं। इन गीतों को गाकर सुनानेवाली एक अलग जाति ही हो गई है।

बोलचाल की राजस्थानी के साहित्य का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण अंग दूहा-साहित्य है। कबीर आदि भक्त कवियों की साखियों का तो खूब प्रचार हुआ ही किंतु इस काल में राजिया, भैरिया, किसनिया, बाँजरा साथिया, नोपला, जेठवा, नागजी* आदि के दूहे बने जिनका राजस्थानी जनता में खूब प्रचार है†।

खेद है कि राजस्थानी का यह विस्तृत साहित्य अभी तक अंधकार में पड़ा है और राजस्थानी विद्वानों का ध्यान इसके संपादन एवं प्रकाशन की ओर अभी तक नहीं गया।

घ—आधुनिक राजस्थानी

अब हम आधुनिक राजस्थानी काल की ओर आते हैं। इस समय राजस्थानी का गौरव-सूर्य अस्त हो चुका है। अब राजस्थानी केवल बोलचाल की भाषा रह गई है। राजदरबारों में अब तक फारसी की तूती बोलती थी, अब उर्दू का राज्य है। एकाध राज्य में हिंदी को स्थान मिला है पर नाम-मात्र को। स्कूलों में हिंदी-उर्दू पढ़ाई

---

* इनमें से कुछ स्वयं कवि थे और कुछ के नाम के दूहे उनको संबोधन करके दूसरों द्वारा लिखे गए।

† इन दूहों का एक सुंदर बृहत् संग्रह 'राजस्थानरा दूहा' नाम से इस ग्रंथ के अन्यतम संपादक नरोत्तमदास स्वामी, एम० ए० द्वारा संपादित होकर पिलाणी-राजस्थानी-ग्रंथमाळा में प्रकाशित हुआ है। प्रस्तावना में राजस्थानी भाषा और साहित्य का परिचय भी दिया गया है।

जाती है। राजस्थानी और उसका साहित्य दिनोंदिन विस्मृति के गर्त्त में जा रहा है। सौ-पौन सौ वर्ष पहले हिंदी जिस प्रकार गँवारू बोली समझी जाती थी वही हालत आज राजस्थानी की होने लगी है। 'हम-तम' में जो शान समझी जाती है वह 'म्हे-थे' में नहीं।

आधुनिक राजस्थानी के सबसे बड़े लेखक शिवचंद्र भरतिया हैं। आपने अनेक उपयोगी गद्य-पद्यात्मक पुस्तकें लिखीं। आपकी शैली बड़ी ही सरल एवं स्वाभाविक है। आपने राजस्थानी में नवीन ढंग के नाटक तथा उपन्यासों का सूत्रपात किया और साहित्य में वर्त्तमान जगत् के भावों को भरने का प्रयत्न किया। एक दूसरे लेखक श्रीयुत कचरदास कलंत्री हैं जिन्होंने दक्षिण भारत से पंचराज नामक एक बड़ा ही सुंदर मासिक पत्र राजस्थानी में निकाला था। राजस्थानी में ऐसा उपयोगी, महत्त्वपूर्ण और साहित्यिक पत्र दूसरा नहीं निकला*।

खेद की बात है कि राजस्थानी लोग अपनी मातृभाषा और उसके साहित्य की ओर से सर्वथा विमुख हो गए हैं। अपने साहित्य का उन्हें ज्ञान ही नहीं, उसके महत्त्व को समझें तो क्यों-कर समझें? मातृभाषा का अनादर ही हमारी निर्जीवता का कारण है। जाति की जीवनी-शक्ति उसकी भाषा है। यदि राज-स्थानी भाषा नष्ट हो गई तो राजस्थानी जाति और राजस्थानी गौरव नष्ट हो गया—इसमें तनिक भी संदेह नहीं। कब तक हम अपने साहित्यिकों और लेखकों की उपेक्षा करते रहेंगे?

---

* डिंगळ भाषा और साहित्य तथा व्याकरण के विस्तृत परिचय के लिये इसी लेखक द्वारा लिखित राव जइतसीरउ छंद नामक ग्रंथ की प्रस्तावना देखिए।

(५) ढोला-मारू की भाषा

'ढोला-मारूरा दूहा' काव्य की भाषा माध्यमिक राजस्थानी है जो तेरहवीं शताब्दी से पंद्रहवीं-सोलहवीं शताब्दी तक पश्चिम भारत की प्रधान भाषा थी। यह अनुमान होता है कि उस काल में इस भाषा का समादर साहित्य-रचना में खूब था और यह पश्चिम भारत की सर्व-प्रमुख साहित्यिक भाषा थी। कबीर जैसे कवि की, जो इस प्रदेश के बाहर पूर्वी हिंदी के क्षेत्र का निवासी था, भाषा का राजस्थानी होना यही सिद्ध करता है कि उस काल में उत्तर भारत की भाषाओं में इसका स्थान बहुत महत्त्वपूर्ण था और इसका प्रचार भी सबसे अधिक था जिसके कारण कबीर जैसे कवि की कविता, जो सर्व-साधारण के लिये लिखी गई थी, इसी में लिखी गई। परंतु यहाँ पर यह न भूलना चाहिए कि उस समय राजस्थान एवं व्रजभूमि की भाषा एक थी और इस भाषा को व्रज-भाषा भी वैसे ही कहा जा सकता है जैसे कि राजस्थानी। अवश्य ही जो साहित्यिक व्रजभाषा बाद में विकसित हुई वह संस्कृत के प्रभाव के कारण इस राजस्थानी-व्रज से काफी दूर थी। इसके कारण कबीर की भाषा आज जितनी राजस्थानी जान पड़ती है उतनी व्रजभाषा नहीं जान पड़ती। आधुनिक राजस्थानी कबीर की इस भाषा से इतनी मिलती है कि राजस्थानियों को कबीर की भाषा समझने में व्रजभाषा-भाषियों और पूर्वी हिंदी बोलनेवालों की अपेक्षा बहुत कम कठिनाई पड़ती है। जो कुछ कठिनाई पड़ती है वह इसी कारण कि कबीर की कविता आज से कोई चार-साढ़े चार सौ वर्ष पूर्व लिखी गई थी।

इसके अतिरिक्त उस काल में इस माध्यमिक राजस्थानी के उत्तर भारत की साहित्यिक भाषा होने का दूसरा प्रमाण यह है कि जायसी की रचनाओं में अनेक ऐसे शब्द और वाक्यांश पाए

जाते हैं जो उस काल की राजस्थानी में मिलते हैं एवं आज भी राजस्थान में समझे जाते हैं लेकिन जो बाद की व्रजभाषा के लिये, जो अवधी एवं राजस्थानी की मध्यवर्त्ती भाषा है, सर्वथा नवीन हैं।

विषयांतर होने पर भी हम यहाँ पर यह कहने का साहस करते हैं कि कबीर की भाषा राजस्थानी है एवं कबीर को वैसा ही राजस्थानी का कवि कहा जा सकता है जैसा कि ढोला-मारू काव्य के कर्त्ता को।

यह कहा जा सकता है कि कबीर की भाषा वास्तव में ऐसी नहीं थी जैसी कि बाद की हस्तलिखित प्रतियों में मिलती है तथा तुलसी एवं सूर के पदों की भाँति वह भी बाद में राजस्थानी बना ली गई है। परंतु कबीर की कविता की हस्तलिखित प्रति, जो नागरी-प्रचारिणी सभा को मिली है एवं जिसके आधार पर कबीर-ग्रंथावली का संपादन आचार्य श्यामसुंदरदास ने किया है, कबीर के समय के बहुत बाद की नहीं है। कबीर-ग्रंथावली के संपादक तो उसे कबीर के जीवन-काल की ही मानते हैं।

अतः उसमें और कबीर की भाषा में विशेष अंतर होने की संभावना नहीं। फिर यह भी ध्यान में रहना चाहिए कि यह प्रति काशी में लिखी गई थी। यदि लेखक द्वारा परिवर्तन होता भी तो उलटा होता यानी राजस्थानी पूर्वी हिंदी में परिवर्त्तित होती, न कि पूर्वी हिंदी राजस्थानी में। पद गाने की चीज होते हैं। उनमें परिवर्त्तन संभव है, जैसा संभवतः हुआ भी है; परंतु साखियाँ तो (बहुत थोड़े अपवाद के साथ) पुस्तकों की चीज हैं जो पुस्तकों में ही लिखी रहती हैं। अतः उनमें इतना शीघ्र ऐसा परिवर्त्तन हो जाना कि भाषा ठेठ राजस्थानी हो जाय संभव नहीं।

ढोला-मारू काव्य की भाषा कबीर की भाषा से बहुत अधिक मिलती है। अनेक शब्द, वाक्यांश और वाक्य तो ज्यों-के-त्यों

मिलते हैं। भाव-साम्य तथा भाषा-साम्य कहीं-कहीं इतना अधिक है कि यह प्रतीत होने लगता है कि अवश्य ही एक का दूसरे पर प्रभाव पड़ा है।

अब नीचे हम कतिपय समानतावाले पद्यों को उद्धृत करके अपने कथन को स्पष्ट करेंगे*—

(१) कबीर—अंबर कुंजाँ कुरलियाँ गरजि भरे सब ताल।
जिनिपैं गोबिंद बीछुटे तिनके कौण हवाल ॥ ३ ।१॥
ढोला—राति जु सारस कुरळिया गुंजि रहे सब ताल।
जिणकी जोड़ो वीछड़ो तिणका कवण हवाल ॥ ५३ ॥

(२) कबीर—यहु तन जालौं मसि करौं ज्यूँ धूँवा जाइ सरग्गि।
मति वै राम दया करै बरसि बुझावै अग्गि ॥ ३ ।११॥
कबीर—यहु तन जालौं मसि करौं लिखौं राम का नाउँ ॥ ३।१२॥
ढोला—यहु तन जारी मसि करूँ, धूँआ जाहि सरग्गि।
मुझ प्रिय बहळ होइ करि बरसि बुझावइ अग्गि॥१८१॥

(३) कबीर—कबीर सुपनैं रैंनिकै पारस जीयमैं छेक।
जे सोऊँ तौ दोइ जणा जे जागूँ तौ एक ॥ १२ । २३ ॥
ढोला—सुहिणा, तोहि मराविसूँ, हियइ दिराऊँ छेक।
जद सोऊँ तद दोइ जण, जद जागूँ तद हेक ॥ ५१४॥

(४) कबीर—संसै खाया सकल जुग संसा किनहूँ न खद्ध।
जे बेधे गुरु अष्षिराँ तिनि संसा चुणि-चुणि खद्ध॥१।२२॥

---

* कबीर के उदाहरण आचार्य श्यामसुंदरदास द्वारा संपादित और काशी-नागरीप्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित 'कबीर-ग्रंथावली' के प्रथम संस्करण से लिए गए हैं।

साखियों में पहला अंक अंग को और दूसरा साखी को सूचित करता है। पदों में अंक पद-संख्या का सूचक है। प० = परिशिष्ट।

ढोला—चिंता बंध्यउ सयळ जग, चिंता किणहि न बध्ध ।
जे नर चिंता वस करइ, ते माणस नहिं सिद्ध ॥ २२०॥

(५) कबीर—काटीकूटी मछली छींकै धरी चहोड़ि ।
कोइ एक ग्रषिरमनवस्या दहमैं पड़ी बहोड़ि॥१३।२४॥
ढोला—तालि चरंती कुंझड़ो सर संधियउ गँमारि ।
कोइक ग्राखर मनि वस्यउ, ऊडी पंख सँमारि॥६७॥

(६) कबीर—जाँणौं जे हरि कौं भजौ **मो मनि मोटी ग्रास**॥ १६।५
ढोला—सुणि ढोला, करहउ कहइ, **मो मनि मोटी ग्रास**॥४३१

(७) कबीर—कबीर गुण की बादली तीतरवानीं छाँहि ।
बाहरि रहे ते ऊबरे, भीगे मंदिर माँहि ॥ १६।२३
कबीर—मंदिर पैसि चहूँ दिसि भीगे, बाहरि रहे ते सूका। (पद१७५)
ढोला—ग्राज धरा-दस ऊनम्यउ महलाँ ऊपर मेह ।
बाहर थाजइ ऊगरइ, भीगा माँझ घरेह ॥२७२॥

(८) कबीर—कमोदनी जलहरि बसै, चंदा बसै अकास ।
जो जाही का भावता, सेा ताही के पास ॥४४।१॥
ढोला—जळमँहि वसइ कमोदणी, चंदउ वसइ अगासि ।
ज्यउ ज्याँहीकइ मनि वसइ, सउ त्याँहीकइ पासि॥२०१॥

(९) कबीर—कबीर, सुपिनैं हरि मिल्या, सूताँ लिया जगाइ ।
आँषि न मींचौं डरपता, मति सुपिनाँ ह्वै जाइ ॥५०।६॥
ढोला—सुपनइ प्रीतम मुझ मिळ्या, हूँ गळि लग्गी धाइ ।
डरपत पलक न छोडही, मति सुपिनउ हुइ जाइ ॥५०३॥
ढोला—सुपनइ प्रीतम मुझ मिळ्या, हूँ लागी गळि रोइ ।
डरपत पलक न खोलही, मतिहि विछोहउ होइ ॥५०२॥

(१०) कबीर—कबीर हरि का डर्पताँ ऊन्हाँ धान न खाउँ ।
हिरदा भीतरि हरि बसै ताथै खरा डराउँ ॥ (ख ५०।७)

कबीर—गोब्यँद के गुण बहुत हैं लिखे जु हिरदै माँहि ।
डरता पाँणीं नाँ पोऊँ मति वै धोये जाँहि ॥५०।७॥

ढोला—प्रीतम, तोरइ कारणइ ताता भात न खाहि ।
हियड़ा भीतर प्री बसइ दाझणती डरपाहि ॥ १६० ॥

११) कबीर—ऊँनमि आई बादली, बर्सण लगे अँगार ॥ ५१।२ ॥

ढोला—ऊँनमि आई बद्दली, ढोलउ आयउ चित्त ॥ ४१ ॥

१२) कबीर—चुगै चितारै भी चुगै चुगि-चुगि चितारै ।
जैसे बच रहि कुंज मन माया ममतारे ॥ (प) ५० ॥

ढोला—चुगइ, चितारइ, भी चुगइ, चुगि चुगि चित्तारेह ।
कुरझी बच्चा मेल्हिकइ, दूरि थकाँ पाळ्हेह ॥२०२॥

१३) कबीर—जे दिन गये भगति बिन ते दिन सालैं मोहि ।

ढोला—जे दिन मारू विण गया, दई न ग्याँन गिणंत ॥२०८॥

१४) कबीर—अकथ कहाणी प्रेम की कह्याँ न को पत्याय ॥४१।११॥

कबीर—अकथ कहाँणीं प्रेम की कछू कही ना जाई ।
गूँगा केरी सरकरा बैठे मुसकाई ॥ १५६ ॥

ढोला—अकथ कहाणी प्रेम की किणसूँ कही न जाइ ।
गूँगा का सुपना भया, सुमर सुमर पिछताइ ॥ १५९ ॥

अब कतिपय राजस्थानी शब्दों को देखिए जिनका प्रयोग कबीर और ढोला-मारू काव्य में हुआ है—

कबीर	ढोला-मारू
१ जतन करत पतन है जैहै भावैं **जाण म जाणी**। ३९७	१ हियड़इ भीतरि तूँ वसइ, भावइँ **जाँण म जाँण**। १७५
२ काया मंजन क्या करै कप्पड़ धोइ **म** धोइ। १२।५३	२ जण-जण साथ **म** बोलही मारू बहुत गुणेह । ४८२
३ साधैं सिधि ऐसी पाइये किबा होइ **म** होइ । ५	३ भरम **म** दाखिस कोइ। ४६७

४ एक ज्योति एका मिली
किंबा होइ **म** होइ। ३१ परि०

५ रहु, रे संख, **म** झूरि।
३।४४

६ **रहि-रहि**, हिया, **म** खोजि।
५५।७ टि०

७ उलट **अपूठा** आँणि। १३।१

८ यहु संसार धार मैं डूबै
अधफर थाकि रहै है। ३१०
भौ-जल **अधफर** थाकि रहे
हैं। ३१८

९ दीपक पावक **आँणिया**
तेल भी **आँण्या** संग। ४।१
गाडर **आँणी** ऊनकूँ। १७।३

१० कूड़े **आखै** बैन। ४३।१०
सब दुख **आखौं** रोइ। ५४।९

११ **आइ पहुंता** कीर। ४६।
१९ टि०

१२ यहु मन **आमन-धूमनाँ**।
३०२

१३ यहु संसार **इसौ** रे प्राँणी।
३१३

१४ **उहाँ ही तैं** गिरि पड़्या।
१३।२५

४ रागाँ देह **म** चूरि। ४९२
म करि पराई बात। ६१९

५ चरि, चरि, **म** चरि, **म** झूरि।
४३४

६ हइ, हइ, दइव, **म** मारि। ४८
रहि-रहि, सुंदरि, माठ करि
३२१

७ राज, **अपूठा** बाहुड़उ। ४०४

८ आडावळ **आधोफरै**
मारग माहि असन्न। ४३९

९ मोती **आँण्या** जेण। ५७३
कर ग्रह **आँणी** अंक मइँ।
५४४

१० मारूनूँ **आखइ** सखी। २४

११ **आइ पुहत्तउ कीर**।
४००

१२ अंतरि **आमण-दूमणा**।
२१८

१३ **इसइ** आरखइ मारुवी।
१४

१४ हियड़उ **उवाँही सूँ** गयउ।
३६२

१५ माटी खोदइ भींत **उसारै**। ९२

१६ ग्वाड़ा माँहे आनँद **उपनौ**। १५२

सचु पाया सुख **ऊपना** ५।२६

१७ कहत कबीर मोहि भगति **उमाहा**। २७१

१८ विरहिनि ऊभी **पंथसिरि**। ३।५

१९ पंथी **ऊभा पंथ-सिरि**। ४६।२२

२० **ऊँडा** बहै असोस। ५७।३

२१ तिणकैं **ओलहै** राँम है। ५३।७

२२ **अँखड़ियाँ** झाँई पड़ी। ३।२२

२३ लेखणि करूँ **करंक** की।३।१२

२४ जिहि सरि मारी **कालिह**। ३।१७

२५ करँम भए **कुहाड़ि**। १२। ४४

२६ तनसूँ **किसा** सनेह। २६।५

२७ द्वै थर चढि गयो रांडको **करहा**। ७६

आँब कै बौरे चरहल **करहल**। १७७

१५ दीहे-दीह **उसारिस्याँ**। ५२५

१६ मारू-देस **उपन्निया**। ४८३-८४

१७ आज **उमाहउ** मो घणउ। ५१८

१८ ढोलउ पूगळ **पंथ-सिरि**। ४२३

१९ **ऊभउ** साहइ लाज। ४४६

२० **ऊँडा** पाणी कोहरइ। ५२३

२१ उर **ओलइ** प्री राखियइ। २८७

२२ **आँखड़ियाँ** डंबर हुई। १६५

२३ मारू-तणइ **करंकड़इ**। १५७

२४ जेहा सज्जण **कालह** था। २१६

२५ कंधि **कुहाड़उ** सिरि घड़उ। ६५८

२६ लाभ **किसाकउ** लेसि। १७७

२७ **करहा**, कहि काहूँ करौं। ४४५

काळी जाया **करहला**। ४९१

२८ निर्मळ नाँव **चवै**, जस बोलै । ३४४	२८ सुणि सुंदरि सबउ **चवाँ** । २३८
२९ **जम राँणा** गढ़ भेळिसी । १२।७	२९ आय **जमराणाँ** साद करि । ६१० थ
३० जगत **ढँढोळ्या** वादि । ५।३३ सायर माँहि **ढँढोळ्ता** । ५।३४	३० ढोलइ धण **ढंढोळियउ** । ६०२ भसम **ढँढोलिसि** काइ । ११२
३१ दिवस **थकाँ** साईं मिलै । ७३।१३	३१ दूरि **थकाँ** ही सज्जणा । २१४
३२ कबीर तुरी **पलाँणिया** । १३।१३	३२ ढोलइ करह **पलाणियाँ** । ३६२
३३ **देावड़** कोट अरु **तेवड़** खाई । ३५९	३३ दूजा **दोवड़-चेावड़ा** । ३०९
३४ **रात्यूँ रूँनी** विरहिनी । ३।१	३४ **रात्यूँ रूँनी** निसह भरि । १५६
३५ रळि गया आटै लूँण १।१४	३५ थे बिहुँ सज्जण **रळि** मिलउ । ३१८
३६ फाड़ि **पुटोला** धज करूँ । ३।४१	३६ **पट्टोळा** पहिरेसि । २३३
३७ देवलि देवलि **धाहड़ी** । ३।७४	३७ तिणि चढ़ि मूकूँ **धाहड़ी** । ३८६
३८ दाधी देह न **पालवै** । ४।६	३८ सूका था सू **पाल्हव्या** । ५३३।५६०
३९ **मुखि कसतूरी महमही** । ५।१४	३९ मारवणी **मुखि ससि-तणइ कसतूरी महकाइ** । ६००

४० चंद **बिहूँणाँ** चाँनिणा। ५।१५
४१ डूँगरि **वूठा** मेह ज्यूँ। १३।२२
सूका काठ न जाणही कबहूँ **वूठा** मेह। ५५।१
४२ ज्यूँ जळ टूटै मंछळो यूँ **बेलंत** बिहाइ। २९।५
४३ जग **सगळा** ही जाँण। २९।१५
४४ सुख दुख **मेल्हे** दूर। ३१।८
४५ जिहि **वैसंदर** जग जळ्या। ३९।४
४६ ज्यूँ-ज्यूँ हरिगुण **साँभळूँ**। ४०।६७
४७ साईं-**हंदा** सैंण। ४३।१०
४८ **बिसारया नहिं बीसरै**। ४४।२
४९ सिर **साटै** हरि सेविए। ४५।३१
५० काल **सिँचाणा** नर चिड़ा। ४६।२
५१ नीर **निँवाणाँ** ठाहरै। ५५।४
५२ नख-सिख **पाखर** ज्याँह। ५५।५

४० जलह **विहूणी** वेल। १६३
४१ दूधे **वूठा मेह**। ५५९
नयणे **वूठउ** नीर। १९
४२ **वेळत** थयउ विहाँण। १९२
४३ **सगळाँ** मन ऊछव हुवउ। ४०
४४ तिण रिति **मेल्हे** माळविण। २६६
४५ का **वासंदर** सेवियइ। २९४
४६ रही **सँभाळ-सँभाळ**। ३८२
४७ सयणाँ-**हंदा** हत्त। ५०९
४८ **वीसारियाँ न वीसरइ**। ६१२
४९ एकण **साटइ** मारुवी। ४५८
५० मन **सीचाणउ** जइ हुवइ। २११
५१ देस **निवाणूँ**, सजळ जळ। ६६८
५२ प्यारा **पाखर** प्रेम की। ४१२

५३	सदा सदाफल **बिजौरा**। २१४	**दाख**	५३	**द्राख-बिजउरा** नीरती। ४२६	
५४	सुति **मुकलाई** माऊ। ६६ प०	अपनी	५४	मारवणी **मुकळाइ**। ५६५	
५५	**बहुगणियाळे** कंत। ११।७		५५	**बहु-गुणावंता नाह** ३४०	
५६	परिखणहारे **बाहिरा**। ४८।२		५६	प्रीतम हूती **बाहिरी**। ३७०	
५७	परब्रह्म वूठा मोतियाँ बाँधी **सिषराँह**। ५५।३	**घड़**	५७	आज धरा-दस ऊनम्यउ काळी **घड़ सखराँह**।	
		इत्यादि		२७१	इत्यादि

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित राजस्थानी शब्द भी कबीर की कविता में आए हैं जिनका प्रयोग हिंदी में प्रायः नहीं होता—

आधापरधा, आँथवै, आपण, उडाणी, उपायौ, ऊखण्या, कुंज (क्रौंच), कद, कदे, जद, तद, क्रम (कर्म), काण, कालर, कांठै, कहसी, काँइ, कराड़ै, कुँमिलाणी, करसी, खड़हड़ताँ, खोडि, खूँणै, खाँगौ, खिँवै, खूँटो ताणि (मुहावरा), खेड, खिरि, गहेलड़ी, गुज्झ, घणा, घाल्या, घुरड़ि, घाघरै, चाँनिणो, चंच, चहोड़, चोल, चौड़ै, चात्रिग, चवै, छइ, छाँगि, छाने, छोति, जोइया, जाँणोजै, जासी, ज (पाद-पूरक अव्यय), झळ, झाळि, झीण, झबूकती, झंखि, झकोळनहार, ठाहरै, डागळा, डूँगरि, तर(=तो), त(=तो), तत्तसार, तेणि, त्याँह, तिरसी, थयाहँ,थै(=से), थकाँ, थई, थाँहि, थूँणी, थारै, दीवा, दाझणा, दाधी, दाधा, दीठा, दह, दिसावराँ, दुहेला, दोहरा, द्रिढ, दह दिसि, ध्रंम, धोजियै, नीपजै, नीझर, नचीत, नेड़ा, निवांण, नफर, नाठी, पालवै, पाँणी, पूरबला, पट्टन, पेखणाँ, पगड़ा, पछेवड़ा, परि (=भाँति), पंन (=पर्ण), पसाव, पयंपै, पाखैं (=बिना) पलाँनि, पणि, पूगी, पाळि, पूळा, भोळ, भी (=फिर), भेळा, भेळिसी, भुसै, भाजिसी (=भागेगा, चुभेगा, टूटेगा), भावैं,

मिनकी, मेल्ह्या, मांडो, महमहो, मैंगळ, मैमंत, मारिसी, मेल्है इ०, महराँण, मंझ, मुकलाऊँ, माँहिलौ, मोकला, रूड़ो, रुति, रलिया, रूधहि, लार, लेसी, लाधा, लहुरी, लाहौ, बाहणो (=चलाना), बाह्या, वागै, वैसणो, बहोड़ि, बेसास, बिडाणा, वाव, वधावणा, बावै (बोता है), वदेस, बींद, बागड़, वींझ, विरोलै, वनराइ, वावलिया, वळसी, वानी, संसौ, सूँ, साव, हाथाळी, सालै, सीठ, सहनाँण, सरद्या, सोहरा, सैंण, साटै, सैंजळ, स्यावज, सुवटा, सेती, सलिता, सँगाती, हुता, हूँणा, होसी, हंदा, हूँ, हेला इत्यादि-इत्यादि।

इनके अतिरिक्त कारकों तथा क्रियाओं के राजस्थानी रूप तो जगह-जगह पर भरे पड़े हैं।

अब हम अपने प्रकृत विषय पर आते हैं। ढोला-मारू काव्य की भाषा के संबंध में यह ध्यान रखना चाहिए कि वह एक काल की अथवा एक कवि की कृति नहीं है। इसलिये इस काव्य की भाषा भी सर्वत्र एक सी नहीं है। कहीं प्राचीनता है तो कहीं नवीनता। कहीं पुरानी वर्त्तनी है तो कहीं नवीन। इसी प्रकार गुजराती, सिंधी, पंजाबी आदि के प्रयोग भी यत्र-तत्र पाए जाते हैं। राजस्थानी में भी कहीं मारवाड़ी रूप हैं तो कहीं ढूँढाड़ी, कहीं जैसळमेरी हैं तो कहीं माळवी। खड़ीबोली और व्रज के रूप भी एक-आध जगह पाए जाते हैं।

इस समस्त भाषा-भेद का कारण उसकी सर्वप्रियता और निरंतर सुनने-सुनानेवालों की जबान पर रहना ही है। इन लोगों के हाथों में पड़कर बहुत से प्राचीन रूप नवीनता के साँचे में ढल गए। बहुत से प्राचीन दूहे लुप्त हो गए तथा नए दूहे जुड़ गए। पुरानी प्रतियों में इतने दूहे नहीं मिलते जितनी बाद की प्रतियों में; यहाँ तक कि कुछ प्रतियों में तो काव्य एवं उसकी कथा का रूप ही सर्वथा पलट गया है। सैकड़ों नए दूहे दृष्टिगोचर होते हैं और

पुराने दूहे बहुत कम। कई दूहों का रूपांतर इतना अधिक हो गया है कि उनको पहचानना कठिन हो जाता है।

कबीर के कुछ दूहे ढोला-मारू काव्य में प्रायः ज्यों-के-त्यों मिलते हैं। शंका हो सकती है कि क्या वे दूहे ढोला-मारू में कबीर की रचना से लेकर सम्मिलित कर लिए गए हैं। ऐसा होना असंभव नहीं: हमारी जो सबसे प्राचीन प्रति है वह १६५१ की है जो कबीर के समय के सौ सवा सौ वर्ष बाद की है। उतने समय में कबीर की कविता का इतना प्रसिद्ध हो जाना कि वह जन-साधारण की जिह्वा पर रहने लगे, असंभव नहीं (आज तो कबीर के सैकड़ों दूहे लोगों की जबान पर हैं)। उधर हमारे कतिपय मित्रों का कहना है कि ये दूहे ढोला-मारू के ही हैं और जन-साधारण में प्रचलित थे। या तो कबीर उनके द्वारा इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने प्रायः वैसी ही साखियाँ कह डालीं या उनके शिष्यों ने इन दूहों को कबीर की साखियों में मिला दिया। हमें दोनों मत ठीक नहीं जान पड़ते। ये दूहे जिन विषयों पर लिखे गए हैं उन पर केवल कबीर ने ही नहीं किंतु अन्य संत कवियों ने भी रचना की है। उनके भाव और शब्द प्रायः परस्पर मिलते हुए हैं। जिस भाव ने ढोला-मारू के इन दूहों के निर्माता को प्रभावित किया उसी भाव ने इन संत-महात्माओं को भी। यही साम्य का कारण है।

आगे हम ढोला-मारू की भाषा का व्याकरण देते हैं।

(६) ढोला-मारूरा दूहा काव्य का व्याकरण

(१) राजस्थानी की वर्णमाला

(क) स्वर

ह्रस्व—अ इ उ ऋ अे[1] ओ

---

(१) अे = ह्रस्व अे (या ए)। ओ = ह्रस्व ओ।

दीर्घ—आ ई ऊ अे ओ अै[1] अँ औ आँ[2]

(ख) अतिरिक्त स्वर (जो प्रायः कविता में आते हैं)

ह्रस्व—ओ[3] अै औ

(ग) व्यंजन

क	ख	ग	घ	ङ		च	छ	ज	झ	ञ
ट	ठ	ड	ढ	ण		त	थ	द	ध	न
प	फ	ब	भ	म		य	र	ल	व	व़[4]
श	ष	स	ह	ळ[5]		ऋ	ड़	ढ़	ं	ः

नोट—ढोला-मारू के इस संस्करण में ह्रस्व ओ, अे, ओ, अै, औ और व़ को क्रमशः आ, अे, ओ, अै, औ और व (या, ब) से ही लिखा गया है।

(२) उच्चारण

१—छंद की सुविधा के लिये दीर्घ अक्षरों का भी ह्रस्व उच्चारण कई स्थानों पर हुआ है। उदाहरण—

उचै बोल्या सर ऊपरइ थाँ कीधी अणुराव ॥ ५२ ॥

आसालुधी हूँ न मुइय सज्जन जंजाळेह ॥ २०६ ॥

सायधण लाल कबाण ज्यउँ ऊभी कड़ मोड़ेह ॥ ३५५ ॥

२—इसी प्रकार एकाध स्थान पर ह्रस्व का दीर्घ उच्चारण भी हुआ है। उदाहरण—

---

(१) अै = हिंदी ऐ (जैसे 'अैसा' में)। अँ = संस्कृत ऐ (जैसे 'दैव' में)। अे = ह्रस्व अै।

(२) औ = हिंदी औ (जैसे 'और' में)। आँ = संस्कृत औ (जैसे 'कौआ' में)। ओ = ह्रस्व औ।

(३) ओ = ह्रस्व आ।

(४) व = संस्कृत व और राजस्थानी व़। व़ = राजस्थानी व।

(५) ळ = मूर्धन्य ल। द = अरबी ज़्वाद। ड़ = मूर्धन्य ड़।

जे जीवन जिन्हाँ-तणाँ तन ही माँहि वसंत ॥२१॥
ऊपर थे बिन्हे चढ्या करह कूट किण काज ।६४४॥

(३) वर्त्तनी

१—पुरानी हस्तलिखित प्रतियों में ख सदैव 'ष' से लिखा जाता था। आजकल भी पुराने साक्षर जन ख को बहुधा ष से ही लिखते हैं। उच्चारण को ध्यान में रखकर हमने मूल में सर्वत्र ख कर दिया है।

२—पुरानी प्रतियों में ड और ड़ एक ही प्रकार से लिखे मिलते हैं। हमने जहाँ जो अक्षर होना चाहिए वह कर दिया है।

३—पुरानी प्रतियों में चंद्रबिंदु का प्रयोग कभी-कभी ही मिलता है। हमने उचित स्थान पर चंद्रबिंदु कर दिया है।

४—ढोला-मारू की जो प्रतियाँ हमें मिली हैं उनमें काफी समयांतर है, अतः एक ही शब्द कई प्रकार से लिखा मिलता है। हमने अधिकांश में जिस प्रति का पाठ लिया है उसी की वर्त्तनी को ग्रहण किया है। कई स्थानों पर परिवर्त्तन भी किया है। वह इस प्रकार—

(१) समानता रखने के लिये ऐ औ की मात्राओं को अइ अउ में परिवर्त्तित कर दिया है।

(२) कहीं-कहीं छंद के सुविधानुसार ह्रस्व को दीर्घ या दीर्घ को ह्रस्व कर दिया है।

(४) लिंग

१—ढोला-मारू की भाषा में दो लिंग पाए जाते हैं। नपुंसक लिंग के रूप भी एकाध स्थान पर मिलते हैं पर वह पुराना प्रभाव है। वास्तव में नपुंसक लिंग और पुँल्लिग में कोई अंतर नहीं है। नपुंसक लिंग के रूपों के कुछ उदाहरण—

पूगळ देस दुकाळ थियुँ । २ । (थियुँ = थियउ)
ऊ हो लाख-पसाउ । ७४ । (ऊ = ओ)
पावस मास प्रगट्टिउँ । २५८ । (प्रगट्टिउँ = प्रगट्टियउ)
निकस्यू जात न तांहि । ३७३ । (निकस्यू = निकस्यो)
प्रहरै-प्रहर ज ऊतरयुं । ५९० । (ऊतरयुं = ऊतरियउ)

२ —स्त्रीलिंग बनाने का मुख्य प्रत्यय ई है—

पुत्र—पुत्री	सुंदर—सुंदरी
तणउ—तणी	हेकलउ—हेकली

३—कहीं-कहीं स्त्रीलिंग शब्दों का अंत्य स्वर लुप्त, और दीर्घ हो तो ह्रस्व, हो गया है—

सुंदरी—सुंदर, सुंदरि मुंधा—मुंध ।
चातृंगी—चातृंगि

(५) बहुवचन प्रत्यय

१—आ—ओकारांत शब्दों के लिये—

रावळ, रावळउ } रावळा ३
परणियउ, परणियो } परणिया १०

२—आँ (अकारांत स्त्री० शब्दों के लिये) कोइल—कोइलाँ ८
३—इयाँ (ईकारांत स्त्री० शब्दों के लिये) सखी—सखियाँ, २०
सखिए (संबोधन) २६

(६) विभक्ति और कारक

राजस्थानी में छः विभक्तियाँ और आठ कारक होते हैं । उनके नाम इस प्रकार हैं—

१—विभक्तियाँ—

सं०	विभक्ति	चिह्न	किस कारक में आती है	हिंदी चिह्न
१	पहली	×	अप्रत्यय कर्त्ता और अप्रत्यय कर्म	×
२	दूसरी	*	सप्रत्यय कर्त्ता और संबोधन	ने
३	तीसरी	सूँ आदि†	करण और अपादान	से
४	चौथी	ने आदि	सप्रत्यय कर्म और संप्रदान	को
५	पाँचवीं	में, पर आदि	अधिकरण	में, पर
६	छठी	रो (री, रा, रे) आदि‡	संबंध	का (की, के)

२—कारक—

सं०	नाम	विभक्ति
१	कर्त्ता	पहली, दूसरी, तीसरी
२	कर्म	पहली, चौथी
३	करण	तीसरी
४	संप्रदान	चौथी
५	अपादान	तीसरी
६	अधिकरण	पाँचवीं
७	संबंध	छठी
८	संबोधन	दूसरी§

* इसके प्रत्यय आगे विकारी रूप शीर्षक के नीचे देखिए।

† तीसरी से छठी विभक्तियों के चिह्न विकारी रूप के आगे जोड़े जाते हैं। पर कविता में (कभी-कभी गद्य में भी) ऐसा नहीं भी होता है और शब्द के सामान्य रूप के आगे ही ये चिह्न जोड़ दिए जाते हैं।

‡ छठी विभक्ति के चिह्नों में, हिंदी की भाँति, विशेष्य या भेद्य के अनुसार परिवर्तन होता है। पुँल्लिंग एकवचन—रो। पु० बहु०—रा। पु० विकारी रूप—रे। स्त्रीलिंग—री।

§ ओकारांत शब्द के संबोधन के एकवचन में ओ का आ हो जाता है।

नोट—उल्लिखित विभक्तियों के अतिरिक्त अन्य विभक्तियाँ भी कभी-कभी आ जाती हैं।

३—विकारी रूप—

शब्द	लिंग	वचन	प्रत्यय	उदाहरण
ओकारांत	पुँ०	एक०	अइ, अै, अे	ढोलइ, खोटइ
”	”	बहु०	आँ	खोटाँ
अन्य शब्द	पुँ०	एक०	×	
अकारांत	पुँ०	बहु०	आँ	भड़ाँ, समदाँ
आकारांत	पुँ०,स्त्री०	बहु०	आँ, आवाँ	
ईकारांत	पुँ०,स्त्री०	बहु०	इया, याँ	राजवियाँ
ऊकारांत	पुँ०,स्त्री०	बहु०	उवाँ	मारुवाँ

नोट (१) ढोलामारू में स्त्रीलिंग के विकारी रूप और साधारण रूप में कोई भेद नहीं किया गया है।

(२) राजा-वर्ग के शब्दों को छोड़कर बाकी सब आकारांत हिंदी शब्द राजस्थानी में ओकारांत हो जाते हैं।

४—ढोला-मारू के विभक्ति-चिह्न—

विभक्ति	चिह्न	उदाहरण
पहली	×	
दूसरी	(देखो विकारी रूप)	
	ए, इए	सज्जणे, सखिए
	इ	भुयंगि
तीसरी	सूँ, सुं, सुँ, स्यउँ	मारवणीसूँ, ताहसुँ, डाँभस्यउँ
	ती, थी	नख-ती, हम-थी
	हुंती, हूँती	
	आँ	वयणाँ, हूछाँ

विभक्ति	चिह्न	उदाहरण
	इ, अइ, ए, एह	मनइ, प्रेमइ, पागड़इ, काँबे, स्रवणे, नयणेह
	ह	तनह
चौथा	ने, नें, नइ, नइँ, नूँ	म्हेनें, ढोलइनूँ, राजानूँ,
	ए	घरे
	अइ	नरवरइ
	रेस	जळ-रेस
पाँचवीं	में, मै, मैं, मइँ, मइ, महिं, मँही, माँहि, माँही, मंझ, मंझि, मँझारि	
	सिर, सिरि	पंथ-सिर
	इ,	भवि, घरि, देसि,
	अइ	हीयइ, साथइ, करहइ, सासरइ
	अइँ	सुपनइँ, सेजइँ
	ह	मनह
छठी	रो-रउ, री, रा, रै, रइ	
	को-कउ, की, का, के-कइ-कै	दई-कइ
	दा	मारूदा
	जी	म्हाँजी
	चो-चउ, ची, चा, चइ-चै	नरवर-चउ
	तणउ, तणी, तणा, तणइ	
	संदउ, संदी, संदा, संदइ	
	हुंदउ, हुंदउ, इ०	

नोट—कविता में (और कभी-कभी गद्य में भी) शब्द के साधारण या विकारी रूपों से ही विभक्तियों और कारकों का काम निकाल लिया जाता है और विभक्ति-चिह्न लुप्त कर दिए जाते हैं।

(७) सर्वनाम

(१) हूँ = मैं

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
पहली	हूँ = मैं, मुझे	म्हे, हम, सैं = हम
दूसरी	मइँ = मैं, मैंने, मुझसे	म्हाँ = हमने
तीसरी	मोथी = मुझसे	...
चौथी	मोहि, म्हाँने, म्हाँनूँ, म्हैंने, मुझ्झ = मुझे	...
छठी	म्हारउ (म्हारी) = मेरा-री	म्हाँरउ (म्हाँरी) = हमारा-री
		म्हाँकउ (म्हाँकी) = हमारा-री
	मेरो (मेरी) = मेरा-री	हमारउ (हमारी) = हमारा-री
	मो, मूँ = मम, मेरा-री	म्हाँजी = हमारी
		अम्हीणइ = हमारे (विकारी)
	मुझ्झ = मेरा-री-रे	अम्हीणी = हमारी
		अम्हाँ = हमारा-री-रे

(२) तूँ=तू

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
पहली	तूँ=तू, तुझे	थे, तुम=तुम थे, राज, राजि=आप
दूसरी	तइँ=तूने, तुझसे, तेरा	थाँ=आपने, तुमने
तीसरी	तुझूझ=तुझसे	...
चौथी	तेानइ, तेानूँ, तेाइ } =तुझे तेाहि =तुझे, तुझमें तुझूझ =तुझे	...
छठी	थारउ (थारी, थारा) =तेरा (तेरी, तेरे) थाहरइ, तेारइ } =तेरे तुझ, तुझूझ=तेरा, री, रे	थाँरउ (थाँरी, थाँरा)= आपका इ० तुम्हारउ (री, रा)= तुम्हारा इ० थाँकउ (की-का)= आपका इ० थाँकं=आपके (विकारी)
विकारी रूप	तेा=तुझे, तुझसे, तेरा इ०, तुझमें	थाँ=आपने, आपको, आपसे, आपमें, आपका इ०

(३) वेा, सेा=वह

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
पहली	सेा, सउ, स, सेाइ, उ, ऊ=वह (पुँ०) सेा, से, ते, वा, उवा=वह (स्त्री०)	सेा, से, सू, सेाइ, ते, तेह, तिके, वै, उवै=वे

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
दूसरी	उण, इणि, उआँ, तिण, तिणि, तिणाँ, तेण, तेणि, त्याँ, तियाँ, तीयाँ, ता, तइ = उसने, उसको, उससे, उसमें, उसका	उवाँ, ताँह, त्याँ, याँह = उनने, उनको, उनसे, उनमें, उनका
तीसरी	ताहसुँ = उससे	
चौथी		
पाचवीं	तिणपइ = उसपै	
छठी	उणरउ = उसका तास, तासु, तसु = उसका	तिणका ताँहका, तिहाँका = उनका त्याँहीकइ = उन्हींके (विकारी)

(४) ओ = यह

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
पहली	अउ, ओ, यो, ई, ए, आ = यह (पुँ०) आ, ए, एह = यह (स्त्री०)	अइ, ए, एह = ये
दूसरी	इण, इणि, एण, अण, एह = इसने, इसको, इससे, इसमें, इसका इ०	(एकवचन की भाँति)
चौथी	यहु = इसको	...

(५) जो, जको = जो, जौन

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
पहली	जो, जउ, ज्यउ, जे, जिको = जो (पुँ०) जो, जउ, जे, जिका = जो (स्त्री०)	जे, जिका, ये = जो
दूसरी	जिण, जिणि, जेण, जाँ, ज्याँ, ज्याँह, जाँह, जे = जिसने, जिसको, जिससे, जिसमें, जिसका,	(एकवचन की भाँति)
चौथी	...	जिणनूँ = जिनको
छठी	जास = जिसका जिणरो इ० जिणको इ० ज्याँरो इ० = जिसका ज्याँहींकइ = जिसके (वि० रूप) जिए = जिसके	जिन्हाँ-तणाँ = जिनके जिणको इ० जाँहको इ० ज्याँको इ० = जिनका इ०

(६) कुण = कौन

विभक्ति	उदाहरण
पहली	कुँण, कूण, कवण, कौण, को, का (स्त्री०) = कौन
दूसरी	किण, किणि, केण, कवण, किस = किसने, किससे, किसको, किसमें, किसका इ०

(७) कोई

विभक्ति	उदाहरण
पहली	कोई, कोइ, कां, कउ, कोइक, काइक (स्त्रो०), काइ (स्त्रो०)
दूसरी	काइ, किहीं, कहां = किसी ने, किसी से इ०

(८) आप = आप (स्वयं)

आपण = अपन, हम लोग

आपणउ = अपना

मोहि = स्वयं (मैं)

(९) सार्वनामिक विशेषण

एतउ, केतउ, जेतउ, तेतउ = इतना, कितना, जितना, तितना। इवड़उ-एवड़उ = ऐसा, इतना। अइसउ, ऐसउ = ऐसा। एहउ, एहवउ = ऐसा। अइहउ = ऐसा। इसउ = ऐसा। आपणउ = अपना। सेा = समान। सगळउ, सहु, सवि, सउ, सौ, सब्ब, सब = सब। का, कहा = क्या। कछु = कुछ। किउँ = कुछ। काँइ = क्या, कुछ। के = कई।

(८) क्रिया-रूप

(१) इस काव्य की भाषा में निम्नलिखित आठ काल पाए जाते हैं—(१) सामान्य वर्त्तमान, (२) तात्कालिक वर्त्तमान, (३) संभाव्य भविष्यत्, (४) सामान्य भविष्यत्, (५) प्रत्यक्ष विधि, (६) परोक्ष विधि, (७) सामान्यभूत, (८) हेतु-हेतुमद्भूत।

(२) सामान्य वर्त्तमान के रूप प्रायः संभाव्य भविष्यत् जैसे ही हैं; केवल जहाँ वर्त्तमान-कृदंत से बने सामान्य वर्त्तमान रूप आए हैं वहीं फर्क पड़ता है।

(३) तात्कालिक वर्त्तमान केवल दो-तीन जगह आया है—

(१) झळ रहियाह = झळ रहे हैं।

(२) फळि रहउ = फल रहा है।

(४) संभाव्य भविष्यत् और सामान्य वर्त्तमान के रूप इस प्रकार हैं—

पुरुष	वचन	प्रत्यय	हुवणो	हुवणो	अकर्मक	सकर्मक	आवणो	जावणो	देवणो
अन्य	एक०	अइ	हइ, छइ	हुवइ	जागइ	जाँणइ	आवइ, आइ	जावइ	देवइ, देइ,
	और		अछइ	होइ	...	...	...	जाइ	दियइ, दीयइ
	बहु०		...	थाइ	...	...	...	जाअइ	...
			...	हुइ	...	...	...	जायइ	...
		अय	...	...	...	आखय	...	...	...
		अही	..	...	...	बोलही	...	...	....
		एह,	...	...	...	भरेह	...	..	देह
		एहि	...	...	...	पळटेहि	...	...	देहि
		आहि	...	...	डरपाहि	खाहि	...	जाहि	...
		आह	..	...	...	..	...	जाह	...
		आइ	...	...	बिकाइ	लहाइ	...	...	...
		×	...	...	डूल	...	...	...	...

पुरुष	वचन	प्रत्यय	हुवणो	हुवणा	अकर्मक	सकर्मक	आवणो	जावणो	देवणो.
मध्यम	एक०	(अन्यपुरुष की भाँति)	हुई	...	गाजइ	चुट्टइ	...	...	...
	बहु०	अउ		हुवउ	जागउ	जाणउ	आवउ	जावउ	
उत्तम	एक०	ऊँ अउँ		हुँ (?) हउँ	जागूँ जागउँ	जाणूँ जाणउँ	आऊँ आवउँ	जाऊँ जावउँ	दिउँ, दिउँ दूँ
	बहु०	आँ	छाँ	हवाँ	जागाँ	जाणाँ	आवाँ	जावाँ	देवाँ, द्याँ

(५) सामान्य वर्त्तमान के वर्त्तमान कृदंत से बने रूप—

प्रत्यय	उदाहरण
अत	वसत, करत, बाढत
अंत	काढंत, आवंत, लहंत, चढंत
अंति	लियंति, गमंति, मल्हपंति
ती (स्त्री०)	मूँकती

(६) सामान्य भविष्य

पुरुष	वचन	प्रत्यय	हुवणो	अकर्मक	सकर्मक	आवणो			
अन्य		सी		जागसी	जाँणसी	आवसी	आसी		
		से		जागसे	जाँणसे	आवसे	आसे		
	एक०	इसी		जागिसी	जाँणिसी	आविसी	आइसी		
		एस		जागेस	जाँणेस	आवेस	आएस		
	और	एसि		जागेसि	जाँणेसि	आवेसि	आएसि		
		एसी		जागेसी	जाँणेसी	आवेसी	आएसी		
		सइ		जागसइ	जाँणसइ	आवसइ	आइसइ		
	बहु०	स्यइ		जागस्यइ	जाँणस्यइ	आवस्यइ	आइस्यइ		
		इस्यइ		जागिस्यइ	जाँणिस्यइ	आविस्यइ	अइस्यइ		
		इसइ		जागिसइ				जइसइ	
		एह		जागेह	जाँणेह	आवेह	आएह		
		एस्यइ		जागेस्यइ	जाँणेस्यइ	आवेस्यइ	आएस्यइ		

	एक०	इस इसु, (बाकी प्रत्यय अन्यपुरुष की भाँति)	हुइस	पाठविसु	...	...	...	देइस	
मध्यम	बहु०	स्यउ		जागस्यउ	जाँणस्यउ	आवस्यउ	आइस्यउ		
		इस्यउ		जागिस्यउ	जाँणिस्यउ	आविस्यउ			
उत्तम		इसूँ		जागिसूँ	जाँणिसूँ	आविसूँ	आइसूँ		
		इस्यउँ		जागिस्यउँ	जाँणिस्यउँ	आविस्यउँ	आइस्यउँ		
		इसि		जागिसि	जाँणिसि	आविसि	आइसि		
		एस		जागेस	जाँणेस	आवेस	आएस		
		एसि		जागेसि	जाँणेसि	आवेसि	आएसि		
		ऐस्यउँ		जागेस्यउँ	जाँणेस्यउँ	...	आएस्यउँ		
		स्याँ		जागस्याँ	जाँणस्याँ	आवस्याँ	आइस्याँ		
		इस्याँ		जागिस्याँ	जाँणिस्याँ	आविस्याँ	आस्याँ		
		एस्याँ		जागेस्याँ	जाँणेस्याँ	आवेस्याँ	आएस्याँ		
		एस		जागेस	जाँणेस	आवेस	आएस		

(७) सामान्य भविष्य का एक दूसरा रूप लो प्रत्ययवाला भी प्रयुक्त हुआ है। संभाव्य भविष्यत् के आगे नीचे लिखे प्रत्यय लगाने से यह बनता है। इसमें लिंग-भेद होता है।

लिंग	वचन		उदाहरण
पुँल्लिग	एक०	लो	जाणइलो = वह जानेगा
	बहु०	ला	जाणइला (जाणयला) = वे जानेंगे
स्त्रीलिंग	एक०	ली	मिलूँली, मिलउँली = मिलूँगी
			दिउँली = दूँगी
	बहु०	ल्याँ	मिलाँल्याँ = हम मिलेंगी

(८) प्रत्यक्ष विधि—

मध्यम पुरुष	प्रत्यय	उदाहरण
एक०	अ	ल्याव, जाण, दे, आव
	इ	छाँडि, लज्जि, गज्जि, आवि, आ (आय)
	ई	
	ए	कहे (कहइ), आखे
	एह	करेह
बहु०	अउ	विचारउ, जावउ, करउ, थउ (=दो), हुअउ
	इयउ	लियउ

(९) परोक्ष विधि—

प्रत्यय	उदाहरण
ए	कहे, आखे, आए
इया	कहिया
इयाह	कहियाह, रहियाह
इयाँह	दाखवियाँह
इज्यउ	कहिज्यउ

(१०) 'चाहिए' बोधक विधि

प्रत्यय	उदाहरण
इयइ	मेल्हियइ, छंडियइ, जाइयइ
इजइ	राखिजइ
ईयइ	...
ईजइ	होहीजइ, कीजइ, पाळीजइ,
इज्जइ	...

(११) सामान्य भूत

लिंग	वचन	प्रत्यय	हुवणो	हुवणो	अकर्मक	सकर्मक	आवणो		जावणो	देवणो
पुं०	एक०	इयउ यउ अउ		थियउ, थियुँ हुयउ, थयउ हुवउ	आगियउ जाग्यउ लागउ	जाणियउ जाण्यउ	आवियउ आव्यउ	आइयउ आयउ	गयउ	दियउ, दीयउ
	बहु०	इया या आ	हुंता हूँता	थिया, थया, हुया, हूया, भया हुवा, हूवा	जागिया जाग्या लागा	जाणिया जाण्या	आविया आव्या	आइया आया	गया	दिया, दीया
स्त्री०	एक०	ई	थो	हुई थई भई	जागो लागो	जाणी	आवी	आई	गई	दी, दई, दिवी
	बहु०	इयाँ याँ			जागियाँ जाग्याँ	जाणियाँ जाण्याँ	आवियाँ आव्याँ	आइयाँ आयाँ	गयाँ	...

(७६)

(१२) सामान्य भूत के अनियमित रूप

(१) सीधे संस्कृत या प्राकृत के भूत-कृदंत से बने हुए—

उपजणो—ऊपन्नउ (उत्पन्न)। पहुँचणो—पहुत्त, पहूँतउ (प्रभूत) देवणो—दीध, दीधउ, दीन्ह, दीन्हउ (दिण्ण)। लेवणो—लिद्ध, लोध, लब्ध, लीधउ, लीन्ह, लोन्हउ। पीवणो—पोध, पीधउ। खावणो—खध्ध, खाधउ। करणो—किध्ध, कीध, किध्धउ, कीधउ, कीन्ह, कीन्हउ, किय, कियउ, कीयउ। देखणो—दिट्ठ, दीठ, दिट्ठउ, दीठउ। बँधणो—बध्ध। सिद्ध हुवणो—सीधा। मरणो—मुयउ, मुई। दाधणो—दध्ध। सूवणो—सूती। रोवणो—रूँनी।

(२) आणी प्रत्यय लगाकर—

सँकणो—सँकाणी। विकणो—विकाणो। भरणो—भराणो। लाजणो—लजाणी। उडणो—उडाणी। समा(व)णो—समाणी। कुँमलाँ(व)णो—कुँमलाँणी।

(३) अन्य—

वूही (वहणो)। गाज (गाजणो)। फट्टि (फटणो)। विणट्ठा (सं० विनष्ट)। पयट्ठ (सं० प्रविष्ट)।

(१३) हेतुहेतुमद्भूत

लिंग	वचन	प्रत्यय	उदाहरण
पुँ०	एक०	तउ	रहतउ
	बहु०	ता	हुंता

लिंग	वचन	प्रत्यय	उदाहरण
स्त्री०	एक०	ती	जोती, देखती
	बहु०	अंती	
पुँ० स्त्री०	एक०	अत	
		अंत	करंत, रहंत
	बहु०	अंति	रहंति, हूंति, जंति, पसरंति

(१४) कर्मवाच्य-भाववाच्य

प्रत्यय	उदाहरण
(१) ईज	चढीजइ = चढ़ा जाता है।
	लीजइ = ली जाती है।
(२) इज	कहिजइ = कहा जाता है।

अन्य प्रत्यय—इज्ज, ईय, इय (छंडियइ, मेल्हियइ)।

नोट—कर्मवाच्य और चाहिए अर्थ की विधि के रूप एक से होते हैं। पाळीजइ = पाला जाता है, पाला जाय और पालना चाहिए (हिं० पालिए)।

(१५) सकर्मक और प्रेरणार्थक बनाना

(क) अकर्मक से सकर्मक

(१) आव प्रत्यय से—जागणो—जगावणो

मिळनो—मिळावणो

(२) आड़ प्रत्यय से—जीवणो—जीवाड़नो

(३) धातु के उपांत्य स्वर में परिवर्तन—वळनो—वाळनो,
ऊतरणो—ऊतारणो
उतरणो—उतारणो
चढणो—चाढणो
मिळनो—मेळनो

(४) धातु बदलकर— टूटणो—तोड़नो

(५) बिना परिवर्तन के— भरणो—भरणो

(६) अन्य रूप— जागणो—जागवणो
दहणो—दाहवणो

(ख) प्रेरणार्थक

(१) आव प्रत्यय से—काटणो—कटावणो ।
मारणो—मरावणो
आणनो—अ-आणावणो

(२) आड़ प्रत्यय से—बाँधणो—बँधाड़नो
काटणो—कटाड़नो

(३) धातु के स्वर में परिवर्त्तन—पीवणो—पावणो ।

(४) अन्य रूप—देवणो—दिरावणो ।

(९) प्रत्यय

(१) वर्त्तमान कृदंत*—

पुँ० एक०	अतउ	पड़तउ
	अंतउ, अंदउ	लवंतउ, चलंतउ, उडंदउ
	अत	वेळत
	अंत	
	ऐतौ	वूठैतौ

* वर्त्तमान कृदंत और हेतुहेतुमद्भूत के प्रत्यय एक से होते हैं ।

पुँ० बहु०	अता	मनगमता, जावता
	अताँ	नीगमताँह
	अंता	ऊसारंता, भमंता
	अत	
	अंत	
स्त्री०	अंती	विललंती
	अंदी	चाहंदी
	अती	वळती, देखती
	अत	
	अंत	

(२) भूत कृदंत*—

पुँ० एक०	अउ	लागउ, वूठउ, विलखउ
	यउ	आयउ,
	इयउ	कूटियउ, ऊमाहियउ
पुँ० बहु०	आ	विलक्खा, अदिठा, सूका
	या	पिया
	इया	भरिया
स्त्री० एक०	ई	वियापी, माँगीताँगी
बहु०	इयाँ	सामुहियाँ, उपराठियाँ

(३) कृदंत क्रियाविशेषण—

प्रत्यय—याँ, इयाँ—	कह्याँ = कहने पर,
	परण्याँ, कियाँ, कुड़ियाँ

---

* भूत कृदंत और सामान्य भूत के प्रत्यय एक से होते हैं। अनियमित रूपों के लिये ऊपर सामान्य भूत के रूप देखो।

ए कहे = कहने से

अंतइ वरसंतइ = बरसते हुए,
आवंतइ, ऊगंतइ ।

(४) तुमर्थ प्रत्यय—

अण —बोलण (= बोलने को), मिलण

इवा, इबा —कहिवा (= कहने को)

(५) पूर्वकालिक क्रिया—

इ—जागि, चढि, आवि, आइ, देइ, लइ, हइ, होय, हुइ

ई—लंघी, उक्कंबी, पूछी करी

ए—लगे

अ—कर

इन प्रत्ययों के आगे कै, कइ, करि, नइ, नइँ (= कर, करके) प्रत्यय भी प्रायः जोड़ दिए जाते हैं ।

(६) वाला अर्थ के प्रत्यय—

अण—भरण, पखालण, रंजण, उल्हवण

अणउ— रक्खणा (बहु०)

इस प्रत्यय के आगे कहीं-कहीं हार प्रत्यय जोड़ दिया गया है । जैसे—झकोळणहार ।

(७) कुछ अन्य कृदंत प्रत्यय—

१—अण = ना

हल्ल—हल्लण (चलना),

वल—वळण (चलना, जाना)

२—आमणउ = आवना

सोह—सुहामणउ

वध—वधामणउ

३—आवउ = आवा

सोह—सुहावउ

४—आळू = आलू

धंधो—धंधाळू

५—हार = हार, वाला

झूँबणो—झूँबणहार

वळनो—वल्लणहार

(८) कुछ तद्धित-प्रत्यय

१—ड़उ (ड़ी)—स्वार्थ में और अनादर तथा ऊनता-सूचक

संदेसउ—संदेसड़उ,

गोरी—गोरड़ी

गाम—गामड़उ

कंब—कंबड़ी

२—लउ—ड़उ की भाँति

दीवउ—दीवलउ

करहउ—करहलउ

३—टो—ड़ी की भाँति

लीह—लीहटो

४—एरउ—स्वार्थ में

वेगउ—वेगेरउ

आघउ—आघेरउ

भलउ—भलेरउ

५—एरउ—वाला, का।

पर—परेरउ (पर का)

६—पण = पन

बाळा—बाळापण

७—आपउ = आपा

तरण—तरणापउ (तरुणपन)

८—आइत = वाला

रळी—रळियाइत

९—वंत = वाला

जोबन—जोबनवंत

१०—लउ = वाला, का

आगे—आगलउ

पाछे—पाछलउ

(१०) अव्यय

(१) क्रिया-विशेषण

किह, किहाँ = कहाँ । कंथि = कहाँ । काँही = कहीं । इहाँ, एथि = यहाँ । अउथि, तिहाँ = वहाँ । उवाँही = वहीं । जहँ, जिह, जिहाँ = जहाँ । ऊपरि = ऊपर । परइ = परे । दूर, दूरि = दूर ।

कद, कदि, कदी, कदे = कब । अब, हिव, हिवइ, अवराँह = अब । जब, जाँण = जब ।

आज, अज्ज = आज । अजइ, अजे = अभी । काल्ह = कल । राति = रात । राति-दिवसि = रात-दिन । नित, नितु, नित्त = नित्य । पाछइ, पाछे = पीछे, बाद में । वळि, वळे, भी, फिरि = फिर । पुणोवि = पुनरपि, फिर भी ।

इम, इमि, एम, यूँ = ऐसे, यों । जिम, जिमि, जेम = जैसे । जिउँ, ज्यउँ, ज्युं, ज्यूँ, जूँ = ज्यों । किम, किमि, केम = कैसे । किउँ, क्यउँ, क्यूँ = क्यों । किउँकरि = क्योंकर, कैसे । जं = ताकि । जेण, जेणि = जिससे, जिस कारण से । केण, केणि = किसलिये । तेण,

तेणि, तिणि = इसलिये। तिम = त्यों, त्योंही। किमही = किसी तरह।

जे, जै, जइ, जो, जउ, जऊ, जय = यदि, जो। तो, तउ, तु, तुँ, त = तो। तोइ = तो भी। पिण = भी। ही, हीँ, हि, हुँ, ह, इ, ई, य = ही। न, नहि, नहिँ, नही, नहीँ, नाही, नवि, नव, ना, नि, ण, म = न, नहीं। म, मा, मत, मति, जिन = मत। मतही, मतिहि, मति = कहीँ न।

अधिक, बहु = बहुत। जाँण, जाँणि, जाँणे, जाँणक = मानो। नहिँ = मानो। किर = किल, निश्चय ही, मानो। नीठ = कठिनता से। झटक = तुरंत। झाबकि = सहसा। साचेई = सचमुच। अपूठा = वापिस। काठी = मजबूती से। ओळग = अलग, दूर, प्रवास में। रूड़ा = भले ही, चाहे। अउझकइ = अचानक। खोडी-खोडी = धीरे-धीरे (?)।

ज, स, क, ह = जोर देने के लिये, या पाद-पूर्त्यर्थ, प्रयुक्त होने-वाले अर्थहीन अव्यय।

(२) संबध-बोधक

मँहि, मँइ, माँहि, माँही, महीं, मंझ, मंझि, मँझार, मँझारि = भीतर, में। भणी = पास, प्रति, लिये, को, से, में, का। सनमुख = सामने। सथ्थ, साथि, साथइ = साथ। विन, विना, विण = बिना। असन्न = पास। ऊपर, ऊपरइ = ऊपर। आगळि = आगे। अंतरे = भीतर, में। ओले = आड़ में। कज्ज, काजि = लिए। कन्हे, कन्हइ, कन्हाँ = पास, प्रति, से। कारणइ = कारण, लिये। ढूकड़ा = पास। दिस = ओर। नेड़ि = पास। परइ = परे। पछइ = पीछे। पासइ = पास। परि = भाँति। भंति = भाँति। भत्त = भाँति। भर, भरि = भर। लग, लगि, लगइ = तक। विच, विचि = बीच।

बाँसइ = पीछे। साम्हा = सामने। साटइ = बदले। सिरि = पर। लियइ = लिये, कारण से।

(३) समुच्चय-बोधक

अर = और। ने, नइ, नइँ, अनइ = और। च = और। भावइँ = चाहे। रूड़ा = चाहे। नवि = नहीं तो। किनाँ = या। का = या तो, या। कइ = या तो, या। क = कि, या। कि = कि, या।

(४) विस्मयादि-बोधक

रे = रे, अरे। हे = हे। हइ-हइ = हे-हे, अरे-अरे, हाय-हाय। हउ-हउ = हो, हो, अरे-अरे, हाय-हाय। हय-हय = हे-हे, हाय-हाय। रह-रह = चुप-चुप। परिहाँ = पर हाँ, एक अर्थहीन अव्यय जो चांद्रायणा छंद के चौथे चरण के पूर्व जोड़ दिया जाता है।

वर्त्तमान संस्करण

इस काव्य का वर्त्तमान संस्करण निम्नलिखित १७ प्रतियों के आधार पर तैयार किया गया है।

जैसा कि हम ऊपर कह आए हैं, इस काव्य के चार रूपांतर मिलते हैं जिनमें नंबर १ और नंबर २ महत्त्वपूर्ण हैं। रूपांतर नंबर १ केवल दूहों में है और उसकी प्रतियाँ हमें बीकानेर राज्य में मिलीं। नंबर २ में कुशललाभ की चौपाइयाँ भी हैं। इसकी प्रतियाँ हमें विशेषत: जोधपुर से प्राप्त हुईं।

एकाध स्थान को छोड़कर हमने कथानक का क्रम बीकानेरीय क्रम के अनुसार रखा है। वही हमें युक्ति-युक्त तथा प्राचान ज्ञात हुआ।

प्रतियों का विवरण नीचे दिया जाता है—

(१) रूपांतर नंबर १

१—(क) प्रति—यह प्रति सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है क्योंकि रूपांतर नंबर १ की यह सबसे प्राचीन प्रति है। हमारे संस्करण का मुख्य आधार यही प्रति है। इसका लिपि-काल ठीक निश्चित नहीं पर जिस हस्तलिखित ग्रंथ में यह पाई गई है उसमें इसके पहले और बाद में लिखे हुए ग्रंथों का समय संवत् १७२० के आस-पास का है। अत: इसका समय भी संवत् १७२० से १७३० के बीच का है। प्रति विशेष प्राचीन न होने पर भी इसमें पुराना, केवल दूहों का, रूप पूरा सुरक्षित है यही इसका महत्त्व है। इसकी वर्त्तनी पुराने ढंग की नहीं किंतु उत्तरकालीन राजस्थानी की है। इसका पाठ बहुत शुद्ध है। इसमें कुल दूहों की संख्या ३९५ है।

इसके विषय में यह ध्यान देने योग्य है कि इसमें धुरसंबंध या प्रस्तावना के वे दूहे जो रूपांतर नं० २ में मिलते हैं आरंभ में दिए हुए हैं। बीच में चौपाइयाँ न होने से उनका कथा-सूत्र बराबर नहीं मिलता।

असली कथा रूपांतर नं०१ की भाँति गाहा से ही आरंभ होती है। इसलिये ये धुरसंबंधवाले दूहे असंगत और अस्थानस्थित out of place जान पड़ते हैं।

धुरसंबंध के बाकी दूहे (झ) प्रति में पाए जाते हैं पर वे सब लोगों को याद नहीं थे। कुशललाभ को भी केवल वे ही दूहे मिले जो इस (क) प्रति में हैं।

२—(ख) प्रति—यह प्रति (क) प्रति से बहुत कुछ मिलती है पर कहीं-कहीं अंतर है—कुछ दूहे न्यूनाधिक हैं। इसका लिपिकाल सं० १७५० के लगभग है। अक्षर बहुत सुंदर और पाठ शुद्ध है।

३—(ग) प्रति—इसका लिपि-काल सं० १७५२ है। इसका पाठ साधारणतया शुद्ध है। कथानक में यह अधिकांश में जोधपुरीय कथानक का अनुसरण करती है। पाठ भी जोधपुर की प्रतियों से मिलता है। पर जोधपुरीय प्रतियों की भाँति यह दूहा-चौपाइयों में नहीं, किंतु केवल दूहों में है।

४—(घ) प्रति—इसका लिपि-काल सं० १८१८ है। इसका पाठ बहुत भ्रष्ट है। यह साधारणतः (ख) प्रति का अनुसरण करती है।

५—(त) प्रति—इसकी वर्त्तनी आधुनिक है। इसका लिपि-काल डाक्टर टैसीटरी ने संवत् १७१० से १७२० के बीच में निश्चित किया है।

उक्त सब प्रतियाँ बीकानेर-राज्य के राजकीय पुस्तकालय में वर्त्तमान हैं।

६—(झ) प्रति—यह विशेषत: (क) से मिलती है, यद्यपि दूहे न्यूनाधिक हैं इसका लिपि-काल लिखा नहीं है। पाठ शुद्ध है। इसकी विशेषता यह है कि इसके आरंभ में रूपांतर नं० २ की भाँति धुरसंबंध या प्रस्तावना भी है जो असली कथाभाग से बिलकुल अलग जान पड़ती है। यह धुरसंबंध रूपांतर नं० २ की प्रतियों की भाँति दूहा-चौपाइयों में नहीं किंतु केवल दूहों में है। जान पड़ता है कि कुशललाभ को ये दूहे पूरे नहीं मिल सके तभी उसने कथासूत्र मिलाने के लिये चौपाइयाँ जोड़ीं। इस धुरसंबंध में कुल १०८ दूहे हैं परंतु बीच का एक पृष्ठ नष्ट हो जाने से नं० ५२ से नं० ७६ तक के दूहे नष्ट हो गए हैं। पूरे दूहों का यह धुरसंबंध और किसी प्रति में नहीं मिलता।

यह प्रति हमें बीकानेर-निवासी बाबू जयपालसिंह से प्राप्त हुई।

७—(ञ) प्रति—यह केवल दूहों में है परंतु इसका कथानक मुख्यतया रूपांतर नंबर २ से मिलता है। इसका प्रारंभ भी गाहा से नहीं होता। आरंभ में धुरसंबंध है जो केवल दूहों में है परंतु जो (झ) के धुरसंबंध से बहुत कम समानता रखता है। इसमें नए और बाद के जोड़े हुए दूहे बहुत से हैं। इसका लिपिकाल संवत् १७७१ है।

यह प्रति नागौर (मारवाड़) के एक श्वेतांबर जैन उपाश्रय की निजी ग्रंथशाला में वर्त्तमान है।

(२) रूपांतर नंबर २

८—(च) प्रति—प्राप्त प्रतियों में यह सबसे प्राचीन है। इसका लिपि-काल संवत् १६६६ है। इसका पाठ बहुत शुद्ध और वर्त्तनी प्राचीन तथा उत्तरकालीन दोनों प्रकार की है, फिर भी प्राचीन वर्त्तनी की ओर अधिक झुकाव है। इसमें दूहे सब नहीं हैं। बीच

बीच में कथासूत्र अनवच्छिन्न रखने के लिये कुशललाभ की चौपाइयाँ हैं। जो दूहे हमने अन्य प्रतियों से लिए उनकी वर्त्तनी हमने इसी के अनुरूप कर दी है। इसके बीच के २५ से ३० तक के ६ पृष्ठ नष्ट हो गए हैं।

यह प्रति जोधपुर की सुमेर-पबलिक-लाइब्रेरी में वर्त्तमान है।

९—(ज) प्रति—यह (च) से मिलती हुई है पर नए दूहे भी बहुत से हैं। इसका पाठ शुद्ध है। इसका लिपिकाल सं० १७८१ है।

यह प्रति जोधपुर के पुस्तकप्रकाश नामक राजकीय पुस्तकालय में वर्त्तमान है।

१०—(थ) प्रति—यह (च) से मिलती-जुलती है। इसका पाठ शुद्ध है। लिपिकाल नहीं दिया गया है पर वर्त्तनी आदि को देखते हुए सं० १७०० के आसपास की होगी।

यह प्रति बीकानेर के राँगड़ी नामक मुहल्ले के बड़े जैन उपाश्रय के महिमा-भक्ति-भंडार में वर्त्तमान है।

इस रूपांतर की अन्य प्रतियाँ निम्नलिखित हैं—

११—(छ) प्रति—यह (च) से नकल की गई जान पड़ती है पर इसका पाठ महाभ्रष्ट है। संपादन के लिये यह किसी काम की नहीं।

१२—(ठ) प्रति—यह बहुत आधुनिक है।

१३—(द) प्रति }
१४—(ध) प्रति } —ये दोनों भी बहुत आधुनिक हैं। इनमें सैकड़ों दूहे नए हैं।

(३) रूपांतर नंबर ३

१५—(ङ) प्रति—यह प्रति अधूरी है। इसका आरंभ का बहुत सा भाग नष्ट हो गया है।

१६—(ट) प्रति—यह भी विशेष प्राचीन नहीं।

(४) रूपांतर नंबर ४

१७—(म) प्रति—यह प्रति गुजराती में आनंद-काव्य-महोदधि, भाग ७, नामक पुस्तक में छप चुकी है। इसका लिपि-काल सं० १८०१ है। पाठ बहुत अशुद्ध है।

विशेष—इस संस्करण में केवल (क, ख, ग, च, ज, झ) प्रतियों के ही पूरे पाठांतर लिए गए हैं। अन्य प्रतियों के विशेष महत्त्वपूर्ण न होने से उनके केवल महत्त्वपूर्ण पाठांतर ही लिए गए हैं। (थ) प्रति के—महत्त्वपूर्ण होने पर भी, देर से मिलने के कारण—सब पाठ नहीं लिए जा सके।

इस संस्करण की वर्त्तनी हमने (च) प्रति के अनुसार सर्वत्र प्राचीन रखी है। जो दूहे प्राचीन वर्त्तनी में नहीं मिले उनकी वर्त्तनी भी प्राचीन कर दी गई है। छंद की मात्राएँ पूरी रखने के लिये आवश्यकतानुसार दीर्घ स्वर को ह्रस्व कर दिया गया है (उस समय भी वह बोला ह्रस्व ही जाता था पर लेखक लोग प्रमाद एवं प्राचीनता-प्रेम के कारण दीर्घ ही लिखते रहे)। ष अक्षर को उच्चारण के अनुसार सर्वत्र ख कर दिया गया है। पाठांतरों में ये परिवर्त्तन नहीं किए गए हैं।

नोट—यह संस्करण सब छप जाने पर और प्रस्तावना लिख जाने के बाद रूपांतर नं० २ की एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण प्रति प्राप्त हुई। अब तक प्राप्त प्रतियों में यह सबसे प्राचीन है। इसका लिपि-काल सं० १६५१ है। खेद है कि हम इस प्रति का उपयोग नहीं कर सके। आगामी संस्करण में इससे लाभ उठाया जायगा और परिशिष्ट में इसे उद्धृत कर दिया जायगा [यह प्रति (च) और (थ) प्रतियों से बहुत अधिक समानता रखती है और पाठ में बहुत ही कम स्थानों पर यत्किंचित् भेद पाया जाता है।]

सहायक पुस्तकों की सूची

कोष

(१) हिंदी-शब्दसागर (नागरीप्रचारिणी सभा, काशी)।

(२) हरगोविंददास सेठ—पाइअ-सद्द-महण्णओ, प्राकृत का बृहत् कोष।

(३) आपटे—संस्कृत-अँगरेजी कोष।

(४) कविराज मुरारिदान—डिंगळ कोष (रंगनाथ प्रेस, बूँदी)।

(५) पाइअलच्छीनाममाला नामक प्राकृत कोष।

अन्य पुस्तकें

(१) रामचंद्र शुक्ल—जायसी-ग्रंथावली।

(२) श्यामसुंदरदास—कबीर-ग्रंथावली।

(३) बाबूराम मिश्र—विद्यापति की कीर्त्तिलता।

(४) मुनि संपतविजय—आनंद-काव्य-महोदधि, मौक्तिक ७ (गुजराती)।

(५) मोहनलाल दलीचंद देसाई—जैन गुर्जर कविओ, भाग १।

(६) डाक्टर पी० गुणे—भविस्सयत्तकहा।

(७) हरप्रसाद शास्त्री—बौद्ध गान ओ दोहा।

(८) मुनि जिनविजय—प्राचीन गुजराती गद्य-संदर्भ।

(९) केशव हर्षद ध्रुव—पंदरमा शतकना प्राचीन गुर्जर काव्य।

(१०) पी० एल० वैद्य—जसहरचरिउ (कारंजा जैन सीरिज)।

(११) ,, ,, —हेमचंद्र का प्राकृत व्याकरण।

(१२) प्रो० हीरालाल जैन—नायकुमारचरिउ।

(१३) ,, ,, —सावय-धम्म-दोहा।

(१४) मुनि जिनविजय—कुमारपाल-प्रतिबोध ।

(१५) ,, ,, —प्रबंध-चिंतामणि ।

(१६) गौरीशंकर ओझा—राजपूताने का इतिहास ।

(१७) ,, ,, —टाड राजस्थान ।

(१८) रामनारायण दूगड़ और ओझा—मुँहणोत नैणसी की ख्यात, भाग १—२ ।

(१९) महाराज जगमालसिंहजी, ठाकुर रामसिंह और सूर्यकरण पारीक—वेलि क्रिसन रुकमणीरी राठोड़राज प्रिथोराजरी कही (हिंदुस्तानी एकेडेमी, प्रयाग) ।

(२०) नरोत्तमदास स्वामी—राजस्थानरा दूहा (पिलाणी-राजस्थानीसीरिज) ।

21. F. J. Child—English & Scottish Ballads.
22. Sargent & Kittredge—F. J. Child's English & Scottish Ballads, Students' Combridge Edition (Harrap).
23. T. F. Henderson—The Ballad in Literature (Cambridge Manual Series).
24. L. Abercrombie—Essay on Epic (Art & Craft Series).
25. F. Sidgwick—Essay on Ballad (Art & Craft Series).
26. Article on Epic in Encyclopædia Britannica.
27. Article on Ballad in Encyclopædia Britannica.
28. Dr. L. P. Tessitori—Progress Reports on the Work done in connection with the Bardic & Historical Survey of Rajputana for the years 1914 to 1918 (Published by the Asiatic Society of Bengal).

पत्रिकाएँ

(१) सुधा।

(२) वीणा, भाग १, अंक ४ (पौष १९८४)।

(३) नागरीप्रचारिणी पत्रिका, भाग २, में श्री चंद्रधर गुलेरी का पुरानी हिंदी नामक निबंध।

(४) जैन-साहित्य-संशोधक, भाग २।

(५) वाक्-सौंदर्य (गुजराती)—संवत् १९७३।

(६) साहित्य (गुजराती)—सन् १९१४-१९१५।

(७) लीडर (अँगरेजी)—५ एप्रिल सन् १९३१ का अंक।

(८) मॉडर्न रिव्यू (अँगरेजी)—एप्रिल सन् १९३१ का अंक।

(९) हिन्दुस्तानी, भाग ४ अंक ४ (अक्टूबर १९३४), में नरोत्तमदास स्वामी द्वारा लिखित डिंगळ और काव्यदोष नामक निबंध।

पुस्तिकाएँ, विवरण इत्यादि

(१) विश्वेश्वरनाथ रेउ—ढोला मारवण की कथा का और उसके आधार पर बने चित्रों का खुलासा (जोधपुर)।

(२) रामकर्ण आसोपा—एकादश हिंदी-साहित्य-सम्मेलन का कार्य-विवरण, भाग २, में डिंगळ कविता नामक निबंध।

(३) मुंसिफ देवीप्रसाद—गोविंद गिल्लाभाई के साथ ढोला-मारवणी की कथा के संबंध में पत्र-व्यवहार (हस्तलिखित)।

मूल-पाठ

(हिंदी अनुवाद और पाठांतर सहित)



मारवणी को लेकर ढोला का नरवर लौटना

ढोला-मारूरा दूहा

(कथारंभ)

गाहा

पूगळि पिंगळ राऊ, नळ राजा नरवरे नयरे ।
अदिठा दूरिट्ठा ये, सगाई दईय संजोगे ॥ १ ॥

दूहा

पूगळ देस दुकाळ थियुँ, किणहीँ काळ विसेसि ।
पिंगळ ऊचाळउ कियउ, नळ नरवरचइ देसि ॥ २ ॥

१—पूगल नगर में पिंगल और नरवर नगर में नल राजा (राज्य करते) थे । (यद्यपि) एक ने दूसरे को नहीं देखा था और दूर दूर रहते थे (फिर भी) दैवयोग से (उनमें) संबंध हुआ ।

२—पूगल देश में किसी समय-विशेष में अकाल पड़ा । (इस-लिये बाध्य होकर) राजा पिंगल ने नरवर के राजा नल के देश को प्रयाण किया ।

१—पूगळ (क. ख. ग) । नर (ख) । नयवरे (ख) नलवरे (ठ) । दिठदूरे (ग) दुरिठा (घ. ठ) दूरठाय (ङ) । सग्गाई । दइय । देव (ग) देइ (ठ) । संयोगे (घ) ।

२—पुंगळ (ठ) । थयौ । किनहीं (ग) । विसेषि (ख) । ऊचाळा (क. ठ) । कीया (क. ठ) । नर (ग) । चें (ठ) । देस ।

ढोला-मारूरा दूहा

(कथारंभ)

गाहा

पूगळि पिंगळ राऊ, नळ राजा नरवरे नयरे ।
अदिठा दूरिट्ठा ये, सगाई दईय संजोगे ॥ १ ॥

दूहा

पूगळ देस दुकाळथियुँ, किणहीँ काळ विसेसि ।
पिंगळ ऊचाळउ कियउ, नळ नरवरचइ देसि ॥ २ ॥

१—पूगल नगर में पिंगल और नरवर नगर में नल राजा (राज्य करते) थे । (यद्यपि) एक ने दूसरे को नहीं देखा था और दूर दूर रहते थे (फिर भी) दैवयोग से (उनमें) संबंध हुआ ।

२—पूगल देश में किसी समय-विशेष में अकाल पड़ा । (इस-लिये बाध्य होकर) राजा पिंगल ने नरवर के राजा नल के देश को प्रयाण किया ।

१—पूगळ (क. ख. ग) । नर (ख) । नयवरे (ख) नलवरे (ठ) । दिठदूरे (ग) दुरिठा (घ. ठ) दूरठाय (झ) । सग्गाई । दइय । देव (ग) देइ (ठ) । संयोगे (घ) ।

२—पुंगळ (ठ) । थयौ । किनहीं (ग) । विसेषि (ख) । ऊचाळा (क. ठ) । कीया (क. ठ) । नर (ग) । चें (ठ) । देस ।

नळराजा आदर दियउ, जउ राजवियाँ जोग ।
देस वास सवि रावळा, अइ घोड़ा अइ लोग ॥ ३ ॥

(ढोला-मारू-विवाह)

नरवर नळराजा-तणउ, ढोलउ कुँवर अनूप ।
राँणि राउ पिंगळ-तणी, रीझी देखे रूप ॥ ४ ॥
पिंगळ-पुत्रो पदमिणी, मारवणी तिणि नाँम ।
जोड़ी जोइ विचारियउ, धन्न विधाता-काँम ॥ ५ ॥

३—राजा नल ने (उनका) ऐसा आदर किया जो राजाओं के योग्य हो और उनको देश में निवास (के लिये) महल, घोड़े और नौकर-चाकर (आदि) सब दिए ।

४—नरवर के राजा नल के ढोला नामक अनुपम कुमार था । राजा पिंगल की रानी उसके रूप को देखकर रीझ गई ।

५—पिंगल के एक पद्मिनी कन्या थी । मारवणी उसका नाम था । (उसकी और ढोला की अनुरूप) जोड़ी देखकर (रानी ने) विचारा कि विधाता की यह रचना धन्य है ।

३—जियुं राजा = जउ राजवियां (ठ) । सहि (क. घ. ठ) । सहु (ख) । अे । अैं (घ) । वै = अइ (घ) । लोक (ग. घ) ।

४—नळवर (ग. घ) । तणै (क) । ढौलौ (ग) ढोलो (घ) । कुवर (क. ग) कुमर (झ) । रांणी (क. ख. ग. घ) । राव (ख. ग) राय (ठ) । राणी पिंगल-रावरी (ट) । देपे रीझी (क) सुदेपे रीझी (घ) रीझैं देखी (झ) देपैं रीझी ।

५—पूत्रि (क. घ) । पदमणी (ग) मारवणि (ठ) । इण (ग. घ) तिण (झ) तिणै (ठ) । तय मारवणी (ट) । देख

सारीखी जोड़ी जुड़ी, आ नारी अउ नाह ।
राँणी राजासूँ कहइ, कीजइ अउ वीमाँह ॥ ६ ॥
राजा राँणीनूँ कहइ, वात विचारउ जोइ ।
आज विखइ द्याँ दीकरी, हाँसउ हसिसी लोइ ॥ ७ ॥
अंब तजइ नहि कोइलाँ, सरवर सालूराह ।
राज हिवइ मा पाँतरउ, आ धण द्यउ अवराँह ॥ ८ ॥

६—रानी राजा से कहती है—यह अनुरूप जोड़ी बनी है—यह वधू और वह वर। यह विवाह कीजिए।

७—(उत्तर में) राजा रानी से कहता है—देख-भालकर यह बात विचारो। आज विपत्ति के समय में (यदि) कन्या को दें तो लोग हँसी करेंगे।

८—(रानी कहती है—) कोयलें आम्र वृक्ष को नहीं छोड़तीं और मेंढ़क सरोवर को नहीं छोड़ते। हे राजन्, अब पागलपन मत करो; यह कन्या दूसरों को दो।

=जोइ (ट)। विचारिज्यौ (क) विचारिजो (घ) विसार कर (ट)। धन्य (ख) धन (ग. घ)।

६—ऊ=अउ (क. ख. ङ. ठ) एह (ग)। वीवाह (क. घ) वैमाहि (ग)।

७—राणी राजा (ग)। सुं (क. ख. ग. घ. ठ) सूँ (ग)। विचारी (क. घ. ठ) विचारे (ख)। जोय (ठ)। हसै (घ)। हससी (ग)। लोक (घ)।

८—कोइली (क. ठ) काइली (घ)। सारूराह (ख)। मत राजा थे पातरौ (ख) मत राजा ये पंतरौ (ग) मत राजा ये पंतरै (घ) थे राजा मत पांतरौ (ङ)। धन (ग)। दै (घ) द्यै (ठ)।

ज्यूँ थे जाणउ त्यूँ करउ, राजा आइस दीध ।
राँणी राजानूँ कहइ, ओ म्हाँ नातरउ कीध ॥ ९ ॥
ढोलउ-मारू परणिया, वरदळ हुवउ उछाह ।
आ पूगळची पदमिणी, अउ नरवरचउ नाह ॥ १० ॥
पिंगळ पूगळ आवियउ, देसे थयउ सुगाळ ।
तेणि न राखी सासरइ, अजे स मारू बाळ ॥ ११ ॥

९—राजा ने आज्ञा दे दी कि जैसा तुम (उचित) समझो वैसा करो। (इस पर) रानी राजा से कहती है कि हमने यह संबंध किया।

१०—ढोला और मारू का परिणय हुआ। विवाह-उत्सव धूमधाम से हुआ (या, दो श्रेष्ठ कुलों में संबंध हुआ)—यह पूगल की पद्मिनी है तो वह नरवर का अधिपति।

११—राजा पिंगल पूगल को लौट आया। देश में सुकाल हुआ। अभी तक मारवणी बालिका ही है (यह समझकर) उसे ससुराल में नहीं रखा।

९—ज्ये (घ)। आदेश (क) आहिस (ग) आदेस (घ)। दिध (ग)। सूँ=नूँ (क. ख. ग. घ)। राजासूँ राणी (घ)। नातौ (ख)। किध (ग)।

१०—हूवौ (ख) हूओ (ग)। पिंगळ (क)। पदमणी (ग. घ)। यो=अउ (घ)।

११—पुंगळ=पूगळ (ठ)। आवियो (क. घ) आवियै (ख. ग)। हुओ (क) हूओ (ग) हूवौ (घ)। सुकाळ (क. ख. ध)। तेण (क) तेणै (ग) तिण (घ)। देखे (क. ख) दिखै (घ)= अजे स।

(मारू का स्वप्न में पतिदर्शन और विरहाकुलता)

जिम जिम मन अमले किअइ, तार चढंती जाइ।
तिम तिम मारवणी-तणइ, तन तरणापउ थाइ ॥१२॥
हंस चलण, कदळीह जँघ, कटि केहर जिम खीण।
मुख सिसहर, खंजर नयण, कुच श्रीफळ, कँठ वीण॥१३॥
इसइ आरखइ मारुवी सूती सेज विछाइ ।
साल्हकुँवर सुपनइँ मिल्यउ, जागि निसासउ खाइ॥१४॥

१२—ज्यों ज्यों मन अधिकार जमाता हुआ ऊँचा चढ़ता जाता है त्यों त्यों मारवणी के तन में यौवन प्रकट होता जाता है।

१३—मारवणी की चाल हंस की जैसी, जंघाएँ कदली (के खंभ) जैसी, कटि सिंह की जैसी क्षीण, मुख चंद्रमा जैसा, नयन खंजन जैसे, कुच श्रीफलों के सदृश और कंठ वीणा के समान (मनोहर) हो गए।

१४—ऐसी (यौवनागम की) अवस्था में मारवणी सेज बिछाकर सोई हुई थी। स्वप्न में साल्हकुमार (ढोला) मिला (और वह) जागकर (प्रिय-वियोग के कारण) निःश्वास भरने लगी।

१२—अमलां (ग) अमलै (घ)। कीयाँ (ग. घ) कीऐ (ठ) ए (घ)। नार=तार (घ)। जाय (घ)। तरुणापौ (ख)।

१३—कदळीय (ख. ग)। केहर अति कटि (ख) केहर जिम कटि (ग)। ज्युँ (क)। ससि (ख. ग)। खंजन (झ)। नयन (ख. ग)।

१४—ऐसै आरिष (क. घ. ठ)। मारवी (ख. ग) मारूवी (ठ)। बिछाय (क. घ.)। साल (ग)। कुवर (क. ग. घ)। सुपनै (ग. घ)। जाग (क. ग. घ)। खाय (घ)।

ऊलंबे सिर हथ्थड़ा, चाहंदी रस-लुध्ध ।
विरह-महाघण ऊमव्यउ, थाह निहाळइ मुध्ध ॥१५॥
उक्कंबी सिर हथ्थड़ा, चाहंती रस-लुध्ध ।
ऊँची चढि चातृंगि जिउँ मागि निहाळइ मुध्ध ॥१६॥
थाह निहालइ, दिन गिणइ, मारू आसा-लुध्ध ।
परदेसे घाँघल घणा, विखउ न जाणइ मुध्ध ॥१७॥

१५—सिर को हथेली पर रखे हुए, प्रेमरस में निमग्न हुई मुग्धा मारवणी, जो विरह-रूपी प्रलयकालीन मेघ उमड़ आया है उसकी, थाह खोजती है।

१६—ग्रीवा को हाथों पर उठाए हुए प्रेम में लुब्ध हुई मुग्धा मारवणी चिंतन करती हुई ऊँची चढ़कर चातक की भाँति मार्ग को देखती है।

१७—(प्रिय-मिलन की) आशा से लुब्ध मारवणी (विरह की) थाह खोजती है और दिन गिनती है। परदेश में बखेड़े बहुत हैं पर यह मुग्धा (विदेश-यात्रा के) कष्ट को नहीं जानती।

१५—ऊब्बंबी (क) ऊबंबी (ख. घ) ओबंबी (ग) उंबुंबी (ङ) जंबंबी (ठ) ऊर्बबी (त)। हथड़ा (ख. ग. घ)। चहंदी (ग) चाहदी (ठ)। लुध (ख. ग. ठ)। ऊमड़्यौ (ख)। मूध (क) मूंध (ख)।

१६—ऊबंबी (ज)। ऊँची वेसर हत्थड़ी (ध)। सइ = सिर (थ)। ऊँची चढवा नाक ज्युं (ग) उची चढिवा ता कहइ (च) ऊँची चढ बातां कहै (छ) उची चढि चातक ज्युँ (ज)। माग (ग)। निहाळैं (क. ख. ग)। मुंद्ध (च)।

१७—चाह (घ)। नहाळै (घ)। गणै (ग)। लूध (क) लुध (ख. घ)। परदेसां (ख. ग)। घाघल (घ)। परदेसां गढ लंघणो (ध)। मूध (क) मुंध (ख) मुध (घ)

ऊनमियउ उत्तर दिसइँ, गाज्यउ गुहिर गँभीर ।
मारवणी प्रिउ संभरयउ, नयणे वूठउ नीर ॥१८॥
मारूनूँ आखइ सखी, आज स काँइ उदास ।
काँम-चित्राँम जु दिट्ठ मइँ, रूप न भूलइ तास ॥१९॥
अम्हाँ मन अचरिज भयउ, सखियाँ आखइ एम ।
तइँ अणदिट्ठा सज्जणाँ किउँ करि लग्गा पेम ॥२०॥

१८—उत्तर दिशा में मेघ उमड़ आए और वे गहन-गंभीर स्वर से गरजे। (ऐसे समय) मारवणी ने प्रियतम को स्मरण किया (और उसके) नयनों से जल बरसने लगा।

१९—मारवणी से सखी कहती है—आज कैसी उदास हो ? (मारवणी उत्तर देती है—) काम (के समान सुन्दर) चित्र मेरी दृष्टि में है, मुझे उसका रूप नहीं भूलता।

२०—सखियाँ इस प्रकार कहती हैं—हमारे मन में आश्चर्य हुआ कि तूने प्रियतम को नहीं देखा (फिर) तेरा प्रेम उनसे क्यों-कर हुआ।

१८—ऊनमीयौ (क. घ) उनमियो (ग) ऊनवीयौ (ख)। दिसा (ख. ग. च. ज. थ)। उत्तर दिसा ऊंनमियो (ज)। गाज्यौ (क. ख) गाड्यौ (ग) गाजो (घ) गाजै (ज) गाजे (थ)। गभीर (च)। प्रिय (क. घ) प्री (ख. च) प्रीय (ज) प्रिय (थ)। संभरयौ (क. ख. ग. घ) सांभरयौ (थ)। नयणां (ग)। वुठे (घ)। मूक्यउ (च. ज) मूक्यो (थ) = वूठउ।

१९—नैं (ग)। ज = जु (ख)। हिव मै = दिट्ठ मइँ (ग)। भुली (ग)।

२०—अमां (ख. ग) अम्मां (ग)। अचिरज (घ)। हुवौ

जे जीवण जिन्हाँ-तणाँ तन ही माँहि वसंत ।
धारइ दूध पयोहरे बाळक किम काढंत ॥ २१ ॥
ससनेही समदाँ परइ, वसत हिया मंझार ।
कुसनेही घर आँगणई, जाँण समंदाँ पार ॥ २२ ॥
सखिए सज्जण वल्लहा, जइ अणदिट्ठा तोइ ।
खिण खिण अंतर संभरइ, नहीं विसारइ सोइ ॥२३॥

२१—मारवणी उत्तर देती है—जो जिनका जीवन है वह उनके तन में ही बसता है। पयोधरों में से दूध की धाराओं को (जो उसका जीवन है) बालक किस प्रकार निकाल लेता है ?

२२—सच्चा प्रेमी समुद्र-पार होने पर भी हृदय में बसता है और कपट-स्नेही घर के आँगन में होते हुए भी मानो समुद्र के पार है।

२३—हे सखियो, प्यारा साजन यद्यपि नहीं देखा हुआ है तो भी उसे मेरा हृदय क्षण क्षण में स्मरण करता है और उसे नहीं भूलता है।

(ख)। तै (क. घ) ते (ग)। सजणा (ग) सजणा (घ)। क्युँ (ख. ग. घ)। कर (घ)। लगा (ग) लगो (घ)। प्रेम (ग)।

२१—जीवन (क. ख. ग)। जेन्हां (घ)। ते तन = तन ही (ख. ग)। माह (घ)। वसंति (ख)। पयोधरे (ख) पयोहरां (ग)। केम (क. ख)। काढंति (ख)।

२३—सखी (ख) सखी है (ग) = सखिए। सजण (ख. ग. घ)। वल्लहा (ख. घ)। जो (घ)। अदिठा (ख) अणदीठो (घ)। जोइ = तोइ (ख)। खणखणि (घ)। संभरूँ (ग)। नह (घ)। विसारूँ (क. ग. घ) विसारे (ख)। तोइ (क. ख. घ)।

मारूनँ आखइ सखी, एह हमारी बुझ्झ ।
साल्हकुँवर सुहिणइ मिल्यउ,सुंदरि,सउ वर तुझ्झ॥२४॥
सखी-वयण सुंदरि सुणया, उठी मदन की झाळ ।
सुंदरिनँ सज्जण-विरह ऊपन्नउ तत्तकाळ ॥२५॥
हे सखिए, परदेस प्री, तनह न जावइ ताप ।
बाबहियउ आसाढ जिम विरहणि करइ विलाप ॥२६॥
बाबहियउ नइ विरहणी, दुहुवाँ एक सहाव ।
जब ही बरसइ घण घणउ, तबही कहइ प्रियाव ॥२७॥

२४—मारवणी से सखियाँ कहती हैं कि हमारी समझ में तो यह आता है कि साल्हकुमार तुझे स्वप्न में मिला है। हे सुन्दरी, वह तुम्हारा पति है।

२५—सुंदरी (मारवणी) ने सखियों के वचन सुने तो (हृदय में) काम की ज्वाला उठ खड़ी हुई और उस सुंदरी को तत्काल प्रियतम का विरह उत्पन्न हुआ।

२६—हे सखियो, प्यारा परदेश में है, शरीर का ताप नहीं जाता। जैसे पपीहा आषाढ़ में विलाप करता है वैसे ही विरहिणी विलाप करती है।

२७—पपीहा और विरहिणी दोनों ही का एक स्वभाव है। जब

२४—ए (घ)। अम्हीरी (घ)। बुझ (ख. घ)। साल (घ)। कुमर (ख)। सुपनै (ख. घ)। सुंदर (ख. थ)। तुझ (क, ख. घ.)।

२५—संदर (घ)। कूँ (क. घ) = नूँ।

२६—हे सखी (क) सखी हे (ख) = हे सखिए। प्रीय (क) बाबीहा (ख)। ज्यूँ (घ)।

२७—बाबहियै (क) बाबीहै (ख) बाबीहो (ज)। नें (ज)

बाबहिया, चढि गउखसिरि, चढि ऊँचइरी भीत ।
मत ही साहिब बाहुड़इ, कउ गुण आवइ चीत ॥२८॥
बाबहिया, चढि डूँगरे, चढि ऊँचइरी पाज ।
मत ही साहिब बाहुड़इ, सुणि मेहाँरी गाज ॥२९॥

सोरठा

बाबहिया, तूँ चोर, थारी चाँच कटाविसूँ ।
राति ज दीन्ही लोर, मइँ जाणयउ प्री आवियउ॥३०॥

जब मेघ बरसता है तभी ये दोनों "पी आव", "पी आव" पुकारते हैं।

२८—हे पपीहे, गोखे पर चढ़ या ऊँची भीत पर चढ़ (और टेर लगा)। प्रियतम को स्यात् कोई गुण (बात) याद आवे और आते हुए वे कहीं लौट न जायँ।

२९—हे पपीहे, पहाड़ी पर चढ़ या सरोवर की ऊँची पाज पर चढ़ (और बोल), जिससे मेघों की गर्जना सुनकर प्रियतम कहीं लौट न जायँ।

३०—हे पपीहे, तू ठग है, मैं तेरी चोंच कटवाऊँगी। रात को तूने टेर लगाई तो मैंने जाना कि प्रियतम आ गए।

विरहिणी (क. ग)। दोनूँ (क) इयां दुइ (ग) दोन्युँ (ज)। सभाव (क. ज) सुभाव (ग)। घन (क. ग)। तब=तबही (क. ख)। पुकारै (क. ठ)। प्रीय (क. ठ) प्री आव (ख) प्रीव आव (ज)।

२८—बाबीहा (क. ख)। चढ (ग)। डूँगरां (ग)=गउख सिरि। गौख (ख)। सिर (क. ख. ग)। चढ (ग)। रखैज= मत ही (ज)। मति ही (ख. ग)।

२९—बाबीहा (क. ख)। डूँगरां चढि (क)। डूँगरां (ख)। चढ (ग)। ऊचेरी (ग)। सुणा (ग)। की (क. ख) कोइ (ज)=री।

३०—बाबीहा (ख)। तोरि=थारी (क)। चूँच (ख. ग) चंच

दूहा

बाबहिया निल-पंखिया, मगरि ज काळी रेह ।
मति पावस सुणि विरहणी तळफि तळफि जिउ देह॥३१॥
बाबहिया तर-पंखिया, तइँ किउँ दीन्ही लोर ।
मइँ जाणयउ प्रिउ आवियउ ससहर चंद चकोर ॥३२॥
बाबहिया निल-पंखिया, वाढत दइ दइ लूण ।
प्रिउ मेरा मइँ प्रीउकी, तूँ प्रिउ कहइ स कूण॥३३॥

३१—हे नीले पंखोंवाले पपीहे, तेरी पीठ पर काली रेखाएँ हैं। (तू मत बोल), वर्षा ऋतु में तेरा शब्द सुनकर विरहिणी कहीं तड़प तड़पकर प्राण न दे दे।

३२—हे गहरे रंग के पंखोंवाले पपीहे, तूने क्यों टेर लगाई ? (तेरी टेर सुनकर) मैंने समझा कि (मुझ जैसे) चकोरों का शशांकधर चंद्र (अर्थात् मेरा प्रियतम) आ गया।

३३—हे नीले पंखोंवाले पपीहे, तू नमक लगा लगाकर मुझे काट रहा है। 'पिउ' मेरा है और मैं 'पिउ' की हूँ, भला तू 'पिउ पिउ' कहनेवाला कौन है ?

(घ) चुंच (ज)। कटाइस्युँ (ख) कटाइसुँ (ग)। रात (ग)। जु (ख)। लोइ (ग) हलोर (घ) रोल (ज) = लोर। प्रीय (ग)। (ज) में यह सोरठा नहीं किंतु दोहा है।

३१—बाबीहा (ख)। मगर (क. ग)। जु (ख)। मत (क. ग)। पदमणी (ज)। तरफि तरफि (क) तरफ तरफ (ग)। जिव (ख) जीव (ज)।

३२—केवल (ग) में।

३३—चांच कटाऊँ पपिहरा ऊपर लाऊँ लूण (घ)।

बाबहिया रत-पंखिया, बोलइ मधुरी वाँणि ।
काइ लवंतउ माठि करि, परदेसी प्रिउ आँणि ॥३४॥
बाबहिया, प्रिउ प्रिउ न कहि, प्रिउ को नाम न लेह ।
काइक जागइ विरहणी, प्रीउ कह्याँ जिउ देह ॥३५॥
बाबहिया डूँगर-दहण, छाँडि हमारउ गाँम ।
सारी रात पुकारियउ लइ लइ प्रिउकउ नाँम ॥३६॥

३४—हे लाल पंखोंवाले पपीहे, तू मीठी वाणी बोलता है। तू या तो बोलना बंद कर दे या मेरे परदेशी प्रियतम को यहाँ ला दे।

३५—हे पपीहे, तू 'पिउ पिउ' न कह, पिउ का नाम मत ले। कोई विरहिणी जाग रही होगी। वह तेरे 'पिउ' कहने से प्राण दे देगी।

३६—पर्वत (जैसे कठोरहृदय) में भी जलन उत्पन्न करनेवाले पपीहे, हमारा गाँव छोड़ दे। तू रातभर प्रियतम का नाम ले लेकर पुकारता रहा है (क्या तो भी नहीं अघाया ?)।

३४—बाबीहा (ख) बाबीहउ (च) बाबीहा (थ)। निल = रत (क. ख)। बग चचड़ी (च) बग चंचड़ी (ज) चंगी चंचड़ी (थ) = रत पंखिया। बाण (ग) बाणि (च)। का (ख. ग.) कांइ (च) कै (ज)। बोलंतौ (क. ख) लवइँ तूँ (थ)। मिठि (च) महठि (ज) मुठि (थ)। कइ (ग. च) घरि राज्यँद (क) राजिंद घर (ख) घरि राजिँद (ग)। प्री परदेसाँ (च) = परदेसी पिउ। परदेस प्रियाण (थ) आँणि (ख. ग)।

३५—केवल (ग) में है।

३६—बाबीहा (ख)। डुंगर (ज) पंजर (द)। हमारा (ज)। प्रीय (क) प्रीयु (घ)।

[चहुँ दिस दामिनि सघन घन, पीउ तजी तिण वार।
मारू मर चातग भए, पिउ पिउ करत पुकार ॥३७॥
पावस आयउ साहिबा, बोलर लागा मोर।
कंता, तूँ घरि आव नवि, जोबन कीधउ जोर ॥३८॥
गिरवर मोर गहक्किया, तरवर मूँक्या पात।
धणियाँ धण सालण लगा, वूठैतौ बरसात ॥३९॥
राजा, परजा, गुणिय-जण, कवि-जण, पंडित, पात।
सगळाँ मन ऊछव हुआउ, वूठैतौ बरसात ॥४०॥

३७—चारों दिशाओं में बादलों में घनी बिजली (चमक रही) है। ऐसे समय में प्रियतम ने (मारवणी को) छोड़ दिया। वही मारवणी मानो मरकर चातक हो गई और अब 'पिउ पिउ' की पुकार कर रही है।

३८—हे प्रियतम, वर्षा ऋतु आ गई, मोर बोलने लगे। हे कंत, तू अब घर आ, यौवन ने जोर किया है।

३९—पावस के बरसते ही पर्वतों पर मोर उल्लास में भर उठे। (वर्षा ऋतु ने) तरुवरों को पत्ते दिए। (और) विरहिणी स्त्रियों को पतियों की याद सालने लगी।

४०—वर्षा के बरसते ही राजा, प्रजा, गुणी, कविजन, पंडित और वृक्षों के पत्ते—इन सबके मन में उल्लास हुआ।

३८—केवल (म) में।
३९—केवल (म) में।
४०—केवल (म) में।

ऊनमि आई बद्दळी, ढोलउ आयउ चित्त ।
यो बरसइ रितु आपणी, नइण हमारे नित्त ॥४१॥
ऊनमियउ उत्तर दिसइँ मेड़ो ऊपर मेह ।
ते विरहिणि किम जीवसे, ज्याँरा दूर सनेह ॥४२॥
ऊनमियउ उत्तर दिसइँ काळी कंठळि मेह ।
हूँ भीजूँ घर-अंगणइ, पिउ भीजइ परदेह ॥४३॥
बीजुळियाँ चहलावहलि आभइ आभइ एक ।
कदी मिळूँ उण साहिबा कर काजळ की रेख ॥४४॥]
बीजुळियाँ चहलावहलि आभइ आभइ च्यारि ।
कद रे मिलउँली सज्जना लाँबो बाँह पसारि ॥४५॥

४१—बादल उमड़ आया (और) ढोला हमारे चित्त में (उमड़) आया। बादल तो अपनी ऋतु में ही बरसता है (परंतु) हमारे नेत्र नित्य बरसते रहते हैं।

४२—उत्तर दिशा की ओर अटारी पर मेह उमड़ आया। अब वह विरहिणी जिसका प्रेमी दूर है किस प्रकार जिएगी ?

४३—काली कंठुली (जैसी कोर) वाला मेघ उत्तर दिशा की ओर उमड़ आया है। मैं घर के आँगन में भीग रही हूँ (और मेरा) प्रियतम परदेश में भीग रहा है।

४४—बादल बादल में एक एक करके बिजलियों की चहल-पहल हो रही है। मैं भी नेत्रों में काजल की रेखा लगा करके प्रियतम से कब मिलूँगी ?

४५—बादल बादल में चारों ओर बिजलियों की चहल-पहल

४५—सज्जनो (च)। झबूकिर्या (न)। जाइ मिलीजै (न)।

बीजुळियाँ चहलावहलि आभय आभय कोडि ।
कद रे मिलउँली सज्जना कस कंचूकी छोडि ॥४६॥
गिरह पखालण, सर भरण, नदी हिंडोलणहारि ।
सूती सेजइँ एकली, हइ हइ दइव म मारि ॥४७॥
दादुर-मोर टबक्क घण, बीजलड़ी तरवारि ।
सूती सेजइँ एकली, हइ हइ दइव म मारि ॥४८॥
जळ थळ,थळ जळ हुइ रह्यउ, बोलइ मोर किँगार ।
स्रावण दूभर हे सखी, किहाँ मुझ प्राण-अधार॥४९॥

हो रही है। अरे, मैं भी (इनकी तरह) लंबी भुजा पसारकर अपने प्रियतम से कब मिलूँगी ?

४६—बादल बादल की कोर पर बिजलियों की चहल-पहल हो रही है। अरे, मैं भी कंचुकी के बंधन खोलकर अपने प्रियतम से कब मिलूँगी ?

४७—पर्वतों को प्रक्षालन करनेवाली, सरोवरों को भर देनेवाली और नदियों को झकझोरनेवाली इस ऋतु में मैं अकेली सोई हुई हूँ। अरे दैव ! अरे दैव ! मैं हाहा खाती हूँ, मुझे मत मार।

४८—दादुर और मोर का घना शब्द हो रहा है। बिजली तरवार है। मैं अकेली सेज पर सोई हुई हूँ। अरे दैव, अरे दैव, मैं हाहा खाती हूँ, मुझे मत मार।

४९—(इतना जल बरस रहा है कि) जलाशय स्थल (जैसे)

४६—सज्जनों (च)।
४७—झीलोलण (द) = हिँडोलण।
४८—सेजइ सूती प्री परदेसड़इ तर्फ तर्फ दइव म मारि (च)।

बिज्जुळियाँ नीळजियाँ, जळहर तूँ ही लज्जि ।
सूनी सेज, विदेस प्रिय, मधुरइ मधुरइ गज्जि ॥५०॥
राति सखी, इणि ताल मइँ काइ ज कुरळी पंखि ।
उवै सरि, हूँ घरि आपणइ, बिहूँ न मेळी अंखि ॥५१॥
ए सारस कहिजइ पसू पंखी केरा राव ।
उवै बोल्या सर ऊपरइ थाँ कीधी अणुराव ॥५२॥

और स्थल जल (जैसे) हो रहे हैं (अर्थात् दोनों एकाकार हो गए हैं) और (तालाब के) करारों पर मोर बोल रहे हैं। हे सखी, यह श्रावण का मास (मेरे लिये) दुस्सह्य हो रहा है, मेरा प्राणाधार कहाँ है ?

५०—बिजलियाँ तो निर्लज्ज हैं। हे जलधर, तू ही लज्जित हो। मेरी शय्या सूनी है, मेरा प्यारा विदेश में है (इसलिये) मधुर मधुर शब्द से गरज।

५१—हे सखी, रात को इस सरोवर में किसी पक्षी ने कलरव किया। वह सरोवर में और मैं अपने घर में—हम दोनों ही की आँख नहीं लगी।

५२—सखी कहती है—ये पक्षियों के राजा सारस आखिर

५०—मेहा खरा निळज = जळहर इ० (ध)। सुंदर = सूनी (ध)।

५१—इण (ख)। काँइ जु (ख)। कुरम्हड़ियां कुरळाइयां पंचइ वरनी पंपि (च) कुंम्हड़ियां (थ, घ) पंचइ (थ, घ) वरणी (थ, घ)। अवा (ख) उ (च, थ) आ (ठ)। सर (क) सिर (च)। आ हूँ (क)। घर (क)। बेहुं (ठ) मिळिया (ख) निमिली (च) मिलियै (थ)। अंख (क)। बेह न दीधी पंख (ध)।

५२—उवै (क) औ (ग)। कहीयै (ग)। खंखि (घ)। के =

राति जु सारस कुरळिया, गुंजि रहे सब ताल ।
जिणकी जोड़ी बीछड़ी, तिणका कवण हवाल ॥५३॥
कूँझड़ियाँ करळव कियउ घरि पाछिले वणेहि ।
सूती साजण संभरया, द्रह भरिया नयणेहि ॥५४॥

पशु ही कहलाते हैं। वे सरोवर पर बोले और तुमने उनके शब्द का अनुकरण किया।

५३—रात को जो सारस कुरलाए (करुण स्वर में बोले) तो सब सरोवर गूँज उठे। भला जिनकी जोड़ी बिछुड़ गई है उनकी क्या दशा होती होगी ?

५४—कुररी पक्षियों ने घर के पीछेवाले वन में करुण-रव किया। सोती हुई मारवणी को प्रियतम का स्मरण हुआ और उसके नयनों में आँसुओं का सरोवर भर आया।

केरा (घ)। उवे (क) उयै (ख)। सिर (ग) सिरि (घ)। ऊपरँ (क)। कीवी अणराव (ख) थांही की उणराव (क)।

५३—ज (क)। कुरळियाँ (क)। गूँझि (क) गूँज (ग) गाजि (थ)। रही (ग) रह्यउ (थ)। सिर=सब (ख)। कूँझडियाँ कुरळायीयां (ग) कुँझड़ियाँ कुरळाइयाँ (थ) कुरझड़ीयाँ कळियलं कियो (न)=राति जु सारस कुरळिया। ऊँची बैसे तळ=गुंजि रहे सब ताल (न)। जिनकी (ख) जाकी (घ)। बीछड़ै (ग) बिछुड़इ (थ)। ताकौ (क)। कुंवण (ख)। हवल्ल (न)।

५४—कुरझड़ियाँ (च) कळियर (क) कलरव (ख. ग) कुरळाइयाँ (च. थ)। घर (ख. ग. थ)। पाछले (ख)। पछलै (ग)। वणेह (क. ख)। बनेहि (च)। सूतां (च) सजन (ग) सज्जण (च)। समरीयाँ (थ)। नयणेह (क. ख)।

कूँझड़ियाँ करळव कियउ घरि पाछिले दरंगि।
सूती साजण संभरया, करवत बूही अंगि ॥५५॥
कूँझड़ियाँ कुरळाइयाँ ओलइ बइसि करीर।
सारहली जिउँ सल्हियाँ सज्जण मंझ सरीर ॥५६॥
मंझि समंदाँ वींट घर, जळसूँ जामोपत्त।
किणहीँ अवगुण कूँझड़ी, कुरळी माँझिम रत्त ॥५७॥

५५—घर के पीछेवाले टीले पर कुररी पक्षियों ने करुण-रव किया (जिससे) सोती हुई मारवणी को प्रियतम का स्मरण हो आया और उसके अङ्गों पर मानों आरी चल गई।

५६—करील की ओट में बैठकर कुररी पक्षी कुरलाए (जिसको सुनकर) प्रियतम (की स्मृति) शरीर में सार की तरह सालने लगी।

५७—समुद्र के बीच में वींटों का तेरा घर है, जल से तेरी सन्तान की उत्पत्ति होती है। हे कुरझ, कौन से बड़े अवगुण के कारण तू आधी रात को कूक उठी।

५५—कुरझड़ियां (च)। कळीयर (क) कळियळ (घ) कुरळाइयाँ (च. थ)। थळां (न)। थळी पइलइ (च) थळी ज पैलै (थ)= घरि पाछिले। पछवाड़े=पाछिले (क)। द्रंग (क. ख. ग. च. न)। सांभरया (च) समरीया (थ)। वूहा (क. ख. ग. थ)। अंग (क.ख.ग)।

५६—कुरझड़ियाँ (च) कूझरिया (त)। कळियळ कियै (क)। कळिकइ (ख)। ऊची (क) उची (च) उंचइ (थ)। बैसि (क) बइस (ख)। करीरि (च)। सारहली (च)। जिम (ख) ज्यउं (थ)। सलीया (क) सल्लीयां (च)। साजण (ख)। म्हाइ (ख) मझ (क) मांहि (थ)।

५७—मझ (क) मंझ (ग)। समुद्दां (क)। वैठि (ख)। वीट

कुंझड़ियाँ कळिअळ कियउ, सुणी उ पंखइ वाइ ।
ज्याँकी जोड़ो बोछड़ी, त्याँ निसि नींद न आइ ॥५८॥
कूँझड़ियाँ कळिअळ कियउ, सरवर पइलइ तीर ।
निसिभरि सज्जण सल्लियाँ, नयणे वूहा नीर ॥५९॥

सोरठा

मारवणी मनि रंगि, वाटइ तिणि आवी वहइ ।
कुँझो एकणि संगि, तालि चरंती दिट्ठियाँ ॥६०॥

५८—कुररी पक्षियों ने करुण-रव किया और मैंने उनके पङ्खों की वायु (पङ्ख फटफटाने की ध्वनि) सुनी। जिसकी जोड़ी बिछुड़ गई उसको रात्रि में नींद नहीं आती।

५९—सरोवर के उस पार, तीर पर, कुररी पक्षियों ने करुण-रव किया। रात भर (विरहिणी के हृदय में) सज्जन सालते रहे और उसके नेत्रों से जल बहता रहा।

६०—प्रेम से रँगे हुए मनवाली मारवणी चलती चलती उस मार्ग पर आ निकली और वहाँ उसने बहुत सी कुरझों को (सरोवर के किनारे की) समतल भूमि पर एक साथ विचरण करते हुए देखा।

(ग)। पति (क. ख)। किसौ (ख) किण (ग) किहां (घ)। अणूरौ (ख) = अवगुण। रति (ख)।

५८—केवल (ज. छ) में।

५९—केवल (ज. छ) में।

६०—आधी (थ) = आवी। कुंझां (थ)। ए तिणि रंगे (थ) = एकणि संगि।

दूहा

किणहीरी देाय लकड़ी किणहोरी दस गाळ ॥६४८॥

× × × ×

मारू वाक्य सखी प्रति

मीठो कंठ महेलियां तुरियां मीठो राव।
मेलो मीठो सजनां आगम मीठो ब्याव ॥६६५॥

× × × ×

अगर चंदनरो ढोलिओ 'सूकड़ीओ आवास।
घण जीव्यो ढोला-तणो मारूसुं घरवास ॥६६७॥

× × × ×

सोरठा

कहतां नावे काय, सजन मिल्यां जे सुख होवइ।
ज्वाळा-सी बुझि जाय, सीच्यो अमृत सजनां ॥६८०॥

× × × ×

दूहा

जिम अरहट आरणमें, सजन सोहणां माह।
सापुरिस-हंदा सजनां, आसा मुझ फळियांह ॥७०१॥

× × × ×

करहो कसतुरी लदिओ ऊपर झोणो लोय।
साथड़लो सुरंगड़ो जो (ढोला) निरवाहु होय ॥७१८॥

प्रथम मेलांणें आविया ढोलो मारू सोय।
डेरा बहु तंबु दिया पोढ्या छै सहु कोय ॥७१९॥

× × × ×

सोरठा

सालकुंयररो साद, किओ नहीं सो कुणकुणे।
सो जागी घणें साद, दासी तास दीवाधरी ॥७२६॥

× × × ×

दूहा

इहां छे गुणवेलड़ा, उहां छे रसवेल।
जम राँणा साटो करां, वांनेंईं लेओ मेल ॥७३०॥

× × × ×

दूहा घणा पुराणा अछै, चोपई बंध कीओ में पछै।
संवत सोळह सतरोतरे आखात्रीज दिवस मन खरे॥

× × × ×

(न)

[यह प्रति नागौर-मारवाड़ के श्वेतांबर-जैन-उपाश्रय में वर्त्तमान है। इसका लिपिकाल सं० १७७१ है। पाठ प्राचीन ज्ञात नहीं होता।]

ढोला-मारवणीरा दूहा

सरसति मात पसाव करी, दे मो अविरळ मत्ति।
भोगी चतुर भुवाळ जे, गुण गावुं तस झत्ति॥
देसाँ माहे दीपतो, परगळ पूंगळ देस।
जिहाँ नर नारी नीपजै, निरूपम नीकै वेस॥
उंचा मंदिर चौषणा, ऊँचा घणुं आवास।
अजब झरोखा जाळीयाँ, सीस्याँ सुंधावास॥
राज करै राजा तिहाँ, पिंगळ जाण प्रवीण।
भामनीयाँ भीनो रहै, निस दिन नेहै लीण॥
अताराँ अहनिस करै, अमल सुहड अति रंग।
कोटडीयाँ कळियळ हवै, राग छतीसे रंग॥
भला सुहड ब्राह्मण भला, भली राजरी रीत।
राज लोक राँणी भली, पाळै अहनिस प्रीत॥
गिर अढार आबू धणी, गढ जाळोर दुरंग।
तिहाँ सामंतसी देवड़ो, अमली माण अभंग॥
तस धी ऊमा देवडो, अवर नहीं संसार।
छट्ठी-हंदे अषरे, परणी राइ ति वार॥
पटराँणी पिंगळ तणी, अपछरकै अणुहार।
अछै ऊमा देवडी सुंदर इण संसार॥

सुंदर सोळ शृंगार सझि, सेझ पधारि साँझ।
प्राँणनाथ आए मिळी, सर सिर बइठौ हंझ॥
राति दिवस रंगइ रमैं, प्रीउसुँ इधको प्रेम।
कुसम जाँण केतक वनैं, मोह्यौ मधुकर जेम॥
मवड बधी मारवी, आइ अवतरी पेट।
पूरे मासे पदमणी, जनमी रतन ज नेट॥
सुंदर रूप सुहामणी, अपछरकै अनुहार।
सहु को आषै पदमणी, भमर करइ गुंजार॥
वरस पाँच वडळ्या जिसै, इसै देव न वुट्ठ।
षड पाषै सहु एकठा, मांणस हुवा मनमट्ठ॥
मारवाड़कै देसमै, एक न जावै पीड।
कबही हुवै अवरसणो, कबहो फाका तीड॥
पींगळ परीयण पूछियो, कीजै त्रेवड काइ।
कोई गाम ज अटकळी, जेथ वसीजै जाइ॥
जळ षड़ कारण षोजीया, देसे दुं दुं षाँव।
पुहकर षड पाँणी प्रघळ, साँभळ पुंगळ राव॥
पिंगळ ऊचाळो कीयो, आयो पुहकर तीर।
षड पांणी प्रघळ तिहाँ, हुवो सुख सरीर॥
हिवै किम ढोलौ नीपजै, देव-तणो परिमांण।
लेख मिलै अणचींतव्यौ, भावै जांण म जांण॥
नळ राजा नळवर रहै, आछै रिद्ध अपार।
भली अनोपम भामणी, सुख माणै संसार॥
एक चिंता मनमै घणी, नही पुत्र रतन्न।
तिण पाखै लागै इसो, जांणो अलूणो अन्न॥
डाहा मांणस पूछीया, तिण कह्यो एह उपाय।
पुत्र सही थाइं भलो, पुहकर देव मनाय॥

जात्रा बोली राइ विण, हुवौ पुत्र रतन्न ।
उछव हुआ अति घणा, लोक कहै धन धन ॥
राजा मनमै चींतवै, जाए करवी जात ।
राज भळायो आंपणो, परधानां परभात ॥
साथे रिद्ध लेई घणी, आयो पुहकर तीर ।
जात्र करी मन हरषीयो निरमळ सरवर नीर ॥
इण अवसर घन ऊमट्यो, प्रगट्यो पावस मास ।
पिंगळ राजा पिण तिहाँ, मिळीया मन उल्लास ॥
ऊनमीयो उत्तर दिसा, गयणे गरज्यो घोर ।
चिहुँ दिस चमकी वीजली, मंडे तंडव मोर ॥
च्यार मास निहचळ रह्या, सरवर (त)णै प्रसंग ।
रांमति ष्याल विनोद रस, रहै मन उछरंग ॥
एक दिन नरवर राजवी, चढ्यो सिकार प्रभात ।
सिसलो दीठो नासतो, दीयो घोडो दे छात ॥
जाँतो पिगळ रायनै गयो ज गाडां माँहि ।
सूती ऊमा देवडो, कडि नीचै वहि जाहि ॥
दीठी राजा देवडो रांणी दीठो राय ।
मन माहे अचरिज भयो, अई यो रूप अथाह ॥
देषी ऊमा देवडो, राजा थंभी वाग ।
जो माणै इण नारिनै, तिणका मोटा भाग ॥
तुरत राय पाछो वळ्यो, आयौ सगळौ साथ ।
पिंगळ आडो आवीयो, मीळीया भरनै बथ ॥
राज ऊतरो करि मया, पीयो पछारी पैण ।
कहि अंतर किम राखीयै, जे ससनेहा सयण ॥
साथ सहु तिहाँ ऊतरयौ, नळ राजा ससनेह ।
कीधी भगति भळि परै, पिंगळ राजा तेह ॥

आए बैठा एकठा, करण कतूहळ केळ।
सारी पासा सोगटा, राजा यै मन मैल॥
सूंपी वागा सावटू, कोडी धज केंकाँण।
आँम्हो साँम्हा आपीया, प्रीत चढी परमाँण॥
सगपण हुवै तो सौगुणो, वधइ प्रीत असमान।
नरवर राजा पिंगळै, वकीया एहवी वांण॥
तिसडै मारू नीसरै, जाणे बीय मयंक।
ऊ झाँखो आ निरसली, कोई नहीं कळंक॥
कुँवर अनोपम माहरै, दीसै देव कुमार।
तिणहुँ मारू दीजियै, समजोड़ो संसार॥
तब ते राजा पिंगळ कहै, वात एह परवांण।
सहि करेस्यां नातरो, पूछीनै परोयाण॥
राजा ऊठी आपणै, डेरै आयो जांम।
पिंगळ पूछै देवडी, कहो त करौं ए कांम॥
आपै ऊमा देवडी वालँभ होयै विचार।
मनह सकोडी मारवी, दीध समुद्रां पार॥
के(?कं)ता अण दीठै कुँमर, नातरो कीयो स कोय।
प्रीऊ पटराँणीनुं कहै, जिहाँ सिरजो तिहां जाय॥
अति मोटै आडंबरै, कीयो विवाह तिएण।
अरथ गरथ बहु षरचीया, पिंगळ नरवर जेएण॥

[इसके आगे मूल का ११ नंबर का दूहा है।]

नळ राजा हिवै आँपणै आयो नरवर देस।
ठाँम ठाँमरा लोक सहु, ते ळ आया पेस॥
साल्हकुमर आयौ हिवै, यौवनमै भरपूर।
तब राजा मंन जांणीयो, पुंगळ हूई ज दूर॥

मत कोई जणाइजो, मारवणी विरतांत।
भुँइ अळगीमै भुँच नर, भवनइ भुरट अनंत॥
माळव देस सुहामणो, जिहाँ सुषीया सहु लोक।
परणावीजै साळनुं, देसी सगळा थोक॥
माळव देस सुहाँमणो, भीमसेन भूपाळ।
माळवणी धो तसु तणी, सुंदर नै सुकमाळ॥
साल्हकुमरनो ना तरो, कीयो मन आणंद।
सोहै जान्याँमैं कुमर, जिम तारामैं चंद॥
षरच्या अरथ गरथ सहू, परण्या अधिकी प्रीत।
सारोषो दा (?) बिना चिहटै नहीं ज चीत॥
हाथ मुंकावण हाथीया, दीन्हा तीन सै पंच।
नगर पचास दीपावळी, अइराकी सै पंच॥
चतुरपणै लागी हिवै, ढोला-सेती प्रीत।
लागो रं (ग) मजीठ ज्युं, चतुरपणै बहु चोत॥
आया नरवर गढ हिवै, पैसारो संघात।
आया मन अति रंगसुं, सुष माहे दिन जात॥
ढोलौ मालवणी हिवै, करै कतूहळ केळ।
ढोलै मन मांनि घणुं, मालवणी मन मेळ॥
सोळां वरसां माळवी, कंतो बरसां वीस।
इसडी जोड़ी जौ मिलै, जो तूसै जगदीस॥
हसै विहसै माळवी, अरु गळि लग्गी कंत।
ढोलो मोह्यो अति घणुं, दाडिम जेहा दंत॥
माळवणी जाणै घणुं, मारू मत्थें साल।
पिता ढोलो जांणै नहीं, वीछडीयां वय बाळ॥
वयण न लौपै माळवी, नयण न षडै जेह।
प्रीत वधारण सुख करण, वळि मीठे वयणेह॥

नित नवली मोज करै, नित नित नवली सेझ।
ढोलो माळवणि एकठा, अधिकै अधिकै हेज॥
ढोलो मोह्यो माळवी, जिम मधुकर व ..ह।
बिहु मन लागो इसुं, एक जीव दोय देह॥
ढोलो मोह्यो माळवी, राति दिवस मन रंग।
नेह नवल नै नवल धण, सही न छोडै संग॥

[इसके आगे मूल का १२ नंबर का दूहा है।]

बाळापण तो वहि गयो, जिहां मन लाव न साव;
आयो जोवन उमंगसुं, सहु सुख मांणण राव॥

[इसके आगे मूल के १३, १४ और ७६ नंबर के दूहे हैं।]

सुपनंतर सज्जन मिल्या, मै भर घाती बत्थ।
नींद गई प्रीउ वीछुडे, जागत पटकत हाथ॥
सुपनै सज्जन पाईया, हुं सूती गळ लाय।
मारुं न पोलुं अंषडो मत स्यज्जन फिर जाय॥

[इसके आगे मूल का २६ नंबर का दूहा है।]

मारवणी सहीयां कहै, मो परणाई केथ।
प्रीउ कठे जाणुं नही, हुं एकलडी एथ॥

[इसके आगे मूल के २४ और २५ नंबर के दूहे हैं।]

सूती सेझै मारवी, विरहण करै विलाप।
कुरझां सुणे करूकडा, लागी विरहा ताप॥

[इसके आगे मूल के ५३ और ५५ नंबर के दूहे हैं।]

कुरझडीयाँ कळियळ कीयो टोलै टोलै वीस।
मारू ढोलो सांभरै, उरसुं भागी ईस॥

[इसके आगे मूल का ५६ नंबर का दूहा है।]

कुरुझडीयाँ कळयळ कीयउ सारो माझिम राति।
मारू पंजरमै वूही, करवत आवत जात॥

कुरुभां कांई करुकीयां, थांकुं केहो दूख।
कूंण मारू विरहै दधीयां, ऊपर लायो लूण॥
कुरुभां-तणा करूकडा, सांभळ सोवै सोय।
सेझ अंगीठी तन दहै, कहिवा लागी जोय॥

[इसके आगे मूल के ६२ और ६५ नंबर के दूहे हैं।]

रांणी ऊभी सांभळ्या, मारू-तणा ज वैण।
ऊमां मनमै जांणीयो, मारू मेळो सयण॥

[इसके आगे मूल के ७७, १०१, १०३, १०४, १०७, ११०, ११५, १२६, ११६, ११३, १२२, १२३, १३०, १३३, १२७, १३१ और १३५ नंबर के दूहे हैं।]

केता संदेसा कहुं, केता वयण कहेस।
ढाढी प्रीतम आंणियो, तो उपगार वहेस॥

[इसके आगे मूल का १८४ नंबर का दूहा है।]

तिहाँ मालवणी राखीया, पीहर पहराइत।
पंथी कौ पूंगळ तणौ, सो मारै वो नित॥

[इसके आगे मूल का १८२ नंबर का दूहा है।]

कूड कपट मन केळवी, आया नरवर देस।
नरवर राजा भेटीयो, मनमै चींत अजेस॥
राजा घणो आदर दीयो, पूछी कुसला षेम।
नरवर मन पिंगळ तणो, प्रगट्यौ इधको प्रेम॥

[इसके आगे मूल का १८७ नंबर का दूहा है।]

आज जाइनै ऊळगो, साल्ह कुमर सुजांण।
ढाढी मन हरषित हुओ, वदी राइ ए वांण॥

[इसके आगे मूल के १८८, १८९ और १९१ नंबर के दूहे हैं।]

संध परा सो जोयणां, वीजां षिवै विदेस।
धण पुंगळमै एकली, नाह तो नरवर देस॥

[इसके आगे मूल का ४७ नंबर का दूहा है।]

वीजळियां भ्रूकीयां जब देषीजै नयण।
बांह पकड्या बालपिण जाइ मिलीजै सयण॥

[इसके आगे मूल के १४७, १४६, १४५ और १६२ नंबर के दूहे हैं।]

प्रह फाटी रवि ऊगीयो, आयो पूछण वत्त।
कहो ज तिणकी वारता, जिणकी गाई रत्त॥
तेही दाषवज्यो तुम्हे, जेही आया जोय।
पर मन रंजन कारणै, भरम म दाषवि कोय॥
एकण जीह किम कहां, मारू रूप अपार।
कै हरि तूठै पाइयें, कै तुठै करतार॥
ढाढो ले कागळ दीयो, लिषीयो मारू जेह।
ढोलै लेई भोडीयो, सयणां-तणै सनेह॥
कागळ अषर गहि लीयां, कामस घणो जयांण।
कै भीना पंथ आवतै, कै लिषणहार अजांण॥

[इसके आगे मूल के १८२, १६८, २०३ और २०४ नंबर के दूहे हैं।]

सूता सूपनंतर मिलै, इक सासै सो वार।
मन राष्यो ही नवि रहइ, कर मेलो किरतार॥

[इसके आगे मूल का १५७ नंबर का दूहा है।]

प्रीतम जो आयो नही, थोडां दिनां ज मांहि।
तो थे आया लाभस्यौ, मारू मंगळ मांहि॥
प्रीतम जो आयो नही, मांणस इयां मिळियां।
आयां धण आतुर हुसी, पाछां इयां पहियां॥

कै कहीयै कै अषियै, सयणांसुं वयणांह।
वयर विलूधो वल्लहा, नींद अनै नयणां॥
जोवत आंष्यां थकीयां, सोवत नांही सुष।
प्रीतम अणमिलीयां इसो, दाझै देही दुष॥
ढोलै कागळ वांचीयो, जाग्यो नवल सनेह।
मिळवा हीयडो ऊलस्यौ, जिम बाबहीयै मेह॥
कागळ मूंकै नै कहै, थे भलै मिळीया आज।
सयणां-तणां सदेसडा, मांणस-हंदा साज॥
सीष समपी ढाढीयां, देई लाषपसाव।
ढोलो मन घणुं हरषीयो, हरख्यो नरवर राव॥
श्रवण सँदेसा सांभळी, प्रीतम-तणा ज वयण।
मारू ढोलो मोहीयो, सहु भूलेगा सयण॥
मन्ह चमक्की माळवी, सुणि ढाढी-हंदा वयण।
कोडि गुणां अवगुण हुवै, जो हुवै दूजो सयण॥
तां लगि प्रीत अषंडाया, जां लगि एको मित्त।
जव मन राषै अवरसुं, चतुर विरच्चै चित्त॥
पिण मुंहडैरी प्रीतड़ी, अरु अगळि नयणां।
आंहचै इम किम छांडही, ससनेहा सयणां॥
मन चिंता मिळवो सयण, मंडाणो आळोच।
माळवणी मन जांणियो, सहो ज कोई सोच॥

[इसके आगे मूल के २१८ और २२१ नंबर के दूहे हैं।]

जिकें ज बांभण वांणिया, तिको दिसावर जाय।
राजकुंवर राजा-तणा, तेाइ दिसावर कांय॥

[इसके आगे मूल के २२३, २२६, २२७, २२८ और २२९ नंबर के दूहे हैं।]

चंपावरणी कांमणी, सोहै तुब्भ सरीर।
हरणांषी हसनै कहै, तो आँणां दष्यणी चीर॥

[इसके आगे मूल के २२३, २२४, २२५, २३० और २३१ नंबर के दूहे हैं।]

सुणि सुंदर ढोलो कहै, काई चाकरी करांह।
कांई माई बेटका, घर बैठा रहांह॥
कंत म जाए चाकरी, किण ही कुठाकुर साथ।
दत्त थोड़ो सेवा घणी, पहरा देणो राति॥
सुणि सुंदर ढोलो कहै, रीतां राजवीयांह।
घर बैठा टांमक हवै, बाहिर सीह समांह॥
ऊचळ चित्ता ऊभांषरा, पग न मैलै ठाय।
सज्जन उनहारै इसा, तिण मो मन डोलाय॥

[इसके आगे मूल के २३६, २३८ और २३९ नंबर के दूहे हैं।]

वल्लभ सज्जण वीछडण, वळी सवक्कां साल।
कर जोडो कामिण कहै, सुणि कंता सुकमाळ॥

[इसके आगे मूल का २४१ नंबर का दूहा है।]

नेह बंधन बंधीयो, वळि रहिया दुइ मास।
ससनेही क्युं वीसरै, मन मारवणी पास॥
चहुं दिस चमकी वीजळी, थाडो वादळ छांह।
पावस आयो पदमणी, कहो व पुंगळ जांह॥

[इसके आगे मूल के २४६, २४८, २५१, २४४, २५३, २४९, २५०, २७३ और २४५ नंबर के दूहे हैं।]

जिण रित सी आगम करै, टापुर तुरी सुहाय।
तिण दिन कांमिण मुंकिनै, कवण दिसावर जाय॥

जिण रितिमै कोरड कुडै, हिरणो गाभ धराय।
तिण दिहांरी गोरडी, दिन दिन लाष लहाय॥

[इसके आगे मूल के २८२, ३०१ और २९४ नंबर के दूहे हैं।]

उत्तर आजस उत्तरो, सही पडेसी सीह।
कढीयौ दूध कटोरीयां पावै, सासू-हुंदी धो॥

[इसके आगे मूल के २८७, २९०, २८९, २९५ और २९८ नंबर के दूहे हैं।]

उत्तर पाळो पवन घण, कहो किम कीजै।
हरिणाखो जै तूं कहै, तौ सांम्हो सी लीजै॥

[इसके आगे मूल के ४१२ और ३०५ नंबर के दूहे हैं।]

रैबारी ढोलो कहै, करहो सोइ दिखाय।
पलांणीयो पवने मिलै, घडीयै जोजन जाय॥
टोळा माहे टाळिमो, विगताळो वीषइ।
रूडो रैबारी आंणीयो, ढोलो सो निरषइ॥

[इसके आगे मूल के ३०९ (पंक्तियों का क्रम उलटा है), ३१२ और ३१३ नंबर के दूहे हैं।]

झाटि झूटिक करहलो, आंणे बाँध्यो बार।
विरह दावानळ बीहती, कहै मालवणी नार॥

[इसके आगे मूल के ३१७, ३१८, ३२० और ३२१ नंबर के दूहे हैं।]

कहियो कीयौ करहलौ, षोडो हुवौ ति बार।
दीजण लागा डांभडा, कहै माळवणी नारि॥

[इसके आगे मूल का ३३३ नंबर का दूहा है।]

करहा सुणि ढोलो कहै, रहीयो षोडो होइ।
मुझ मिळावै मारविण, इसो सयण न कोइ॥

[इसके आगे मूल के ३०४, ३६३, ३६७ और ३५८ नंबर के दूहे हैं।]

बीछड़तां ही सज्जनां, नीसासा ज मूक।
के भरीया के वाळीया, के दाधा के सूक॥

[इसके आगे मूल के ३४६, ३६६, ३७६, ४१६ और ३८१ नंबर के दूहे हैं।]

षडीयो ढोलौ करहलो, मिळीयो वावोवाय।
वांसै मूकै माळविण, सूवेनुं समझाय॥

[इसके आगे मूल के ४००, ४०१ और ४०४ नंबर के दूहे हैं।]

ससनेही को विछड्यौ, मूंओ न सुणीयो कोइ।
तंबोळी-कैरा पांन ज्युं, झूरि झूरि पंजर होइ॥
सूआ एक संदेसडो, माळवणी बाळेह।
सौ मण सूकड नै मण अगर, म्हाकी हुंती देह॥
सूओ पाछौ आवीयौ, ढोलो गयौ अलज्ज।
कहीयां ही वळीयो नहीं, तेसुं केहो कज्ज॥
ढोलै-तणा संदेसडा, सूवे कहीया आइ।
मुरछागति हुई माळवी, ऊभी हाथ मळाइ॥

[इसके आगे मूल के ४२५ और ४२६ नंबर के दूहे हैं।]

चढीयो ढोलो करहलै, मिळीयो वावोवाय।
ढोलो मन ऊमाहीयो, घडीयै जोजन जाय॥
जंगळ देस अजंग थळ, कोहरे ऊँडा नीर।
ढोलो षडै उतावळो, सयणां-तणौ सहीर॥

[इसके आगे मूल का ५२३ नंबर का दूहा है।]

आगळि जातां एकलो, ऊभो जड गिवार।
वहतो देषी वाटमै, लागो कहण ति वार॥

[इसके आगे मूल के ४३६ और ४३७ नंबर के दूहे हैं।]

उवा मारू पिंगल-तणी, छाळीयाँ छागां सत्थ ।
रमतां बाथळ कुंडीयै, बहुली घाती बत्थ ॥

[इसके आगे मूल के ४३९ और ४४५ नंबर के दूहे हैं ।]

पग आघा पाछा पडै, मन पाछौ मे जाइ ।
सयणां वयणां सांभल्यां, वधइ प्रीत घट जाइ ॥
इतरै आघा चालतां, मिळीयेा मांगणहार ।
सांम्है हुइ सुभराज कीयेा, ढोलै कीध जुहार ॥
पूछ्यो तिण मांगण-भणी, कठा आवीयेा कहेह ।
पूंगळ राजा ओळगे, लाष पसाव लहेह ॥
तिणनुं ढोलै पूछीयै, मारवणी विरतंत ।
बोलै बारट सै-मुखै, केता गुण कहंत ॥
जे तैं दीठी मारवी, को सहिनांण प्रगट्ट ।
चंदा जेहौ मुखकमळ, कडि कसतूरी वट्ट ॥

[इसके आगे मूल के ४७२, ४५१ (पंक्तियों का क्रम उलटा है), ४६३, ४५९, ४६०, ४६२, १३, ४८६, ४१५ और ४८७ नंबर के दूहे हैं ।]

तिण ढोलैसुं सीष की, कीधी ढोलै सीख ।
करहा चालि उतावळो, हल वहिली भर वीष ॥

[इसके आगे मूल का ४९९ नंबर का दूहा है ।]

ढोलो वाहै कंबडी, दोइ दोइ एकण पूर ।
जिण गाँमै सज्जन वसै, सेा तेा अजेस दूर ॥
पोंडी बाँधै पाघडी, ढीली मेले वग्ग ।
दीवै वेळा न संचरूं, तेा वाढै च्यारुं पग्ग ॥

[इसके आगे मूल का ४९७ नंबर का दूहा है ।]

करहै करंकौ सांभळी, धण जागी उद्रक्कि ।
माझिम रातै मारवी, जोयेा गवष झबक्कि ॥

[इसके आगे मूल का ५४३ नंबर का दूहा है ।]

ढोलो घरे पधारीयो, हरष्यो सगळो गांम ।
पूंगळ राजा आवीयो, हरषै कीयौ प्रणांम ॥
कीजै ऊगट मांजणो, कीजै सगत सहेज ।
सेझ पधारी मारवी, सुंदर सुगण सहेज ॥

[इसके आगे मूल का ५४१ नंबर का दूहा है ।]

तन सिणगारयौ मारवी, सिणगारयौ सह हत्थ ।
अंगै चंदन महमहै, सोहै बीडो हत्थ ॥
मारू हसी मुळकनै, वीजळी षिवैइ क दंत ।
च्यारे दिस सुवस वसी, इस गळ लग्गी कंत ॥
ढोलै दीठी मारवी, अदभुत रूप अचंभ ।
हसकरि पूछै बत्तडी, कहि तूं केण अचंभ ॥

[इसके आगे मूल के ५४६,५४८ और ५४९ नंबर के दूहे हैं ।]

आपां मेळो हिवै हूओ, गया वरस सोळेह ।
हुं तुझ पूछूं मारवी, पहिली माँणी केण ॥
अधर तबोलै माँणीया, कै दीष्यणी चीरेण ।
थणहर कंचू माँणीया, नयण न जाणुं केण ॥

[इसके आगे मूल के ५५७, ५५१, ५५३ और ५२८ नंबर के दूहे हैं ।]

मूंई हूंती रे वल्लहा, तूं भलै मिळीयो आय ।
कुसल पछे हो पूछस्यां, पहिली प्रेम चषाय ॥

[इसके आगे मूल के ५५५, ५९३, ५६१ और ५५४ नंबर के दूहे हैं ।]

ढोलो निरखे जोईयो, अपछरकै अनुहार ।
हूई न होस्ये एण युग, मारू सरषी नार ॥

वालंभ जे विरचै नहीं, जे दूहवीया होय।
अधर अमृत-रस घूंटतां, कबही त्रिपति न होय॥
घणां दिनांहुँ प्रीउ मिळ्यो, मनमानीतेा कंत।
अंगेा अंग भीडै घणुं, मिळै हसंत हसंत॥
पुंगळ ढोलो प्रांहुणेा, रहीयेा सासरवाडि।
पनर दिहाडा पदमणी, मांणे मनहरु हाडि॥
सगळेा साथ संतेापीयेा, पूजी सगळी आस।
मारू जेा तिणहीज गुणेह, दीन्हा लाख पचास॥
ऊमर राजा सांभळ्यौ, जे रांवांचेा राय।
मारू चाली सासरै, ढोलेालीयै जाय॥
पंच सहस पवंगे मिल्या, रहीया वनह मझारि।
मांटी तेा मारू लोयां, मारग ढोलेा मारि॥
ढोलै मरम न जांणियेा, चढीयेा करह पलांण।
साथे सेा असवार हूआ, इक पहिलडै पयांण॥
पिंगळ राजा मारवी, पहुचाई हरषेण।
मनह सकोडी मारवी, सुषवंत सेाहागेण॥
पुंगळ-हुंती मारवी, चाली ढोलै सत्थ।
चंपावरणेा वल्लहेा, घणुं सकोमळ हत्थ॥
पहिलेा वासेा थळ रह्या, माहे करणुं माग।
निस भर सूती मारवी, पीधी पैणै नाग॥
प्रह फाटी सहु जागीया, मारू सूती कांय।
ढोलेा कहै हिव तागरी, मारवणी जगाय॥
जीवो मारू कोडि युग, तूं कां पडी निसास।
ढोलै करहेा पिलांणीयेा, वंजे नरवर वास॥
धूणि धधूणिवि तागरी, वार बि च्यार सुबद्द।
तिण वेला तिण छोकरी, सरळा कीधा सद्द॥

देव ज घणुं विणासीयो, कीयो ज पाप आपार ।
मारू तन विणासीयो, कंत रह्यो निरधार ॥

[इसके आगे मूल का ६०८ नंबर का दूहा है ।]

बिहुं नयणे आंसू झरै, वळि वळि करै विलाप ।
हा हा देवं किसुं कीयो, मारू षाधी साप ॥
षिण रोवै षिण विलवलै, मारू पास बयट्ठ ।
वर धण दीसै नाह विण, धण विण नाह म दिट्ठ ॥
वळतो ढोलो इम कहै, कळि अषीयात करेह ।
मारवणी पैणे डसी, हुं जव हर साथि बळेह ॥
विळविळीया विलपा हुआ, गया ज पिंगळ पास ।
मारवणी पंइणै डसी, ढोलो साथे जास ॥
पिगळ राय कहावीयौ, ढोला पाछो आव ।
मारू लहुडी बहिनडी, तोहि-भणी परणाव ॥
वळतो ढोलो इम कहै, एहवा वचन म भाष ।
मारूसुं तन कळपीयो, ब्रह्मा विसन सवि साष ॥
वन मोडे कठ आंणीयो, सगळ कियो जुहार ।
मारूसुं ढोलो बळै, हुवौ ज हाहाकार ॥
मारवणी ढोलो ग्रहै, ढोलो बैठो माहिं ।
दीवाधरी रै करहलो, इधकी करै अपाहिं ॥
करहानै बंबीसनै, पहिराया सिणगार ।
नरवर जाए नै कहै, ढोला-तणा जुहार ॥
आरड भीरड करहलो, मिळीया तर मझार ।
ईसर तेथ पधारीया, साथे उमया नारि ॥
उमया बोलै ईसरा, किसो अचंभो एह ।
धण केडै कंतो बळै, आवौ देषां एह ॥

संकरनै गवरी कहै, प्रीतम लो किण पाडि ।
जौ सामी कहीयो करो, तौ मारू जीवाडि ॥
संकर गवरीनुं कहै, आपां फिरां विदेस ।
मूंआ अनंता देषस्थाँ, कहि केता जीवाडेह ॥
गवरी थळ पाछै छिपो, संकर बहुत विललाय ।
इम जांणे पारबती, आगळि ऊभी आय ॥
देखी दीन दयामणा, दया करै मन मांहि ।
अमृत आंणी छांटीयो, संकर सै हथ साहि ॥
विस विसहर पासै गयो, ततषिण हूई सचेत ।
ढोलो मनमां हरषीयो, कै सा पुर संकेत ॥
ईसर ले उपावीयो, का कीजै अरगाध ।
गवरी इन पुत्रिका, तेइ न दीधो आध ॥
मारू पूछै कंत सुणि, किण कारण चिह ठांण ।
तुझ मरंतां मारवी, मइ कळपीया प्रांण ॥
हिरणां ही फूटै हीया, टोळासुं टळियांह ।
कहि कैडै रहिवौ किसुं, सयणां बीछडीयांह ॥
ढोलो मारु एकठा, हस वैठा वन मांहि ।
तिहां तेडी दीवाधरी, कीधो लाष पसाव ॥
पुंगळ जा दीवाधरी, सहु वातां करि आज ।
धन जीवी प्रीऊ हरषायो, सरीया सगळा काज ॥
पिंगळ राव पधारीयो, कीधो लाख पसाव ।
घरि घरि हूआ वधांमणा, घरि घरि अधिक उछाह ॥
ढोलो चाल्यो करहै चढि, मारवणी संयुत्त ।
ऊमर मारग रोकीयो, ततपिण आइ पहुत्त ॥

[इसके आगे मूल का ६२७ नंबर का दूहा है ।]

ऊमर दीठो करहलो, दीठो मारू ढोल ।
आदर दे मद पावीयो, बोले मीठा बोल ॥

[इसके आगे मूल का ६३८ नंबर का दूहा है और पंक्तियों का क्रम उलटा है ।]

गीत गावंती डूंमणी, पेली नवली घात ।
एकरस्युं ढोलो ऊबरै, कहि समझावै तांत ॥

[इसके आगे मूल के ६३१, ६३३ और ६३२ नंबर के दूहे हैं ।]

कंब चटक्कै करहलो, गयो दुरंत ऊठ ।
मारवणी जे मारीया, ढोलै झाली मूंठ ॥
ततषिण मारवणी कहै, सांभळ कंत सुजांण ।
आ पांचूको ऊमरो, किम राखि स अपांण ॥
झबक्कै करहो झेकीयो, कूंट न वेडी मूळ ।
धण ढोलो मारग वहै, ऊमर भागी सूळ ॥
मारू चढती मारियो, बिहुं नयणांचे वांण ।
साथ म हितसुं ऊँमरो, पडीयो तिणयै ठांण ॥
हलो हलो ऊमर कहै, पवंगे पडै पलांण ।
जो झालै तसु लाष धुं, करहैनुं केकांण ॥
ऊमर आरहडा षडै, पहुच न सक्कै कोइ ।
उवै कीम पहुचै बप्पडा, करहो पंथी सोय ॥
भाऊ भाट पधारीयो, ढोलै सांम्हो जोय ।
षोडो करहो किम खडो, हसि करि पूछै सोय ॥
मांहरै वांसै ऊँमरो, चढीयो आवै राय ।
तिण कारण ऊतावळा, मारवणी ले जाय ॥
ढोलै भाउनुं छुरी, दीधी वाढै कुंट ।
पंथ विषम सही लंघीया, त्रिहुं चलणांमैऊट ॥

पंथी ऊंमरनुं कहै, म मारिजे तुरंग ।
षेडै करहै लंघीया, जे थळ हुंता अजंग ॥
भाऊ ऊमरनै मिल्यौ, जब जन बोल्या सात ।
ऊंबर तब पाछो वळ्यो, सांभळ ढोला वात ॥
ढोलो घरे पधारीयो, पूगी सगळी आस ।
मनवंछित सुख भोगवै, मारवणी आवास ॥

[इसके आगे मूल के ६५३, ६५४, ६५५, ६५६, ६५८, ६६३, ६६५, ६७२, ६७३ और ६७४ नंबर के दूहे हैं ।]

इति श्री ढोला-मारूरा दूहा संपूर्णम् ।

संवत् १७७१ वर्षे मति श्रावणमासे शुक्लपक्षे तृतीया-
तिथौ सोमवारे लिषतं आणंदविजए गुंद वच
नगरे । श्रीश्रीशुभं भवतु कल्याणम् ।

(म)

[आनंद-काव्य-महोदधि, मौक्तिक ७, मुं में प्रकाशित। सं० १८०१ आसु सुदि १० वार शुक्र को लिखित। इसमें कुशललाभ की चौपाइयाँ तथा गद्य वार्त्ता भी सम्मिलित है। यहाँ केवल वही दूहे लिए गए हैं जो मूल में या अन्य किसी प्रति में नहीं आए हैं।]

ढोला-मारवणीरी चौपई वात

मठ माहे तापस वसै, बिचै दीजै जीकार।
हम तुम ऐसा रंग है, जांणत है करतार॥
गोहुं पैहला नीपजै, सिर षोतर वर तास।
पहिलै चोथो मातरा, हमचो है तुम्ह पास॥
पोड कारण पीली हुई, लोक जांणै पिंड रोग।
छांना लांघण म्हे करां, बालम-तणै विजोग॥
फौज घटा घट दांमनी, धनुष बुंद सिर लेह।
अेक तोही ज विण साहिबा, (मुज) मारण लागो मेह॥
धण सूती मेले गयो, कंत गळती राति।
वळीयै दिन वळोयो नहीं, वुठै तो वरसात॥
केता भीड सभीड करि, कडि पतळी म देषि।
काठी लाल कंबांण ज्युं, वळती करो विसेष॥
सब ही लोवडआळीयां, न जांणूं धण काय।
नीज़े चरणे मारवी, पदम जडावै पाय॥
मारू लंक नै अगली, पांन ज पतल षाय।
नाह न भीडै डरपतो, मुंध कड़के जाय॥

करहै जे थळ लंघोया, दोहरा नै दुरंग।
तुं उंमर-सुंमरनै कहै, म मारजे तुरंग॥

सोरठा

ढोला मारू वात, सांभळतां सुख उपजै।
कैहजो सखरा पात, भांत-भांतसुं वर्णवै॥
चतूराइ कवि चोज, जे जिणमै जैसी होयै।
मरदां देज्यो मोज, लाहो धन जोबन लीयै॥

इति श्री ढोला-मारवणीरी चौपई वात संपूर्ण:।

सकल-पंडित-शिरोमणि पंडित श्री ५ श्री दर्शनविजय-गणि-शिष्य: प० दीपविजयगणि-लिषितं संवत् १८०१ वर्षे आसु सुदि १० वार शुक्रे लिपिकृतं श्री कवला-ग्रामे। सिंधल-राज श्री कल्याणसिंघजी-राज्ये चतुर्मासिक कृता। श्री शुभं भवतु: श्री॥

परिशिष्ट (२)

टिप्पणी

शीर्षक

ढोला—अप० ढोल्ला। इसकी व्युत्पत्ति संस्कृत के दुर्लभ शब्द से हुई बताई जाती है (दुर्ल्लभ, दुल्लभ, दुल्लह, दुलहु, ढोल्लह, ढोल्ल, ढोल्ला)। अपभ्रंश कविता में यह शब्द नायक के अर्थ में आता था। हेमचंद्र के प्राकृत-व्याकरण के अपभ्रंश भाग में यह शब्द तीन बार आया है* और तीनों बार नायक के अर्थ में। प्राकृत-पिंगल-सूत्र में भी एक स्थान पर यह शब्द आया है और टीकाकारों ने वहाँ पर उसका अर्थ ढोल किया है पर वीर, नायक, नेता यह अर्थ भी किया जा सकता है।

राजस्थानी भाषा में यह शब्द बहुत प्रचलित रहा है और आज भी है। राजस्थान की ग्रामीण कविता एवं गीतों में इसका बहुत प्रयोग हुआ है। इसका अर्थ नायक, पति या वीर होता है और

---

* (१) **ढोल्ला** सामळा, धण चंपावण्णी। (८-४-३३०)
(२) **ढोल्ला**, मइँ तुहँ वारिया, मा कुरु दीहा माणु।
णिद्दए गमिही रत्तडी, दडवड होइ विहाणु॥ (८-४-३३०)
(३) **ढोल्ला**, एह परिहासडी अइभ न कवणहिं देसि।
हउँ झिज्जउँ तउ-केहिँ, पिअ, तुहुँ पुणि अन्नहि रेसि॥ (८-४-४२५)

† **ढोल्ला** मारिय ढिल्लि महँ मुच्छिउ मेच्छ-सरीर।
पुर जज्जल्ला मंतिवर चलिअ वीर हम्मीर॥
चलिअ वीर हम्मीर पाअ-भर मेइणि कंपइ।
दिगमग साह अंधार धूलि सुररह आच्छाहिइ॥
दिगमग गह अंधार आण खुरसाण कउल्ला।
दरमरि दमसि विपक्ख मारु ढिल्ली मह **ढोल्ला**॥

यह बहुधा संबोधन में ही प्रयुक्त होता है। दो-चार उदाहरण नीचे दिए जाते हैं—

(१) गोरी छाई छै जी रूप, **ढोला,** धीराँ-धीराँ आव।

(२) सावण खेती, भँवरजी, थे करी जी, हाँजी **ढोला,** भादूड़े करग्यो छो निनाण। सीट्टाँरी रुत छाया, भँवरजी, परदेश में जी, ओ जी म्हाँरा घणा-कमाऊ उमराव, थाँरी प्यारी ने पलक न आवड़े जी।

(३) गोरी तो भीजै, **ढोला,** गोखड़े, आली जो भीजै जी फौजाँ माँय। अब घर आय जा आसा थारी लग रही हो जी।

(४) दृधाँने सींचावो **ढोला**जीरो नींबूड़ो ओ राज।

हमारी सम्मति में यह ढोला शब्द किसी व्यक्ति के नाम से प्रसिद्ध हुआ है। किसी प्रसिद्ध लोक-प्रिय व्यक्ति का नाम ढोला (सं० दुर्लभराज) रहा होगा और बाद में उसका नाम नायक के अर्थ में प्रचलित हो गया होगा। राधा और कृष्ण वास्तविक व्यक्ति थे परंतु अंत में वे समस्त कविता के नायक-नायिका हो गए। यह ढोला या दुर्लभराज कौन था यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता पर हमारा अनुमान है कि यह ढोला इसी ढोला-मारूरा दूहा काव्य का नायक था। यह ढोला एक ऐतिहासिक व्यक्ति है। वह जयपुर के राजवंश का पूर्व-पुरुष था। जयपुर का कछवाहा राजवंश पहले नरवर में राज्य करता था। इस नरवर को नल नाम के राजा ने बसाया था और इसी नल का पुत्र ढोला था। ढोला की दो-तीन पीढ़ियों के बाद कछवाहे राजपुताने में चले गए और वहाँ राज्य करने लगे। इतिहास के अनुसार ढोला का समय संवत् १००० के आस-पास आता है। नैणसी ने अपनी ख्यात में लिखा है कि इस ढोला के दो स्त्रियाँ थीं जिनमें एक मारवाड़ की और दूसरी मालवे की थी। राजस्थान के प्रसिद्ध ऐतिहासिक मुंशी देवीप्रसादजी

लिखते हैं कि आमेर के कछवाहों की लंबी-चौड़ी वंशावली में लिखा है कि नल नरवर का राजा था जिसकी रानी दमयंती थी और ढोला उसका बेटा था जो बहुत बलवान् और स्त्रियों का रसिया था। वह मारुणी नाम की एक स्त्री को बहुत प्यार करता था। ढोला और मारवणी के विवाह तथा प्रेम की कथा का राजस्थान में बहुत प्रचार हुआ और ढोला-मारू ये नाम घर घर प्रसिद्ध हो गए। धीरे धीरे इन्होंने इतनी लोक-प्रियता प्राप्त कर ली कि ये नायक-नायिका के साधारण अर्थ में प्रयुक्त होने लगे।

मारू—सं० मरु से। इसका अर्थ है मरु का या मरु की। यहाँ यह शब्द स्त्रीलिंग है। इस शब्द के अनेक रूपांतर मिलते हैं जैसे मारू, मारुवी, मारवी, मारुवणी, मारवणी, मारवण, मरवण। राजस्थान में रानी का नाम प्रायः देश के नाम पर रख दिया जाता है; जैसे मीराँ के लिये मेड़तणी राणी (मेड़तावाली रानी)। इसी प्रकार ढोला की इस रानी का नाम मारवणी प्रसिद्ध हुआ। उसकी दूसरी रानी मालवा की थी और वह माळवणी (माळवे की) नाम से प्रसिद्ध थी। कभी कभी कन्या का नाम भी अपने देश पर रख दिया जाता है। संभव है, ढोला की स्त्री मारवणी का यह नाम उसके पितृगृह का ही रखा हुआ हो।

ढोला की भाँति मारू या मारवण शब्द भी राजस्थान में खूब प्रचलित रहा है। गीतों आदि में इसका बहुत प्रयोग मिलता है। वर्त्तमान काल में नायिका के अर्थ में मारू शब्द नहीं आता, मारवण या मरवण आता है। मारू का प्रयोग अब पुँल्लिग में, नायक के अर्थ में, होता है और वह कभी कभी ढोला शब्द के साथ भी आता है। नीचे कुछ उदाहरण दिए जाते हैं—

(१) उर चवड़ी, कड़ पातळी, ठावो-ठावो मंस।
ढोला, थारी **मारवण** पाबासररो हंस॥

(२) **मारवण**, थारे तो नैणाँरो पाणो लागणो।
हो प्यारी **मारवण**, थारा नैणाँरो पाणो लागणो॥

(३) मदछकिया महाराज, थाँने कण तो पियाई दारूड़ी।
बोलो नी, दारूरा **मारू**, पूछै थाँरी **मारूड़ी**॥

(४) इतरा में, **ढोला-मारू**, थे ही जी गँवार। नित उठ घुड़ला थे कसो जी म्हाँरा राज। इतरा में, **मरवण**, म्हे ही ए सपूत, नित उठ रण में म्हे ही चढाँजो म्हारा राज॥

मारू इस काव्य की नायिका है। यह पूगळ के परमार राजा पिंगळ की कन्या थी। संभव है कि इसकी कथा के अत्यंत प्रसिद्ध होने के बाद व्यक्तिवाचक मारू या मारवणी शब्द जातिवाचक बन गया हो और नायिका के अर्थ में प्रयुक्त होने लगा हो।

रा—पश्चिमी राजस्थानी (मारवाड़ी) में संबंध कारक का चिह्न रो (पुरानी वर्त्तनी में रउ या रौ) है। हिंदी की भाँति राजस्थानी में भी भेद्य के अनुसार यह चिह्न बदल जाता है—

पुँल्लिंग एकवचन—रो (रउ, रौ) = (हिं०) का
पुँल्लिंग बहुवचन—रा = (हिं०) के
विकारी रूप (पुँल्लिंग)—रे (रइ, रै) = (हिं०) के
(स्त्रीलिंग)—री = (हिं०) की

प्राचीन राजस्थानी कविता में रो के स्थान पर अन्यान्य संबंध कारक के प्रत्यय भी प्रयुक्त हुए हैं। जैसे—को (पूर्वी राजस्थानी और व्रज), नो (गुजराती), चो (मराठी), जो (सिंधी), दो (पंजाबी)।

रो प्रत्यय की उत्पत्ति प्रा० और अप० केरो-केरउ प्रत्यय से हुई है।

दूहा—अप० हिं० दोहा। इस शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत दोधक या दोग्धक शब्द से की जाती है। हमारी सम्मति में दोहा

अपभ्रंश का ही शब्द है। यह छंद दो पंक्तियों में लिखा जाता है इसी कारण इसका यह नाम पड़ा है। राजस्थानी में यह दूहो (बहु० दूहा) कहलाता है। अपभ्रंश-काल से यह साहित्य का सबसे अधिक लोकप्रिय छंद है। छोटे होने के कारण इसको याद रखने में सुभीता होता है। राजस्थान में आज भी हजारों दूहे लोगों की जबान पर पाए जाते हैं।

राजस्थानी में दूहा छंद सब छंदों का मानो प्रतिनिधि है। अतः कभी कभी सामान्य छंद अर्थ में भी इसका प्रयोग कर दिया जाता है।

राजस्थानी में सोरठा भी दोहे के अंतर्गत समझा जाता है और उसे सोरठियो दूहो (=सोरठ देश का दोहा) कहते हैं। जैसे—

सोरठियो दूहो भलो, भलि मरवणरी बात।
जोबन-छाई धण भलो, तारां छाई रात॥

राजस्थानी में दूहा चार प्रकार का होता है। चारों प्रकारों के नाम ये हैं—

(१) दूहो, (२) सोरठो, (३) बड़ो दूहो या अंतमेळ दूहो—१-४ चरण ११ मात्रा के, २-३ चरण १३ मात्रा के, (४) तूँवेरी या मध्य-मेळ दूहो—१-४ चरण १३ मात्रा के, २-३ चरण ११ मात्रा के। तुक सदा ११ मात्रावाले चरणों की ही मिलती है।

गाहा १

गाहा—अप० प्रा० गाहा, सं० गाथा। संस्कृत पिंगल में इस छंद का नाम आर्या है पर प्राकृत और अपभ्रंश में यह गाथा या गाहा नाम से ही प्रसिद्ध है। प्राकृत साहित्य का मुख्य छंद गाथा ही है। हाल कवि की गाथा-सप्तशती इसी छंद में लिखी हुई है। गाथा छंद का प्रयोग बहुत पुराना है। प्राचीन बौद्ध-साहित्य में पाली और संस्कृत-मिश्रित गाथाएँ

मिलती हैं जिनकी भाषा को कई विद्वानों ने भ्रमवश संस्कृत और पाली के बीच की भाषा माना है।

राजस्थानी में (और हिंदी में भी) गाथा छंद का प्रयोग नहीं होता। राजस्थानी के प्राचीन आख्यानक-काव्यों में कहीं कहीं गाथाएँ मिलती हैं। वे उपदेशात्मक अवतरणों की भाँति आई हैं। इनकी भाषा बड़ी विचित्र प्राकृत-अपभ्रंश एवं राजस्थानी-मिश्रित, होती है। उसे टूटी-फूटी प्राकृत कहना चाहिए। उससे प्राचीनत्व की झलक अवश्य उत्पन्न हो जाती है।

पूगळि—पूगळ + इ (अधिकरण का प्रत्यय) = पूगळ में।

पूगळ बीकानेर राज्य में बीकानेर नगर से कोई ५० मील पश्चिमोत्तर में है। पहले यहाँ परमार राजपूतों का राज्य था और पीछे यह जेसळमेर के भाटियों के अधीन हुआ। बीकानेर राज्य की स्थापना के समय यह एक स्वतंत्र राज्य था और इसका शासक बड़ा प्रतापी एवं प्रभावशाली था। बीकानेर के संस्थापक राव बीकोजी ने अपना प्रभाव बढ़ाने के लिये उसकी राजकुमारी से विवाह किया। पीछे से यह बीकानेर राज्य में मिला लिया गया। इस समय दूसरे दरजे की रियासत है। पूगळ के ठाकुर को राज्य की ओर से वंश-परंपरागत राव की उपाधि प्राप्त है।

परमारों का मूल राज्य आबू के आस-पास था जहाँ से वे मारवाड़, सिंध, मालवा और गुजरात तक फैल गए। परमारों के दो बड़े प्रतापशाली राज्य थे। एक आबू में और दूसरा मालवा में, जिसकी राजधानी धार थी। आबू के परमारों के राज्य के नौ बड़े विभाग थे जो बाद में स्वतंत्र हो गए। इन्हीं नौ राज्यों के कारण मारवाड़ राज्य अब भी नौ-कोटो मारवाड़ कहलाता है। इन नौ राज्यों में एक पूगळ भी था।

इस समय पूगळ की प्राचीन महत्ता सर्वथा नष्ट हो चुकी है। साहित्य और जन-समाज में पूगळ की पद्मिनी स्त्रियाँ बहुत प्रसिद्ध हैं। अब भी उधर की स्त्रियाँ सुंदर समझी जाती हैं।

पिंगळ—यह पूगळ का परमारवंशी राजा था। इतिहास में इसका पता नहीं चलता (तत्कालीन इतिहास की अभी पूरी खोज हुई भी नहीं है)।

राऊ—सं० राजा; प्रा० राअ, राय, राउ।

नळ—यह कछवाहा-वंश का राजा जयपुरवालों का पूर्वज था। उस समय कछवाहों का राज्य ग्वालियर के आसपास था। ये पहले कन्नौज के प्रतिहार सम्राटों के सामंत थे फिर उनके निर्बल होने पर स्वतंत्र हो गए। नळ ने नळवर या नरवर नामक नगर बसाकर उसे अपनी राजधानी बनाया। भाट इसे प्रसिद्ध पौराणिक राजा नल (जो दमयंती का पति था) बतलाते हैं।

नरवरे—नरवर + ए (अधिकरण-प्रत्यय) = नरवर में। नरवर ग्वालियर राज्य में एक कसबा है।

अदिठा—सं० अदृष्टाः; प्रा० अदिट्ठा। यद्यपि परस्पर देखे हुए नहीं थे। यह बहुवचन का रूप है एकवचन अदिठ या अदिठो होगा।

दूरिट्ठा—सं० दूरस्थिताः या दूरे स्थिताः।

ये—सं० ये। यह शब्द किसी प्रति में नहीं है; केवल (झ) प्रति में दूरठाय पाठ है। छंद की मात्राएँ पूरी करने के लिये हमने इसे जोड़ दिया है।

दईय—दई + य (संबंध-प्रत्यय) = दैव का। सं० दैव; प्रा० दइव, दइअ; राज० दई।

दूहा २

दुकाळ—सं० दुकाल। आधुनिक राजस्थानी में अकाल के लिये विशेषतः काळ शब्द आता है। दुकाळ भी कभी कभी कह देते हैं।

थियुँ—वर्त्तमान देश-भाषाओं में संस्कृत भू और प्राकृत हुव धातु के अनेक रूपांतर हो गए हैं। गुजराती में 'होना' के लिये 'थवुँ' क्रिया है। हिंदी में वर्त्तमान और भविष्य में होना के रूप 'है' और 'होगा' होते हैं परंतु भूतकाल में 'था' हो जाता है। राजस्थानी में तीनों कालों में 'ह' ही रहता है (है, हुसी, हो तथा हुवै है, हुसी, हुयो) पर पुरानी कविता में कई प्रकार के प्रयोग मिलते हैं। भूतकाल में हुवउ (हुवौ, हुवो) के अतिरिक्त भयउ (भयौ-भयो), हुयउ, थयउ, थियउ, थायउ, थ्यउ (थ्यौ-थ्यो) आदि रूप पाए जाते हैं। भूतकाल के इन रूपों में लिंग-भेद भी होता है। थयुँ-थयूँ, थियुँ-थियूँ ये रूप नपुंसक लिंग के हैं। माध्यमिक और आधुनिक राजस्थानी में नपुंसक लिंग नहीं होता पर प्राचीन राजस्थानी के प्रभाव के कारण उसके नपुंसक लिंग के कुछ रूप माध्यमिक राजस्थानी में अवशिष्ट रह गए। वैसे नपुंसक लिंग और पुँल्लिंग में कोई अंतर नहीं।

इस शब्द की व्युत्पत्ति सं० स्था (स्थित) और प्रा० था (थिअ-थिय) से की जाती है।

किणहीं—मिलाओ—हिं० किसी (किस + ही)। संस्कृत किम्, प्रा० क, अप० काहँ-कवण, राजस्थानी में कुण या कोण (हिं० कौन) हो जाता है। उसका विकारी रूप किण या के (कभी कभी कुण भी) होता है। उसी के आगे ही अव्यय जुड़ा हुआ है। यह 'ही' अव्यय कभी कभी सानुनासिक कर दिया जाता है। जैसे—**किणहीँ** अवगुण कूँझड़ी कुरळी माँझिम रत्त। (दूहा ५७)

विसेसि—विसेस (विशेष) + इ (कर्त्ता का प्रत्यय)।

ऊचाळउ—सं० उच्चलन; प्रा० उच्चालो। अकाल पड़ने पर मरुस्थल की कई जातियाँ अपने परिवार तथा पशुओं के साथ स्वदेश को छोड़कर किसी पानी और घासवाले स्थान को चली जाती थीं। कभी कभी सभी लोग ऐसा करते थे। आजकल सब लोग तो

ऐसा नहीं करते किंतु गाय-बैल आदि पालनेवाली जातियाँ कभी कभी ऐसा करती हैं। राजस्थान के लोग प्राय: मालवा की ओर जाते थे। ऐसे जानेवाले लोगों को मऊ कहा जाता था—माळवे जातेड़ो मउरी राख लीजो लाज। (नरसी-मेहतेरो मायेरो)

कियउ—सं० कृत; प्रा० कअ-कय, किअ-किय। मिलाओ—हिं० किया। करणो क्रिया का सामान्य भूतकाल। यह रूप कविता में ही विशेषतया आता है। बोलचाल में 'करयो' अधिक प्रयुक्त होता है। सामान्य भूतकाल के अन्य रूप—करयउ, कीधउ, किद्धउ, किद्ध, कीध्यउ।

हिंदी की भाँति राजस्थानी के अधिकांश भूतकालों के रूप भूत कृदंत से बने हैं और उनमें, यदि क्रिया सकर्मक है तो, कर्म के लिंग-वचन-पुरुषानुसार परिवर्त्तन होता है।

नरवरचइ—चइ (चै-चे) चो का विकारी रूप है। चो संबंध का प्रत्यय है। आधुनिक भाषाओं में मराठी के संबंध कारक में चा प्रत्यय लगता है। पुरानी राजस्थानी तथा गुजराती कविता में भी इसका प्रयोग अन्यान्य कई संबंध-प्रत्ययों के साथ साथ हुआ है। मिलाओ—ऊपर 'रा' प्रत्यय पर टिप्पणी।

दूहा ३

दियउ—सं० दत्त; प्रा० दअ-दय, दिअ-दिय। सामान्य भूतकाल, पुँल्लिग। अन्य रूप—दयउ, दीधउ, दीध्यउ, दिद्धउ, दिद्ध। मिलाओ—दूहा नं० २ में 'कियउ' पर टिप्पणी।

जउ—सं० यः, प्रा० जो।

राजवियाँ—राज + अवी प्रत्यय। राजवी शब्द के बहुवचन का विकारी रूप। विभक्ति-प्रत्यय विकारी रूप के आगे जोड़े जाते हैं पर पुरानी भाषा में विशेषत: कविता में ये प्रत्यय लुप्त भी हो

जाते हैं। यहाँ संबंध का प्रत्यय लुप्त है। अर्थ है राजवियों के। राजवी शब्द का अर्थ राजा और राजवंशी दोनों होता है। राजा के निकट-संबंधी राजस्थान में राजवी कहे जाते हैं।

सवि—सं० सर्व; प्रा० सव्व, सव, सवि। अन्य रूप—सउ, सौ, सहु, सहू, सब, सब्ब।

रावळा—सं० राजकुल; प्रा० राअउल, राउल। बहुवचन। राजस्थानी में 'रावळो' का अर्थ राजमहल या जनाना महल होता है। लक्षणा से 'रानियों का समूह' अर्थ भी ग्रहण किया जाता है।

अइ—ओ शब्द का बहुवचन=ये। आधुनिक रूप अै, अप० एइ।

लोग—यहाँ नौकर-चाकरों से अभिप्राय है।

दूहा ४

तणउ—आधुनिक रूप तणो। संबंध-प्रत्यय। इसमें भेद्य संज्ञा के लिंग-वचनानुसार परिवर्त्तन होता है (तणा, तणो, तणे· तणौ-तणइ)।

राँणि – सं० राज्ञी; प्रा० रण्णी; अप० राणी; हिं० रानी। पुँल्लिंग—राणो (हिं० राणा)। छंद की मात्राएँ ठीक करने के लिये णी को ह्रस्व कर दिया गया है।

दूहा ५

पदमिणी—सं० पद्मिनी। अन्य रूप—पदमणी-पदमणि, पद-मिण-पदमिणि, पदमण। स्त्री की चार जातियों में पद्मिनी सर्वश्रेष्ठ एवं सर्वसुंदर जाति होती है। सिंहल एवं पूगळ की पद्मिनी स्त्रियाँ साहित्य में प्रसिद्ध हैं।

कभी कभी सामान्य स्त्री के अर्थ में भी यह शब्द प्रयुक्त होता है—पीड़ सहे बिन **पदमणी** पूत न लेहि उछंग (कबीर)।

तिणि—सं० तत्। मिलाओ—हिं० तिन। 'इ' संबंध-प्रत्यय।

नाँम—राजस्थानी में (और अपभ्रंश में भी) यदि आगे कोई नासिक्य वर्ण हो या व हो तो पूर्व का स्वर सानुनासिक कर दिया जाता है। इसी प्रकार नासिक्य वर्ण र और व भी कभी कभी सानुनासिक बना दिए जाते हैं।

जोइ—प्रा० जो, जोअ, जोव (पूर्वकालिक रूप)। जोणो या जोवणो क्रिया। इसका अर्थ आधुनिक राजस्थानी में देखना और खोजना भी होता है। गुजराती में भी यह क्रिया आती है। मिलाओ—हिं० बाट जोहना।

धन्न—सं० धन्य; प्रा० धण्ण। अन्य रूप—धन, धिन-धिन्न।

काँम—सं० कर्म; प्रा० कम्म। यहाँ रचना (कृति) का अर्थ है।

दूहा ६

सारीखी—सं० सदृश; प्रा० सारिक्ख। ई स्त्रीलिंग का प्रत्यय है।

जोड़ी—सं० युज्। राजस्थानी में जुड़नो क्रिया बनती है; उसका सकर्मक जोड़नो हुआ। जोड़ना क्रिया के आगे ई प्रत्यय लगाकर संज्ञा बनाई गई है। अर्थात् वस्तुओं का अनुरूप मेल जैसे इन दोनों की जोड़ी है। साथ रहनेवाली (विशेषत: दो) वस्तुओं को जोड़ी कहते हैं। दो के लिये भी इस शब्द का प्रयोग होता है। जैसे—हाथों की जोड़ी (कंगन), पैरों की जोड़ी (जूतियाँ)।

जुड़ी—सं० युज्; प्रा० जुड। सामान्य भूत, स्त्रीलिंग, एकवचन।

आ—ओ (यह) का स्त्रीलिंग।

अउ—ओ का प्राचीन रूप।

नाह—सं० नाथ = स्वामी, पति, वर।

रँ—राजस्थानी में करण और अपादान का चिह्न। अन्य रूप—स्यउँ-स्यौं-स्यों, सुँ सूँ सौं सौं सें सैं स्यैं स्यइँ। कविता में ते तें थी आदि रूप भी आते हैं।

इसकी व्युत्पत्ति सुंतो से बताई जाती है पर बहुत संभव है कि यह संस्कृत विभक्ति स्मात् या सम शब्द से निकला हो। इसका एक रूप सम भी कविता में आता है।

कहइ—सं० कथ; प्रा० कह। कहणो क्रिया—कह + अइ। अइ वर्त्तमान अन्य पुरुष का और मध्यम पुरुष एकवचन का प्रत्यय है। आधुनिक रूप—कहै। आधुनिक राजस्थानी में यह संभाव्य भविष्यत् का रूप है। आधुनिक वर्त्तमान बनाने के लिये, हिंदी की भाँति, है क्रिया के रूप आगे और जोड़ने पड़ते हैं।

कीजइ—सं० क्रियते; प्रा० किज्जइ। आज्ञा का रूप। राजस्थानी में कर्त्तृवाच्य आज्ञार्थ और कर्मवाच्य वर्त्तमानकाल के रूप एक से होते हैं। आधुनिक राजस्थानी में कीजै के स्थान पर करीजै रूप प्रयुक्त होता है। मिलाओ—हिं० कीजै, कीजिए।

वीमाँह—सं० विवाह, प्रा० वीवाह। व और म का पारस्परिक परिवर्त्तन अपभ्रंश, हिंदी, राजस्थानी एवं गुजराती में पाया जाता है।

दूहा ७

नूँ—कर्म का प्रत्यय। आधुनिक राजस्थानी में ने आता है। यह संभवतया संस्कृत विभक्ति-प्रत्यय आन् (जैसे रामान्) से निकला है।

विचारउ—विचारणो क्रिया। विचार + अउ। आज्ञा का रूप, मध्यम पुरुष, बहुवचन। आधुनिक रूप—विचारो।

विषइ—विखो + इ (अधिकरण-चिह्न)। विखो = सं० विषय। इसका अर्थ दुःख के दिन होता है।

द्याँ—देणो क्रिया। संभाव्य भविष्यत्, उत्तम पुरुष, बहुवचन का रूप। आधुनिक रूप —दाँ।

दीकरी—राजस्थानी देशी शब्द। हिंदी-शब्दसागर में इसकी व्युत्पत्ति सं० डिंबक से की गई है।

हाँसउ—सं० हास=हँसी। सजातीय कर्म।

हसिसी—सं० हसिष्यन्ति; प्रा० हसिस्सइ। सामान्य भविष्य।

लोइ—सं० लोक; प्रा० लोअ-लोय।

दूहा ८

कोइलाँ—सं० कोकिल; प्रा० कोइल; आधु० राज० कोयल। बहुवचन (आँ)।

सालूराह—सं० शालूर-सालूर; राज० सालूर-सालूरो। बहुवचन। अंत में ह छंद की मात्रा पूरी करने के लिये जोड़ा गया है। राजस्थानी में ऐसा बहुत होता है।

राज—सं० राजन्। संबोधन। यह शब्द आपके अर्थ में भी आता है।

हिवइ—अन्य रूप—हिवै, हवै, हमैं, अबै, अब, हणाँ=अब।

मा—सं० मा; प्रा० मा-म; राज० मा-म-मत। मिलाओ—हिं० मत। यह शब्द विशेषतया आज्ञार्थ में आता है।

पाँतरउ—सं० प्रमत्त; प्रा० पमत्त, पवंत-पाँत। पाँतरणो क्रिया। आज्ञार्थ।

धण—यहाँ धण शब्द स्त्री, कन्या के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।

द्यउ—ऊपर दूहा ७ में द्यौं देखो। आज्ञार्थ बहुवचन।

अवराँह—सं० अपर-अवर। बहुवचन, विकारी रूप, संप्रदान कारक, विभक्ति प्रत्यय लुप्त हो गया है। ह पाद-पूर्त्यर्थ जोड़ा गया है। अन्यार्थ—अब।

दूहा ८

ज्यूँ—सं० यथा या यद्वत्; प्रा० जधा या जद्द; अप० जिध, जेवँ, जिवँ, जिउँ, ज्युं, ज्यूँ। अन्य रूप—ज्युं, जिउँ, जिवुँ, जिम, जिमि, जेम। मिलाओ—हिं० ज्यों।

थे—राजस्थानी में मध्यम पुरुष का बहुवचन। एकवचन में तू होता है। आदर दिखाने के लिये एकवचन में भी थे का प्रयोग होता है (हिंदी में ऐसी जगह आप आता है)। बहुत अधिक आदर दिखाने के लिये राजस्थानी में भी आप आता है पर अधिकतर थे काफी होता है। राजस्थानी का तू हिंदी के तू के स्थान पर और राजस्थानी का थे हिंदी के आप या तुम लोग के स्थान पर है। हिंदी तुम का पर्याय राजस्थानी में नहीं है।

जाणउ—सं० ज्ञा; प्रा० जाण; राज० जाणनो; हिं० जानना। आधुनिक रूप—जाणो। संभाव्य भविष्य, मध्यम पुरुष, बहुवचन।

त्यूँ—देखो ज्यूँ।

करउ—करणो (हिं० करना) क्रिया का आज्ञार्थ बहुवचन रूप।

आइस—सं० आदेश; प्रा० आएस; मिलाओ—हिं० *आयसु।

दीध—सं० दत्त। सामान्य भूतकाल। अन्य रूप—दिध्ध, दिध्धो, दीधो। यह रूप सीधे संस्कृत से आया है। नियमित रूप दियो, दिया, दी होते हैं। दीध या दिध्ध सब लिंगों और वचनों में एक सा रहता है। दिध्धो या दीधो में कर्म के लिंग-वचनानुसार परिवर्त्तन होता है।

ओ—यह अक्षर यहाँ एकमात्रिक है। प्राचीन रूप—अउ।

म्हाँ—प्रा० अम्हे; राज० म्हे = हम; म्हे का विकारी रूप म्हाँ होता है। हिंदी में जहाँ सप्रत्यय कर्त्ता आता है वहाँ राजस्थानी में विकारी रूप का प्रयोग होता है। म्हाँ करयो = हमने किया।

नातरउ—अन्य रूप—नातो, नातरो; हिं० नाता = संबंध। यहाँ मतलब विवाह-संबंध से है। आधुनिक राजस्थानी में इसका एक दूसरा अर्थ विधवा के साथ विवाह-संबंध का है।

कीध—सं० कृत; प्रा० किद्ध। अन्य रूप—किध्ध, किध्धउ, कीधउ। मिलाओ—ऊपर दीध पर टिप्पणी।

दूहा १०

परणिया—सं० प्रा० परिणी। परणनो क्रिया का सामान्य भूत, पुँल्लिंग, बहुवचन। इसका अर्थ विवाहित होना है।

वरदळ—(१) वर = अच्छा; दळ = दल, समूह; अच्छे दल का अर्थात् धूमधाम या ठाटबाट का या (२) वर = अच्छे। दळ = पत्त; दो अच्छे पत्तों या कुलों में।

वि०—इस शब्द का ठीक अर्थ निश्चित नहीं हो सका।

हुवउ—सं० भू; प्रा० हुव। हुवणो क्रिया का सामान्य भूत, पुँल्लिंग एकवचन। अन्य रूप—थयउ, भयउ।

उछाह—सं० उत्साह; प्रा० उच्छाह, ऊसाह। अन्य रूप—उछाव। संस्कृत में इस शब्द का अर्थ उत्साह होता है पर राजस्थानी में यह उत्सव और आनंद के अर्थ में भी आता है। यह भी संभव है कि यह सं० उत्सव, प्रा० उच्छव, राज० उच्छब-उच्छव-उछाव से बना हो।

दूहा ११

आवियउ—सं० आ + या; प्रा० आव। आवणो क्रिया का सामान्य भूत, पुँल्लिंग एकवचन।

देसे—देस + ए (अधिकरण का प्रत्यय)।

थयउ—मिलाओ—ऊपर दूहा २ में थियुँ।

सुगाळ—सं० सुकाल; प्रा० सुगाल।

तेणि —सं० तेन; प्रा० तेण, तेणं = तिससे, उस कारण से, इसलिये।

राखी—सं० रक्ष; प्रा० रक्ख, राख; हिं० रखना। राखणो क्रिया का सामान्य भूत, स्त्रीलिंग, एकवचन।

सासरइ—सासरो + इ (अधिकरण-प्रत्यय) सं० श्वाशुर (श्वशुरस्य अयं); प्रा० सासुर (देखो–सुरसुंदरीचरिअं ८-१९४)

अजे—सं० अद्यापि; प्रा० अज्जवि = अभी। अन्य रूप—ओजूँ, अजूँ।

स—एक निरर्थक अव्यय जो जोर देने के लिये, या पादपूर्त्यर्थ, जोड़ दिया जाता है। इसका मूल सो या सु हो सकता है। गाने-वाले कभी कभी छंद के बोच में इसे जोड़ देते हैं—जेठ महीनो लागियो (स)।

दूहा १२

जिम—सं० यथा या यद्वत्; प्रा० जहा या जद्द; अप० जेंव, जिंव, जेवँ-जिवँ।

अमले—अरबी अमल = अधिकार। यह अधिकरण का प्रत्यय है।

किअइ—करणो का वर्तमानकालिक अनियमित रूप = करता है।

चढंती—प्रा० चड; हिं० चढ़ना; राज० चढणो क्रिया का स्त्रीलिंग वर्त्तमान-कृदंत (Fem. Present Participle)। मिलाओ—हिं० चढ़ती (= चढ़ती हुई)। आधुनिक राजस्थानी में वर्त्तमान-कृदंत चढतो-चढती होता है पर कविता में चढंतो-चढंती रूप भी मिलते हैं।

जाइ—सं० या; प्रा० जा, जाअ, जाव; राज० जावणो क्रिया का वर्त्तमान काल। आधुनिक—रूप जावै।

तरणापउ—तरण + आपउ। तरण = सं० तरुण। आपउ या आपो भाववाचक संज्ञा बनाने का तद्धित प्रत्यय है। मिलाओ—बूढापो (हिं० बुढ़ापा)।

थाइ—सं० स्था; प्रा० ठा, था। राज० थावणो = होना। वर्त्तमान काल का रूप। मिलाओ—दूहा २ में थियुँ। यह क्रिया केवल कविता में आती है।

दूहा १३

चलण—सं० चलन = चाल।

कदम्रोह—ह एक अर्थहीन प्रत्यय है जो पाद-पूर्त्यर्थ या कभी कभी जोर देने के लिये जोड़ दिया जाता है।

जँघ—सं० जंघा। संस्कृत में यह शब्द प्रायः पिँडुली के अर्थ में आता है पर हिंदी व राजस्थानी में इसका अर्थ सदैव जाँघ (ऊरु) होता है।

केहर—सं० केसरी; हिं० राज० केहरी। राजस्थानी में अंतिम ईकार को लुप्त या ह्रस्व करने की (इसी प्रकार अंतिम इकार को लुप्त करने की भी) प्रवृत्ति पाई जाती है।

मुख—मुखमंडल, चेहरा।

सिसहर—सं० शशधर; प्रा० ससहर। राजस्थानी में कभी कभी शब्द के आरंभ का अकार इकार में बदल जाता है।

खंजर—(१) सं० खंज (खंजन पक्षी)। स्वार्थ में र प्रत्यय। मिलाओ—ऊपर दूहा ८ में पाँतरउ। (२) यह शब्द संभवतः खंजन का ही अपभ्रंश होगा। अथवा (३) खंजर का अर्थ कटार लिया जाय। खंजर के समान अर्थात् तीक्ष्ण, कटीले।

श्रीफल—बेल का फल; नारियल भी हो सकता है।

कँठ—कंठस्वर।

वीण—वीणा का स्वर।

दूहा १४

इसइ—इसउ (इसो) का विकारी रूप। मिलाओ—हिं० ऐसे; सं० ईदृश; प्रा० ईइस; राज० इसो।

आरखइ—आरखउ (आरखो) का विकारी रूप, अधिकरण का प्रत्यय लुप्त अथवा आरखो + इ (अधिकरण-प्रत्यय)।

सूतो—सं० सुप्त; प्रा० सुत्त; राज० सूतो। सामान्य भूत स्त्रीलिंग या स्त्रीलिंगी भूत-कृदंत। सूवणो या सोवणो क्रिया का नियमित रूप सोई-सूई-सुई होते हैं। इन नियमित रूपों की अपेक्षा सूती रूप अधिक प्रयुक्त होता है।

साल्हकुँवर—ढोला का नाम।

सुपनइँ—सुपनो + इँ (अधिकरण-प्रत्यय)। सं० स्वप्न। यह शब्द राजस्थानी में प्राकृत से होता हुआ नहीं आया है। अन्य रूप—सुहिणो (प्रा० सुविण)।

मिल्यउ—मिलनो और मिळनो दोनों रूपों में यह क्रिया राजस्थानी में प्रयुक्त होती है।

जागि—जाग + इ (पूर्वकालिक प्रत्यय)। अन्य प्रत्यय ए, ई, करि, कै, कइ, नइ, नै-ने, अर।

निसासउ—सं० निःश्वास, प्रा० णीसास, राज० निसासो, निसास।

खाइ—खावणो (सं० खाद्, प्रा० खा, खाव) क्रिया का वर्त्तमानकालिक रूप।

दूहा १५

ऊलंबे—सं० अवलंब्; प्रा० ओलंब; राज० ओलंब या ऊलंब। ए पूर्वकालिक प्रत्यय है।

हथ्थड़ा—ड़ो अपभ्रंश एवं राजस्थानी में एक प्रत्यय है जो कभी कभी स्वार्थ में और कभी कभी अनादर प्रकट करने के लिये

जोड़ा जाता है। गुजराती में भी यह आता है। ड़ा ड़ो का बहुवचन है।

चाहंदी—चाह (=चाहना, देखना, बाट जोहना) क्रिया का स्त्रीलिंग वर्त्तमान-कृदत। यह पंजाबी का प्रभाव है। राजस्थानी रूप चाहंती या चाहती अथवा चावती होता है।

अन्यार्थ—चाह (=प्रेम)+हंदी (=की)। हंदो-संदो राजस्थानी में संबंध कारक के प्रत्यय हैं। इनकी व्युत्पत्ति प्रा० हुंतो-सुंतो से की जाती है।

घण—सं० घन; प्रा० घण।

ऊमट्यउ—ऊमटणो का सामान्य भूत, पुँल्लिंग, एकवचन। अन्य रूप—उमड़णो-ऊमड़नो, ऊमहणो-ऊमहनो। मिलाओ—हिं० उमड़ना।

थाह—सं० स्थाघ; प्रा० थाह।

निहाळइ—निहाळनो का वर्त्तमानकालिक रूप। सं० निभाल्; प्रा० णिहाल; राज० निहाळ=देखना, खोजना, पता लगाना। अन्य रूप—निहारणो=देखना।

मुध्ध—सं० मुग्धा; प्रा० मुध्धा। अंतिम स्वर का लोप। अन्य रूप—मुंधा-मुंध, मूँधा-मूँध-मूध, मुगधा। साहित्य में एक प्रकार की नायिका जो यौवन में प्रवेश कर चुकी हो परंतु जिसमें न तो कामचेष्टा उत्पन्न हुई हो और और न जिसने विरह-संताप भोगा हो।

दूहा १६

उक्कंबी—उक्कंबणो का पूर्वकालिक रूप (उक्कंब+ई)। सं० उत्कंधा (?); या प्रा० उक्कंब=काठ से बाँधना। सिर को हाथों पर बाँधकर अर्थात् रखकर।

चाहंती—चाहणो का स्त्रीलिंगी वर्त्तमान-कृदंत। चाह + अंती। ऊपर दूहा नं० १५ में चाहंदी देखिए। चाह का अर्थ प्रेम भी होता है अतः चाहंती का अर्थ प्रेम करती हुई—प्रेममग्न होता हुई भी हो सकता है।

ऊँची—सं० उच्च। राजस्थानी में यह विशेषण है और इसका प्रयोग क्रियाविशेषण की भाँति होता है। वाक्य में इसके लिंग-वचन विशेष्य के अनुसार बदलते हैं। जैसे—छोरो ऊँचो चढ्यो; छोरी ऊँची चढी; छोरा ऊँचा चढ्या; छोरयाँ ऊँच्याँ चढ्याँ।

चातृंगि—सं० चातकी; प्रा० चातगी। अपभ्रंश और राजस्थानी में कभी कभी बीच में र या सानुस्वार र जोड़ दिया जाता है। चातक = चात्रंग। इस र को फिर ऋ कर दिया गया है।

मागि—सं० मार्ग; प्रा० मग्ग, माग। इ कर्म का प्रत्यय है। अन्य रूप—मारग।

दूहा १७

गिणइ—सं० गण; प्रा० गण, गिण; हिं० गिनना। दिन गिणना = निरंतर प्रतीक्षा करना।

आसालुध्ध—सं० आशालुब्ध = आशा से लुभाई हुई। आशा उसे बराबर लुभाए रहती है अर्थात् बनी रहती है। यह आशा न तो पूरी होती है और न पीछा छोड़ती है।

घाँघल—प्रा० घंघल; जैसे—जिवँ सुपुरुस तिवँ **घंघलइँ**, जिवँ नइ तिवँ कमलाइँ। जिवँ डोँगर तिवँ कोट्टरइँ, हिआ, विसूरइ काइँ ? (हेमचंद्र—व्याकरण ८-४-४२२)

घणा—सं० घन; प्रा० घण; राज० घणो; हिं० घना। राजस्थानी में यह बहुत (संख्यावाचक और परिमाणवाचक) के अर्थ में आता है।

दूहा १८

ऊनमियउ—ऊनमणो का सामान्य भूत, पुँल्लिंग, एकवचन। सं० उन्नम्; प्रा० उण्णम। अन्य रूप—उनवणो, उनमणो। पुरानी हिंदी में उनवना क्रिया बहुत आई है। मिलाओ—

(१) **उन्नमति** नमति वर्षति गर्जति मेघः। (मृच्छकटिक)

(२) **ऊँनमि** आई बादली बरसण लगे अँगार।
उट्ठि कबीरा धाह दे दाझत है संसार॥

(कबीर—साखी ५१—२)

उनई घटा चहूँ दिसि आई। छूटहिं बान मेघ झरि लाई॥

(जायसी)

इसका एक दूसरा रूप उनरना या ऊनरना भी हिंदी कविता में आया है—

(१) **उनरत** जोबन देखि नृपति मन भावइ हो।

(तुलसी—रामलला-नहछू)

(२) **ऊनरी** घटा में आली तू न री अटा पै बैठ। (हरिश्चंद्र)

यहाँ ऊनमियउ क्रिया का कर्त्ता मेह (मेघ) लुप्त है। कभी कभी आकाश, या दिशा जिधर मेह उमड़ता है, इस क्रिया का कर्त्ता बना दिया जाता है। जैसे—नभ ऊनम्यउ = आकाश उमड़ आया अर्थात् आकाश में मेह उमड़ा। उत्तर ऊनम्यउ—उत्तर दिशा उमड़ी अर्थात उत्तर दिशा में मेह उमड़ा। मिलाओ—उत्तर आज स **ऊतरयो** (दूहा २८१-२९८)।

दिसइँ—दिस + इँ (अधिकरण-प्रत्यय)।

गाज्यउ—सं० गर्ज्; प्रा० गज्ज, गाज। अन्य रूप—गाजियउ। यह क्रिया गज्जणो और गरजणो इन रूपों में भी प्रयुक्त होती है।

यहाँ भी कर्त्ता मेह लुप्त है। यह क्रिया भी ऊनमणो की भाँति आकाश और किसी दिशा-विशेष के साथ भी आती है।

गुहिर—सं० गभीर; प्रा० गहिर; राज० गहर, गहीर, गुहिर, गहरो। गहर-गँभीर राजस्थानी का एक मुहावरा है।

प्रिउ—सं० प्रिय। अन्य रूप—प्रियु, प्री, प्रिव, पी, पिव, पिय, पियु, पीय, पियो।

संभरयउ—संभरणो का सामान्य भूत, पुँल्लिग, एकवचन। सं० संस्मृ; प्रा० संभर, संभल। अन्य रूप—साँभरणो, साँभळनो, सँभारणो। मिलाओ—

बंदि पितर सब सुकृत **सँभारे**। (तुलसी)

तेहि खल पाछिल बयरु **सँभारा**। (तुलसी)

नयणे—ए अपादान का प्रत्यय।

बूठउ—वूठणो का सामान्य भूत, पुँल्लिग, एकवचन। सं० वृष्ट; प्रा० वुट्ठ; राज० वूठणो। यह क्रिया संस्कृत के भूत-कृदंत से बनी है। संस्कृत धातु वृष् या वर्ष् से बरसणो क्रिया बनती है। मिलाओ—

हरिया जाँणै रूँखड़ा उस पाणी का नेह।

सूका काठ न जाँणई कबहूँ **वूठा** मेह॥ (कबीर ५५—१)

परब्रह्म **वूठा** मोतियाँ घड़ बाँधी सिखराँह।

(कबीर—साखी ५५—३)

दूहा १८

आखइ—आखणो का वर्त्तमान। सं० आख्या; प्रा० आख। मिलाओ—जे अब के सतगुरु मिलैं सब दुख आखौं रोय। (कबीर)

काइँ—प्रा० कइँ=क्यों। अन्यार्थ—क्या। आधुनिक रूप—काँई। यह 'क्या' अर्थ में प्रयुक्त होता है।

चित्राँम—राजस्थानी शब्द=चित्र।

काँम-चित्राँम—काम-चित्र अर्थात् ढोले की काम जैसी मूर्त्ति जो मारवणी ने स्वप्न में देखी थी।

जु—सं० यत्; प्रा० ज, जो। यहाँ पर यह शब्द अव्यय है। जोर देने के लिये या पाद-पूर्त्यर्थ या कभी कभी ही के अर्थ में इसका प्रयोग होता है।

दिट्ठ—सं० दृष्टि; प्रा० दिट्ठि; राज० दिट्ठ, दीठ।

मइँ—अधिकरण का प्रत्यय। मिलाओ—हिंदी 'में'। अन्य रूप—मैं, में (आधुनिक राज०)।

इसकी उत्पत्ति संभवतः संस्कृत प्रत्यय स्मिन् और प्रा० म्मि से हुई है। मध्ये शब्द से होना भी संभव है—मध्ये, मज्झे, मज्झि, महि, महिँ, मइँ, में।

दिट्ठ मइँ—अन्यार्थ—मैंने देखा है। दिट्ठ = सं० दृष्ट; प्रा० दिट्ठ = देखा। मइँ = सं० मया; प्रा० मइँ = मैंने।

रूप—मूर्ति।

भूलइ—भूलणो का वर्त्तमान। प्रा० भुल्ल। यहाँ यह अकर्मक क्रिया है सकर्मक नहीं। अर्थ है—उसका रूप मुझे नहीं भूलता है अर्थात् उसका रूप मुझसे भुलाया नहीं जा सकता है।

तास—सं० तस्य; प्रा० तस्स। अन्य रूप—तासु, ताह।

दूहा २०

अम्हाँ—सं० अस्माकम्; प्रा० अम्हाहं; अप० अम्हहं।

सखियाँ—सखी का बहुवचन। सख्याँ रूप भी होता है।

एम—अप० एम्व, एवँ।

तइँ—सं० त्वया; प्रा० तइँ। हिंदी के सप्रत्यय कर्त्ता तूने की जगह राजस्थानी में तइँ-तैं होता है। अप्रत्यय कर्त्ता हिंदी की भाँति तू होता है।

अणदिट्ठा—सं० निषेधवाचक अ-अन् उपसर्ग के स्थान पर राजस्थानी में अण होता है। अ और अन भी आते हैं। दिट्ठा क्रिया का उलटा है अणदिट्ठा = नहीं देखा।

सज्जणाँ—सं० सज्जन; प्रा० सज्जण; राज० सज्जण, साजण, सज्जन, साजन, सयण, सैण; सज्जणो-साजणो (बहुवचन में ही)। नासिक्य वर्ण को या नासिक्य वर्ण के पूर्व आनेवाले वर्ण को प्राय: सानुनासिक कर देते हैं। यहाँ आदर के लिये बहुवचन का प्रयोग किया गया है।

तइँ इ०—अन्यार्थ—तुझसे अदृष्ट सज्जन के प्रति।

किउँ—अप० कंम्व, किम्व, किवँ, किउँ। ऊपर दूहा ६ में ज्यूँ देखिए। अन्य रूप—किऊँ, क्यूँ, क्युं, क्यों।

करि—करणो क्रिया का पूर्वकालिक। किउँ करि प्राय: साथ ही आता है। मिलाओ—हिं० क्योंकर।

लग्गा—सं० लग्न; प्रा० लग्ग। व्याकरण की दृष्टि से लग्गो होना चाहिए। लग्गा इस शब्द पर खड़ी बोली का प्रभाव ज्ञात होता है अथवा यहाँ प्रेम को बहुवचन कर दिया है जिससे क्रिया भी बहुवचन हो गई है।

पेम—सं० प्रेमन्; प्रा० पेम्म, पेम।

दूहा २१

जे—सं० ये; प्रा० अप० जे।

जीवण—सं० जीवन। जीवन का आधार या जीवन का कारण अत: जीवन-रूप।

जिन्हाँ—जिन का विकारी रूप। मिलाओ—हिं० जिन्हों (का)।

वसंत—वसणो धातु का वर्त्तमानकालिक रूप। सं० वसंति। अंत प्रत्यय प्राय: बहुवचन में आता है पर कभी कभी एकवचन में भी प्रयुक्त होता है।

धारइ—धार या धारा + इ (करण या अधिकरण का प्रत्यय)।

पयोहरे—पयोहर + ए (अपादान-प्रत्यय)।

काढंत—काढणो का वर्त्तमानकाल। सं० कृष्ट; प्रा० कड्ढ; राज० कढणो। काढणो कढणो का सकर्मक है।

तात्पर्य—दूध बालक का जीवन है। वह माता के शरीर में ही रहता है। बालक उसको नहीं देख सकता तो भी निकाल लेता है। इसी प्रकार जो जिसका जीवन होता है वह उसके पास ही अथवा उसके शरीर में ही रहता है।

दूहा २२

ससनेही—सं० सस्नेह। ई मूल से जोड़ दिया गया है। यह शब्द राजस्थानी साहित्य में बहुत आता है।

समदाँ—सं० समुद्र; प्रा० समुद्द; राज० समुंद, समंद, समँद, समद। आँ विकारी रूप का प्रत्यय है। संबंध का चिह्न लुप्त है।

परइ—सं० परं। मिलाओ—हिं० परे।

वसत—वसणो का वर्त्तमान। अन्य रूप वसइ-वसै, वसंत।

हिया—सं० हृदय। अन्य रूप हियो, हीयो।

मंझार—सं० मध्य; प्रा० मज्झ; राज० मंझ। मज्झ आर (मझआर भी) देशी शब्द है। देखिए—देशी नाममाला ६–१२१।

आँगणइ—आँगणो (सं० अंगन) + इ (अधिकरण-प्रत्यय)

जाँण—सं० जाने; प्रा० जाणे। अन्य रूप—जाँणि, जाँणे। मिलाओ—हिं० जनु। आधुनिक राजस्थानी में जाँणे शब्द मानो के अर्थ में आता है।

दूहा २३

बीजउ—सं० द्वितीय; प्रा० विइज्ज; राज० बिओ, बीजो। गुजराती में भी प्रयुक्त होता है। देखो—'बिइज्जो बीओ'। (हेमचंद्र १—२४८)

बंभण मिसि बंदै हेतु सु **बीजौ**। (वेलि ७३)

आगळि—सं० अग्र; प्रा० अग्ग; स्वार्थ में 'ळो' प्रत्यय।

आगळि पितु मात रमंती अंगणि। (वेलि १८)

ठवइ—सं० स्थापय; प्रा० ठव।

वहिलउ—(अप० वहिल्ल); गुज० वहेलो।

ऐक्कु कइअ ह वि न आव ही अन्नु **वहिल्लउ** जाहि ।
(हेमचंद्र ८-४-४२२)

मोकळे—सं० मुच्; प्रा० मुक्क (प्रेरणार्थक); गुज० मोकळवुँ, मराठी मोकलणें = भेजना । भविस्सत्तकहा में 'मोकल्लइ' का इस अर्थ में प्रयोग हुआ है ।

दूहा १४३

पारेवा—सं० पारावत; प्रा० पारवय ।

झूल—सं० दोला; प्रा० झुल्ल । कबूतर पालनेवाले घर के आँगन में एक लंबे बाँस के सहारे छत की उँचाई से कुछ ऊपर कबूतरों के बैठने का एक चौखट लगा देते हैं जिस पर कबूतर विश्राम करते हैं । बिल्ला कुत्ते आदि पशुओं से बचाने के लिये झूल बनाया जाता है ।

त्रूटि—सं० त्रुट; प्रा० तुट्ट, तुड । **त्रूटै** कंध मूल जड़ त्रूटै। (वेलि)

दूहा १४५

चाचरि—सं० चर्चरी; प्रा० चच्चरी = फागुन में होलिकोत्सव के उपलक्ष में होनेवाले गान, नृत्य इत्यादि । चर्चरी होली में गाई जानेवाली राग विशेष को भी कहते हैं ।

(१) तुलसीदास **चाचरि** मिस कहै राम-गुन-ग्राम । (तुलसी)

(२) खिनहिं चलहिं खिन **चाँचरि** होई ।
नाच कूद झूला सब कोई ॥ (जायसी)

झंपावेसि—(सं० झंप्) उछलना, कूद पड़ना ।

(१) करि अपनो कुल नास, बहिन सो अगिन **झंप** दै आई ।
(सूर)

(२) नैनाँ अंतरि आव तूँ, ज्यूँ हौं नैन **झँपेउँ** । (कबीर)

दूहा १४६

कुड़ियाँ—(१) सं० कूट=कूटे हुए अनाज की राशि, ढेर। यथा—अन्नकूट। (२) देशीय कुड़। कूरा, कूड़ा का भी यही अर्थ होता है। राजस्थानी मुहाविरा कूड़ा करना=खलिहान में काटे हुए धान्य की राशि का ढेर लगाना।

दूहा १४७

वाहळा—(दे०) राजस्थानी में क्षुद्र बरसाती नदी या नाले के अर्थ में बहुधा प्रयुक्त होता है। उदाहरण—

अति अँबु कोपि कुँवर उफणियैा, वरसाळू **वाहळा** वरि।
(वेलि ३४)

दूहा १४८

धड़ि—सं० धटिका, धटी। वस्तु-राशि का तौल अथवा माप। यहाँ पर पृथ्वी के उद्भिज्ज पदार्थों की राशि से आशय है।

महारस—(सं०) महा-जल-राशि। लाक्षणिक अर्थ में यहाँ पर प्रेम-जलधि का आशय है।

ऊमटइ—सं० उन्मंडन; प्रा० उम्मडण; हिं० उमड़ना। बाढ़ आना, भर जाना, उतराकर चलना। पाठांतर—केता कहूँ=कहाँ तक कहूँ।

सँभार—(१) संभारणो का आज्ञा का रूप=सम्हाल। (२) प्रिय-संबंधी एकत्रित विचारसमूह, स्मृतियाँ अथवा हृदयोद्गार।

दूहा १४९

झबूकड़इ—(अनु० शब्द) झबूकणो (=झब झब करके चमकना) से संज्ञा। उदाहरण—

(१) मंदिर माँहि **झबूक्कती**, दीवा केसी जोति।

(कबीर ७३—१७)

(२) डूबा था पै उब्बर्‌यो गुन की लहरि **झबक्कि**।

(कबीर २५४—७४)

दूहा १५०

काजळियारी तीज—भाद्रपद कृष्णपक्ष की तृतीया को 'कजली' अथवा 'काजळियारी तीज' कहते हैं। राजस्थान में वर्षाऋतु और ऋतुओं से अधिक आनंदप्रद होती है। जनता का वर्षा-संबंधी आनंदोल्लास इस त्योहार के रूप में रूढ़िगत हुआ है।

खिवंताँ—सं० क्षिप्; प्रा० खिवण = बिजली का चमककर प्रेरित होना। राजस्थानी बोलचाल की भाषा में बहुतायत से प्रयुक्त होता है। उदाहरण—

कहौ कौन **खिंवै** कहौ कौन गाजै, कहाँ थैं पांणी निसरै।

(कबीर १७७—२६१)

दूहा १५१

जाळउ—सं० जाल; राज० जाळो। मिल्याँ—भूत कृदंत, स्त्रीलिंग, बहुवचन = जाल की तरह मिल रही हैं। इस प्रकार मिल रही हैं कि जाल की तरह गुथी हुई दिखाई देती हैं।

समकि—'चमकि' का मारवाड़ी रूपांतर। बोलचाल में मारवाड़ के लोग 'च' के स्थान में 'स' का उच्चारण करते हैं। जोधपुरी मारवाड़ी में ऐसे प्रयोग बहुतायत से होते हैं; जैसे—चतुर्भुज का सतरभुज, चबूतरा का सबूतरा इत्यादि।

दूहा १५२

चहड्डियाँ—प्रा० चड़। राजस्थानी में शब्द के बीच में निरर्थक अक्षरों का आगम किया जाता है। यहाँ 'चड' शब्द में 'ह' का निरर्थक आगम किया गया है। इस प्रकार—

अंबरि का अंबहरि। (वेलि १४)

उदाहरण—काटी कूटी मछली, छींके धरी **चहोड़ि**।

(कबीर ३९—२४)

दूहा १५३

पारोकियाँ—सं० परकीया = परकीया नायिकाएँ।

नीठ—सं० अनिष्टि; प्रा० अणिट्ठि। राजस्थानी में प्राथमिक 'अ' का कभी कभी लोप हो जाता है = कठिनता से। हिं० उदाहरण—

(१) सदा समीपिन सखिन हूँ, **नीठि** पिछानी जाय। (बिहारी)

(२) निसा तणौं मुख दीठ **निठ**। (वेलि १६३)

बाहुड़े—सं० प्रधूर्णन; प्रा० पहोलन; हिं० बहुरना; राज० बाहुडणो, बहोडणो (प्रेरणार्थक)। उदाहरण—

(१) काया हाँडी-काठ की, नाऊँ चढै **बहोड़ि**।

(कबीर २४-३१)

(२) गई **बहोरि** गरीबनिवाजू। (तुलसी)

दूहा १५४

किया करायइ.....घणाँह—पंक्ति का दूसरा अन्वयार्थ = तो मुझसे (किया + कर + आयइ) किस प्रकार आया जा सकता है, क्योंकि बीच में अनेक बाधा (दाधा) हैं।

दूहा १५५

लाल कमाण—फारसी—कमान। लाल कमान साहित्य में प्रसिद्ध है। लाल रंग की कमान योद्धाओं को विशेष प्रिय होती है। उदाहरण—एक ज दोसत हम किया, जिस गलि **लाल कबाँइ**।

(कबीर २९-११)

दूहा १५६

रूँनी—सं० रुदित; प्रा० रुण्ण। उदाहरण—

रात्यूँ **रूँनी** बिरहनी, ज्यूँ बंचौ कूँ कुंज। (कबीर ७—१)

लोइ—सं० लोक; प्रा० लोअ, लोय।

हाथाळी छाला पड़या—मिलाओ—

जीभड़ियाँ छाला पड़या, राम पुकार पुकार।

(कबीर ६—२२)

दूहा १५७

करंकडइ—प्रा० करंक=हाड़, अस्थि-पंजर। उदाहरण—

(१) '**करंक**चयभीसणे मसाणम्मि'।

(सुपासनाहचरिअ १७५)

(२) यहु तन जारौं मसि करौं, लिखौं राम का नाउँ।

लेखणि करूँ **करंक** की, लिखि लिखि राँम पठाउँ॥

(कबीर ८—१२)

ऊडावेसि—सं० उड्डो; प्रा० उड्ड; प्रेरणार्थक उड्डाव (भविष्यत् रूप)।

दूहा १५८

पइसि—सं० प्र+विश्; प्रा० पइस। उदाहरण—

(१) देवाळै **पैसि** अंबिका दरसे। (वेलि १०८)

(२) मंदिर **पैसि** चहूँ दिसि भीगे, बाहरि रहे ते सूका।

(कबीर १४७-१७५)

पल्हवइ—सं० पल्लव; हिं० पलुहना=फूलना-फलना, हरा-भरा होना। उदाहरण—

(१) सूखि बेलि पुनि **पल्हवै**, जो पिउ सींचै आइ। (जायसी)

(२) **पलुहइ** नारि सिसिर ऋतु पाई। (तुलसी)

दूहा १५८

अकथ कहाणी इ०—भाव मिलाओ—

(१) अकथ कहाँणी प्रेम की, कछू कही न जाई।
गूँगे-केरी सरकरा, बैठे मुसकाई॥ (कबीर १३९—१५६)

(२) अकथ कहाँणी प्रेम की कह्याँ न को पत्ययाइ।
(कबीर ६५—१०)

दूहा १६०

प्रोतम तोरइ इ०—इसी प्रकार की ऊहात्मक प्रेमोक्ति के लिये मिलाओ—

कबीर हरि का डरपताँ, ऊन्हाँ धान न खाउँ।
हिरदा भीतर हरि बसै, ताथै खरा डराउँ॥ (कबीर७९—७ टि०)

दाझण—सं० दह्, दग्ध; प्रा० दज्झ; राज० दाझणो की संज्ञा। उदाहरण—

आठ पहर का **दाझणाँ**, मोपै सह्या न जाइ। (कबीर १०-३५)

ती—सं० तः (अपादान-प्रत्यय)।

दूहा १६१

उल्हवण—सं० उत् + लस = उल्लसित करनेवाला। हिंदी उदाहरण—

केलि-भवन नव बेलि सी दुलही **उलही** कंत। (पद्माकर)

कदे—सं० कदा। उदाहरण—

'षटरस भोजन भगति करि, ज्यूँ **कदे** न छाड़ै पास।'
(कबीर २०—१९)

दूहा १६२

बिवणउ—सं० द्विगुण; प्रा० बिवण, बिउण। देखो—हेमचंद्र—१—९४ और २—७९, "द्विन्योरुत्" दुउणो-**बिउणो**, दुइओ-बिइओ।

ओहि—सं० भू; प्रा० हुअ; हिं० होहि : पूर्व ह का लोप ।

दूहा १६३

विहूणी—सं० विहीन; प्रा० विहीण, विहूण । उदाहरण—

देख्या चंद **बिहूँणाँ** चाँदिणा, तहाँ अलख निरंजन राइ।
(कबीर १३—१५)

नींव **बिहूँणाँ** देहुरा, देह **बिहूँणाँ** देव। (कबीर १५—४१)

विणजारा—सं० वाणिज्य + कार; प्रा० वणिज्जार; हिं० बनजारा = मध्यकाल में बैलों पर वस्तुएँ लादकर एक देश से दूसरे देश में वाणिज्य करनेवाले व्यापारी । इनके बैलों की कतार को राजस्थानी में 'बाळद' कहते हैं । ये लोग बड़ी लंबी-लंबी यात्राएँ करते थे और मार्ग में विश्राम करते-करते आगे बढ़ते थे । जिस स्थान पर विश्राम करते थे, वहीं पर अग्नि जलाकर भोजन बनाते थे । विश्रामस्थल से चले जाने पर इनके परित्यक्त स्थल कुछ दिन तक इनकी यात्रा के स्मारक बने रहते थे ।

भाइ—सं० भ्राष्ट; प्रा० भट्ठ; हिं० भाड़ = भट्ठी ।

धुकंती—सं० धुक्त; प्रा० धुक्ख (= जलाना) = धुखती हुई ।

यह शब्द राजस्थानी में बहुतायत से प्रयुक्त होता है । इससे आग के प्रज्वलित होने की उस दशा का बोध होता है जब खूब धुआँ निकलता है, लपटें नहीं उठतीं । लाक्षणिक अर्थ में हृदय की वैसी ही उद्विग्न दशा ।

दूहा १६५

डंबर—(सं०) संध्या समय के आकाश की लाली को अंबर-डंबर कहते हैं । उसी से आँखों की लाली की समता दी गई है । उदाहरण—अंबर **डंबर** साँझ के, बारू की सी भीत ।

बिडाणा—फा० बेगाना। मिलाओ—हिं० बिराना। उदाहरण—

भोमि **विडाणी** में कहा रातो, कहा कियो, कहि मोहि।

(कबीर)

दूहा १६७

वालँभ—सं० वल्लभ। अनुस्वार का आगम।

बे—सं० द्वि; प्रा० बि, बे। उदाहरण—

जिणि सेस सहस फण फणि फणि **बि बि** जीह। (वेलि ५)

हिलोर दे—आशय-गर्भित मुहावरा है। जिस प्रकार समुद्र की तरंग का हिलोर अकस्मात् तट की ओर बह निकलता है, उसी प्रकार, हिलोर की तरह, पति के आगमन की प्रतीक्षा मारवणी करती है।

काग उडाइ-उडाइ—साहित्य में प्रतीक्षोत्कंठित नायिकाओं का काग को उड़ाकर पति के आगमन की शकुन-चिंता करना रूढ़ि-संगत हो गया है। अपभ्रंश और प्राकृत साहित्य में ऐसी उक्तियाँ बहुतायत से उपलब्ध होती हैं। उदाहरण—

(१) **काग उडावण** धण खड़ी आयो पीव भड़क।
आधी चूड़ी काग-गळ, आधी गई तड़क॥ (राजस्थानी सुभाषित)

(२) पिक चातक बन बसन न पावहिं, **बायस** बलिहि न खात।
सूरश्याम, संदेसन के डर पथिक न डहि मग जात॥(सूर)

(३) **काग उडावत** मोरी भुजा पिरानी। (कबीर)

दूहा १६८

बालहा—सं० वल्लभ; प्रा० वल्लह।

दूहा १६९

गरथ—(१) सं० ग्रथ=सामग्री, संपत्ति; एकत्रित धन इत्यादि। या (२) अरथ (अर्थ=धन) के अनुकरण पर बना हुआ शब्द। अरथ-गरथ बोला जाता है।

अकयथ्थ—सं० अकथ्य; प्रा० अकथ्थ । य का आगम ।

दळ चड्या—राजस्थानी मुहावरा 'दळ चडणो' = घमंड होना, मद होना ।

दूहा १७०

अवर—सं० अपर; प्रा० अवर ।

सुपनंतरि—सं० स्वप्न + अंतर + इ (अधिकरण-चिह्न) = स्वप्न में ।

उदाहरण—दया धर्म औ गुरु की सेवा ए **सुपनंतरि** नाहीँ ।

(कबीर २७६—५०)

सोरठा १७१

पंजर—तन-पंजर । राजस्थानी और हिंदी में दार्शनिक अर्थ में यह शब्द बहुधा शरीर के लिये प्रयुक्त होता है ।

पुळइ—राजस्थानी देशीय शब्द = चलता है, गतिशील होता है ।

उदाहरण—**पुळियै** मग **पुळियाह**, हुवै दरस अदरस हुवा ।
जळ पैठाँ जळियाह, मंदा क्रम मँदाकिनी ॥

(राठोड़ पृथ्वीराज)

दूहा १७२

निघट्टियाँ—सं० नि + घट् = उत्पन्न होने पर, घटित होने पर ।

पत्तीजूँ—सं० प्रत्यय (प्रति + इ); प्रा० पत्तिज, पत्तिअ = विश्वास करूँ । उदाहरण—

(१) बोल्यो विहग विहँसि रघुवर बलि कहौं सुभाय **पतीजै** ।
(तुलसी)

(२) जाति जुलाहा नाम कबीरा, अजहूँ **पतीजौं** नाहिं । (कबीर)

दूहा १७३

विलक्खा—सं० विकल या विलक्ष; प्रा० विलक्ख = दुखी, व्याकुल। उदाहरण—

(१) विकसित कंज कुमुद **विलखाने**। (तुलसी)

(२) बहु **विलखी** वीछड़तो बाळा। (वेलि १७)

दूहा १७४

निसद्द—सं० नि + शब्द; प्रा० निसद्द, णिसद्द।

दूहा १७५

परिवाँण—सं० प्रमाण; प्रा० पमाँण; राज० परवाँण = सचमुच, निश्चय। उदाहरण—

करता की गति अगम है, तूँ चलि अपणैं उनमान।
धीरै धीरै पाव दे, पहुँचेंगे **परवाँन**। (कबीर १८—१७७)

भावइँ—सं० भास्; प्रा० भाव; हिं० भाना (क्रिया) = अच्छा लगे। यहाँ अव्यय। मिलाओ—हिंदी 'चाहे'।

(१) एम्वहिँ राह-पओहरहं जं **भावइ** तं होउ।

(हेमचंद्र ८-४-४२०)

(२) **भावइ** पानी सिर पड़इ, **भावइ** पड़इ अँगार।

भावइँ जाँण म जाँण—मिलाओ—

जतन करत पतन ह्वै जैहै, भावै जांण म जाँणी। (कबीर २१९—३९७)

म—सं० मा (निषेधवाचक); अपभ्रंश म। उदाहरण—

लोणु विलिज्जइ पाणिएण अरि खल मेह **म** गज्जु।
बालिउ गलइ सुझुंपड़ा गोरी तिम्मइ अज्जु(हेमचंद्र ८-४-४१८)

दूहा १७६

पानही—सं० उपानह्; प्रा० पाणही; हिं० पनही। उदाहरण—

बिनु **पानहि** हु पयादेहि पाए, संकरु साखि रहेउ यहि धाए।
(तुलसी)

दूहा १७७

ठाकुर—सं० ठक्कुर = ईश्वर, सरदार, स्वामी।

खिसइ—(दे०) = खसकना, स्थान से हटना, गिरना। मिलाओ—

(१) **खसी** माल मूरति मसुकानी। (तुलसी)

(२) परभाते तारे **खिसहि** त्यों इहु खिसै मरीरु।
(कबीर २५६-९०)

किसाकउ—सं० कीदृशकः।

दूहा १७८

धंधाळू—हिं० धंधा + आळू (राजस्थानी प्रत्यय) = कामकाजी।

वदेस—सं० विदेश। मिलाओ—

जिन पाऊँ सैं कतरी, हांडत देस **बदेस**। (कबीर)

सघळी—सं० सकल; प्रा० सयल, सगल। उदाहरण—

स्वारथ को सबका सगा, जग **सघला** ही जांणि।
(कबीर ५२-१५)

संपजे—सं० संपद्यते; प्रा० संपज्जइ = उत्पन्न होती है, एकत्रित होती है।

दूहा १७९

पहुत्त—सं० प्र + भूत; प्रा० पहुत्त। उदाहरण—

जे जम आगै ऊबरौं, तो जुरा **पहूँती** आइ। (कबीर ७२-८)

सोरठा १८०

संभारियाँ—याद करने पर। सं० सं + स्मृ; प्रा० संभर, संभळ।

काप—सं० कृप्; प्रा० कप्प; राज० कापणो से संज्ञा।

दूहा १८१

यहु तन इ०—भाव मिलाओ—

यहु तन जालौं मसि करूँ, ज्यूँ धूवाँ जाइ सरग्गि।
मति वै राम दया करै, बरसि बुझावै अग्गि ॥ (कबीर ८-११)

दूहा १८२

भरइ—सं० भृ; प्रा० भर। लाक्षणिक अर्थ में राजस्थानी मुहावरा 'संदेसो भरणो' संदेश भेजने के अर्थ में प्रयुक्त होता है।

पळट्टइ—सं० पर्यस्त; प्रा० पलट्ट।

भी—(राजस्थानी देशीय) = फिर। उदाहरण—

(१) बिरहिन ऊठै **भी** पड़ै, दरसनि कारनि राम। (कबीर ८-७)
(२) अजहूँ बीज अंकूर है, **भी** ऊगण की आस। (कबीर ८६-६)

दूहा १८४

साँभळे—सं० प्रा० अप०—संभल; राज० सांभळणो; गुज० सांभरवुं। ए पूर्वकालिक-प्रत्यय।

उदाहरण—**साँभळि** अनुराग थयो मनि स्यामा। (वेलि २८)

मागरवाळ—देखो दोहा १०५ में वागरवाळ पर टिप्पणी।

दूहा १८५

हूँतां—प्रा० 'हिंतो' (अपादान विभक्ति का चिह्न) = से।

उदाहरण—

(१) हूँ ऊधरी त्रिकुटगढ-**हूँती**, हरि बंधे वेऱ्हाहरण।
(वेलि ६३)

(२) कुससथली-**हूँता** कुंदणपुरि, किसन पधार्‌या लोक कहंति।
(वेलि ७२)

(३) जब **हुँत** कहिगा पंखि विदेसी, तब **हुँत** तुम बिन रहै न जीऊ।
(जायसी)

माणसाँ—सं० मानुष; प्रा० माणुस ।

दूहा १८६

निचंत—सं० निश्चिंत; प्रा० णिच्चिंत = चिंता-रहित ।

दूहा १८७

ढूकड़ा—सं० ढौक्; प्रा० ढुक्क । ढूक + ड़ो (ऊनवाचक त्यय) = पास ।

डेरउ लीध—(राजस्थानी मुहावरा) डेरा लेना, निवासस्थान स्थिर रके रहना ।

दूहा १८८

मल्हार—सं० मल्लार । वर्षा ऋतु का रागविशेष । राजस्थान वर्षा सर्वप्रिय ऋतु होने के कारण ढाढियों ने उसी ऋतु के राग ो अपनाया ।

निवाज—सं० निष्पाद्य; प्रा० णिवज्ज = बनाकर ।

झड़ मंडियउ—सं० झर; प्रा० झड; हिं० झड़ी । वर्षा की झड़ी ागने के अर्थ में राजस्थानी में "झड़ मँडणो" मुहाविरा आता है । दाहरण—

झड़ मातौ मांडियौ **झड़** । (वेलि १२१)

गुहिरइ—सं० गंभीर; प्रा० गहिर । उदाहरण—

सघण गाजियौ **गुहिर** सदि । (वेलि १८६)

दूहा १८९

जोयणाँ—सं० योजन; प्रा० जोअण, जोयण ।

सेरियाँ—अप० सेरी = लंबी-पतली तंग गली । उदाहरण—

सेरी कबीर साँकड़ी, चंचल मनवा चोर । (कबीर २८-४)

दूहा १९०

सुरहउ—सं० सुरभि; प्रा० सुरहि ।

लोद्र—(संज्ञा) देश-विशेष का नाम। लुद्र, लुद्रवा, लोद्रवा पश्चिमी राजस्थान के भूभाग (जेसळमेर राज्य) का प्राचीन नाम है जिसकी प्राचीन राजधानी पूगळ थी।

भीनो—सं० भिन्न; हिं० भीगना, भीजना। उदाहरण—

कौन ठगौरी भरी हरि आजु बजाई है बाँसुरिया रस**भीनी**।

(रसखान)

ठावड़ियाँह—सं० स्थान; प्रा० ठाण; अप० ठाव; राज० ठावड़, ठोड; हिं० ठौर। इयाँ प्रत्यय।

दूहा १८१

निहल्ल—सं० निखिल; प्रा० णिहिल = बहुत अधिक, पूरी, खूब।

ऊचेड़ंती—सं० उत् + चालय्; प्रा० उच्चाल, उच्चाड; हिं० उचाटना।

सल्ल—सं० शल्य; प्रा० सल्ल = काँटा, मार्मिक वेदना।

दूहा १८२

वेळत—सं० वेलू; प्रा० वेल्ल = हिलना, चलना, काँपना। यहाँ, बेचैनी से चंचल होना।

दूहा १८३

ई—सं० इदम्; प्रा० इअम्। उदाहरण—

देवग्य तेड़ि वसुदेव देवकी, पहिलो **ई** पूछै प्रसन।

(वेलि १४९)

रतन-तळाव—(सं० रत्न + तड़ाग) हृदय भाव-रूपी रत्नों से भरे हुए सरोवर की तरह है, जो दुःखरूपी तरंगों से आकुल होने पर बाँध को तोड़कर चारों ओर बह निकलता है। संगीत ही में यह शक्ति है कि वह भाव-तरंगावली को पुनः व्यवस्थित करके मर्यादा-बद्ध कर देता है।

दहदिसि जंति—मिलाओ—

बनिज खुटानौं पूँजी टूटि, षाइ **दहदिसि** गयौ फूटि।

(कबीर २१५—३८३)

दूहा १८५

मल्हाया—अप० मल्ह = मौज मानना, लीला करना। प्रेरणार्थक = खिलाना, लड़ाना, गाना। उदाहरण—

हलरावै दुलराइ **मल्हावै**, जोइ सोइ कछु गावै। (सूर)

दूहा १८६

मेल्हा—सं० मुच्; प्रा० मेल्ल् = छोड़ना, परित्याग करना, भेजना। उदाहरण—(१) राज लगै **मेल्हियौ** रुखमणी,

समाचार इणि माँहि सहि। (वेलि ५६)

(२) हँसै न बोलै उनमनी, चंचल **मेल्हा** मारि।

(कबीर २—६)

दूहा १८७

अपछर—सं० अप्सरा; प्रा० अच्छरी।

उणिहार—सं० अनुहार; प्रा० अणुहार = समान, समरूप।

सार—सं० स्मृ; प्रा० सर, हर; हिं० सार = याद, स्मृति, सुधि। उदाहरण—

जन को कहु क्यों करिहै न सँभार

जो **सार** करै सचराचर की। (तुलसी)

दूहा १८८

चीतारेह—सं० चिंत; चिंता करना, याद करना। उदाहरण—

चुगै चितारै भी चुगै चुगि चुगि **चितारै**।

(कबीर २५३—५०)

दूहा १९९

भड़िक—(अनुकरणात्मक शब्द) अचानक, झट, बिना सोचे-बूझे।

गाळि—सं० गाल = फेंकना, दूर करना।

हळवइ—सं० लघु; प्रा० लहु का विपर्य्यय हलु-हरु; हिं० हरुआ, हौले। उदाहरण—

(१) **हौळे हौळे** सुलगती सेा तैं दीनी फूँक (राजस्थानी सुभाषित)

(२) नां सेा भारी नां सेा **हलवा**, ताकी पारिष लषै न कोई।
(कबीर १४४—१६९)

दूहा २००

वार—सं० द्वार; प्रा० दुआर, वार, बार।

दूहा २०१

जळ मँहि इ०—मिलाओ—

कमोदनीं जलहरि बसै, चंदा बसे अकासि।
जो जाही का भावता, सेा ताही कै पासि॥ (कबीर ६७—१)

दूहा २०२

चुगइ, चितारइ इ०—मिलाओ—

चुगै चितारै भी चुगै, चुगि चुगि चितारै।
जैसे बच रहि कुंज मन, माया ममता रै॥ (कबीर २५३—५०)

थकाँ—(दे०) = होते हुए। उदाहरण—

(१) भीतर **थका** बाहिर इम भासै,
मनि लाजती सुहाग मुख। (वेलि २१३)

(२) दिवस **थकाँ** साईं मिलौं, पीछै पड़िहै रात।
(कबीर २९—१३)

दूहा २०६

आसालुध्धी—सं० आशालुब्ध; प्रा० आसालुद्ध। हतोत्साह और निराश प्रेमी के मन को भी प्रिय-मिलन की संभावना के प्रलोभन द्वारा लुभाए रखने की शक्ति आशा में होती है।

जंजाळेइ—(दे०) राजस्थानी में 'जंजाळ' स्वप्न के माया-प्रपंच को कहते हैं।

सेकइ—सं० श्रेषण; हिं० सेंकना=गरम करना, भूनना।

झीणे—सं० क्षीण, प्रा० झीण=बुझे हुए। उदाहरण—

(१) पांणी ही तैं पातळा, धूवाँ ही तैं **झीण**। (कबीर २६-१२)

(२) मनवा तो अधर बस्या, बहुतक **झीणां** होइ।
(कबीर २६-१४)

दूहा २०८

जे दिन इ०—मिलाओ—

जे दिन गए भगति बिन, ते दिन सालैं मोहि। (कबीर ७६-११)

दूहा २०६

सीख—सं० शिक्षा। राजस्थानी मुहाविरा 'सीख देणा' बिदा करने के अर्थ में आता है।

सोवन—सं० सुवर्ण; प्रा० सुवरण।

नाँख्यउ—सं० नाश;=फेंकना;राज० 'नाखणो'=डालना, फेंकना। उदाहरण—निउळावरि **नाँखिया** नग। (वेलि २४०)

उलाळ—(१) सं० उड्डी; प्रा० उड्डाव, उड्डाड; राज० उडाड़, उडाळ, उळाळ (डलयोरभेदात्)। (२) सं० उन्नमय; प्रा०

उल्लाल = उड़ाया जाना, ऊँचा फेंका जाना। उन्नमेरुत्यङ्ग्रोल्लाल-गुलुगुंछोप्पेलाः। (हेमचंद्र ८—४—३६)

दूहा २११

सींचाणउ—सं० संचान; अप० सिंचाण; गुज० सिंचाणो; हिं० सचान। उदाहरण—

(१) काल **सिचाँणाँ** नर चिड़ा, औझड़ औच्यंताँ। (कबीर ७२—२)

(२) बिरह अगनि लपटनि सकै, झपट न मीच **सिचान**। (बिहारी)

डोहीजइ—सं० दोलन; हिं० डोलना = चलकर पार करना, उलाँघना। मिलाओ—मराठी डोही = गहरा।

महिराँण—सं० महार्णव; प्रा० महण्णव; डिं० महराण = समुद्र। मि०—हंसड़ौ तौ **महराँण** को, ऊडि पड़ूयौ थळियाँह। (कबीर ७७—२)

दूहा २१२

ऊलाळीजइ—देखो दूहा २०६ में 'उलाळ' पर टिप्पणी।

मूँठ—सं० मुष्टि; प्रा० मुट्ठि; हिं० मुट्ठी, मूँठ।

दूहा २१३

वींझ—सं० विंध्य; प्रा० विज्झ। मिलाओ—

भील लुक्या **बन बीझ** में, ससा सर मारै (कबीर १४१—१६१)

दूहा २१४

पसरइ—सं० प्र + सृ; प्रा० पसर; हिं० पसरना; राज० पसरणो = फैलना, बढ़ना।

दूहा २१६

सळ—(दे०) = सिकुड़न। नाक सळ = नाक सिकोड़ना। मि०—हिंदी मुहावरा—नाक भौंह सिकोड़ना = अप्रसन्न होना।

विणट्ठा—सं० विनष्ट; प्रा० विणट्ठ; बिगड़ना, नाश होना। मिलाओ—पासि **बिनंठा** कप्पड़ा, क्या करै बिचारी चोल।

(कबीर ३—२४)

दूहा २१८

आमणदूमणा—सं० उन्मनाः + दुर्मनाः; प्रा० उम्मण-दुमण; राज० आमणदूमणो = उदास, खिन्न, उद्विग्न-मन। उदाहरण—

यहु मन **आमन धूमनां**, मेरो तन छीजत नित जाइ।

(कबीर १९०—३०२)

इवड़उ—सं० इयत्; प्रा० एवड; राज० एहड़ो, इतना। मिलाओ—

'**एवड्** अंतरु' (हेमचंद्र ८—४—४०८)

काँइ **इवड़ा** हठ निग्रह कियाँ। (वेलि २८८)

दूहा २१९

धीरवइ—सं० धीर से क्रिया।

दूहा २२०

सयळ—सं० सकळ; प्रा० सयल; अप० सगल; राज० सगळा।

चिंता...सिध्ध—इस दोहे के भाव से मिलाओ—

संसै खाया सकल जुग, संसा किनहूँ न खद्ध।
जे वेधे गुर अख्खराँ, तिनि संसा चुणि चुणि खद्ध॥

(कबीर ३—२२)

दूहा २२१

दिसावर—सं० देशापर; प्रा० देसावर = दूसरा देश। मिलाओ—

पंषो चले **दिसावराँ**, बिरषा सुफल फलंत।

(कबीर ७७—७)

दूहा २२२

दीपता—सं० दीप्; = प्रसिद्ध, प्रकाशित, शोभित। उदाहरण—

(१) दक्खिण दिसि देस विदरभति **दीपति**। (वेलि १०)।

(२) द्वार में दिसान में दुनी में देस देसन में
देख्यो दीप दीपन में **दीपत** दिगंत है। (पद्माकर)

दूहा २२३

तंती-नाद—तंत्री का नाद, संगीत। मिलाओ—

तंत्रीनाद कवित्त रस, सरस राग रति रंग। (बिहारी)

दूहा २२४

ईडर—ईडर राज्य गुजरात में है।

अउळगउँ—सं० उल्लंघ; प्रा० उलंघ, ओलंघ; हिं० उलाँघना = प्रवास-यात्रा करना। 'बीसळदेवरासो' में यह शब्द इस अर्थ में बहुत प्रयुक्त हुआ है।

अउथि—सं० उत: + स्थ (क्रिया-विभक्ति); हिं० उत; राज० ओथ, ओथिये। मिलाओ—अप० एत्थु, केत्थु, तेत्थु।

दूहा २२६

मुळताणी—मुलतान की; मुलतान पंजाब में प्रसिद्ध स्थान है।

सुहँगा—सं० समर्घ; प्रा० समग्घ; हिं० सुहँगा = सस्ता, अल्प मूल्यवाला।

सेलार—(१) देशी सेराह—सेलिया, घोड़े की एक उत्तम जाति। उदाहरण—

सिरगा, समँदा स्याह **सेलिया** सूर सुरंगा।
मुसकी पँचकल्याण, कुमेद औ केहरिरंगा॥ (सूदन)

हेडि—(संज्ञा स्त्रीलिंग) प्रा० हेडा; हिं० लेहँड़ी, हेड़ी; राज० हेड़ = समूह, झुंड। चौपायों के समूह जिनको व्यापारी या बनजारे मेले में बिक्री के लिये ले जाते हैं। वि०—ठीक अर्थ अस्पष्ट है।

तुखार—सं० तुषार = हिमालय के उत्तर का एक प्राचीन देश जहाँ के घोड़े प्रसिद्ध थे। प्रा० तुक्खार = उत्तम जाति का घोड़ा।

दूहा २२७

लडंग—सं० यष्टि; प्रा० लट्ठि; हिं० लड़ी, लड़ = पंक्ति, कतार, बड़ी संख्या (घोड़ों की)। वि०—ठीक अर्थ अस्पष्ट है।

टाळिमा—(दे०); हिं० टालना = चुनिंदा, चुने हुए, छटे हुए।

वाँकड़—सं० वक्र, वंक; प्रा० बंक, बाँक = टेढ़ा, तिरछा (बल और साहस का द्योतक)। मिलाओ—रणबंका राठौड़।

विडंग—ठीक अर्थ अस्पष्ट है।

दूहा २२८

काछी—कच्छ नामक देश का। कच्छ देश के ऊँट प्रसिद्ध होते हैं।

करह—सं० करभ; प्रा० करभ, करह; राज० करहो, करहलो = ऊँट। उदाहरण—(१) बन ते भगि बिहड़े परा **करहा** अपनी बाँनि।
वेदन करह कासों कहै को करहा को जाँनि॥ (कबीर)

(२) दादू **करह** पलाँणि करि को चेतन चढि जाइ। (दादू)

बिथूँभिया—राज० बि + थूँभि + इया। सं० स्तूप; प्रा० थूव; राज० थूही, थूह = ऊँट की कूब, ऊँट की पीठ पर की थूही। ऊँट एक थूहीवाले और दो थूहीवाले भी होते हैं। दो थूहीवाले उत्तम समझे गए हैं।

घड़ियउ—सं० घटिका; प्रा० घड़िआ; हिं० घड़ी = काल का एक मान जो २४ मिनट के बराबर होता है।

एथि—सं० इतः + स्थ;राज० एथ, एथिये = यहाँ पर। मिलाओ—'अउथि' दूहा २२४।

विसाइ—सं० व्यवसाय; हिं० बिसाहना = खरीद करना। पूर्वकालिक रूप। उदाहरण—

ओह सुनहि हर नाम जस उह पाप **बिसाहन** जाइ।

(कबीर २५९-१३७)

दूहा २२८

परेरउ—सं० पर। एरउ प्रत्यय संबंध का अर्थ देता है या स्वार्थिक प्रत्यय।

द्रंग—सं० दुर्ग, राजस्थानी में अनुस्वार का निरर्थक आगम। यहाँ गढ़ अथवा राज्य का अर्थ है।

भीभळ—सं० विह्वल; प्रा० बिंभल, विब्भल = प्रेम-प्रतीक्षा में विह्वल, अथवा देखनेवाले को विह्वल कर देनेवाले (नेत्र); विह्वलता (तरलता) के कारण सुंदर (नेत्र)। उदाहरण—

बउलसरी मद **भीभलु** ई भलु भणि अलि राजु।
संपति विण सुकुमाल तो मालती वीसरु आजु॥

(वसंत-विलास काव्य—७४)

दूहा २३०

मोतीहरि—सं० मुक्ताफल;प्रा० मुत्ताहल, मोताहल; हिं० मुताहल।

दूहा २३१

मरजीवउ—सं० मरजीवक; प्रा० मरजीवय (देखो—प्राकृत श्री श्रीपालकथा ३८५ गाहा); हिं० मरजीवा, मरजिया = वह व्यक्ति जो समुद्र के भीतर उतरकर मोती आदि वस्तु निकालने का काम करता है; पनडुब्बा। उदाहरण—

(१) मोती उपजे सीप में, सीप समुंदर माहिं।
कोई **मरजीवा** काढ़ेसी, जीवन की गम नाहिं॥ (कबीर)

(२) जस **मरजिया** समँद धँसि मारे हाथ आव तब सीप।
(जायसी)

उघट—सं० उद्घाटन; प्रा० उग्घाडण; हिं० उघटना, उघड़ना। पूर्वकालिक रूप प्रकट होकर; ऊपर उठकर; ऊपर उछलकर।

दूहा २३२

सँकोडो—सं० संकोच; हिं० सिकुड़ना, सकुचना, सकुचाना= संकुचित हुई। उदाहरण—

संकुड़ित सम समा संध्या समयै। (वेलि १६२)

दूहा २३३

साटवि—(दे०) प्रा० सट्ट; हिं० सट्टा=विनिमय करके, खरीदकर। अवि पूर्वकालिक-प्रत्यय। उदाहरण—

(१) सिर **साटै** हरि सेविए, छाड़ि जीव की बाँणि।
(कबीर ७०—३१)

(२) जब रे मिलेगा पारिषू, तब हीराँ की **साटि**।
(कबीर ७८–७४०)

वि०—इस शब्द का ठीक अर्थ अस्पष्ट है। यह राज० शब्द साँवटू का दूसरा रूप भी हो सकता है।

परिघळ—(१) सं० परि+गृह (?); प्रा० परिघर, परिघल(?)। धारण करने योग्य वस्तु, वस्त्रादि। (२) परघळ=बहुत।

वि०—इसका ठीक अर्थ अस्पष्ट है।

पट्टोळा—सं० पट्टकूल; प्रा० पट्टऊल, पट्टोल=रेशमी वस्त्र। उदाहरण—

फाड़ि **पुटोला** धज करौं, कामलड़ी पहिराउँ। (कबीर ११–४१)

दूहा २३५

दूहवियाह—सं० दुःख; प्रा० दूहव। उदाहरण—

'किम केणवि **दूहविया**'। (कुम्मापुत्तचरिय, पृष्ठ १२)

वि०—इस दूहे के चतुर्थ चरण का यह अर्थ ठीक जान पड़ता है—'या हमने दुखी किया है'।

दूहा २३६

दाखउ—दे० दक्ख; राज० दाखणो = कहना। आज्ञा बहुवचन।

दूहा २३८

खंति—मिलाओ राज० ख्याँत, खाँत, खँति = लगन, सावधानी, चैतन्य, चतुरता। उदाहरण—

खँति लागौ त्रिभुवनपति खेड़ै।
धर गिरि पुर साम्हा धावंति॥ (वेलि ६८)

दूहा २४०

कुमकुमइँ—सं० कुंकुम; हिं० कुमकुम = गुलाबजल। विकारी रूप।

(१) कुमकुमैं मँजण करि धौत बसत धरि। (वेलि ८१)

(२) जहाँ स्यामघन रास उपायौ,
कुमकुम जल सुखवृष्टि रमायौ। (सूर)

वीझण—सं० व्यजन; प्रा० वियण, विंजण, वीजण; हिं० बिजन, बीजन = पंखा। उदाहरण—

बिजन डुलाती ते वै विजन डुलाती हैं। (भूषण)

वीझ्या—'वीझण' से क्रिया। सामान्य भूत।

दूहा २४२

ऊन्हाळउ—सं० उष्ण + काल; प्रा० उण्ह-आल, उण्हाल; राज० ऊन्हाळो = ग्रीष्म ऋतु।

ऊतारियउ—सं० अवतरण; प्रा० उत्तरण; हिं० उतरना = ढलना, बीतना। स्वार्थ में प्रेरणार्थक।

दूहा २४३

गवखे—सं० गवाक्ष; हिं० गौखा, गोख = अटारी पर की खिड़की, झरोखा। उदाहरण—

"गावै करि मंगळ चढि-चढि **गौखे**"। (वेलि ४२)

दूहा २४५

नस—सं० निशू = रात्रि।

दूहा २४८

कामणगारियाँ—राज० काँमण (जादू) + गर (कर) = जादूगर-नियाँ। देखो इस प्रकार के प्रयोग—मेळगर, निरतगर, जाणगर (वेलि)।

पाँगुरियाँह—राजस्थानी 'पाँगरणो' = पनपना, हरा-भरा होना, पुनः पल्लवित होना। सामान्य भूत, बहुवचन।

दूहा २५३

डूँगरिया—अप० डुंगर = पहाड़। उदाहरण—अब्भा लग्गा **डुंगरिहिं** पहिउ रडंतउ जाइ। (हेम० ८-४-४४५)

झँगोरवा—सं० झंकार; प्रा० झिंगार; राज० 'झिंगोरणो' = मोर का बोलना।

दूहा २५६

कादिम—सं० कर्दम; प्रा० कद्दम; राज० कादो। उदाहरण—

करि ईट नीलमणि **कादो** कुंदण। (वेलि २०४)

तिळकस्यइ—(दे०) तिलकना = फिसलना, राज० तिसळणो।

दूहा २५७

झाझो—सं० दग्ध; प्रा० दज्झ, दाझ; राज० झाझ। इतनी अधिक शीतल कि जिससे जलने का भाव प्रतीत हो। अत्यधिक शीत भी अग्नि की तरह जलाता है, अतएव अत्यंत शीतल वायु को झाझो (दग्ध करनेवाली) वायु कहा है।

दूहा २६२

समनेहाँ—सं० सम + स्नेह। बहुवचन, विकारी रूप। यहाँ संभवतः 'ससनेहाँ' पाठ रहा होगा, लिखने में 'स' का 'म' हो गया होगा;

क्योंकि 'समनेहाँ' का प्रयोग राजस्थानी में प्रायः नहीं पाया जाता। ससनेहाँ का अर्थ 'स्नेहियों' है।

वयरी—सं० वैरी। अपने पति को वैरी संबोधन इसलिये किया है कि वह उसे विरह के मुख में छोड़कर जाना चाहता है।

दूहा २६३

मंडव—सं० मंडप; प्रा० मंडव।

दूहा २६४

बहळ—सं० बहुल। उदाहरण—

बहलो धणी सिँघासणवालो,
पाळो होइ हालियो पंथ। (पृथ्वीराज)

ताढा—सं० स्तब्ध; प्रा० थड्ढ; हिं० ठंढा; मराठी तंडा, थंडा; राज० थाढा, ताढा।

रेस—अप० रेस, रेसि, रेसिं, रेसिम्मि = निमित्त, लिये, वास्ते। उदाहरण—

(१) हउं झिज्जउं तउ केहिं पिअ
तुहुँ पुणु अन्नहि **रेसि**। (हेमचंद्र ८-४-४२५)

(२) सुणि आगम नगर सहू साऊजम,
रुषमणि किसन वधावण **रेसि**। (वेलि १४१)

दूहा २७१

घड़—सं० घटा; प्रा० घडा, घड; राज० घड़, घटा। उदाहरण—

तोड़ाँ **घड़** तुरकाणरी मोड़ाँ खान-मजेज।
दाखै अनमी भोजदे, जादम करै न जेज॥

(राजस्थानी दूहा)

ओळँबा—सं० उपालंभ; प्रा० ओलंभ; राज० ओळभो; हिं० उलहना।

दूहा २७२

बाहर थाजइ इ०—भाव मिलाओ—

(१) कबीर बादल प्रेम का, हम परि बरष्या आय।
अंतरि भीगी आतमाँ, हरी भई बनराइ॥ (कबीर ४-३४)

(२) कबीर गुण की बादली, तीतरबानी छाँहि।
बाहिर रहे ते ऊबरे, भीगे मंदिर माँहि॥ (कबीर ३४-२३)

बाहर था जइ ऊगरइ—अन्यार्थ—"जो बाहर थे वे बच (उबर) गए"। अनुवाद के अर्थ से यह अर्थ अधिक युक्तिसंगत जँचता है।

ऊगरइ—सं० उद् + गृ; प्रा० उग्गिर, उग्गिल। राजस्थानी में उगरणो, उबरणो = बच रहना, निकलना।

दूहा २७३

ढोला, रहिसि इ०—अन्यार्थ—हे ढोला, मेरे रोकने पर रुक जा; विधाता का लेख तो मिलेगा ही।

निवारियउ—(१) निवारियउ = निवारण किया जाता हुआ, रोका हुआ। (२) नि = नहीं + वारियउ = रोका हुआ।

दूहा २७४

सुचीत—सं० सु + चित = शुभ है चिंतन जिसका; मनोज्ञ, मनोरम।

दूहा २७७

सीयाव इ, ऊन्हाव इ, वरसाव इ—सं० शीत + काल, उष्ण + काल, वर्षा + काल।

चीकणी—सं० चिक्कण = स्निग्ध, कोमल, फिसलनेवाली।

दूहा २७८

तात—देखो दूहा ५२५।

दूहा २७९

पाळउ—सं० प्रालेय; प्रा० पालेअ; हिं० पाला = तुषार, हिम का गिरना।

टापर—(दे०) पशुओं को ओढ़ाने का मोटा कपड़ा । राज० तप्पड़, तापड़ । अँगरेजी—तारपौलीन । हिं० त्रिपाल, तिरपाल ।

झुरइ—अप० = क्षीण होती है, व्याकुल होती है । उदाहरण—

दुखिया मूवा दुख कों, सुखिया सुख कौं **झूरि** ।

(कबीर ५४—८)

दूहा २८०

गोरड़ी—सं० गौरी । गोरी शब्द राजस्थानी में स्त्री, पत्नी, नायिका, प्रेयसी आदि के अर्थ में आता है ।

दूहा २८१

नीपजइ—सं० निष्पद्यते; प्रा० णिप्पज्जइ; हिं० निपजना । उदाहरण—उलटा सुलटा **नीपजै** ज्यों खेतन में बीज । (कबीर)

दूहा २८२

तिल्ली—सं० तिल ।

त्रिड़इ—तड्तड् से अनुकरणात्मक क्रिया । राज० तिड़कणो; हिं० तड़कना = सूखकर चटख जाना ।

झालइ—सं० क्ष्वेल; प्रा० झेल; हिं० झेलना; राज० झालणो = ग्रहण करना, धारण करना । उदाहरण—

कबीर केवल राम कहि, सुध गरीबी **झालि** । (कबीर २६—५२)

गाभ—सं० गर्भ; प्रा० गब्भ = गर्भाधान ।

आभ—सं० अभ्र; प्रा० अब्भ = बादल, आकाश ।

दूहा २८४

नीसरइ—सं० निः + सृ; प्रा० निस्सर; हिं० निसरना । उदाहरण—

कहौ कौन खिवै कहौ कौन गाजै, कहाँ थैं पाँणी **निसरै** ।

(कबीर)

दूहा २८६

उत्तर—देखो दूहा १२६ ।

उत्तरउ—सं० अव + तृ; हिं० उतर आना = अचानक आ जाना।

सही—अवश्य, निश्चय करके। मिलाओ—

"हुए हरण हथलेवौ हूओ, सेस संसकार हुवइ सहि।"

(वेलि १५२)

सीह—सं० शीत; प्रा० सीअ = सरदी, जाड़ा। उदाहरण—

(१) जहाँ भानु तहँ रहा न **सीऊ**। (जायसी)

(२) प्रतिहार प्रताप करे **सी** पालै। (वेलि २२५)

चंगा—सं० चंग; पंजाबी चंगा; मराठी चाँगळा; हिं० चंगा = स्वस्थ, नीरोग, सुंदर। मिलाओ—मन चंगा तो कठौती में गंगा।

दूहा २८७

वाहळियांह—देखो दूहा १४७ में वाहळा पर टिप्पणी।

ओले—सं० क्रोड़; हिं० ओल = ओट, शरण। उदाहरण—

(१) सूरदास ताको डर काको हरि गिरिवर के **ओलै**।

(सूर)

(२) ढूँढत-ढूँढत जग फिर्‌या, तिण कै **ओलहै** राँम।

(कबीर)

काहळियाँह—सं० कातर; प्रा० काहल = डरपोक, अधीर। देखो, हेमचंद्र ८—१—२१४।

दूहा २८८

पल्लाणियाँ—सं० पर्याण; प्रा० पल्लांण = जीन किए हुए, सवार, प्रवास को जाते हुए।

दरक—सं० दर; हिं० दरकना = विदीर्ण होना, फटना (हृदय का)।

अक—सं० अर्क; प्रा० अक्क; हि० आक = मदार का वृक्ष।

दूहा २९०

दोहागिण—सं० दुः + भागिनी; प्रा० दुहागिणि = वह स्त्री जिस पर पति का प्रेम न रह गया हो।

दूहा २८१

रीठ—सं० अरिष्ट; प्रा० रिट्ठ = विनाशकारी (शीत), रूखी (सरदी)। राजस्थानी में 'रट्ठ' असहनीय शीत को कहते हैं।

दूहा २८२

तरंत—सं० तरंत = समुद्र। पाले का समुद्र अर्थात् जोरों का शीत।

दूहा २८४

रवंद—(सं० रव ?) जोर-शोर का।

वासंदर—सं० वैश्वानर = अग्नि। उदाहरण—

जिहि **बैसंदर** जग जल्या, सो मेरे उदिक समान।

(कबीर ६३—४)

मंद—सं० मद्य; प्रा० मद्द, हि० मद। अनुस्वार का आगम।

दूहा २८५

ऊकटिया—सं० अव + काष्ठ; हिं० उकठना = सूख जाना। उदाहरण—जिमि न नवै पुनि **उकठि** कुकाठू। (तुलसी)

सारेह—सं० शिरीष; प्रा० सरीह। शिरीष का वृक्ष राजस्थान में बहुतायत से पाया जाता है।

बेलाँ—सं० द्वि; प्रा० बे, बि; एला प्रत्यय, = दो, युग्म, दंपति।

दूहा २८६

ऊपड़िया—सं० उत्पत्; प्रा० उप्पड़; हिं० उपड़ना। उदाहरण—

ऊपड़ी धुड़ो रवि लागी अंबरि। (वेलि १९३)

कोट—राजस्थानी मुहाविरा 'कोट-रा-कोट' = अनंत राशि।

पोयणी—सं० पद्मिनी; प्रा० पोइणी। उदाहरण—

(१) सर **पोइणिए** थई सुश्री। (वेलि २०९)

(२) **पोयण** फूल प्रतापसी। (पृथ्वीराज)

घोट—सं० घोटक। लक्षणा से घोड़े के समान स्फूर्तिमान् युवा पुरुष।

दूहा २९७

ऊकठियइ—सं० उत्+कर्ष; प्रा० उक्कड्ढ; हिं० कढ़ना= बाहर निकल पड़ना।

केकाँण—(दे०) घोड़ा। संभवतः केकय शब्द से बना है जहाँ के घोड़े प्रसिद्ध होते थे। उदाहरण—

केकाणाँ पाइ सुगह किया। (वेलि १२७)

कमेड़ि—हिं० कुमरी। पंडुख की जाति की एक चिड़िया, जो सफेद कबूतर और पंडुख से उत्पन्न होती है। राजस्थान में इसे कमेड़ी कहते हैं। इसकी बोली से 'केशव तू केशव तू' जैसी आवाज निकलती जान पड़ती है।

दूहा २९९

साले—सं० शल्य; प्रा० सल्ल; हिं० सालना।

दूहा ३००

ऊलहइ—सं० उत्+लस; प्रा० उल्लअ, उल्लह। उदाहरण—

दोष वसंत को दीजै कहा,
उलही न करील की डारन पाती। (पद्माकर)

द्रंग—(१) सं० द्रंग=वह नगर जो पत्तन से बड़ा और कर्वर से छोटा हो। (२) दुर्ग।

दूहा ३०१

दखिणाध—सं० दक्षिणतः, दक्षिण की ओर का। आधुनिक राजस्थानी में दखणाद या दिखणाद बोलचाल का रूप है।

दूहा ३०३

सव—सं० सः। प्रा० सो; सौ, सव।

रत—सं० ऋतु। अन्य रूप—रिति, रुति, रुत, रित, रत। आधुनिक राजस्थानी में रुत प्रयुक्त होता है।

आँवळो—सं० अमल, क्लीलिंग। निर्मल।

वि०—इस दूहे के प्रथम चरण का अर्थ अस्पष्ट है।

दूहा ३०४

हल्लाणउ—अप० हल्ल + आणउ (भाववाचक संज्ञा बनाने का प्रत्यय)।

झबझब, डब डब—अनु० शब्द।

झूंबइ—प्रा० झंप; हिं० झूमना।

पागड़इ—दे०, रिकाब, ऊँट या घोड़े की काठी का पावदान जिस पर पैर रखकर सवार होते हैं।

दूहा ३०६

रइबारी—दे०, जाति-विशेष जो ऊँटों को चराने और रखने का काम करती है।

दूहा ३०७

वग्ग—सं० वर्ग; प्रा० वग्ग = बाड़ा। मिलाओ—

मैं जाण्यो धोळो मुओ, खालो हुयगो **वग्ग**।
बाड़े उणहि ज बाछड़ू औरूँ तांडण लग्ग॥ (बाँकीदास)

दूहा ३०८

दाय आवइ—पसंद आना। राजस्थानी मुहाविरा, जो बोलचाल में अब भी आता है।

दूहा ३०९

दोवड़-चोवड़ा—मिलाओ, हिं० दोहरा-चौहरा = दुगुने-चौगुने, भारी शरीरवाले।

नागरवेलियाँ—सं० नागवल्ली, पान की बेल।

दूहा ३११

माँगळोर—संभवत: किसी स्थान का नाम है। इसका पता नहीं चलता। जोधपुर राज्य में माँगळोद नाम का एक गाँव है पर वह माँगळोर से सर्वथा भिन्न है।

दूहा ३१२

घालूँ—अप० घल्ल=डालना।

वाहूँ—सं० बंध; f० बाँधना।

लज्ज—सं० रज्जु; प्रा० लज्जु, लज्ज=नकेल, लगाम।

भलेरउ—भला+एरउ (स्वार्थिक प्रत्यय)।

दूहा ३१४

अग्गर—सं० आगार=रहने का सुंदर आवास।

आसंगे—सं० आ+संग से क्रिया-प्रयोग=संग करना। संज्ञा आसंग सामर्थ्य के अर्थ में राजस्थानी में बोलचाल में आता है; जैसे— म्हारी **आसंग** कोय नी।

दूहा ३१६

दूमणी—सं० दुर्मना:; प्रा० दुम्मण।

बरग—सं० वर्ग=बाड़ा। देखो—दूहा ३०७ में वग्ग।

दूहा ३१७

कन्हइ—हिं० कने=पास, नजदीक।

(१) मीत तुम्हारा तुम्ह **कने** तुमही लेहु पिछानि। (दादू)

(२) अब आके बुढ़ापे ने किया हाय! ये कुछ कहर।
अब जिसके **कने** जाते हैं लगते हैं उसे जहर॥
(नजीर)

खोड़उ—अप० (देशी नाममाला २—८०)।

दूहा ३१८

डाँभिज्यउँ—सं० दह्; प्रा० डंभ; राज० डाँभणो; हिं० दागना। कर्मवाच्य, संभाव्य भविष्य, उत्तम पुरुष, एकवचन। पहिचान के लिये अथवा रोग-निवारण के लिये पशु को दागा जाता है।

रळि—प्रा० रल; हिं० रलना = मिलना। उदाहरण—

कबीर, गुर गरवा मिल्या, रळि गया आटै लूँण।

(कबीर २—१४)

दूहा ३२०

चोपड़िस्यूँ—अप० चोप्पड़ = स्निग्ध, चिकना करना।

चंपेल—सं० चंपा + तेल = चमेली अथवा चंपा का तेल।

दूहा ३२१

हळफळ—दे० अनु० शब्द; प्रा० हल्ल फल्ल; हिं० हड़बड़ी = त्वरा, शीघ्रता, व्याकुलता। (देखो—हेमचंद्र २—१८४)

दूहा ३२२

रूअड़उ—सं० रूढ = प्रशस्त, अच्छा, भला।

वेध्याँ—सं० विध्। वेध्यो का विकारी रूप, बहुवचन, कारक-प्रत्यय लुप्त। पारस्परिक प्रेम से बिंधकर माला के मनकों की तरह ऐक्य-सूत्र में आबद्ध अर्थात् प्रेम-संयुक्त।

बप्पड़ा—अप० बप्पुड़ा; हिं० बापुरा; गुज० बापडुं। उदाहरण—

प्रिय एम्वहिं करं सेल्लु करि छड्डहि तुहुँ करवालु।
जं कावालिय **बप्पुडा** लेहिं अभग्गु कवालु॥

(हेमचंद्र ८—४—३८७)

दूहा ३२३

कळाप—सं० कल्प् = दुःख की उद्भावना करना, बिलखना, विषाद करना। उदाहरण—

(१) मुख कहि कृसन रुषमिणि मंगळ
काँइ रे मन **कळपसि** कृपणा। (वेलि २८९)

(२) नेकु तिहारे निहारे बिना **कलपै** जिय क्यों पल धीरज लेखौ।
(पद्माकर)

लोपाँ—सं० लुप्=लुप्त करना=न मानना। संभाव्य भविष्य, उत्तम पुरुष, बहुवचन। उदाहरण—

कलि सकोप **लोपी** सुचालि निज कठिन कुचालि चलाई।
(तुलसी)

दूहा ३२४

सारउ— सं० सृ (?); हिं० सरना (?); राज० सारो=वश। बोलचाल का शब्द है।

दूहा ३२६

बतळावसूँ—राजस्थानी में पुकारने के अर्थ में 'बतळावणो' आता है।

दूहा ३२८

माँडि पलाँण—'पलाँण माँडणो'=ऊँट पर जीन कसना।

दूहा ३३०

कूड़इ—सं० कूट; प्रा० कूड़=असत्य, मिथ्या, झूठा, छलयुक्त। उदाहरण—

जांमण मरण बिचारि करि, **कूड़े** काम निवारि। (कबीर)

दूहा ३३१

तेड़ावियउ—राज० दे० 'तेड़णो'=निमंत्रित करना, बुलाना। प्रेरणार्थक रूप। उदाहरण—

दैवग्य तेड़ि वसुदेव देवकी, पहिलौई पूछै प्रसन। (वेलि १४९)

दूहा ३३२

राखउ करहउ डाँभस्यउ—अन्यार्थ—अरे अनजान मूर्खो ! पाले हुए (रक्षित) ऊँट को (क्या) दाग लगाओगे ?

सँधाण—सं० संधान; प्रा० संधाण = दवा-दारू से ठीक करना, स्वस्थ करने का उपचार ।

दूहा ३३४

खेलाड़इ—सं० खेल + आड (प्रेरणार्थक प्रत्यय) ।

दूहा ३३६

ऊकरड़ी—अप० उक्करडु = घूरा, गंदगी इकट्ठा करने की जगह ।

डोका—राजस्थानी शब्द—धान्य के पौदे के सूखे डंठल जो पशुओं के चारे की तरह काम में आते हैं ।

अपस—सं० अपशु = कुत्सित पशु, गदहा ।

दूहा ३३७

छेह—अप० = प्रांत, अंत, किनारा । (देखो—देशी नाम-माला ३-३८) ।

भेळा—सं० भेल् = मिश्रण करना, इकट्ठे । उदाहरण—

भावी सूचक थिया कि **भेळा**, सिंघरासि ग्रहगण सकल ।

(वेलि ९६)

दूहा ३३८

खोटाँ—सं० क्षुद्र; प्रा० खुड्ड । बहुवचन विकारी रूप ।

दाखवइ—सं० दृश्; प्रा० दक्ख । प्रेरणार्थक ।

दूहा ३४०

सिध्धावउ—सं० (प्रेरणार्थक); हिं० सिधाना = सिद्धि के लिये प्रयाण करना । उदाहरण—

लायक हे भृगुनाथ सो धनु सायक सौंपि सुभाय सिधाये।

(तुलसी)

दूहा ३४३

कसबी—(दे०) ऊँट पर जीन कसने के लिये पट्टा अथवा मोटा फीता। कसबी जड़ाऊ अथवा चित्रित के अर्थ में भी आता है।

सोवन-वानी—सं० सुवर्ण + वर्ण = सुनहले, सुवर्ण वर्णवाले। 'वानी' के प्रयोग के लिये देखो—

बादल **वानी** राम घन उनया, वरषै अमृतधारा।

(कबीर १३७-१५१)

परियांण—सं० प्रमाण; प्रा० परवाण = वास्ते, लिये। उदाहरण—कहिबे को सोभा नहीं देखा ही **परवांन**। (कबीर २५२—४८)

दूहा ३४५

भेक्यउ—(राज०) ऊँट के बैठने को राजस्थानी में 'भेकणो' कहते हैं। ऊँट को बैठाते समय 'भे भे' शब्द किया जाता है, उसी के अनुकरण पर यह शब्द बना है।

टहूकड़ा—(दे० अनु० शब्द) ऊँट के बरगलाने का शब्द। कोयल के बोलने को भी 'टहूकड़ा' कहते हैं। साधारणतः सुंदर और कर्णप्रिय शब्द के लिये प्रयुक्त होता है।

दूहा ३४६

कसणा—(संज्ञा) स० कर्षण; प्रा० कस्सण; हिं० कसना = बाँधने की रस्सियाँ या फीते।

करंकउ—(अनु० शब्द) पशु के बोलने का शब्द।

दूहा ३४८

दाँवणि (१)—(फा० दामन) पहिनने के वस्त्र का निचला भाग या छोर; अथवा (२) (स० दाम = रज्जु, बंधन)—लाक्षणिक अर्थ में नियत्रण। दूहे की पहली पंक्ति का दूसरा अर्थ यों भी हो सकता है—हे सखी, दौड़ो, दौड़ो, (जब मेरा प्रियतम चल ही पड़ा) तो अब कौन-सा बंधन (मर्यादा-बंधन) रह गया, क्या लाज है।

दूहा ३४८

निसाँण—हिं० निशान = नगाड़ा, धौंसा। उदाहरण—

(१) बीस सहस घुम्मरहिं **निसाना**। (जायसी)

(२) घुरै **नीसाण** सेइ घण घोर। (वेलि, ४०)

संधाण—सं० संधि, संधान = शरीर की संधियाँ। दोहा ३३२ में लाक्षणिक अर्थ में, भिन्न आशय में, यह शब्द प्रयुक्त हुआ है।

दूहा ३५०

दमाज—फा० दमामा (?) = ढोल, नगाड़ा, धौंसा।

दूहा ३५१

पड़हउ—सं० पटह; प्रा० पडह।

अँवळउ—सं० अपर; प्रा० अवर (?); राज० अँवळो = (१) उलटा, चक्करदार; (२) अस्वस्थ (स्वस्थ का उलटा)। राज० अँवळा-सँवळा = हिं० उलटा-सुलटा।

दूहा ३५२

पालंखी—सं० पल्यंक = पालकी।

विसहर—सं० विषधर।

दूहा ३५४

पाड़ा—सं० पाटक; प्रा० पाड़य = महल्ला।

दूहा ३५५

ऊभी— सं० उत् + भू = खड़ा होना। उदाहरण—

विरहिन **ऊभी** पंथ सिर, पंथी पूछै धाय।

एक शब्द कहु पीव का, कबर मिलैंगे आय॥ (कबीर)

कड़—सं० कटि; प्रा० कडि।

दूहा ३५८

अवास—सं० आवास = निवास-स्थान।

मावइ—सं० मा; हि० अमाना = समाना।

दूहा ३६०

टबूकइ—अनु० शब्द=टप् टप् अथवा टब् टब् शब्द करके गिरना।

दूहा ३६१

पड़ताळ्यिा—सं० परि+ताड्; प्रा० पडताल=तेजी से चलाया।

पूठि—सं० पृष्ठ; प्रा० पिठ्ठ; हिं० पीठ, पुठ। उदाहरण—

पच्छिम दिसि **पूठ** पूरब मुख परठित। (वेलि १५४)

वावू—सं० वायु; प्रा० वाव।

दूहा ३६२

उवाँ ही—हिं० वहाँ ही।

बहोड़्या—सं० प्रघूर्ण; प्रा० पहोल=लौटाना। सा० भू० बहु०। मिलाओ हि० बहुरि। उदाहरण—

कबीर यहु तन जात है, सकै तो लेहु **बहोड़ि**। (कबीर)

दूहा ३६३

सलूँणी—सं० सलावण्य; हिं० सलोनी।

दूहा ३६५

मोकळा—(दे०)=बड़ा, घना, बहुत। उदाहरण—

मुकति दुआरा **मोकला** सहजै आवौ जाउ। (कबीर २५०—१७)

दूहा ३६६

वीखड़ियाँ—सं० बीखा=गति; पद; पदचिह्न।

दूहा ३६७

कुहड़ि—सं० कुहेडि; हिं० कोहरा=जल-कणों से युक्त शीतल भाप। यहाँ कोहरे से लाक्षणिक अर्थ में अंधकार से आशय है।

दूहा ३६८

वीज—सं० विद्युत्; प्रा० विज्जु ।

दूहा ३६९

राता—सं० रक्त; प्रा० रत्त=लाल । उदाहरण—

भृकुटी कुटिल नैन रिस **राते** । (तुलसी)

दूहा ३७०

बाहिरी—सं० बहिर्=बिना, विहीन । उदाहरण—

जेहि घर कंता ते सुखी तेहि गारू तेहि गर्व ।
कंत पियारे **बाहरे** हम सुख भूला सर्व ॥ (कबीर)

दूहे के भाव से मिलाओ—

साँई मैं तुझ **बाहरा** कौड़ी हूँ नहिं पावँ ।
जो सिर ऊपर तुम धनी, महँगे मोल बिकावँ ॥ (कबीर)

दूहा ३७१

लहक—हिं० लहकना=लहलहाना, प्रफुल्लित होना । उदाहरण—

लहर भरे **लहकहिं** अति कारे । (जायसी)

दूहा ३७२

सूकण लागी बेलड़ी इ०—मिलाओ—

सूकण लागा केवड़ा, तूटीं अरहर माल ।
पांणी की कल जांणताँ, गया ज सींचणहार ॥
(कबीर ७४—३५)

दूहा ३७३

मोजड़ी—अप०=जूती (देशीनाममाला ६-१३९) ।

आ—यह (स्त्रीलिंग) ।

ठाँण—सं० स्थान; प्रा० ठाण=घोड़े आदि के चरने का स्थान ।

आहीठाँण—(१) सं० अभिस्थान; प्रा० अहिट्ठांण; राज० आहोठांण। (२) सं० अभिज्ञान; प्रा० अहिण्णांण; राज० अहिनांण = चिह्न।

दूहा ३७६

बिलंबी–(१) सं० विलंबू; हिं० बिलमना अथवा (२) सं० अवलंबू। पूर्वकालिक क्रिया या भूत कृदंत स्त्रीलिंग का रूप। उदाहरण — (१) जीव **बिलंब्या** जीव सौं, अलष न लषिया जाय। (कबीर) (२) कबीर तहाँ **बिलंबिया**, करे अलष की सेव। (कबीर)

दूहा ३७७

साई—सं० साति; प्रा० साइ; हिं० साई = वह धन जो किसी वस्तु-निर्माण के लिये निर्माता को पेशगी दिया जाता है। यहाँ पर 'साई दे' का अर्थ है—प्रचार कर, प्रकट। साई दे दे रोवणां—यह मुहावरा धाड़ मारकर रोने के अर्थ में आता है।

प्रवाळी–सं० प्रवाल = मूँगिया; लाल रंग का एक पत्थर अथवा रत्न। उदाहरण—खुंभी पनाँ **प्रवाळी** खंभ। (वेलि ३९)

चूँन—सं० चूर्ण।

सोरठा ३७८

रणेहि—सं० रणरणायू; प्रा० रणरणक् = दुःखमय निःश्वास; व्याकुलता।

सोरठा ३७९

रड़ी—सं० रट; प्रा० रड्; गुज० रडवुँ।

चड़ेहि—प्रा० चड = चढ़कर; बढ़-बढ़कर।

सोरठा ३८०

गळंती—सं० गृ; प्रा० गळ; हिं० गलती हुई=क्षीण होती हुई, समाप्त होती हुई। उदाहरण—

गत प्रभा थियौ ससि रयणि **गळंती**। (वेलि १८२)

परजळती—सं० प्रज्वल्; वर्त्तमान कृदंत, स्त्रीलिंग=प्रकाशित होती हुई, रात बीतने के बाद होनेवाले प्रकाश के समय। उदाहरण—

दीपक **परजळतो** न दीपै। (वेलि १८२)

खड़हड़िया—अनु० शब्द 'खट् खट्'; प्रा० खड खड=आवाज करना, खटकना।

खुरसाँण—फा० खुरासान। यहाँ तलवार से मतलब है। खुरासान की तलवार तथा घोड़े प्रसिद्ध थे। खुरासानी शब्द तलवार, घोड़ा और शाणचक्र के अर्थ में भी प्रयुक्त होता है।

दूहा ३८१

सिंघी—सं० शृंगी; प्रा० सिंघी, सिंघिया; हिं० संखिया=एक बहुत जहरीली धातु, जिसके खाते ही मौत हो जाती है।

दूहा ३८२

समर—सं० स्मर; प्रा० समर।

सहिनांण—सं० संज्ञान; प्रा० सण्णाण। देखो—दूहा ४४९।

दूहा ३८४

आपड़ाँ—सं० आ+पत्; प्रा० आपड=पहुँचना।

वालरे—सं० वल्; प्रा० वळ=चलना, लौटना। स्वार्थिक र प्रत्यय।

साद—सं० शब्द; प्रा० सद्द।

दूहा ३८३

घाटा—सं० घट्ट=पहाड़ी रास्ता, घाटी।

दूहा ३८६

धाहड़ी—अप० धाह = चिल्लाना, रोकर पुकारना; हिं० धाह या धाड़ मारना। उदाहरण—

रैंणा दूर विछोहिया, रहु रे संष म झूरि।
देवलि देवलि **धाहड़ी**, देसी ऊगे सूरि॥ (कबीर)

उरळउ—सं० उदार; प्रा० उराळ, उरल; राज० उरलो (?)= विशाल, विस्तीर्ण, विश्रब्ध, शांत। राजस्थानी बोलचाल में बहुधा प्रयोग होता है।

दूहा ३८७

मेहाँ—सं० मेघ; प्रा० मेह = बादल।

प्रगडउ—सं० प्रकट; प्रा० पगड = प्रकाश, सूर्य का प्रकाश। मिलाओ—कबीर, **पगड़ा** दूरि है जिनिकै बिचि है रात।

का जाणौं का होइगा उगवंतै परभात॥ (कबीर)

दूहा ३८८

सहड़इ—सं० शब्द; प्रा० सद्द। ड़ो स्वार्थिक प्रत्यय, विकारी रूप।

थळ—सं० स्थल; प्रा० थळ; राज० 'थळ'। विशेष अर्थ में रेतीली या कंकरीली ऊँची भूमि के लिये आता है। राजस्थान के रेगिस्तान को इसी लिए 'थळो' कहते हैं।

दाधी—सं० दग्ध; प्रा० दद्ध; राज० दाधउ।

दूहा ३८८

चुगइ—सं० चि; प्रा० चिण; हिं० चुनना, चुगना = इकट्ठा करना, एकत्र करना (देखो—हेमचंद्र ८-४-२४३)।

दूहा ३९०

मथ्थइ—सं० मस्तक; प्रा० मथ्थअ; हिं० माथे = ऊपर। राजस्थानी में 'माथे' अधिकरण-विभक्ति-चिह्न की तरह 'पर या ऊपर' के अर्थ में प्रयुक्त होता है।

लबूकी—(दे०) लहलहाना, हरी भरी हो जाना।

बूरि—सं० बूर; प्रा० बूर = एक घास विशेष जो राजस्थान में बहुत होती है।

दूहा ३८१

जाळ—दे०—राजस्थान का वृक्ष विशेष।

अग्गाळि—सं० अकाल; प्रा० अगाल।

दूहा ३८३

झोलण—प्रा० झिल्ल; राज० झूलना = स्नान करना। 'झिल्लइ' का प्रयोग देखो—कुमारपाल-चरित में।

दूहा ३८४

सोळ सिँगार—साहित्य में प्रसिद्ध सोलह प्रकार के शृंगार।

मुरक्क्यउ—अप० मुर = खिलना; स्वार्थ में क प्रत्यय। नेत्रों द्वारा हँसी प्रकट करना, मुसकराना। उदाहरण—

आगै थैं हरि **मुलकिया**, आवत देख्या दास। (कबीर)

जळहर—सं० जलधर; प्रा० जलहर = सरोवर। उदाहरण—

जलहर भर्‌यौ ताहि नहिं भावै,
कै मरि जाय कै उहै पियावै। (कबीर)

दूहा ३८६

नवसर हार—सं० नव + सृक् = नौलड़ा।

दूहा ३८७

सूड़ा—सं० शुक; प्रा० सुअ + ड़ो प्रत्यय। अन्य रूप—सूओ, सूवड़ो, सुअड़ो, सूटो, सूवटो।

पड़गन—सं० प्रतिग्रहण; प्रा० पड़िग्गहण = प्रतिगृहीत कार्य का संपादन करना, वचनबद्ध कार्य करना।

वालि—सं० वल्; प्रा० वल। प्रेरणार्थक। उदाहरण—

वळी सरद अगलोक वासिए। (वेलि २०६)

दूहा ३८८

वार—सं० वार; प्रा० वार = अवसर, वेला।

दूहा ३८९

परिठव्यउ—सं० परि + स्थापय्; प्रा० परिट्ठव। सामान्य भूत, एकवचन। उदाहरण—

परठित ऊपरि आतपत्र। (वेलि १५४)

मोजाँ—देखो दूहा ३७५ में मोजड़ी पर टिप्पणी।

दूहा ४००

चंदेरी—सं० चेदि; एक प्राचीन नगर जो वर्त्तमान ग्वालियर राज्य के नरवाड़ा प्रांत में है। आजकल की बस्ती से ४-५ कोस की दूरी पर पुरानी राजधानी के भग्नावशेष मिलते हैं। पहले यह नगर भारत में प्रख्यात था और समृद्ध दशा में था। रामायण, महाभारत और बौद्ध ग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है। महाभारत-काल में चंदेरी का प्रसिद्ध राजा शिशुपाल था। प्राचीन समय में इसके आसपास का प्रदेश चेदि, कलचुरि और हैहयवंश के अधिकार में था और चेदि देश के नाम से प्रख्यात था। चंदेल क्षत्रियों के राजा यशोवर्मा ने कलचुरियों के हाथ से कालिंजर का प्रसिद्ध किला छीनकर इस प्रदेश पर सं० ९८२ से सं० १०१२ तक राज्य किया। अलबरूनी ने चंदेरी का उल्लेख किया है। ई० सन् १२५१ में गयासुद्दीन बलबन ने चंदेरी पर अधिकार किया। सन् १४३८ में यह नगर मालवा के बादशाह महमूद खिलजी के हाथ में चला गया। सन् १५२० में चित्तौर के महाराणा साँगा ने इसे जीतकर मेदिनीराय को सौंप दिया। उससे बाबर ने जीता। सन् १५८६ के बाद यह नगर बुंदेलों के अधिकार में रहा। अंत में सन् १८११ में ग्वालियर राज्य में सम्मिलित हुआ।

बूँदी—राजस्थान का प्रसिद्ध राज्य। बूँदी में पहले मीणों का राज्य था। सं० १३९८ के आसपास हाड़ा देवीसिंह ने मीणों से बूँदी को छीनकर उसे अपनी राजधानी बनाया। उक्त संवत् से बहुत पूर्व बूँदी का आबाद होना संभव है परंतु इसके बसने का निश्चित सवत् ज्ञात नहीं हुआ (ओझा)।

पुहत्तउ—सं० प्र+भू; प्रा० पहुच्च। उ का व्यत्यय। सामान्य भूत, पुँल्लिग। आइ पुहत्तौ कीर—मिलाओ—

पांणी माँहिला माँछली, सकै तो पाकड़ि तीर।
कडो कदू की काल की, **आइ पहुंता कीर**॥

(कबीर ७४—३२)

दूहा ४०४

वीहतउ—सं० भी; प्रा० बीह। वर्त्तमान कृदंत, पुँल्लिग।

अपूठा—सं० आ+पृष्ठ; प्रा० आपुट्ठ, आपिट्ठ; राज० अपूठा=वापिस; पीछा, पीठ की ओर।

दूहा ४०६

साई—देखो—दूहा ३७७।

दूहा ४०७

पूजउ—सं० पूर्य्यते; प्रा० पूज्जइ=पूरी हो, सफल हो।

दूहा ४०८

थकी—अपादान का प्रत्यय; प्रा० थक्क।

दूहा ४१०

चटक्कड़ा—अनु० शब्द=पशु को छड़ी से मारने अथवा ताड़ने का चट् चट् शब्द।

गय—सं० गति; प्रा० गय=गति, चाल।

लंबावइ—सं० लंब (प्रेरणार्थक)=लंबा करना।

दूहा ४११

नीमाणी—सं० निम्न; प्रा० णिण्ण=नीचा होकर रहना, लाक्षणिक अर्थ में चुप रहना।

दूहा ४१२

पाखर—सं० प्रक्खर; प्रा० पक्खर=घोड़े का कवच, यहाँ पर साधारण अर्थ में कवच के लिये उपयुक्त है।

दूहा ४१३

पति—सं० प्रत्यय या प्रतिष्ठा; हिं० पत, पति=मर्यादा, प्रतिष्ठा, इज्जत, लज्जा। उदाहरण—

अब **पति** राखि लेहु भगवान। (सूर)

दूहा ४१४

बाँवळि—सं० बब्बूर; प्रा० बब्बूल; हिं० बबूल; राज० बांवळ=काँटेदार वृक्ष विशेष।

बाढत—राज० 'बाढणो'=काटना, छेदन करना।

दूहा ४१५

साँवळि—सं० श्यामला; प्रा० साँवळो=श्याम रंग की बदली।

दूहा ४१६

सींगण—सं० शृंग; प्रा० सिंग; हिं० सींगी=सींग का बना हुआ वाद्य विशेष।

काठी—सं० कष्ट, कृष्ट; प्रा० कठ्ठ=खूब मजबूती से। राजस्थानी का प्रचलित बोलचाल का शब्द है।

साहँत—सं० साधू; प्रा० साह; हिं० साधना=पकड़ना।

कोडो—दे० कुड्ड, कोड्ड=हर्ष, प्रसन्नता। मिलाओ—

कुंजरु अन्नहँ तरु अरहँ **कुड्डेण** घल्लइ हत्थु।
मणु पुणु एक्कहिं सल्लइहिं जइ पुच्छह परमत्थु॥

(हेमचंद्र ८-४-४२२)

कासी—अरबी खास = प्रधान; राज० कासा, खासा = अधिक, विशेष। बोलचाल की राजस्थानी भाषा में 'ख' का 'क' उच्चारण प्राय: होता है। वि०—अंतिम चरण का अर्थ अस्पष्ट है।

दूहा ४१७

छेतरियाह—दे० राज०, यह शब्द गुजराती में भी प्रयुक्त होता है; 'छेतरवुं = छलना, कपट करना।

लाड—सं० लालय्; हिं० लाड़।

लडाइ—राज० लडाणो, लडावणो = लाड़ करना।

दूहा ४१८

वतक—राज० = वत्तख की गर्दन के आकार की सुराही, जिसमें शराब रखी जाती है।

दूहा ४२१

विसरे—विसरणो का परोक्ष विधि काल, एकवचन।

दूहा ४२२

परमंडले—दूसरे के मंडल में अर्थात् दूसरे के अधीन। दूसरे का अभिप्राय मारवणी या मारवणी के प्रेम से है।

हारिस्यइ—हारेंगे अर्थात् प्रेमशून्य होंगे।

मिलेवउ—मिलणो + एवो (भाववाचक संज्ञा बनाने का प्रत्यय) = मिलाप। मिलाओ—करेवो, देवो, जाएवो। इस अर्थ में बो-वो प्रत्यय भी आते हैं।

त्याँह—उनका।

दूहा ४२३

खड़ंति—खड़नो का वर्त्तमान काल। यह इकारांत रूप विशेषत: स्त्रीलिंग में आता है। विलपंत और खड़ंत पाठ लिए जाते तो ठीक होता। इसका अर्थ 'चलना' होता है। इसका प्रेरणार्थक खेड़नो होता है जिसका अर्थ 'चलाना, हाँकना' आदि होता है। मिलाओ—

सुग्रीवसेन नै मैघपुहप समवेग बळाहक इसै वहंति।
खँति लागौ त्रिभुवनपति खेड़ै धर गिरि पुर साम्हा धावंति॥६८॥
आयौ अस खेड़ि अरि-सेन अंतरै प्रथिमी गति आकास-पथ।
त्रिभुवन-नाथ-तणौ वेळा तिणि रव रंभळी कि दीठ रथ॥ १११॥

(कृष्ण-रुक्मिणीरी वेलि)

दूहा ४२४

ऊमाहियउ—सं० उन्मद्; प्रा० उम्माय; या सं० उन्मथ्; प्रा० उम्माह। उमहणो का प्रेरणार्थक। (आनंद द्वारा) उमंगित किया हुआ।

वट्ट—सं० वर्त्म; प्रा० वट्ट।

पुहरि—राजस्थानी में कभी उ जोड़ दिया जाता है, कभी लुप्त हो जाता है और कभी अदल-बदल हो जाता है; जैसे—पुह (पथ), पुहचाइ (पहुचाइ), पुहर (पहर)। अन्य रूप—पहर, पहुर, पहोर, पोहर, प्होर।

आडवळा—आडावळा नामक राजस्थान का प्रसिद्ध पहाड़ जिसे अँगरेजी वर्त्तनी की कृपा से लोग अरवली कहने लगे हैं। अन्य रूप—आडावळ, आडावळा।

घट्ट—घाटी।

दूहा ४२५

तिसाइयउ—सं० तृषायित

पाइयउ—पीवणो का प्रेरणार्थक; अन्य रूप—पियावणो; हि० पिलाना।

दूहा ४२६

खंच—खंचणो का पूर्वकालिक, खींचकर। खंच का मतलब तृप्त होकर, पेट भरकर भी होता है। वही अर्थ यहाँ उपयुक्त जान पड़ता है।

त्रासा—त्रास का पुँल्लिग। आधुनिक रूप = तासो। संभव है यह तृषा शब्द से बना हो क्योंकि तासे का मतलब ज्यादातर प्यास होता है।

ढूकिसि—ढूकणो का सामान्य भविष्य। ढूकणो का अर्थ पास जाना होता है। जानवरों के पानी पीने के लिये पानी के पास जाने को भी ढूकणो कहते हैं। पूरा आना, बराबर बैठना, फिट होना, इन अर्थों में भी यह क्रिया आती है। **ढूकड़ा**(= ढूके हुए) शब्द पास के अर्थ में ऊपर दूहा नं० १८७ में आया है।

केथि—अप० केत्थु। जेसळमेर एवं पश्चिमी बीकानेर की देहाती बोलियों में केथ, केथिये शब्द प्रयुक्त होते हैं। मिलाओ—कित्थुँ, कित्थें (पंजाबी)। प्रयोग—

जइ सो घड़दि प्रयावदी **केत्थु** वि लेप्पिणु सिक्खु।
जेत्थुवि तेत्थुवि एत्थु जगि भण को तहे सारिक्खु॥
(हेमचंद्र ८-४-४०५)

दूहा ४२७

विरंगउ = बिना रंग का, नीरस, सूखा।

ढोलणा—ढोलणो का संबोधन। 'अणो' ड़ा की भाँति ऊनवाचक प्रत्यय है।

गमता—मिलाओ, गुज० गमवुँ = अच्छा लगना, भाना।

पाम्या—सं० प्राप्; प्रा० पाम; गुज० पामवुँ; राज० पामणा; हिं० पाना।

दूहा ४२८

नीरूँ—नीरणो का संभाव्य भविष्य, उत्तम पुरुष, एकवचन। नीरणो देशी प्राकृत का शब्द है। इसका अर्थ होता है चारे आदि को पशु के आगे उसके खाने के लिये डालना।

फोग—एक प्रकार का क्षुप पौधा जो राजस्थान में बहुत होता है। इसमें छोटे-छोटे दाने लगते हैं जिन्हें फोगला कहते हैं और जिनका रायता बनाया जाता है। देहात में उनकी बूजी बनाकर रोटी के साथ खाई जाती है।

थोबड़—हिं० तोबड़ा = घोड़े को दाना खिलाने का थैला; लाक्षणिक अर्थ मुँह।

दूहा ४३०

कुळिगाँमड़इ—कु गाँव (?) = बुरा देश। अथवा व्यंग से कुलग्राम = बड़ा ग्राम।

कइर—सं० करीर; प्रा० कइर, करीर।

पारणउ—सं० पारणा = व्रत के दूसरे दिन का भोजन; यहाँ पर भोजन।

यूँही—इसी प्रकार।

ठेलि—हिं० ठेलना = आगे चलाना, बिताना।

दूहा ४३२

सासरवाड़ि—ससुराल।

जाळि—कदंब। राजस्थान में भी जाळ नाम का एक बड़ा पेड़ होता है पर वह कदंब से सर्वथा भिन्न है।

दूहा ४३३

लंब-कराड़िआ—(१) कराड़ ऊँट की आवाज को कहते हैं अतः लंबी आवाजवाले। मिलाओ—ठाढी माइ कराड़ै टेरै है कोइ ल्यावो गहि रे। (कबीर-ग्रंथावली, पृष्ठ १३७, पद १५१)। (२) लंबे और बाहर निकले हुए दाँतोंवाले को भी कराळ कहते हैं (गउड़वहो)।

लाखोणा—लाख + ईणा (प्रत्यय) = लाख के, लाख मुद्रा जिनका मूल्य हो, बहुमूल्य; यहाँ स्वादिष्ठ।

दूहा ४३४

म—सं० मा; प्रा० म; राज०, हिं० मत। पुरानी राजस्थानी में यह शब्द बहुत प्रयुक्त हुआ है। कबीर में भी जगह-जगह इसके प्रयोग मिलते हैं—

हरि-गुण सुमिर, रे नर प्राणी।
जतन करत पतन है जैहै भावै जाण म जाणी॥

झूर—प्रा० झूर; आज्ञा। झुरणों या झूरणो किसी की याद कर—करके दुखी होने को कहते हैं। क्षीण होने के अर्थ में भी यह क्रिया आती है। देखो—दूहा ३८२ प्रयोग—

झुरै है बाबो नंदजी अरु झुरै जसोदा माय।
सब गोपी व्रज की झुरै वाला राधा रही मुरझाय॥

(मीराँ)

विरोळियउ—प्रा० विरोल = मथना; राज० बिलोवणो; हिं० विलोना।

मेल्हे—खड़ीबोली का प्रभाव; राज० रूप = मेल्ह्या।

दूहा ४३५

वसाव—राजस्थानी शब्द।

